

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, गंभीर समस्या है नशीली दवाइयों का व्यसन व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष द्वितीया विक्रम संवत 2081

# अमृत विचार

वर्ष 34, अंक -146, पृष्ठ -14+4, मूल्यः 5- रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

आज का मौसम | 37.0° अधिकतम तापमान | 27.0° न्यूनतम तापमान | आसमान में हल्के बादल छाए रहेंगे | सूर्योदय 05 : 15 सूर्यास्त 19 : 05

लखनऊ, रविवार, 23 जून 2024




प्रभास की फिल्म कल्कि का नया ट्रेलर रिलीज.. 14

## जीएसटी काउंसिल की डिमांड नोटिस पर ब्याज व जुर्माना माफ करने की सिफारिश

नई दिल्ली, एजेंसी

- शनिवार को हुई 53वीं बैठक में लिए गए कई अहम फैसले

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में जीएसटी काउंसिल की शनिवार को हुई 53वीं बैठक में कई अहम फैसले लिए गए। व्यापारियों, एमएसएमई और करदाताओं को राहत देते हुए धोखाधड़ी, दमन या गलत बयानी से जुड़े मामलों सहित जीएसटी अधिनियम की धारा 73 के तहत जारी किए गए डिमांड नोटिस के लिए ब्याज और जुर्माना माफ करने की सिफारिश की है।

बैठक के बाद सीतारमण ने कहा व्यापार सुविधा, अनुपालन बोझ को कम करने और अनुपालन में आसानी के मामले में करदाताओं को राहत देने के लिए कई फैसले लिए गए हैं। इससे व्यापारियों, एमएसएमई और करदाताओं को लाभ होगा।

**पेट्रोल-डीजल को भी जीएसटी के दायरे में लाने की तैयारी :** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि केंद्र सरकार की मंशा हमेशा से पेट्रोल और डीजल को जीएसटी के दायरे में लाने की रही है और अब राज्यों को एक साथ आकर इसकी दर तय करनी है।

### रेल सेवाओं में राहत

**नई दिल्ली।** जीएसटी परिषद ने सौर कुकरों पर 12 प्रतिशत जीएसटी लगाने के निर्णय के साथ ही रेलवे की सेवाओं के साथ ही कई अन्य सेवाओं पर जीएसटी से राहत देने की सिफारिश की है। बैठक के बाद सीतारमण ने कहा सभी दूध के डिब्बों पर 12 प्रतिशत की एक समान दर निर्धारित करने की सिफारिश की है, जिसका अर्थ है स्टील, लोहा, एल्युमीनियम, चाहे किसी भी उपयोग में हो। उन्हें दूध के डिब्बे कहा जाता है, लेकिन जहां भी उनका उपयोग किया जाता है, वही दर लागू होगी, ताकि कोई विवाद उत्पन्न न हो।

## प्रदेश में 42 हजार होमगार्ड स्वयंसेवकों की होगी भर्ती

### आपदा मित्र के रूप में तैनात होंगे होमगार्ड स्वयंसेवक, मुख्यमंत्री का निर्देश, विभाग तैयार करे नियमावली

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रदेश में अब आपदा मित्र के रूप में होमगार्ड स्वयंसेवक तैनात होंगे। इसके लिए 42 हजार होमगार्ड स्वयंसेवकों की भर्ती होगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने होमगार्ड्स विभाग को शीघ्र नियमावली तैयार करने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री शनिवार को सरकारी आवास पर विभाग के कार्यों की समीक्षा कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि क़ानून-व्यवस्था का विषय हो, आपदा काल हो या आम लोगों के सहयोग का अवसर, हर जगह होमगार्ड स्वयंसेवकों ने हर समय अपनी कर्तव्यनिष्ठा का प्रदर्शन किया है। होमगार्ड स्वयंसेवकों की सेवाभावना सराहनीय है। विभिन्न राज्यों में भी प्रदेश के होमगार्ड स्वयंसेवकों ने उत्कृष्ट कार्य किया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में प्रदेश में 76 हजार से अधिक पूर्णकालिक होमगार्ड स्वयंसेवक हैं। लगभग 75 हजार ड्यूटी पर तैनात हैं। इनमें से प्रति वर्ष लगभग चार हजार होमगार्ड सेवानिवृत्त हो रहे हैं। वर्ष 2033 तक 42 हजार से अधिक होमगार्ड सेवानिवृत्त हो जाएंगे। ऐसे में नई नियुक्ति की प्रक्रिया समय से पूरी कर लेनी चाहिए। दो चरणों मे 21-21 हजार होमगार्ड स्वयंसेवकों की तैनाती करने का लक्ष्य लेकर भर्ती प्रक्रिया शुरू की जाय। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में सेवारत होमगार्डों को आपदा मित्र का प्रशिक्षण भी कराया जाय। होमगार्ड स्वयंसेवकों की 'फिजिकल फिटनेस' के लिए उनकी साप्ताहिक 'ड्रिल' भी कराई जाय।



शनिवार को सरकारी आवास पर होमगार्ड विभाग में स्वयंसेवकों की भर्ती को लेकर बैठक करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व अन्य।

### आपदा प्रबंधन प्राधिकरण से बनाया जाए समन्वय

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के माध्यम से तैनात आपदा मित्र के रूप में हमारे पास पहले से ही दक्ष 'मैनपॉवर' है। हमें इनका सदुपयोग करना चाहिए। आपदा मित्रों का प्रशिक्षण कराकर उन्हें होमगार्ड स्वयंसेवक के रूप में सेवा देने का अवसर दिया जाना चाहिए। इस संबंध में राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण से समन्वय स्थापित करते हुए विधिक परामर्श प्राप्त किया जाय और शीघ्र नियमावली तैयार कराई जाय।






## परीक्षा प्रक्रिया में सुधार के लिए सात सदस्यीय कमेटी गठित

### एनटीए पर सिफारिश के लिए कमेटी के अध्यक्ष बने इसरो के पूर्व प्रमुख राधाकृष्णन

**सकारात्मक पहल**

- डेटा सुरक्षा व एनटीए की कार्यप्रणाली को लेकर दो महीने में केंद्र को सौंपनी होगी रिपोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

नीट विवाद को लेकर आलोचना का सामना कर रहे केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की कार्य प्रणाली को पारदर्शी, आसान और न्यायपूर्ण परीक्षा कार्यान्वयन की गारंटी के लिए इसरो के पूर्व अध्यक्ष डॉ. के. राधाकृष्णन की अध्यक्षता में सात सदस्यीय विशेषज्ञों की एक समिति का गठन किया है। समिति परीक्षा प्रक्रिया के तंत्र में सुधार, डेटा सुरक्षा प्रोटोकॉल में सुधार और एनटीए की संरचना एवं कार्यप्रणाली को लेकर दो महीने में मंत्रालय को रिपोर्ट सौंपेगी।

राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) और यूजीसी-नेट की परीक्षा में अनियमितताओं को लेकर बहस छिड़ी हुई है। सरकार ने कहा है कि वह विद्यार्थियों के हित से खिलवाड़ नहीं होने नहीं देगी। इसी संदर्भ में इस समिति का गठन किया गया है। मंत्रालय के मुताबिक समिति को संपूर्ण परीक्षा प्रक्रिया का विश्लेषण करना और प्रणाली की दक्षता में सुधार करने तथा संभावित उल्लंघन को रोकने के लिए उपाय सुझाने और एनटीए की मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी), प्रोटोकॉल की गहन समीक्षा करना तथा प्रत्येक स्तर पर अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए निगरानी तंत्र के साथ-साथ इन प्रक्रियाओं/प्रोटोकॉल को मजबूत करने के उपाय सुझाने का काम सौंपा गया है। वहीं, डेटा सुरक्षा प्रोटोकॉल में सुधार के संदर्भ में एनटीए की मौजूदा डेटा सुरक्षा प्रक्रियाओं और प्रोटोकॉल का मूल्यांकन करने तथा इसके सुधार के लिए उपाय सुझाने और विभिन्न परीक्षाओं के लिए पेपर-सेटिंग और अन्य प्रक्रियाओं से संबंधित मौजूदा सुरक्षा प्रोटोकॉल की जांच करने तथा सिस्टम की मजबूती बढ़ाने के लिए सिफारिशें करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।



### एनटीए महानिदेशक को पद से हटाया गया

**नई दिल्ली।** प्रतियोगी परीक्षाओं नीट और यूजीसी-नेट में अनियमितताओं को लेकर बड़े पैमाने पर उठे विवाद के बीच एनटीए के महानिदेशक सुबोध सिंह को शनिवार को पद से हटा दिया गया। सिंह को अगले आदेश तक कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) में अनिवार्य प्रतीक्षा में रखा गया है। भारत व्यापार संवर्धन संगठन (आईटीपीओ) के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक प्रदीप सिंह खरोला को नियमित नियुक्ति किए जाने तक परीक्षा एजेंसी के महानिदेशक का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

### विशेषज्ञों की समिति में ये सदस्य हैं शामिल

समिति में दिल्ली एम्स के पूर्व निदेशक डॉ. रणदीप गुलेरिया, हैदराबाद केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीजे राव, आईआईटी मद्रास के सिविल इंजीनियरिंग विभाग के प्रो. के राममूर्ति, पीपल स्ट्रॉन्ग और बोर्ड सदस्य- कर्मयोगी भारत के सह-संस्थापक पंकज बंसल, आईआईटी दिल्ली के डीन स्टूडेंट अफेयर्स प्रो. आदित्य मित्तल और शिक्षा मंत्रालय में संयुक्त सचिव गोविंद जायसवाल को रखा गया है। डॉ. राधाकृष्ण वर्तमान में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर के संचालन मंडल के अध्यक्ष हैं।

## प्लॉट पर कब्जे की कोशिश में खुलेआम चलाई गोलियां

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- पूर्व विधायक राजेश मिश्रा समेत 12 नामजद और 150 अज्ञात पर रिपोर्ट
- एसएसपी ने इंस्पेक्टर समेत सात पुलिस कर्मियों को किया निलंबित

**अमृत विचार :** इज्जतनगर क्षेत्र में पीलीभीत बाईपास पर कई करोड़ रुपये के प्लॉट पर कब्जे के लिए शनिवार सुबह बिल्डर के गुर्गों ने फायरिंग की और बुलडोजर से दुकान में रखे मार्बल तोड़ दिए। दूसरे पक्ष ने फायरिंग कर दो बुलडोजर जला दिए। दोनों पक्षों की ओर से करीब 50 राउंड फायर किए गए। पुलिस ने रोहित की तहरीर पर पूर्व विधायक राजेश मिश्रा उर्फ पप्पू भरतौल समेत 12 नामजद और 150 अज्ञात के खिलाफ हत्या की कोशिश, बलवा समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान ने इज्जतनगर थाना प्रभारी समेत सात पुलिस कर्मियों को निलंबित कर दिया। पुलिस ने दोनों पक्षों से 11 लोगों को गिरफ्तार कर तीन गाड़िंयां कब्जे में ली है। इस मामले में पुलिस ने भी दोनों पक्षों के नौ लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की है।

दरोगा राजीव प्रकाश ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि शनिवार सुबह करीब साढ़े छह बजे शंकरा महादेव मार्बल दुकान के पास विवाद की सूचना पर पहुंचे तो वहां पर दुकान पर दो बुलडोजर से संजय नगर निवासी राजीव राणा और रोहित ठाकुर 20-25 सहयोगियों के साथ मार्बल हटवा रहा था। मार्बल दुकान के मालिक गांव लालपुर निवासी आदित्य उपाध्याय अपने बेटे अभिराज और चौकीदार समेत साथियों के साथ पहुंचे विरोध किया। इस पर राजीव राणा ग्रुप के लोगों ने फायरिंग कर दी। इसके बाद आदित्य पक्ष की ओर से भी फायरिंग की गई। दोनों तरफ से करीब 50 राउंड फायरिंग की गई। आदित्य पक्ष के साथियों ने दोनों बुलडोजर में आग लगा दी। बीच सड़क पर फायरिंग से अफरातफरी मच गई और ट्रैफिक रुक गया। लोग अपने वाहन छोड कर भागने लगे और दुकानें भी बंद हो गईं। फोर्स ने मौके पर पहुंचकर स्थिति नियंत्रण में की।



गोली चलाता आदित्य उपाध्याय उर्फ चुन्नू पंडित।

> प्लाट कब्जा करने के लिए दो पक्षों में फायरिंग हुई थी। पुलिस ने दोनों पक्षों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। थाना प्रभारी समेत सात पुलिस कर्मियों को निलंबित कर दिया गया। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित की गई है।
> **-घुले सुशील चंद्रभान**, एसएसपी

> मैं शुक्रवार से ही वृंदावन में हूं। मेरा दोनों पक्षों से कोई लेना देना नहीं है। मेरे साथ इस समय गनर भी है। विरोधियों ने मेरे खिलाफ फर्जी मुकदमा दर्ज कराया है। शाम को जानकारी मिली तो पुलिस अधिकारियों से बात की कि ऐसा कैसे हो गया। सीसीटीवी कैमरे लगे होंगे, जांच की जाए।
> **- राजेश मिश्र उर्फ पप्पू भरतौल**, पूर्व विधायक चैनपुर बिथरी

## एक नजर

### दिल्ली, गाजियाबाद, नोएडा में सीएनजी 1 रुपये महंगी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी और आसपास के शहरों में सीएनजी की कीमत में शनिवार को एक रुपये प्रति किग्रा की बढ़ोतरी की गई। आईजीएल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, दिल्ली में सीएनजी की कीमत 74.09 रुपये से बढ़कर 75.09 रुपये प्रति किग्रा हो गई है जबकि नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गाजियाबाद में यह दर 78.70 रुपये से बढ़कर 79.70 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई है।

### बम की सूचना पर रोकी गई फ्लाइट, छानबीन

**कोझिकोड।** केरल के कालीकट अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से शारजाह के लिए रवाना होने वाले एयर अरबिया के एक विमान में शनिवार को बम होने की सूचना पर विमान रोक दिया गया। बम निरोधक दस्ते ने विमान का गहन निरीक्षण किया जिसमें यह धमकी फर्जी पाई गई। हवाई अड्डे के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि शारजाह से कालीकट आए यात्रियों में से एक ने सीट पर बम लिखा हुआ एक नोट छोड़ा था, विमान के उड़ान भरने से पहले एक कर्मचारी की नजर इस पर पड़ी।

### सरकार ने 71 हजार टन प्याज खरीदा

**नई दिल्ली।** सरकार ने इस वर्ष अब तक सुरक्षित भंडार (बफर स्टॉक) के लिए लगभग 71,000 टन प्याज खरीदा है। यह मूल्य स्थिरीकरण के लिए पांच लाख टन खरीद के लक्ष्य में शामिल है। सरकार को उम्मीद है कि देश के अधिकांश भागों में मानसून की प्रगति के साथ खुदरा कीमतों में कमी आएगी। उपभोक्ता मामलों के विभाग द्वारा जुटाए गए आंकड़ों के अनुसार, शुक्रवार को देशभर में औसत प्याज खुदरा मूल्य 38.67 रुपये प्रति किलोग्राम था।

## उत्तराखंड में उपचुनाव से आकाश आनंद की वापसी

ब्यूरो, देहरादून



- बसपा सुप्रीमो मायावती ने मंगलौर के लिए बनाया स्टार कैंपेनर

**अमृत विचार :** बसपा सुप्रीमो मायावती के भतीजे आकाश आनंद की पार्टी में फिर से वापसी हो गई है। बसपा ने आकाश आनंद को राज्य में दो सीटों के लिए हो रहे उपचुनाव में स्टार कैंपेनर बनाया है। पार्टी के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष श्रीधर की ओर से जारी की गई 13 स्टार प्रचारकों की सूची में बसपा सुप्रीमो मायावती के बाद आकाश आनंद का नाम है।

चमोली की बदरीनाथ और हरिद्वार की मंगलौर विधानसभा सीटों पर उपचुनाव हो रहा है। 10 जुलाई को मतदान होना है। लोकसभा चुनाव से पहले बदरीनाथ सीट से कांग्रेस विधायक राजेंद्र भंडारी त्यागपत्र देकर भाजपा में शामिल हो गए थे। अब भाजपा ने उन्हें प्रत्याशी बनाया है। वहीं मंगलौर विस सीट से बसपा के सरबत करीम अंसारी विधायक थे। उनका निधन होने के बाद उक्त सीट पर भी उपचुनाव हो रहा है। बसपा ने मंगलौर सीट पर पूर्व विधायक सरबत करीम अंसारी के बेटे उदेबुर्रहमान को प्रत्याशी बनाया है।

## उरी सेक्टर में घुसपैठ की कोशिश नाकाम दो आतंकी ढेर

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले के उरी सेक्टर में सुरक्षा बलों ने शनिवार को घुसपैठियों की कोशिश को नाकाम कर दिया। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक सुरक्षाबलों ने दो आतंकवादी मार गिराने में भी कामयाबी पाई है। सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ जारी है।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि बारामूला के गोहलान उरी सेक्टर में शनिवार तड़के घुसपैठ की कोशिश की गई। नियंत्रण रेखा पर तैनात सेना के जवानों ने घुसपैठियों की संदिग्ध गतिविधि देखते ही उन्हें ललकारा। इसके बाद उन्होंने गोलीबारी शुरू कर दी, जिस पर सेना के जवानों ने भी जवाबी कार्रवाई शुरू कर दी।

## आरक्षी पद पर पदावनत किए गए सीओ

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- शनिवार देर रात को डीजीपी कार्यालय से जारी हुआ आदेश
- तीन साल पहले कानपुर के होटल में महिला सिपाही के साथ पकड़े गए थे सीओ

**अमृत विचार :** डीजीपी प्रशासन ने प्रोन्नत डिप्टी एसपी कृपाशंकर कन्नौजिया को मूल पद पीएसी आरक्षी पर वापस करने का आदेश जारी किया है। वर्तमान समय में कृपाशंकर उन्नाव के बीघापुर में तैनात हैं। उनकी पहली नियुक्ति 26वीं वाहिनी पीएसी गोरखपुर में आरक्षी पद पर हुई थी। डीजीपी मुख्यालय से यह आदेश शनिवार देर रात को जारी हुआ।

उन पर तीन साल पहले महिला सिपाही के साथ कानपुर के होटल में रंगरेलियां मनाने के मामले में जांच चल रही थी। जांच में दोषी पाए जाने के बाद प्रदेश सरकार ने यह कार्रवाई की है।

मूलरुप से गोरखपुर के रहने वाले कृपा शंकर कन्नौजिया की भर्ती पीएसी में की 26वीं वाहिनी में हुई थी।

भर्ती होने के बाद से वर्ष 2020 के बीच कृपाशंकर को चार प्रोन्नति मिली। मुख्य आरक्षी, सब इंस्पेक्टर, इंस्पेक्टर और वर्ष 2020 के अंत में वह डिप्टी एसपी के पद पर प्रोन्नत किए गए। उनकी तैनाती उन्नाव में हुई।

### होटल में महिला सिपाही के साथ मिले

वर्ष 2021 में कृपाशंकर महिला सिपाही के साथ कानपुर के एक होटल में मिले। उस वक्त मामला सुर्खियों में भी रहा। वर्दी पर दाग लगता देख उन्नाव के तत्कालीन एसपी ने शासन से शिकायत भी की थी। जबकी महिला सिपाही को तत्काल निलंबित कर दिया गया था। निलंबन के बाद डिप्टी एसपी कृपाशंकर पर उच्चस्तरीय जांच बैठा दी गई थी। जांच रिपोर्ट में विवाहेत्तर संबंध की पुष्टि होने पर शासन ने उनके खिलाफ कार्रवाई का आदेश दिया। शनिवार रात को डीजीपी मुख्यालय से जारी आदेश में उनको मूल पद पीएसी के आरक्षी पर वापस कर दिया गया है।

## राष्ट्रीय पात्रता -सह -प्रवेश परीक्षा (पीजी) भी टली

**नई दिल्ली,एजेंसी।** केंद्र सरकार ने उच्च चिकित्सा शिक्षा की राष्ट्रीय पात्रता -सह -प्रवेश परीक्षा परा स्नातक (नीट - पीजी प्रवेश) टालने की घोषणा की है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड की नीट-पीजी प्रवेश टाल दी गई है। परीक्षा की नयी तिथि बाद में घोषित की जाएगी। नीट पीजी प्रवेश आज यानी 23 जून को निर्धारित थी। मंत्रालय ने कहा है कि हाल ही की कुछ प्रवेश परीक्षाओं में अनियमितताओं की घटनाओं को देखते हुए इस परीक्षा को टालने का निर्णय लिया गया है। परीक्षा की पूरी प्रक्रिया को जांच परखा रखा जाएगा।

## छह उत्पादन इकाइयां ठप हुईं, बिजली संकट बढ़ा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- स्थिति पर नियंत्रण पाने को की गई आपात कटौती
- टांडा, जवाहरपुर व ऊंचाहार में बिजली उत्पादन ठप

**अमृत विचार :** प्रदेश में उत्पादन बिजलीघरों की इकाइयों के ठप होने का सिलसिला जारी है। शनिवार को टांडा, जवाहरपुर व ऊंचाहार बिजलीघरों की तीन इकाइयां ठप हो गईं। पहले से बंद तीन को मिलाकर कुल छह इकाइयों के बंद होने से 2165 मेगावाट उत्पादन प्रभावित हुआ। इससे बिजली संकट बढ़ गया। स्थिति संभालने के लिए बुंदेलखंड सहित प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में करीब छह सौ मेगावाट की कटौती की गई।

उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार टांडा की 110 मेगावाट, ऊंचाहार की पांच सौ मेगावाट व जवाहरपुर की 660 मेगावाट की एक-एक इकाइयां ठप हो गईं। बिजली अभियंताओं ने जवाहरपुर इकाई के 23 जून को चालू होने व बाकी दो इकाइयों के 24 जून को चालू होने की उम्मीद जताई है। पहले से बंद बारा की 660 मेगावाट इकाई के भी 23 जून जबकि मेजा की 660 मेगावाट के 24 जून को चालू होने की संभावना है। सिंगरौली की 200 मेगावाट इकाई के शनिवार की देर रात तक चालू होने की उम्मीद जताई गई।

## नीट-यूजी : झारखंड से छह लोग हिरासत में

देवघर (झारखंड), एजेंसी





- सभी आरोपी बिहार के नालंदा जिले के रहने वाले

बिहार पुलिस ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा 'नीट' में अनियमितताओं के मामले में झारखंड के देवघर जिले से छह लोगों को हिरासत में लिया है। शनिवार को एक अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार की रात देवीपुरा पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), देवघर के समीप एक घर से छह लोगों को हिरासत में लिया।

अनुमंडल पुलिस अधिकारी (देवघर सदर) ऋत्विक श्रीवास्तव ने बताया कि बिहार पुलिस ने हमें सूचना दी थी। हिरासत में लिए गए सभी संदिग्धों को बिहार ले जाया गया है। सभी संदिग्ध झुनू सिंह नाम के व्यक्ति के घर पर रह रहे थे। देवघर पुलिस के अनुसार संदिग्धों की पहचान परमजीत सिंह उर्फ बिट्टू, बलदेव कुमार उर्फ चिंटू, प्रशांत कुमार उर्फ काजू, अजीत कुमार, राजीव कुमार उर्फ कारू और पंकू कुमार के रूप में हुई है। ये सभी बिहार के नालंदा जिले के निवासी हैं। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने पांच मई को नीट-यूजी की परीक्षा आयोजित की थी, जिसमें करीब 24 लाख अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया था।

### प्रश्नपत्र लीक मामले में सीबीआई ने की पूछताछ

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने यूजीसी-नेट का प्रश्नपत्र लीक होने के मामले में उत्तर प्रदेश के कुशीनगर में शनिवार को एक व्यक्ति से पूछताछ की। अधिकारियों ने बताया कि प्रश्नपत्र का एक हिस्सा टेलीग्राम पर पोस्ट करने वाले संदिग्ध को जिले के पडरौना कोतवाली ले जाया गया जहां सीबीआई की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा की टीम उससे पूछताछ कर रही है। ऐसा माना जा रहा है कि संदिग्ध ने राजस्थान के कोटा में नेट की कोचिंग की थी। सीबीआई ने केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के निर्देश पर यूजीसी-नेट प्रश्नपत्र लीक करने के मामले में अज्ञात लोगों के खिलाफ गुरुवार को प्राथमिकी दर्ज की थी।

### बिहार पुलिस को मिले एनटीए से संदर्भ प्रश्न पत्र

**पटना।** बिहार पुलिस ने कथित नीट-यूजी पेपर लीक मामले में राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) से संदर्भ प्रश्न पत्र प्राप्त करने का दावा किया है। इस मामले की जांच कर रही बिहार आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) के उच्च पदस्थ सूत्रों ने कहा कि पिछले महीने पटना में तलाशी के दौरान एक घर से कथित तौर पर लीक हुए प्रश्न पत्रों के जले हुए टुकड़े बरामद किए गए थे, जिन्हें फोरेंसिक जांच के लिए भेजे जाने से पहले संदर्भ प्रश्न पत्रों के साथ मिलान किया जाएगा।

## शासन ने कई आईपीएस अफसरों के तबादले किए

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उप्र. में शनिवार को कई आईपीएस अफसरों के तबादले हुए हैं। लखनऊ व प्रयागराज के पुलिस आयुक्त भी बदले गए हैं। प्रयागराज के पुलिस आयुक्त रमित शर्मा को एडीजी बरेली जोन बनाया गया है। अमरेंद्र कुमार सेंगर लखनऊ के नए पुलिस आयुक्त होंगे। लखनऊ के पुलिस आयुक्त एसबी शिरडकर को लखनऊ जोन का एडीजी बनाया गया है। लखनऊ के आईजी तरुण गाबा को पुलिस आयुक्त प्रयागराज बनाया गया है। राजेश द्विवेदी को एसपी कुंभ प्रयागराज की जिम्मेदारी दी गई है।

प्रेमचंद मीना को एडीजी पुलिस आवास निगम का प्रभार दिया गया है। प्रशांत कुमार द्वितीय को आईजी रेंज लखनऊ बनाया गया है। बिनोद कुमार सिंह एडीजी साइबर क्राइम और प्रकाश डी एडीजी रेलवे बनाए गए हैं। जय नारायन सिंह को एडीजी पीटीसी सीतापुर नियुक्त किया गया है। एलवी एंटनी देव को एडीजी सीबीसीआईडी और रघुवीर लाल को एडीजी सुरक्षा के साथ एडीजी एसएसएफ की भी जिम्मेदारी दी गई है। के सत्यनारायण को एडीजी यातायात और बीडी पॉल्सन को एडीजी प्रशिक्षण नियुक्त किया गया है। विद्यासागर मिश्र को पुलिस अधीक्षक रामपुर नियुक्त किया गया है। यमुना प्रसाद को डीसीपी नोएडा बनाया गया है।

## एक नजर

### आचार्य लक्ष्मीकांत के निधन पर मुख्यमंत्री ने जताया शोक

अमृत विचार, लखनऊ : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रीराम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा के मुख्य पुरोहित आचार्य लक्ष्मीकांत दीक्षित के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की। अपने सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' के जरिये मुख्यमंत्री ने कहा कि लक्ष्मीकांत के निधन से अध्यात्म व साहित्य जगत की अपूरणीय क्षति हुई है। संस्कृत भाषा व भारतीय संस्कृति की सेवा के लिए वह सदैव स्मरणीय रहेंगे।

### तीन आईएएस अधिकारियों का स्थानांतरण

अमृत विचार, लखनऊ : राज्य सरकार ने शनिवार को तीन आईएएस अधिकारियों का तबादला कर दिया। अपर महानिदेशक कारागार चित्रलेखा सिंह को विशेष सचिव कृषि उत्पादन आयुक्त शाखा बनाया गया है। विशेष सचिव वित्त समीर को अपर महानिदेशक कारागार बनाया गया है। विशेष सचिव कृषि उत्पादन आयुक्त शाखा अमरनाथ उपाध्याय को राजस्व परिषद में सदस्य न्यायिक की जिम्मेदारी दी गई है।

# बिजली व्यवस्था दुरुस्त करें अधिकारी: योगी

## कहा- बिजली बिल के नाम पर उपभोक्ताओं को न किया जाए परेशान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ


ऊर्जा विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक करते मुख्यमंत्री योगी। अमृत विचार

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश में बिजली व्यवस्था की गुणवत्ता दुरुस्त की जाए। बिजली बिल के नाम पर उपभोक्ताओं को कतई परेशान न किया जाए। हर हाल में उपभोक्ताओं को समय पर सही बिजली बिल मुहैया कराया जाए। मुख्यमंत्री शनिवार को सरकारी आवास पर ऊर्जा विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे।

उन्होंने विभाग की ओर से प्रस्तुत किये गये प्रस्तुतीकरण का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने अपने पहले पांच साल बुनियादी सुविधाओं को विकसित करने में लगाया है, अब हमें अपना पूरा जोर गुणवत्ता पर देना होगा। बिजली का बिल समय से जमा कराने के लिए लोगों में जागरूकता बढ़ाने का कार्य करना अत्यंत जरूरी है। जिस प्रकार लोग मोबाइल का बिल नियत समय पर जमा करते हैं, उसी प्रकार बिजली का बिल भी तय समय पर जमा कराने के लिए उन्हें प्रोत्साहित किया जाय। इसके लिए विभाग एक सुदृढ़ व्यवस्था तैयार करे। सही बिल के लिए मीटर रीडर को जवाबदेह बनाना बहुत जरूरी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में स्मार्ट मीटर लगाने पर जोर देते हुए कहा कि जनता को इसके लिए तैयार किया जाय। स्मार्ट मीटर आज की आवश्यकता है। उपभोक्ताओं को एकमुश्त समाधान योजना के बारे में जागरूक किया जाए।

**अफसरों ने मुख्यमंत्री को गिनाई उपलब्धियां:** मुख्यमंत्री के साथ बैठक में ऊर्जा विभाग के अधिकारियों ने उपलब्धियां गिनाईं। अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश में बिजली आपूर्ति के घंटों में बढ़ोतरी हुई है। भीषण गर्मी के बावजूद केवल स्थानीय खराबी को छोड़ दें तो बीते 15 मार्च से 24 घंटे बिजली आपूर्ति की जा रही है। प्रदेश में कहीं भी बिजली की कमी नहीं हुई है। अधिकारियों के अनुसार प्रदेश में 3.45 करोड़ बिजली कनेक्शन हैं, वहीं दो साल में 30 लाख कनेक्शन बढ़े हैं। 2024 में अब तक 70 हजार करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ है, जो कि पिछले वर्ष की तुलना में 17 प्रतिशत अधिक है। बिल जमा करने में कंज्यूमर टर्नअप शहरी इलाकों में करीब 92 प्रतिशत व ग्रामीण इलाकों में 51 प्रतिशत है। बिजली बिल का 40 प्रतिशत हिस्सा ऑनलाइन, 32 प्रतिशत काउंटर से व 30 प्रतिशत विभिन्न ई-वॉलेट के माध्यम से प्राप्त हो रहा है।

### सोशल मीडिया का उपयोग करें

मुख्यमंत्री ने कहा कि रखरखाव कार्य के कारण अगर बिजली आपूर्ति बंद शटडाउन की जाती है तो कब और कितनी देर तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी, इसकी पूर्व सूचना उपभोक्ताओं को देना जरूरी है। इसके लिए सोशल मीडिया का ज्यादा से ज्यादा उपयोग किया जाय।

### रेंट एग्रीमेंट के स्टाम्प शुल्क में लाएं कमी

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि रेंट एग्रीमेंट के स्टाम्प शुल्क में कमी लाई जाय। आवासीय, अनावासीय व व्यवसायिक प्रतिष्ठानों के लिए रेंट एग्रीमेंट का सरलीकरण किया जाय। मुख्यमंत्री शनिवार को सरकारी आवास पर स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर रहे थे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन रूल्स 2024 के प्रस्तुतिकरण का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि ईज ऑफ लिविंग, बेहतर रिकॉर्ड और डाटा मैनेजमेंट के लिए स्टाम्प और रजिस्ट्रेशन की ऑनलाइन व्यवस्था आज की आवश्यकता है।

# अवध बस अड्डे से रखी जाएगी 900 बसों पर नजर

▸▸ परिवहन निगम बस अड्डे पर बनाएगा कमांड कंट्रोल रूम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** रोडवेज बसों की लाइव मॉनीटरिंग के लिए अवध बस अड्डे पर कमांड कंट्रोल सेंटर बनाया जायेगा। यहां से तकरीबन 900 बसों की ऑनलाइन निगरानी की जायेगी। प्रदेश का यह पहला क्षेत्रीय कंट्रोल कमांड सेंटर होगा। क्षेत्रीय प्रबंधक लखनऊ आरके त्रिपाठी के अनुसार अन्य 19 जगहों पर भी कमांड सेंटर बनाए जायंगे, जहां से प्रदेश भर की बसों की निगरानी की जा सके।

अवध बस अड्डे पर सेंटर खुलने से यहां आने-जाने वाली बसों की लाइव मॉनिटरिंग में आसानी होगी। लखनऊ क्षेत्र में आने वाली तकरीबन 900 बसों पर यहां से नजर रखी जा सकेगी। ओवर स्पीडिंग, बस खराब होने, दुर्घटना ग्रस्त होने या किसी भी अन्य आपात स्थिति से आसानी से निपटा जा सकेगा। यहां से क्षेत्रीय प्रबंधक और सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक बस चालक और परिचालक से बात कर सकेंगे। यात्रियों को किसी तरह की दिक्कत होने पर उसकी लाइव जानकारी मिल सकेगी। बताते चलें कि मुख्यालय पर पहले से ही कमांड कंट्रोल सेंटर मौजूद हैं जहां से प्रदेश भर की बसों की मानिटरिंग की जाती है। यूपीएसआरटीसी के प्रवक्ता अजीत सिंह के अनुसार निगम के 20 क्षेत्रों नोएडा, लखनऊ, प्रयागराज, आगरा, मेरठ और अयोध्या सहित अन्य जगहों पर इसे शुरू करने का प्रस्ताव है।

### 450 बसों का संचालन

अवध बस स्टेशन से 450 बसों का संचालन रोज होता है। आठ रूट गोंडा– बलरामपुर, बहराइच नानापारा, अयोध्या – देवरिया, अयोध्या –बलिया, आजमगढ़ – बलिया वाया पूर्वांचल एक्सप्रेसवे, उन्नाव –झांसी और दिल्ली के लिए बसें चलाई जाती है।

# 287 हाजियों को लेकर पहुंची पहली उड़ान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ


चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर जेद्दा से लौटे हाजी। अमृत विचार

▸▸ राज्य हज समिति के अध्यक्ष मोहसिन रजा ने किया स्वागत

**अमृत विचार:** ईद-उल-अजहा (बकरीद) के दिन हज सम्पन्न होने के बाद हाजियों की वापसी का सिलसिला शनिवार को शुरू हो गया। 287 हाजियों को लेकर पहली उड़ान जब लखनऊ के चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पहुंची तो राज्य हज कमेटी के अध्यक्ष मोहसिन रजा हाजियों के स्वागत के लिए हवाई अड्डे पर मौजूद थे। उन्होंने सभी हाजियों को फूल देकर उनका स्वागत किया।

उत्तर प्रदेश से इस साल 18,010 लोग हज करने गए थे। लखनऊ से जेद्दा की पहली उड़ान 9 मई को रवाना हुई थी। जिस क्रम से हज यात्रियों की रवानगी हुई थी उसी क्रम से हाजियों की वापसी भी होगी। सऊदी अरब से रोजाना हाजियों को लेकर उड़ान लखनऊ पहुंचेगी। आखिरी उड़ान 9 जुलाई को आएगी।

चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के बाहर हाजियों के रिश्तेदार और दोस्त मौजूद थे। हवाई अड्डे से बाहर आकर अपनों को तलाशते हाजियों के चेहरे अपने रिश्तेदारों को सामने पाकर खिल उठे। एक हाजी ने बताया कि बहुत शिद्दत की गर्मी थी। बहुत मुश्किल दिन थे। कई बार लगता था कि इस गर्मी से निबट पाना आसान नहीं, जान निकल जाएगी लेकिन साथ खैरियत अपने देश वापसी हो गई है। अच्छी बात यह कि हमारा हज पूरा हुआ। हमने अपने मुल्क की तरक्की की दुआ मांगी। एक हाजी ने कहा कि इतनी गर्मी में बुजुर्ग की बात छोड़िये जवान को झेलना मुश्किल था। उन्होंने कहा कि वहां जाकर यह अहसास हुआ कि किसी भी बुजुर्ग को हज पर अकेले नहीं जाना चाहिए। बहुत मुश्किल सफ़र है। इतनी गर्मी में रहकर हज पूरा कर लेना किसी चमत्कार से कम नहीं है। तमाम बुजुर्ग रास्ता भटक गए। कुछ लोगों की गर्मी से मौत हो गई। बहरहाल अंत भला तो सब भला। हम तो वापस आ गए।

# किसानों को लेकर राज्य सरकार से होगी बात : त्यागी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** रालोद के राष्ट्रीय महासचिव संगठन त्रिलोक त्यागी ने कहा कि सहयोगी दल होने के नाते रालोद किसानों एवं अल्पसंख्यकों की समस्याओं के निराकरण के लिए केन्द्र व राज्य सरकार से सीधे बात करेगी। उन्होंने कहा कि पार्टी अपने उद्देश्यों के प्रति प्रतिबद्ध है।

पार्टी कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि रालोद किसानों एवं अल्पसंख्यकों की समस्या पर गम्भीर है, इनके मुद्दों के लेकर पार्टी सजग है और उचित फोरम पर बात रखेगी। साथ ही बताया कि बुन्देलखण्ड में राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जयन्त चौधरी की अध्यक्षता में सम्मेलन प्रस्तावित हैं, केन्द्रीय नेतृत्व की सहमति से तिथि घोषित की जाएगी। राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने बताया कि संगठन को मजबूत करने और ब्लाक स्तर तक कार्यकर्ताओं को जोड़ने के लिए जुलाई में संगठन की समीक्षा बैठक होगी। इस अवसर पर राष्ट्रीय सचिव अनुपम मिश्र, प्रदेश प्रवक्ता अंकुर सक्सेना, व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रोहित अग्रवाल मौजूद रहें।

### सदस्यता ग्रहण की

राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने बताया कि शनिवार को पार्टी कार्यालय में विभिन्न राजनैतिक दल व संगठनों के दर्जनों कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय महासचिव की मौजूदगी में रालोद की सदस्यता ली। बुन्देलखण्ड विकास परिषद के अध्यक्ष अंचल अजेरिया, मौलाना फिरोज हुसैन, हरिओम शुक्ला, डॉ .रामप्रताप सिंह, शैलेन्द्र गोस्वामी, इसान अली, आरके दुबे, कन्हैयालाल, राघवेन्द्र, जावेद सुल्तान, संदीप यादव, कंचन मौर्या समेत अन्य लोगों ने सैकड़ों साथियों के साथ रालोद की सदस्यता ग्रहण की।

# 1 जुलाई से शुरू होगी सेना भर्ती रैली

## शहीद एवं घायल सैनिकों के पुत्र व भाई को भी मिलेगा मौका

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** भारतीय सेना में अग्निवीर लिपिक पदों के लिए भर्ती रैली का आयोजन 1 जुलाई से किया जायेगा। इसकी तैयारी पूरी हो चुकी है। इस रैली में यूनिट हेडक्वार्टर्स कोटा (यूएचक्यू) के तहत अग्निवीर सामान्य ड्यूटी, अग्निवीर ट्रेड्समेन, अग्निवीर खिलाड़ी (जो अभ्यर्थी जाट रेजिमेंटल सेन्टर में स्पोर्ट्स ट्रॉयल में भाग लिए थे) और अग्निवीर लिपिक पदों के लिए की जायेगी।

इसका आयोजन जाट रेजिमेंटल सेंटर (जेआरसी), बरेली में होगा। मध्य कमान सेना प्रवक्ता शांतनु प्रताप ने पूरा शेड्यूल जारी करते हुए बताया यह भर्ती रैली युद्ध विधवाओं के पुत्रों, जाट रेजिमेंट के भूतपूर्व एवं सेवारत सैनिकों, युद्ध के दौरान शहीद एवं घायल सैनिकों के पुत्रों तथा सगे भाइयों के लिये आयोजित की जायेगी। भर्ती रैली में अन्य रेजीमेन्टों के भूतपूर्व एवं सेवारत सैनिको, युद्ध के दौरान घायल सैनिकों के भाई, पुत्र तथा कानूनी रूप से गोद लिए हुए बच्चों सहित सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। अभ्यर्थियों को प्रारंभिक जांच के लिए सभी दस्तावेजों के साथ प्रातः 4:00 बजे भर्ती स्थल जाट रेजीमेंटल सेंटर के जाट गेट पर पहुंचना होगा।

### 4 को लखनऊ सहित इन जिलों में होगी भर्ती

4 जुलाई को अग्निवीर सामान्य ड्यूटी पद के लिए उत्तर प्रदेश के आगरा, अलीगढ़, प्रयागराज, अंबेडकर नगर, अमेठी (छत्रपति शाहूजी महाराज नगर), अमरोहा (जेपी नगर), औरैया, आजमगढ, गोंडा, गोरखपुर, हमीरपुर, हरदोई, हाथरस, जौनपुर, झांसी, कन्नौज, कानपुर नगर, कांशीराम नगर (कासगंज), कौशांबी, लखीमपुर खीरी, कुशीनगर (पड़रौना), ललितपुर, लखनऊ, महराजगंज, महोबा, मैनपुरी, मऊ, मेरठ, चंदौली, देवरिया, फैजाबाद, चित्रकूट, एटा, इटावा, फर्रूखाबाद, फतेहपुर, फिरोजाबाद, गौतम बुद्ध नगर के अभ्यर्थी शामिल होंगे।

### 5 को यहां होगी भर्ती

5 जुलाई को अग्निवीर सामान्य ड्यूटी पद के लिए बागपत, बहराइच, बलिया, बलरामपुर, बांदा, बाराबंकी, बरेली, बस्ती, बदायूं, भदोही, बुलन्दशहर, मिर्जापुर, मुरादाबाद, मुजफ्फर नगर, जालौन, हापुड़ (पंचशील नगर), पीलीभीत, प्रतापगढ़, रामपुर, रायबरेली, सहारनपुर, संत कबीर नगर, शाहजहांपुर, गाजियाबाद, गाजीपुर, मथुरा, शामली (प्रबुद्ध नगर), श्रावस्ती, सिद्धार्थनगर, सीतापुर, सोनभद्र, सुल्तानपुर, उन्नाव, वाराणसी, कानपुर देहात, बिजनौर और संभल (भीम नगर) के अभ्यर्थियों के लिए भर्ती रैली आयोजित की जायेगी।

## रिश्वत लेते वरिष्ठ पोस्ट मास्टर गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊः** सीबीआई ने शनिवार को रिश्वत लेने के आरोप में आगरा के वरिष्ठ पोस्ट मास्टर सहित दो को गिरफ्तार किया है। शिकायतकर्ता ने बताया कि 25 अप्रैल 2024 को उसका स्थानांतरण प्रधान डाकघर से आगरा फोर्ट प्रधान कार्यालय में कर दिया गया। उसके खिलाफ एक विभागीय जांच भी लंबित थी। कर्मचारी ने आरोप लगाया कि सीनियर पोस्ट मास्टर देवेंद्र कुमार ने अवैध रूप से रुपये की मांग की।

शिकायतकर्ता के खिलाफ लंबित विभागीय जांच में अनुकूल रिपोर्ट और निर्णय देने और नए तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने से राहत देने के एवज में रिश्वत की मांग पब्लिक रिलेशन इंस्पेक्टर के माध्यम से की थी। शिकायतकर्ता से पहले एक लाख रुपये मांगे गए। बाद में कम करके 50 हजार मांगे। सीबीआई ने शिकायत मिलने पर जाल बिछाया और शुक्रवार को रिश्वत की रकम लेकर शिकायतकर्ता पब्लिक रिलेशन इंस्पेक्टर के पास पहुंचा और 20 हजार रुपये दे दिए। सीबीआई की टीम ने पहले पब्लिक रिलेशन इंस्पेक्टर को गिरफ्तार किया। इसके बाद सीनियर पोस्ट मास्टर को गिरफ्तार कर लिया।

# अमृत सरोवर विकसित करने में प्रदेश नंबर एक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



▸▸ टॉप-10 में गाजियाबाद और सीएम योगी का गृह जनपद गोरखपुर भी

**अमृत विचारः** देश के विकसित हो चुके 70158 अमृत सरोवर में 21014 अकेले उप्र में बन चुके हैं, सरोवर विकास में उप्र. देश में नंबर एक पर है। प्रदेश में 'मिशन अमृत सरोवर' योजना के अंतर्गत अमृत सरोवर विकसित करने में गाजियाबाद टॉप पर और गोरखपुर चौथे नंबर पर है। अन्य जिलों को अमृत सरोवर विकास कार्य में गति लाने के निर्देश मुख्यमंत्री योगी ने दिए हैं।

प्रदेश में 24 हजार 774 स्थानों पर प्रस्तावित अमृत सरोवरों में 21 हजार 14 अमृत सरोवर पर कार्य जारी है। इनमें 16 हजार 909 स्थानों 80 प्रतिशत कार्य के साथ लगभग कार्य पूर्ण हो चुका है। अमृत सरोवर विकास अंतर्गत 57 हजार 691 ग्राम पंचायतों में कार्य पूर्ण हो चुका है। जिलावार विकास कार्य में गाजियाबाद शीर्ष पर है। दूसरे पर महराजगंज बांदा तीसरे स्थान पर है। वहीं मुख्यमंत्री के गृह जनपद गोरखपुर चौथे नंबर पर है। नोएडा पांचवें, रामपुर छठवें, चित्रकूट सातवें, बागपत आठवें, मऊ नौवें और सोनभद्र दसवें स्थान पर है। मालूम हो कि अमृत सरोवर योजना पर प्रदेश सरकार गंभीरता से कार्य कर रही है।

### धीमी गति से कार्य करने वालों को चेतावनी

अमृत सरोवर विकसित करने में पिछड़ने वाले जिलों के अधिकारियों को मुख्यमंत्री योगी ने तेजी से कार्य करने की चेतावनी दी है। साथ ही उन्होंने वर्षा जल संचयन पर जोर देते हुए कहा कि जल संरचनाओं एवं अमृत सरोवर के कैचमेंट क्षेत्र का विकास कर पुनरूद्धार किया जाये, जिससे अमृत सरोवर एवं जल संरचनाओं में पानी की उपलब्धता बनी रहे।

## 50 लाख घूस मांगने पर आवास विकास के दो अधिकारी नपे

**अमृत विचार, लखनऊ :** आवास विकास के सम्पत्ति कार्यालयों में भ्रष्टाचार चरम पर है। बिना घूस के आवंटन, रजिस्ट्री और नामांतरण आदि कोई काम नहीं होते। ऐसा ही एक मामला गाजियाबाद में सामने आया है। व्यावसायिक भूखंड आवंटन के लिए 50 लाख रुपये घूस मांगने का वीडियो वायरल होने के बाद अपर आवास आयुक्त एवं सचिव डॉ. नीरज शुक्ला ने सहायक लेखाधिकारी राजकुमार को निलंबित कर दिया है वहीं सम्पत्ति प्रबंधक आनंद कुमार गौतम को हटाकर मुख्यालय से सम्बद्ध कर दिया है।

मामले की जांच मेरठ जोन के जोनल आयुक्त को सौंपी है। गाजियाबाद निर्माण खंड दो के अधिशासी अभियंता को दोनों अफसरों के आरोप पत्र तैयार करने का जिम्मा दिया गया है। सचिव ने यह कार्रवाई शुक्रवार को वीडियो क्लिप के आधार पर की। अधिकारियों का कहना है कि दोनों अधिकारियों के खिलाफ विभागीय जांच अभी जारी है जिसमें उनकी संपत्ति और आय संबंधी अन्य विवरण एकत्रित किए जा रहे हैं।

# नव नियुक्त डिप्टी जेलरों का प्रशिक्षण शुरू

राज्य ब्यूरो, लखनऊ


नवनियुक्त डिप्टी जेलर को अभिनंदन पत्र देते कारागार मंत्री दारा सिंह चौहान।

▸▸ मंत्री दारासिंह चौहान ने किया प्रशिक्षण सत्र का उद्घाटन

**लखनऊः** कारागार मंत्री दारा सिंह चौहान ने शनिवार को कारागार मुख्यालय में नव-नियुक्त डिप्टी जेलरों के प्रशिक्षण सत्र की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि डिप्टी जेलर कारागार की रीढ़ की हड्डी हैं और यह पद बहुत महत्वपूर्ण है। प्रदेश के 75 नवनियुक्त डिप्टी जेलरों में 25 महिलाएं हैं, जिनमें से 33 डिप्टी जेलर ने जॉइनिंग दी और इनमें 11 महिलाएं हैं।

प्रमुख सचिव कारागार राजेश कुमार सिंह ने चयनित डिप्टी जेलरों के शैक्षणिक पृष्ठभूमि के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि 33 डिप्टी जेलरों में से 12 बीटेक, 01 एमटेक, 04 बीए, 04 एमए, 10 बीएससी और 02 एमएससी हैं। उन्होंने बताया कि डॉ संपूर्णानंद संस्थान में अधिकारियों और जेल वार्डरों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक कारागार पीवी रमाशास्त्री मौजूद रहे।

## प्रोजेक्ट टाइगर एंड प्रोजेक्ट एलीफेंट के लिए 5.31 करोड़

**अमृत विचार, लखनऊः** प्रदेश में टाइगर व एलिफेंट रिजर्व्स में जीव-जंतुओं के संरक्षण के साथ ही पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए विकास कार्य जारी है।

जल्द ही बाघों व हाथियों के संरक्षण के लिए अन्य परियोजनाएं शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके लिए राज्य सरकार द्वारा 'प्रोजेक्ट टाइगर एंड प्रोजेक्ट एलीफेंट' के लिए 5.31 करोड़ की धनराशि भी जारी की गई है। आवंटित धनराशि के जरिए मशीनों, संयंत्रों व उपकरणों के क्रय तथा निर्माण कार्यों की पूर्ति का मार्ग प्रशस्त होगा।

## महिलाएं असुरक्षा के साये में:अजय राय

**अमृत विचार, लखनऊः** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि कानून-व्यवस्था को लेकर राष्ट्रीय महिला आयोग की ओर से जारी रिपोर्ट से साफ हो गया है कि प्रदेश में महिलाएं असुरक्षा के साए में जीने को विवश हैं।

यहां जारी बयान में उन्होंने कहा कि आयोग की रिपोर्ट में इस वर्ष 12,648 शिकायतें मिलने का खुलासा हुआ है।

# सुभासपा की सभी कार्यकारिणी भंग

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ लोकसभा चुनाव में हार के बाद ओम प्रकाश राजभर ने लिया बड़ा निर्णय

**अमृत विचारः** राज्य सरकार में मंत्री व सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी(सुभासपा) के प्रमुख ओम प्रकाश राजभर ने पार्टी के अंदर सभी ईकाईयां भंग कर दी है। उन्होंने प्रांतीय पदाधिकारी, मण्डल, जिला, विधानसभा और ब्लॉक स्तरीय कार्यकारिणी को भंग करते हुए कहा कि उप्र.विधानसभा चुनाव 2027 के लिए नए संगठन का गठन किया जाएगा।

लोकसभा चुनाव में पार्टी को करारी हार का सामना करने के बाद शनिवार को ओम प्रकाश राजभर ने पार्टी की सभी कार्यकारिणी भंग कर दी है। उन्होंने कहा कि अब नई ऊर्जा के साथ नए संगठन का गठन किया जाएगा।

पार्टी के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव डॉ. अरविंद राजभर ने कहा कि नए सिरे से पदाधिकारियों का चयन किया जाएगा, संगठन को मजबूत करने के लिए गांव-गांव स्तर पर कार्यकर्ताअं को जोड़ा जाएगा। प्रवक्ता अरुण राजभर ने बताया है कि पार्टी पंचायत चुनाव को ध्यान में रखते हुए नये सिरे से कमेटियों का गठन करेगी। जिसमें ऊर्जावान कार्यकर्ताओं के साथ ही सभी वर्गों के खासकर दलित व पिछड़े वर्ग को शामिल किया जाएगा।

सफलता | पूरे जोन को मिलाकर कुल 6 हजार गैंगेस्टरों पर की थी कार्रवाई

# एडीजी रहते जोन को किया माफिया विहीन

विनय सिंह, लखनऊ


अमरेंद्र कुमार सेंगर

▸▸ लखनऊ जोन में चिन्हित पांचों माफिया को जेल भिजवाया

**अमृत विचारः** लखनऊ के नवागत पुलिस कमिश्नर अमरेंद्र कुमार सेंगर का पूर्व में कार्यकाल प्रभावी रहा है। उन्होंने बतौर एडीजी अपने कार्यकाल में ही लखनऊ जोन को अंतर्राज्यीय माफिया से विहीन कराया। स्थिति यह हुई कि स्टेट क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरों में पहली बार लखनऊ जोन से एक भी अंतर्राज्यीय अपराधी का डाटा नहीं जारी हुआ। अर्थात लखनऊ जोन में अंतर्राज्यीय स्तर का एक भी अपराधी नहीं बचा। यही नहीं, एडीजी जोन रहते-रहते कुल 6 हजार गैंगस्टरों पर कार्रवाई कराई। शासन द्वारा चिन्हित 65 माफिया में पांच माफिया लखनऊ जोन से थे। अपने कार्यकाल में ही पांचों पर कार्रवाई करते हुए उन्हें जेल भिजवाया और करोड़ों रुपये की संपत्ति कुर्क कराई।

गृह विभाग व पुलिस मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों का मानना है कि माफिया उन्मूलन की कार्रवाई में अमरेंद्र कुमार ने शासन के मंशानुरूप उत्तम कार्य किया। जोन स्तर पर की जा रही कार्रवाईयों की चर्चा भी शासन में खूब हो रही थी। लखनऊ जोन में अंबेडकरनगर सर्वाधिक बदनाम जिला हुआ करता था। यहां पर इस तरह कार्रवाई की गई कि इस जिले में अंतरजनपदीय और अंतरपरिक्षेत्र स्तर का एक भी माफिया जेल से बाहर नहीं है। यही नहीं, खीरी में जहां सैकड़ों अपराधी खुलेआम घूम रहे थे, वहां अब अपराधियों की संख्या एक बची है, वह भी फरार है। सुलतानपुर में अंतरपरिक्षेत्रीय अपराधियों की संख्या मात्र एक है। एक समय यहां पर 50 अपराधी खुलेआम घूम रहे थे।

### 911 करोड़ की संपत्ति कुर्क कराई

अमरेंद्र कुमार ने अपने कार्यकाल के दौरान ही 658 गैंगेस्टरों की 911 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क करवाई। शासन द्वारा पूरे प्रदेश में कार्रवाई के लिए 65 माफिया चिन्हित किए गए थे। जिसमें से लखनऊ जोन के पांच माफिया खान मुबारक (अंबेडकरनगर), संजय सिंह सिंघला (बाराबंकी), अतुल वर्मा (बाराबंकी), अजय सिपाही (अंबेडकरनगर) एवं शहीम उर्फ कासिम (बाराबंकी) के खिलाफ न सिर्फ कार्रवाई की बल्कि इनकी संपत्तियों का पता लगाकर कुल 50 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की गई।

# हार के कारणों पर आज मंथन करेंगी मायावती

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ बसपा ने समीक्षा बैठक में बुलाए देश भर के वरिष्ठ नेता व पदाधिकारी

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव में करारी हार के बाद बसपा प्रमुख मायावती रविवार को पहली बार पार्टी के पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगी। इसके लिए देश भर से वरिष्ठ नेता व कार्यकर्ताओं के साथ ही विभिन्न प्रांतों में पार्टी पदाधिकारियों को पार्टी कार्यालय में बुलाया गया है।

पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव मेवालाल गौतम ने बताया कि माल एवेन्यू स्थित कार्यालय में 18 वीं लोकसभा आमचुनाव के परिणाम पर समीक्षा की जाएगी, साथ ही आगे की तैयारियों के लिए बसपा प्रमुख निर्देश दिए जाएंगे। मालूम हो कि लोकसभा चुनाव में बिना गठबंधन किए बसपा ने अकेले चुनाव लड़ा था और सभी 80 सीटों पर सोशल इंजीनियरिंग के फार्मूले पर अमल करते हुए अपने प्रत्याशी उतारे, बावजूद उप्र. में पार्टी को एक भी सीट पर विजय नहीं मिली, इतना ही नहीं पार्टी का मत प्रतिशत भी गत चुनाव की अपेक्षा घट गया है, आदि तमाम विषयों पर चर्चा की जाएगी। हालांकि हर सीट पर संबन्धित प्रभारियों द्वारा रिपोर्ट पार्टी को सौपी जा चुकी है, मंथन करने के बाद बैठक बुलाई गई है।

# पौधरोपण अभियान एक बड़ा घोटाला : अखिलेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ पौधरोपण जमीन पर किया होता तो गर्मी से इतना बुरा हाल न होता

**अमृत विचारः** सपा के अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार के पौधरोपण और पर्यावरण संरक्षण के सभी दावे झूठे और कागजी हैं। पौधरोपण अभियान एक बड़ा घोटाला बन गया है। भाजपा सरकार अब तक जितने पौधे लगाने का दावा करती आई है अगर उनका जोड़ हो तो प्रदेश में कोई जगह अब अगले पौधरोपण के लिए नहीं बची है। भाजपा का पौधरोपण महज एक कागजी कार्रवाई बन कर रह गया है।

उन्होंने शनिवार को बयान जारी करते हुए कहा, मुख्यमंत्री, 2023 में 36 करोड़ 15 लाख से अधिक पौधारोपण का दावा करते है। इसके पहले 2022 में 35 करोड़ से ज्यादा, 2021 में 30 करोड़ से ज्यादा, 2020 में 25 करोड़ से ज्यादा पेड़ लगाने का दावा किया गया है। इससे पहले भी हर साल पौधारोपण के बड़े-बड़े दावे किये गये है लेकिन ये पौधे कहां लगाये गये हैं इसका कोई विस्तृत ब्यौरा नहीं दिया जाता है। सपा प्रमुख ने कहा भाजपा सरकार ने फाईलों की जगह अगर पौधारोपण जमीन पर किया होता तो भीषण गर्मी से जनता का इतना बुरा हाल न होता।

# डीएम-एसपी ने भदोखर थाने में सुनीं जनसमस्याएं

## अधिकारियों को जल्द से जल्द मामले निस्तारण के दिए निर्देश, अधिकांश मामले जमीनी विवाद से संबंधित रहे

संवाददाता, राही, रायबरेली।

**अमृत विचार :** सीओ सिटी अमित सिंह व नायब तहसीलदार शमीम की संयुक्त अध्यक्षता में भदोखर थाने में समाधान दिवस चल रहा था, तभी औचक निरीक्षण पर डीएम हर्षिता माथुर और पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल ने थाना पहुंचकर जनता की शिकायतें सुनी और जल्द निस्तारण के निर्देश दिए।

रायपुर महेरी ग्राम प्रधान सिद्धनाथ ने डीएम को बताया कि इस क्षेत्र में बिजली की अंधाधुंध कटौती हो रही है, जो बिजली मिलती है। उसका वोल्टेज ड्राप इतना अधिक रहता है कि पंखे रेंगते हैं जिससे इस भीषण गर्मी में रहना मुश्किल हो गया है। डीएम ने समस्या का जल्द निस्तारण का भरोसा दिलाया। कल्याणपुर रैली निवासी करुणा शंकर की शिकायत थी कि उनका गांव के चतुरी आदि से जमीनी विवाद चल रहा था। उन्होंने हदबरारी कराकर पत्थरगढ़ी कराई जिसको चतुरी आदि ने जबरन उखाड़ कर फेंक दिया है। मना करने पर मारपीट करने पर अमादा हो जाते हैं। डीएम ने थानेदार शिवाकांत पांडेय को राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर भेजने के निर्देश दिए। अधिकांश मामले जमीनी विवाद से संबंधित रहे। जिले के दोनों अधिकारियों ने समस्या का निदान जल्द कराने के निर्देश दिए। एसएस आई दयानंद तिवारी सहित थाना की पुलिस व राजस्व विभाग टीम मौजूद रहीं।



भदोखर थाने में जन समस्याएं सुनते डीएम और पुलिस अधीक्षक।

### नायब तहसीलदार की अध्यक्षता में समाधान दिवस सम्पन्न

**खीरों, रायबरेली। अमृत विचार :** शनिवार को थाना खीरों के परिसर में नायब तहसीलदार शम्भू शरण पाण्डेय की अध्यक्षता में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें नौ फरियादियों ने जमीनी विवाद से संबंधित और दो फरियादियों ने पुलिस से संबंधित प्रार्थना पत्र दिए। जिनमें पुलिस विभाग से संबंधित दोनों मामलों में पुलिस भेजकर उनका त्वरित निस्तारण कर दिया गया। जबकि राजस्व विभाग से संबंधित नौ मामलों में राजस्व विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर स्थलीय निरीक्षण कर मामलों के निस्तारण के निर्देश दिए गए।

### एडीएम ने पीड़ितों की सुनी फरियाद



महराजगंज में समाधान दिवस में शिकायतें सुनते एडीएम प्रफुल्ल त्रिपाठी।

**संवाददाता, महराजगंज, रायबरेली। अमृत विचार :** शनिवार को थाना परिसर में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस एडीएम प्रशासन प्रफुल्ल त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। स्थानीय सहित दूरदराज गांव से आए 28 फरियादियों ने अपनी-अपनी शिकायतों को अपर जिलाधिकारी व एएसपी नवीन कुमार के समक्ष रखा। सभी शिकायतों को सुनने के बाद मौके पर मात्र तीन शिकायतों का ही निस्तारण हो सका। इस दौरान आई शिकायतों में सभी 28 शिकायतें राजस्व विभाग की रही। समाधान दिवस में सम्बंधित बीट इंचार्ज व हल्का लेखपाल मौजूद रहे।

## दो निरीक्षकों के कार्य क्षेत्र बदले

**रायबरेली। अमृत विचार:** जिले की पुलिसिंग व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त रखने के लिए पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल ने दो प्रभारी निरीक्षकों के कार्य क्षेत्र में बदलाव किया है। एसपी ने शनिवार को जिन दो निरीक्षकों में बदलाव किया है उनमें लालगंज कोतवाली प्रभारी रहे शिवशंकर सिंह को सरेनी तथा सरेनी कोतवाली में प्रभारी निरीक्षक रहे संजय कुमार को लालगंज भेजा है। एसपी ने अब चुनाव के बाद तीसरी बार स्थानांतरण किया है, लेकिन दिलचस्प किया है कि सरेनी थाने में प्रभारी निरीक्षक रहे संजय कुमार क्षेत्र में क्राइम को कंट्रोल करने में सफल नहीं रहे, जबकि लालगंज कोतवाली क्षेत्र सरेनी से बड़ा क्षेत्र है। ऐसे में यहां पर कानून व्यवस्था बनाए रखना उनके लिए बड़ा सवाल होगा। संजय कुमार की तैनाती के बाद से ही सरेनी क्षेत्र में कई अपराधिक घटना घटित होती रही है।

# गंगा नदी में सेल्फी लेने में डूबे तीन युवक, एक ने तैर कर बचाई जान

संवाददाता, डलमऊ, रायबरेली।

**अमृत विचार:** गंगा नदी में सेल्फी लेने पहुंचे तीन युवक अचानक डूब गए। एक किसी तरीके से तैर कर बाहर निकल पाया जबकि दो लापता हो गए। जिनकी तलाश गोताखोरों के द्वारा जारी है।

पयागपुर गंगा घाट पर मतीनगंज निवासी मोहम्मद तौहीद पुत्र मोहम्मद तौफीर, मोहम्मद फहाद पुत्र अरशद निवासी मखदुमपुर एवं मोहम्मद शान पुत्र नौशाद जो कि दिल्ली में रहता है अपने मामा उस्मान निवासी कोला बुढनपुर के यहां आया हुआ था। तीनों युवक शनिवार दोपहर बाद बाइक पर सवार होकर पयागपुर गंगा नदी के तट पर पहुंचे और सेल्फी लेने के चक्कर में धारा में पहुंच गए, तभी अचानक संतुलन बिगड़ गया और तीनों युवक गंगा नदी में डूबने लगे।



गंगा नदी के किनारे लगी लोगों की भीड़। अमृत विचार

**▸▸ गंगा नदी में डूबे दो युवकों की तलाश जारी**

काफी प्रयास के बाद मोहम्मद फहाद तैर कर बाहर निकल आया, जबकि उसके अन्य दो साथी गंगा नदी की धारा में समा गए। बाहर निकले युवक की चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग इकट्ठा हुए सूचना गदागंज पुलिस को पहुंची तो मौके पर पुलिस भी जा पहुंची। गोताखोरों की मदद से डूबे हुए दोनों युवको की तलाश की गई। काफी प्रयास के बाद भी उनका कहीं पता नहीं चल सका है। प्रत्यक्षदर्शियो की माने तो तीनों युवक एक साथ गंगा नदी में सेल्फी लेने के चक्कर में गए हुए थे और तभी उनका संतुलन बिगड़ गया। सूचना पर क्षेत्राधिकारी डलमऊ अरुण कुमार नौहवार थाना प्रभारी गदागंज राकेश चंद्र पहुंचे हैं और गोताखोरों की मदद से तलाश की जा रही है।

## पेड़ से लटका मिला महिला का शव

**राही, रायबरेली। अमृत विचार:** भदोखर थाना क्षेत्र के मिश्रन का पुरवा मजरे सुलखियापुर गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में महिला का शव पेड़ से लटकता देख लोगो में हडकंप मच गया। शनिवार की सुबह लगभग 6 बजे शौच के लिए निकले लोगों ने अनामिका (22) पत्नी नीरज का शव घर से बाहर लगभग दो सौ मीटर दूर आम के पेड़ से रस्सी के सहारे लटकता देखा। लटकता शव मिलने की खबर कुछ ही देर मे पूरे गांव में फैल गई। कुछ ही देर मे परिजन भी मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों ने बताया कि लगभग दो वर्ष पूर्व शादी हुई थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एम्स चौकी प्रभारी ने बताया कि सूचना के आधार पर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। अभी तहरीर नही मिली है। तहरीर मिलने पर मामला दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

# एसएसआई पर महिलाओं को कोतवाली में पीटने का आरोप

संवाददाता, ऊंचाहार, रायबरेली।

**अमृत विचार:** अश्लीलता का शिकार महिला और उसके परिजनों के साथ कोतवाली में एसएसआई पर अमानवीय व्यवहार किये जाने का आरोप लगाया गया है। महिलाओं के चीखने चिल्लाने पर महिला सिपाही ने भागकर उन्हे बचाया। एसएसआई इस बात से नाराज था कि पीड़िता ने सीधे एसपी से मामले की शिकायत की थी।

मामला कोतवाली क्षेत्र के मास्टरगंज करबला का है। यहां की रहने वाली एक युवती के साथ कस्बे का एक युवक फोन पर खुद और अपने दोस्तों के साथ अश्लील बाते करता था। युवक की हरकत से परेशान होकर पीड़िता सीधे एसपी कार्यालय पहुंची और उसने वहां शिकायती पत्र दिया। वहां से शिकायती पत्र ऊंचाहार कोतवाली पहुंचा तो पुलिस ने दोनो पक्षों को कोतवाली तलब किया। युवती का आरोप है कि कोतवाली में एसएसआई ने उसे और उसके घर की महिलाओं को एक कमरे में ले जाकर बुरी तरह पीटने और गंदी हरकतें करना शुरू कर दिया। पीड़िता का आरोप है कि उसने तीन बार पुलिस को शिकायती पत्र सौंपा था, किंतु कोई कार्रवाई न होने पर एसपी के पास गई थी। पीड़िता ने अपना पूरा दर्द सोशल मीडिया में वायरल किया है।

**▸▸ महिला सिपाही ने दौड़कर महिलाओं को बचाया**

> मेरी जानकारी में नहीं है। वीडियो से मालूम होता है कि पारिवारिक विवाद है। पुलिस पर लगाये गये आरोप बेबुनियाद हैं। फिर भी मामले की जांच पड़ताल कर कार्यवाही की जाएगी।
>
> **अरुण कुमार नौहवार, सीओ, डलमऊ।**

### छत से गिरी महिला, घायल

**बछरावां, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के कस्बा अंतर्गत बांध टोला नगर पंचायत बछरावां की रहने वाली ललिता (22) पत्नी सनी शनिवार की दोपहर अचानक मौसम बिगड़ने के बाद वह छत पर गई थी, तभी उसका अचानक पैर फिसल गया और वह नीचे जा गिरी। घायल अवस्था में परिजनों ने उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां ले गये।

# बीएससी तृतीय वर्ष में रिया ने किया जिला टॉप

संवाददाता, डलमऊ, रायबरेली।

**अमृत विचार:** कस्बा स्थित महाराणा प्रताप महिला महाविद्यालय की पढ़ने वाली छात्राओं ने जनपद में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान हासिल कर विद्यालय एवं परिवार का नाम रोशन किया है। हाल ही में लखनऊ विश्वविद्यालय की वार्षिक परीक्षा संपन्न होने के पश्चात शुक्रवार को बीएससी तृतीय वर्ष के घोषित हुए परीक्षा परिणाम में विद्यालय की बीएससी तृतीय वर्ष (छठे) सेमेस्टर की छात्रा रिया त्रिवेदी पुत्री संतोष त्रिवेदी ने जनपद में प्रथम स्थान लाकर विद्यालय एवं परिवार का नाम रोशन किया है।

छात्रा ने वार्षिक परीक्षा में 600 अंक में से 526 (87.7 प्रतिशत) अंक लाकर जिले में पहला स्थान प्राप्त किया। रिया त्रिवेदी ने बताया कि कठिन परिश्रम गुरुजनों के सही मार्गदर्शन और अच्छी शिक्षा के चलते उसने यह मुकाम हासिल किया। वही विद्यालय की छात्रा रानी पुत्री गुरुदीन ने 521/600 अंक प्राप्त दूसरा स्थान हासिल किया है तथा श्रेया त्रिपाठी पुत्री बृजेन्द्र कुमार त्रिपाठी ने 520/600 अंक प्राप्त कर जनपद में तीसरा स्थान प्राप्त करने में कामयाब रही। छात्राओं ने अपनी सफलता का श्रेय विद्यालय प्रबंधक निरंजन सिंह गुरुजनों एवं माता-पिता को दिया विद्यालय प्रबंधक निरंजन सिंह एवं गुरुजनों ने छात्राओं का मुंह मीठा करा कर बधाइ एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। प्रबंधक निरंजन सिंह ने कहा कि कठिन परिश्रम एवं लगन से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। इस मौके पर विद्यालय प्रबंधक निरंजन सिंह, शिक्षक, नवनीत बाजपेई, अजीत श्रीवास्तव, प्रदीप यादव, नेहा सिंह, प्रमालीनी शुक्ला, दीपिका सिंह व विद्यालय की छात्र उपस्थिति रही।



छात्र रिया त्रिवेदी।

# सीएचसी में अव्यवस्थाओं का बोलबाला

**▸▸ बोले सीएमओ, सीएचसी में मौजूद स्टाफ नर्से किसी की भी नहीं है सुनती**

संवाददाता, बछरावां, रायबरेली।

**अमृत विचार:** आए दिन अपने अधीक्षक, डॉक्टरों एवं अन्य स्टाफ के सदस्यों के कारनामों से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एक बार फिर चर्चा में आ गया। जब समय पर अपने कमरे से नदारद अधीक्षक साहब को यह भी नहीं पता है कि अस्पताल के अंदर किस वार्ड में क्या व्यवस्था है और क्या नहीं है।

विदित हो कि जब शनिवार की सुबह तकरीबन 11 बजे के आसपास अमृत विचार के संवाददाता ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां की अव्यवस्थाओं को मद्देनजर रखते हुए अस्पताल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया तो महिला वार्ड में प्रसूताओं के बेड से चादरे गायब मिली। वहीं वार्ड के बाहर पानी के लिए लगाया लगा आरो फ्रीजर भी शोपीस बनकर तीमारदारों के पान मसाला थूकने की जगह बन गया है। वहीं अस्पताल की समस्या के संबंध में जब संवाददाता ने दूरभाष के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां के अधीक्षक अनिल कुमार जैसल से बातचीत की तो उन्होंने कहा कि ऐसा कुछ नहीं है। बेड पर चादर हैं और पानी की भी कोई समस्या नहीं है। दूरभाष के माध्यम से मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. वीरेंद्र सिंह से बातचीत की तो उन्होंने कहा कि महिला वार्ड में चादरों के न होने पर स्टाफ नर्सों की कमी है। साथ ही साथ उन्होंने यह भी कहा कि वहां पर मौजूद स्टाफ नर्सें किसी की भी नहीं सुनती है और ठंडे पानी के आरो प्लांट को जल्द ही दुरुस्त कराने की बात कहीं, लेकिन ताज्जुब की बात यह है कि महज 48 घंटे पूर्व मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निरीक्षण के बाद अस्पताल की व्यवस्थाएं सुधरने का नाम नहीं ले रही है।



बिना चादर के बेड पर लेटे मरीज। अमृत विचार



खराब पड़ा आरो वाटर फ्रीजर।




सीएचसी अधीक्षक की खाली पड़ी कुर्सी।

# सिसक रही है प्रभु राम को पवित्र करने वाली सई नदी की धारा

नीरज श्रीवास्तव

**परशदेपुर, रायबरेली, अमृत विचार:** जीवनदायिनी कही जाने वाली सई नदी की धारा भीषण गर्मी में सिसक रही है। भगवान राम को पवित्र करने वाली सई नदी के अस्तित्व पर इन दिनों खतरा मंडराने लगा है। नदी से नाला का रूप ले रही सई नदी कहीं-कहीं तो इतना सूख गई है कि लोग पैदल ही नदी पार हो जा रहे हैं। सई नदी सूखने से पशु-पक्षी भी बेहाल हो रहे हैं।

हरदोई जनपद के भिजवान और लखीमपुर खीरी के राघवपुर झील से निकली सई नदी वर्षों से लोगों के लिए जीवनदायिनी साबित होती रही है। लगभग सात सौ किलोमीटर दूरी तय करते हुए सई नदी जौनपुर के जलालपुर के राजघाट पर गोमती में मिल जाती है। नदी के पानी का उपयोग लोग पीने के साथ ही खेतों की सिंचाई के लिए भी करते हैं। साथ ही नदी से पशु पक्षी भी अपनी प्यास बुझाते हैं। लेकिन भीषण गर्मी पड़ने से सई नदी सूखने की कगार पर पहुंच गई है। कल-कल करते हुए बहती सई नदी में अब नाम मात्र का पानी दिखाई देता है। जहां पानी जमा भी हैं वो काला पड़ गया है। नदी के किनारे जंगली जानवरों और पालतू पशुओं के लिए पेयजल की समस्या उत्पन्न हो रही है। वहीं नदी पर निर्भर किसानों के सामने सिंचाई का भी संकट खड़ा होने लगा है।



सलोन मार्ग पर सूखती जा रही सई नदी का दृश्य। अमृत विचार

**▸▸ भीषण गर्मी की वजह से सूखती जा रही जीवनदायिनी सई नदी, पशु-पक्षी बेहाल**

### भगवान राम से जुड़ा है सई नदी का इतिहास

विद्वानों की माने तो सई नदी का ऐतिहासिक व धार्मिक महत्व भी है। वन से वापस आते समय भगवान राम, माता सीता और लक्ष्मण ने सई नदी में स्नान कर अपने को पवित्र किया था। सई नदी का वर्णन गोस्वामी तुलसीदास जी द्वारा रचित श्री राम चरित मानस में भी मिलता है, उसमें एक चौपाई है 'सई उतर गोमती नहाए, चौथे दिवस अवधपुर आए' जिसका अर्थ है कि जब प्रभू श्री राम अपना 14 वर्षों का वनवास पूर्ण कर अवधपुर वापसी कर रहे थे तो रास्ते में पड़ने वाली इसी सई नदी में स्नान किया था उसके बाद अवधपुर गए थे।

### फैक्ट्रियों के कचरे ने पानी को बनाया जहरीला

बताते हैं कि हरदोई, उन्नाव, रायबरेली, प्रतापगढ़ आदि जिले की औद्योगिक इकाइयों का सारा कचरा व रसायन नालों के माध्यम से नदी में गिरता है। जिससे फैक्ट्रियों का कचरा नदी के जल में जहर घोल रहा है। जहां भी थोड़ा पानी बचा है वो इतना काला और जहरीला हो गया है कि पशु पक्षियों के लिए नुकसानदायक साबित हो रहा है।

### जंगलों की कटान से सूखे जलस्त्रोत

सई नदी को मिलने वाले जल में उसके किनारे के जंगलों का भी विशेष योगदान रहा है। घने जंगलों में रुका वर्षा जल पेड़ों के जड़ों के मार्फत नदी को पानी मुहैया कराते रहे, लेकिन कई वर्षों से हो रही अवैध कटान से नदी किनारे के जंगलों के आसपास पेड़ ही कम होते जा रहे तो नदी को मिलने वाला 'अमृत' भी सूखता जा रहा है।

## सार-संक्षेप

### राज्यमंत्री के भाई की गाड़ी पलटी, बची जान

**संवाददाता, राही, रायबरेली। अमृत विचार :** गंगा स्नान करने जाते समय राज्यमंत्री के भाई अवधेश सिंह की फार्च्यूनर गाड़ी पलटी गई। शनिवार की सुबह अवधेश सिंह अपनी फार्च्यूनर गाड़ी से डलमऊ गंगा स्नान करने जा रहे थे। लखनऊ-प्रयागराज हाईवे पर औघड़नाथ आश्रम के निकट जैसे ही उनकी गाड़ी पहुंची, तभी सामने से आ रहे पिकप को बचाने के चक्कर में उनकी गाड़ी पलट गई। गनीमत रही कि गाड़ी में सवार सभी लोग बाल-बाल बच गये। जबकि पिकअप क्षतिग्रस्त हो गया। सूचना पर पहुंची भदोखर पुलिस ने क्रेन के द्वारा गाड़ी को रास्ते से हटाया। मुंशीगंज चौकी इंचार्ज करुणा शंकर तिवारी ने बताया कि कार पर तीन लोग सवार थे, सभी सुरक्षित हैं। इस बीच लखनऊ-प्रयागराज हाईवे पर जाम लग गया जिससे आवागमन बाधित रहा। पुलिस की कड़ी मशक्कत के बाद जाम से लोगों को राहत मिली।

### भाई के मौत के सदमे में दूसरे भाई की मौत

**संवाददाता, महराजगंज, रायबरेली। अमृत विचार :** क्षेत्र के बहादुर नगर गांव निवासी दो सगे भाइयों की एक ही दिन मौत से कोहराम मच गया। परिवार सहित क्षेत्र में शोक की लहर है। शनिवार तड़के सुबह करीब तीन बजे 64 वर्षीय कृष्ण पाल सिंह की हृदय गति रुकने से मौत हो गई। कृष्ण पाल सिंह कस्बे के रुद नगर में मकान बनाकर रहते थे। बड़े भाई के निधन की सूचना बहादुर नगर गांव में रह रहे 60 वर्षीय छोटे भाई सतपाल सिंह को मिली तो सुबह आठ बजे करीब उनकी भी सदमे में मौत हो गई। दोनों सगे भाइयों के निधन से परिवार सहित क्षेत्र में कोहराम मच गया। वही क्षेत्र के दर्जनों जनप्रतिनिधि व संभ्रांत लोग शोक संतृप्त परिवार को ढांढस बंधाने पहुंचे।

### पांच लोगों पर घर में घुसकर मारपीट का आरोप

**संवाददाता, महराजगंज, रायबरेली। अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के बारी गोहन्ना निवासी माधुरी पत्नी बृजेश मिश्रा द्वारा गांव के 5 लोगों पर घर में घुसकर मारपीट, गाली-गलौज, छेड़छाड़ व जान से मार देने की धमकी का आरोप लगाया है। पुलिस महिला की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। तहरीर में बरिगोहन्ना निवासी माधुरी ने बताया कि शुक्रवार की शाम सात बजे गांव के ही प्रतिपक्षिगण रोहित पुत्र मूलचंद, अजय पुत्र राम सजीवन, केशचंद्र पुत्र रामसुख, किशोर अवस्थी पुत्र दशरथ, राम सफल पुत्र राम हरक लाठी डंडों से लैस हो घर पर आ गए और गली-गलौज करते हुए घर के अंदर घुस कर उसे व उसकी पुत्री को मरना शुरू कर दिया। उसकी पुत्री को जमीन पर गिराकर उसके गले पर लात रख दिया, जिससे वह अचेत हो गई और तभी प्रतिपक्षिगणों ने उसके कपड़े फाड़ दिए और छेड़छाड़ की। मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

### एमबीबीएस छात्रों को दी रक्त जांच संबंधी जानकारी



सीएचसी अधीक्षक डा. तारिक इकबाल से जानकारी लेते एम्स के एमबीबीएस प्रशिक्षु।

**संवाददाता, राही, रायबरेली। अमृत विचार :** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में पढ़ाई करने वाले एमबीबीएस छात्रों ने बेलाभेला सीएचसी में पैथोलॉजी लैब, वीपी सुगर जांच, प्रसव विभाग को देखा। लैब टेक्नीशियन ने रक्त जांच संबंधी जानकारी एम्स के प्रशिक्षुओं को दी। फार्मासिस्ट कुशवाहा ने विभिन्न दवाओं के विषय में जानकारी दी। अधीक्षक डॉ. तारिक इकबाल ने बताया कि एम्स तृतीय बैच के एमबीबीएस छात्रों को सीएचसी में संचालित सभी विषयों की जानकारी उन्हें दी गईं है।

### दोस्तों पर जानलेवा हमले का आरोप, मुकदमा दर्ज

**संवाददाता, रायबरेली। अमृत विचार :** शहर कोतवाली क्षेत्र के छोटी बाजार निवासी देवराज सोनकर एकलव्य व वंश चौरसिया ने अपने ही दोस्तों पर मारपीट का आरोप लगाया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिये हैं। छोटी बाजार निवासी उपरोक्त ने अपने दोस्तों बच्चा लाला, फैजल, फरमान, राजवीर, साहिल, उदय व अन्य साथियों पर आरोप लगाया है कि यह सभी लोग उन्हें लोगों को घर से बुलाकर खाली सहाट स्थित रामलीला मैदान ले गये थे, जहां पर पहले से ही मौजूद हमलावरों ने उनके ऊपर ताबड़तोड़ हमला बोल दिया। लहूलुहान हालत में देवराज सोनकर को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां पर चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे लखनऊ रेफर कर दिया है। कोतवाल राजेश सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों के गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे हैं। जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा।

### दुष्कर्मी किशोर को भेजा बाल सुधार गृह केंद्र

**संवाददाता, जगतपुर, रायबरेली। अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली नाबालिग किशोरी से गांव की ही रहने वाले एक किशोर ने दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। जिसके बाद किशोरी गर्भवती हो गई। पीड़िता की मां के तहरीर पर अभियोग पंजीकृत किया गया। गांव निवासी शुभम के खिलाफ जगतपुर थाने में अभियोग पंजीकृत किया गया। इस बाबत प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार राय से बात की गई तो उन्होंने बताया कि नाबालिग किशोर को बाल सुधार गृह केंद्र भेजा गया।





वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय

कैम्पस : वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एण्ड रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
एन.एच.-24, बन्थरा, शाहजहाँपुर, उत्तर प्रदेश-242307

| कोर्स | अवधि | योग्यता |
|---|---|---|
| एम.एस.सी. मेडिकल एनाटॉमी | 3 वर्ष | अभ्यर्थी को तीन वर्ष का स्नातक कार्यक्रम बीएससी उत्तीर्ण होना चाहिए, जिसमें 50% अंक प्राप्त हों (एससी/एसटी के लिए 45%) और जैविक विज्ञान एक विषय के रूप में हो या एमबीबीएस, बीडीएस, बीएएमएस, बीएचएमएस, बीपीटी, बी.फार्मा, बीएमएलटी, बीएमआरआईटी, बीएससी नर्सिंग में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण होना चाहिए। |
| एम.एस.सी. मेडिकल बायोकेमिस्ट्री | 3 वर्ष | |
| एम.एस.सी. फिजियोलॉजी | 3 वर्ष | |
| एम.एस.सी. मेडिकल माइक्रोबायोलॉजी | 3 वर्ष | |
| एम.एस.सी. फार्माकोलॉजी | 3 वर्ष | |
| बी.एस.सी. फोरेन्सीक साइंस | 3 वर्ष | पात्रता: 10+2 (पी.सी.एम./पी.सी.बी.) |

फैकल्टी ऑफ कॉमर्स एण्ड मैनेजमेंट

| कोर्स | अवधि | योग्यता |
|---|---|---|
| एम.एच.ए. (मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन) | 2 वर्ष | किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम 50% अंकों के साथ स्नातक की डिग्री पूरी की हो, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों के लिए 45% अंक प्राप्त किए हों। |
| एम.पी.एच. (मास्टर इन पब्लिक हेल्थ) | 2 वर्ष | |

For Online Registration : www.vau.in, Contact No. 05842297879
E-mail : admission @vau.edu.in, info@vau.edu.in.

प्रवेश हेतु संपर्क करें

डॉ. अनिल पाल (डिप्टी रजिस्ट्रार) मो. 9956248504

डॉ. अमित सिंह (डिप्टी मेडिकल सपरिटेंडेन्ट) मो. 7521001987

# ज्येष्ठ पूर्णिमा : गंगा तटों पर उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

## लोक मान्यताओं के अनुसार हुई ग्राम देवता की पूजा


गोकना गंगा घाट पर ज्येष्ठ मास पूर्णिमा के अवसर पर स्नान के लिए उमड़ी भीड़। अमृत विचार

संवाददाता, ऊंचाहार, रायबरेली।

**अमृत विचारः** शनिवार को ज्येष्ठ पूर्णिमा पर क्षेत्र के गंगा तटों पर आस्था, श्रद्धा और भक्ति का संगम अद्भुद संगम देखने को मिला है। अवसर पर हजारों श्रद्धालुओं में गंगा में आस्था की डुबकी लगाई है। हर बार की तरह इस बार भी ज्येष्ठ पूर्णिमा पर भक्तों का तांता गंगा घाट पर लग गया।

श्रद्धालुओं ने क्षेत्र के गंगा घाट गोकना, बादशाहपुर, पूरे तीर आदि घाटों पर गंगा स्नान के बाद तट पर स्थित देवी-देवताओं के मंदिरों में पूजा अर्चना कर अपने तीर्थ पुरोहितों को अन्न दान द्रव्य दान वस्त्र दान देकर अपना व अपने कुटुंब के कल्याण की कामना की। मान्यता है कि ज्येष्ठ पूर्णिमा पर गंगा स्नान करने से पापों का नाश होता है और मोक्ष की प्राप्ति होती है। ऐसे में बच्चों से लेकर बड़े भी गंगा में स्नान करते नजर आए। गर्मी के इस मौसम में बच्चे नदी में आस्था की डुबकी के साथ-साथ मस्ती करते भी नजर आए।

**यह है महत्व :** गोकना गंगा घाट के वरिष्ठ पुरोहित जितेंद्र द्विवेदी ने पूर्णिमा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि ज्येष्ठ पूर्णिमा की पूर्णिमा के अवसर पर गंगा स्नान व दान का विशेष महत्व है। जेष्ठ माह की पूर्णिमा को वट पूर्णिमा भी कहा जाता है। आज के दिन श्वेत वस्त्र धारण करके भगवान शिव की पूजा करने से विवाह में आने वाली बाधाएं दूर हो जाती है। वहीं भगवान विष्णु की मूर्ति को शंख में केसर युक्त दूध डालकर स्नान कराने व उन्हें पीले रंग के वस्त्र अर्पित करने से घर की सभी समस्याओं का समाधान हो जाता है। श्रद्धालु इस दिन पूजा अर्चना करके अपने परिवार और अपनों के कल्याण की कामना करते हैं।

**लोक परंपराओं का हुआ निर्वहन :** लोक परम्परा के अनुसार ज्येष्ठ मास के अंतिम दिन गांवों में ग्राम देवता की सामूहिक पूजा और भंडारे का आयोजन किया जाता है। अगले दिन प्रात :काल गांव के लोग सामूहिक रूप से नदी में जाकर स्नान करते हैं। इसी परंपरा का शुक्रवार को क्षेत्र के कई गांवों में निर्वाहन किया गया। गांव में सामूहिक भोज हुआ। शनिवार को प्रात : ग्रामीणों का झुंड गंगा तट पर पहुंचा और स्नान के बाद सभी के कल्याण की कामना की गई।

## श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

संवाददाता, डलमऊ, रायबरेली।

**अमृत विचारः** ज्येष्ठ मास की पूर्णिमा के अवसर पर डलमऊ के एक दर्जन से अधिक घाटों पर हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई और मंदिरों में पूजा अर्चना करते हुए मन्नते मांगी। ज्येष्ठ मास की पूर्णिमा के अवसर पर डलमऊ के विभिन्न घाटों पर मंगलवार को श्रद्धालुओं की भीड़ देखने को मिली। सड़क घाट, वीआईपी घाट, पथवारी घाट, दिन शाह गौरा घाट, रानी शिवाला घाट, संकट मोचन घाट सहित अन्य सभी घाटों पर भारी संख्या में श्रद्धालु गंगा स्नान करने के लिए पहुंचे और प्रातः काल से ही हर-हर गंगे के जयकारों के साथ स्नान प्रारंभ हो गया। डलमऊ के स्नान घाटों पर डलमऊ ही नहीं अन्य जनपद से लोग गंगा स्नान करने के लिए आते हैं और बड़ी संख्या में लोग गंगा घाटों पर पहुंचकर सुबह 4 से ही गंगा स्नान करते हैं। स्नान के बाद घाटों के किनारे बने हुए देवी-देवताओं के मंदिरों पर पूजा अर्चना करते हैं और अपनी मन्नतें मांगते है।


घाट पर डुबकी लगाते श्रद्धालु। अमृत विचार

### गंगा स्नान से मिलती है शांति : महाराज



बड़े मठ के उत्तराधिकारी स्वामी दिव्यानंद महाराज ने बताया कि ज्येष्ठ मास की पूर्णिमा को गंगा स्नान करने से आध्यात्मिक आदि देवी आदि भौतिक तीनों प्रकार के तापो से मनुष्य को शांति मिलती है। क्योंकि जेठ माह सूर्य के प्रकोप से अत्यधिक गर्मी भगवान सूर्य धरती को उपजाऊ बनाने में सहायक होते हैं तथा सूर्य को गंगा जल मिश्रित अर्घ देने सूर्य गृह शान्ति प्रदान करते है।

### पूर्णिमा पर स्नान व दान की है परंपरा : निर्भय



तीर्थ पुरोहित निर्भय तिवारी ने बताया कि ज्येष्ठ पूर्णिमा को वट सावित्री पूर्णिमा के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन महिलाएं अपने पति की लंबी आयु की कामना के लिए बरगद के पेड़ की पूजा करती है और व्रत रखती है। पूर्णिमा तिथि पर स्नान व दान की परंपरा है। मान्यता है की पूर्णिमा की रात को मां लक्ष्मी की पूजा करने से सुख समृद्धि का वास होता है। इसके साथ ही चंद्रमा की पूजा करने से चंद्रदोष से मुक्ति मिलती है। ज्येष्ठ पूर्णिमा के दिन भगवान सत्यनारायण की कथा सुनने या पाठ करने से लाभ मिलता है। साथ ही इस विशेष दिन पर माता लक्ष्मी की उपासना करने से धन एवं ईश्वर की प्राप्ति होती है। माना जाता है कि इस दिन चंद्र देव की उपासना करने से जीवन में सकारात्मक आती है। साथ ही कुंडली में चंद्र दोष से मुक्ति मिल जाती है।

## सार-संक्षेप

### ज्येष्ठ पूर्णिमा के अवसर पर भंडारा आयोजित


श्री गणेश फैमिली शोरूम के सम्मुख प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु।

संवाददाता, सतांव, रायबरेली। अमृत विचार : ज्येष्ठ पूर्णिमा के अवसर पर क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर हनुमत भण्डारों का आयोजन कर देर शाम तक प्रसाद वितरण चलता रहा। ओनई गांव स्थित श्री गणेश फैमिली शोरूम के मालिक दिनेश गुप्ता द्वारा भण्डारे का आयोजन किया गया। इसके अतिरिक्त सतांव और गढ़ी दूलाराय गांवों में आयोजित भण्डारों में हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।

### ठाकुरद्वारा के स्थापना दिवस पर भंडारा आयोजित


भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते भक्त। अमृत विचार

संवाददाता, शिवगढ़, रायबरेली। अमृत विचार : नगर पंचायत के पूरे पाण्डेय स्थित ठाकुर द्वारा के स्थापना दिवस पर गति वर्षों की भांति श्रीरामचरितमानस पाठ एवं विशाल भण्डारे का भव्य आयोजन किया गया। भण्डारे में पुण्य की लालसा से पहुंचे सैकड़ो श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहणकर मनोकामनाएं मांगी। भण्डारे का आयोजन राम प्रकाश मिश्रा, अंकुर मिश्रा के नेतृत्व में नवयुगक दुर्गा पूजा जागरण समिति द्वारा किया गया। भण्डारे से पूर्व संगीतमयी श्रीराम चरितमानस पाठ का आयोजन किया गया। तत्पश्चात कन्याभोज से भण्डारे का शुभारम्भ किया गया, जो देर रात तक चला। नवयुगक दुर्गा पूजा जागरण समिति द्वारा भगवान श्रीरामलला, जगत जननी मां सीता, लखनलाल, बजरंगबली की दिव्य आरती की गई, जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। हवन पूजन आचार्य पुष्कर त्रिवेदी द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ कराया गया। इस मौके पर प्रभात मिश्रा, पूर्व प्रधान नन्दकिशोर तिवारी, राजकुमार शुक्ला, शिवमोहन सिंह, गिरधारी लाल त्रिवेदी, प्रांजुल मिश्रा, राजेंद्र प्रकाश मिश्रा, राकेश प्रकाश मिश्रा, धर्म प्रकाश मिश्रा, अनूप मिश्रा, रिंकू सिंह, बीके शुक्ला आदि लोग उपस्थित रहे।

### रक्षकेश्वर धाम शिव मंदिर में भंडारा आयोजित

संवाददाता, लालगंज, रायबरेली। अमृत विचार : सराफा व्यापार मंडल के अध्यक्ष रोहित सोनी और मंदिर कमेटी के अध्यक्ष भाजपा के पूर्व सभासद महेश सोनी की अगुवाई में लालगंज सराफा चौक स्थित श्री रक्षकेश्वर धाम शिव मंदिर में भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे के पहले शिव मंदिर का वार्षिकोत्सव कार्यक्रम संपन्न हुआ, जिसमें विद्वान पंडितों के द्वारा बिधिविधान से पूजा अर्चना कराई गई। बताते चले कि वर्ष 2020 में मंदिर का जीर्णोद्वार हुआ था, तभी से 22 जून को प्रत्येक वर्ष मंदिर का वार्षिकोत्सव मनाया जाता है। इस अवसर पर विशाल भंडारे का भी आयोजन प्रत्येक वर्ष होता है। शनिवार को आयोजित विशाल भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने छककर प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष महेश सोनी ने बताया कि भगवान रक्षकेश्वर हम सभी व्यापारियों की रक्षा करते हैं और उनकी कृपा से हम सभी सुखी और समृद्ध हैं। भंडारे में व्यापार मंडल अध्यक्ष विवेक शर्मा, मृत्युंजय बाजपेई, अप्पू शर्मा, रविंद्र सोनी, शोभित रस्तोगी, गोपाल स्वर्णकार, अरुण सोनी, कैलाश बाजपेई, सुरेंद्र गुप्ता, देव कुमार रस्तोगी, बबलू सोनी, अजय वर्मा, कौशलेंद्र सोनी आदि का योगदान सराहनीय रहा।

### डीएम-एसपी ने कूलिंग पॉइंट का किया निरीक्षण


कूलिंग प्वाइंट का निरीक्षण करती डीएम। अमृत विचार

संवाददाता, रायबरेली। अमृत विचार : भीषण गर्मी व हीट वेव को लेकर राहगीरों व मजदूरों को गर्मी, हीट वेव से राहत देने के लिए नगर पालिका द्वारा सारस चौराहे पर बनाये गए कूलिंग प्वाइंट का जिलाधिकारी हर्षिता माथुर व पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कूलिंग प्वाइंट की सभी मूलभूत व आधुनिक सभी सुविधाओं व व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण में कूलिंग प्वाइंट में कूलर व पीने का पानी, ओआरएस घोल व गुड़ की सुविधा के साथ लेटने व बैठने की भी सभी व्यवस्थाएं दुरूस्त पाई गई। जिलाधिकारी ने कहा कि बढ़ती हुई गर्मी व हीटवेव को दृष्टिगत शासन व प्रशासन द्वारा राहगीरों व मजदूरों को भीषण गर्मी से राहत पहुंचाने के लिए यह सुविधा बनाई गई। राहगीर व मजदूरों कूलिंग प्वाइंट में गर्मी से राहत पाने की सभी सुविधाओं को पाकर प्रदेश सरकार व जिला प्रशासन की पहल की सराहना कर रहे है। इस अवसर पर ईओ नगर पालिका स्वर्ण सिंह की उपस्थित रहे।

# धूमधाम से मनाया गया संत समागम व कबीर महोत्सव


समारोह में छात्रा को सम्मानित करते अतिथि। अमृत विचार

संवाददाता, रायबरेली।

**अमृत विचारः** डीह विकासखंड स्थित टेकारी सहन में सद्गुरु कबीर साहब का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। संत समागम एवं कबीर महोत्सव के मुख्य अतिथि लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डा रविकांत चंदन रहे।

उन्होंने कहा कि संत कबीर मध्यकालीन भारत में अंधविश्वास, रूढ़िवाद और पाखंड पर करारा प्रहार किया था। सह मुख्य अतिथि पूर्व डिप्टी कमिश्नर उत्तर प्रदेश सरकार शिवप्रसाद वर्मा ने कहा कि आजादी के 75 साल बीत जाने के बाद भी आज समाज में जाति पाति और छुआछूत विद्यमान है। संत कबीर ने अपने अमृत वाणियों के माध्यम से इसका खंडन किया था। विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय ग्राम विकास संस्थान के प्राचार्य रघुराज ने कहा कि कबीर साहब ऐसे संत हैं जिन्होंने सामाजिक सुधार की दिशा में अनुकरणीय कार्य किया है। सलोन विधायक अशोक कोरी ने कहा कि न केवल संत समाज के आदर्शपरक हैं बल्कि आम लोगों के लिए भी आदर्शपरक हैं। हमें उनकी वाणी का अनुकरण करने की जरूरत है। अमेठी से पधारे शिक्षाविद संजीव भारती ने कहा की संविधान में सबको बराबरी का अधिकार मिला हुआ है। सामाजिक चिंतक केपी राहुल ने कहा कि कबीर एक बोधिसत्व हैं। इस अवसर पर शाक्य एसएन मौर्य, कमलेश बहादुर यादव, पूर्व विधायक गयादीन अनुरागी, राम अहोरे कोरी, सहसंयोजक सुरेश कोरी, रामपाल, बिंधादीन पासी, आरके कोरी, कमल कुमार बौद्ध, सरोज अनिल कुमार, राजेंद्र कुमार, रामसमुझ लाल धीमान, राम केवल निर्मल, श्रीराम वर्मा, देशराज, श्यामलाल, प्रमोद कुमार बौद्ध, गुप्तार वर्मा आदि रहे। समारोह का संचालन डा सुनील दत्त ने किया।

# टीएमटी ने विजयी छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

संवाददाता, रायबरेली।


प्रतियोगी परीक्षा के मेधावी छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

**अमृत विचारः** प्रख्यात शिया धर्मगुरु स्व डॉ. कल्बे सादिक साहब ने सदैव समाज को शिक्षित बनाने और मुख्य धारा से जोड़ने के लिए ठोस कदम उठाए उन्ही से प्रेरणा लेकर संस्था तौहीद उल मुस्लिमीन ट्रस्ट की टीम प्रदेश के जनपदों मे कक्षा 4 से 11 तक के छात्र-छात्राओं के मध्य प्रतियोगी परीक्षा आयोजित करती आ रही है। अप्रैल माह में प्रदेश के 37 ज़िलों के साथ रायबरेली में भी आयोजित की गई थी, जिसमे 7 हज़ार बच्चों ने प्रतिभाग किया जिसमे रायबरेली से 12 बच्चे अपने अपने वर्ग में विजयी हुए, जिनको शनिवार को मेडल, प्रमाण पत्र तथा एक हजार प्रोत्साहन राशि दी गई। यह कार्यक्रम गुलाब रोड स्थित इमामबारगाह फखरे कौम सैय्यद कल्बे अब्बास में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन प्रख्यात कवि श्री हसन रायबरेलवी ने किया।

टीएमटी टीम के सदस्यों का स्वागत मौलाना कम्बर अली रिजवी ने कि ट्रस्ट कौम के बच्चों के लिए सीबीएसई, आईसीएसई, यूपी बोर्ड आधारित प्रतियोगिता करा रहा है मार्गदर्शन कर रहा है इससे बच्चों की क्षमता बढ़ेगी। कार्यक्रम का समापन इमाम जुमा शहवार काजमी ने ये कहते हुए किया कि इल्म हासिल करते रहना चाहिए इल्म इंसान को वो हीरा बना देता है जो हजारो पत्थरो मे अलग से नजर आता है। मुख्य अतिथि के द्वारा अपने-अपने वर्ग में अलयाना काजमी, आमिर जमान, मोहम्मद मुर्तुजा, हुसैन अकबर, मोहम्मद जरी हैदर, रोबील काजमी, अशना अब्बास, इफहाम नक़वी, अब्बास मेहंदी, रबाबा रज़ा अली हैदर, अली हुसैन को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम मे संस्था के अमीर हैदर, ज्वाइंट कमिश्नर जीएसटी, मिर्जा कमर हैदर कोर मेम्बर, सय्यद मुक्तदिर अली रिजवी, सेक्शन हेड टीएमटी के अलावा अध्यापिका जरीन रिजवी, फातिमा जहीर, नशरा फातिमा, अजीज जहरा, असद अब्बास, नुजहत फातिमा, लाइब्रेरियन तस्कीन जहरा व मासूम रजा, जीशान अहमद, रज़ी हैदर, नवाब अली तकी, शाजू नकवी, सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# बास्केटबॉल और बैडमिंटन का एनसीसी कैडेट्स ने लिया प्रशिक्षण

संवाददाता, रायबरेली।


रायन इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित प्रशिक्षण शिविर में मौजूद एनसीसी कैडेट्स।

**अमृत विचारः** रायन इंटरनेशनल स्कूल में चल रहे एनसीसी के संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के तीसरे दिन एनसीसी कैडेट्स को प्वाइंट 22 राइफल के बारे में विस्तार से बताया गया। इसके बाद सूबेदार जगमोहन ने कैडेट्स को सैनिक मानचित्र के बारे में विस्तार से बताया।

लेफ्टिनेंट सत्येंद्र कुमार एवं लेफ्टिनेंट राजेश कुमार ने एनसीसी कैडेट्स को सोशल मीडिया के लाभ एवं हानियां तथा सोशल मीडिया का उचित उपयोग के बारे में विस्तार से बताया। इसके बाद सूबेदार दर्शन सिंह ने एनसीसी कैडेट्स को प्लाटून एवं क्षेत्र बैटल ड्रिल के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कैडेट्स को युद्ध कला प्लाटून एवं क्षेत्र किस प्रकार युद्ध के मैदान में लड़ाई लड़ता है इसके बारे में विस्तार से बताया। दूसरे शाम के समय में सभी कैडेट्स को गेम्स खिलाए गए। जिसमें वॉलीबॉल, फुटबॉल, बास्केटबॉल और बैडमिंटन का प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर कैंप कमांडेंट कर्नल विक्रमादित्य सिंह पाल, प्रशासनिक अधिकारी कर्नल संजीव खुराना, सूबेदार मेजर धनदेव फर्स्ट ऑफिसर अभिषेक द्विवेदी, सूबेदार रघुवीर सिंह, सूबेदार जगमोहन, सूबेदार धीरज, हवलदार विजय पाल, हवलदार देवेंद्र सिंह, हवलदार पुष्प सिंह सहित एनसीसी बटालियन का समस्त स्टाफ उपस्थित था।

# ऊर्जा और मन को शांत करता है योग

संवाददाता, रायबरेली


समारोह में सम्मानित किये गये योग शिक्षक। अमृत विचार

**अमृत विचार।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शुक्रवार को योग शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम वरिष्ठ समाजसेवी व पूर्व कनिष्ठ ब्लॉक प्रमुख सरेनी शैलेंद्र अग्निहोत्री द्वारा गुरु गोविंद सिंह स्मारक में आयोजित किया गया।

योग शिक्षक सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए समाजसेवी व पूर्व कनिष्ठ ब्लॉक प्रमुख अग्निहोत्री ने कहा कि योग शरीर को निरोगी रखता है। वहीं योगाचार्य डॉ. रवी सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि योगासन, शरीर में ऊर्जा के स्तर को बढ़ावा देने के साथ मन को शांत करता है। योग शिक्षक सम्मान समारोह की कड़ी में पीएन पाठक जिला प्रभारी पतंजलि योग समिति, राम भोले शुक्ला जिला प्रमुख आर्ट ऑफ लिविंग, डॉ. राधे सिंह समन्वयक हार्टफुल नेस इंस्टिट्यूट रायबरेली, परशुराम मिश्र योग शिक्षक गायत्री परिवार, लल्लन झा, शिवानी झा ओशो फाउंडेशन रायबरेली, सोमचन्द्र जायसवाल, राम शरण सिंह, आचार्य त्रिलोकी राम, किस्मत राय शर्मा, वंदिता श्रीवास्तव, डॉ. दिव्यदीप्ति शर्मा, डॉ.दिव्यांशु मोहन, अजय श्रीवास्तव, राहुल गुप्ता, मनीष पटेल, जगतपुर से राकेश पांडेय, डलमऊ से सुभाष साहू, शिवगढ से मणिदीप, बछरावां से महेंद्र कुमार, सरेनी से संजय द्विवेदी, महराजगंज से अंशु श्रीवास्तव, योगाचार्य डॉ.रवी सिंह आदि को कार्यक्रम आयोजक शैलेंद्र अग्निहोत्री द्वारा प्रशस्ति पत्र व मेड़ल देकर सम्मानित किया गया। साथ ही समाजसेवा के क्षेत्र में सदैव अग्रणी व महती भूमिका निभाने वाले महेंद्र अग्रवाल, रेनू सिंह, राजेश सिंह व बब्बी शुक्ला समेत सिटी मजिस्ट्रेट रामबाबू को भी श्री अग्निहोत्री द्वारा सम्मानित किया गया। इस मौके पर डॉ. एके द्विवेदी, डॉ. जितेंद्र मणि द्विवेदी, डॉ. बिपिन सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

### सहज केंद्रों पर मनाया गया योग दिवस

संवाददाता, रायबरेली। अमृत विचार : सहज रिटेल लिमिटेड द्वारा संचालित लगभग 23 सहज जन सेवा केंद्रों के माध्यम से स्थानीय नागरिकों, छात्रों समेत स्थानीय गणमान्यों की उपस्थिती में योग कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसी क्रम मे स्थानीय सहज जन सेवा केंद्र दरियापुर मे योगा कार्यक्रम के दौरान उपस्थित प्रतिभागियों को केंद्र प्रभारी बृजेश सिंह ने योग के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर एरिया मैनेजर अभिषेक सिंह, सतीश, राजेंद्र, विजय विश्वकर्मा, हंसराज, आकाश, नवीन यादव, शैलेश कुमार, दीपक, कुंवर बहादुर, प्रवीण, राखी, गरिमा सहित अनेक ग्रामीण व छात्र-छात्राएं उपस्थित रही।

### सांप के भय से चलती ट्रेन से गिरकर युवक घायल

बछरावां, रायबरेली। शुक्रवार देर रात लुधियाना से ट्रेन में बैठकर युवक शाहनवाज (26) पुत्र आजाद निवासी खगड़िया थाना खगौली राज्य बिहार निवासी अपने साथियों के साथ बिहार के लिए जा रहा था। बछरावां रेलवे स्टेशन के करीब नीमटीकर बछरावां के बीच पहुंचते ही ट्रेन के ऊपर एक सपेरे के द्वारा सांप को अचानक गेट के पास बैठे शाहनवाज के गले पर रख दिया गया। सांप को अचानक गले में देख युवक घबरा गया। और चलती ट्रेन में ही नीचे कूद गया। युवक के अन्य साथी किसी दूसरी बोगी में बैठे थे। नीचे गिरने से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसके उसके सिर तथा कमर में गंभीर चोट आ गई है। राहगीरों के द्वारा एंबुलेंस को फोन किया गया। घायल युवक को एंबुलेंस के द्वारा बछरावां सीएचसी पहुंचाया गया।


## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता सरयू नहर खण्ड-5, बहराइच

ई-निविदा सूचना संख्या-01/अधि0अभि0/2024-2025

महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑनलाइन निविदायें http://etender.up.nic.in के माध्यम से प्री-क्वालिफिकेशन टेक्निकल बिड एवं प्राइस- बिड/फाइनेन्शियल बिड, सिंचाई विभाग में वर्गीकृत श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 27.06.2024 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से दिनांक 10.07.2024 अपरान्ह 03:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। प्री-क्वालिफिकेशन टेक्निकल बिड दिनांक 10.07.2024 को अपरान्ह 04:00 बजे अधिशासी अभियन्ता, सरयू नहर खण्ड-पंचम्, बहराइच के कार्यालय में गठित समिति द्वारा ऑनलाइन खोली जायेगी एवं प्री-क्वालिफिकेशन बिड में उपयुक्त पाये गये निविदादाताओं के प्राइस-बिड/फाइनेन्शियल बिड खोलने की तिथि कुल प्राप्त निविदाओं की संख्या के आधार पर नोटिस बोर्ड/ई-पोर्टल पर सूचित किया जायेगा। कार्यालय बन्द होने या छुट्टी होने की दशा में यह बिड अगले कार्यालय दिवस में उसी समय खोली जायेगी।

निविदायें दिनांकः 27.06.2024 की पूर्वान्ह 11:00 बजे से दिनांक 10.07.2024 की अपरान्ह 03:00 बजे तक डाउनलोड/अपलोड की जा सकती है। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अधिशासी अभियन्ता, सरयू नहर खण्ड-पंचम्, बहराइच/टेण्डर समिति का होगा। कार्य का विवरण निम्नवत् है :-

| लाट सं0 | कार्य का विवरण | कार्य की अनुमानितलागत (लाख रू0 में) | मात्रा | धरोहर धनराशि (लाख रू0 में) | कार्यपूर्णक रने की अवधि | निविदाप्रपत्र का मूल्य + जी0एस0टी +स्टेशनरी का मूल्य (रू0 में) | पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 01 | Repairing and painting of Dameged Railing/ Parapet and wing wall of Pucca structure between km. 2.610 to km. 19.886 of Tarabganj branch | 20.98 | बिल ऑफ क्वान्टिटी के अनुसार | 0.42 | 45 दिवस | 300+54+2000 =2354 | "बी" या उच्च श्रेणी |
| 02 | Repairing and painting of Dameged Railing/ Parapet and wing wall of Pucca structure between km. 20.950 to km. 33.287 of Tarabganj branch | 22.05 | बिल ऑफ क्वान्टिटी के अनुसार | 0.44 | 45 दिवस | 300+54+2000 =2354 | "बी" या उच्च श्रेणी |
| 03 | Repairing and painting of Dameged Railing/ Parapet and wing wall of Pucca structure between Head to Tail of Khalilpur Mr., Barawa Bhadauli Mr. Kusaur Dy, Kaluwapur Mr., Sarwa Mr, Sarakhna Mr, Rajapur Mr, Katghari Dy, Jamera Mr, Belkhada Dy, & Basantpur Mr. off taking from Tarabganj branch | 21.05 | बिल ऑफ क्वान्टिटी के अनुसार | 0.42 | 45 दिवस | 300+54+2000 =2354 | "बी" या उच्च श्रेणी |
| 04 | Repairing and painting of Dameged Railing/ Parapet and wing wall of VRB/DRB between km. 11.200 to km. 26.800 of Gonda branch | 20.19 | बिल ऑफ क्वान्टिटी के अनुसार | 0.40 | 45 दिवस | 300+54+2000 =2354 | "बी" या उच्च श्रेणी |
| 05 | Repairing and painting of Dameged Railing/ Parapet and wing wall of VRB/DRB between km. 28.230 to km.39.550 of Gonda branch | 15.50 | बिल ऑफ क्वान्टिटी के अनुसार | 0.31 | 45 दिवस | 300+54+500 =854 | "सी" या उच्च श्रेणी |
| 06 | Repairing and painting of Dameged Railing/ Parapet and wing wall of Pucca structure between Head to Tail of Kataha Mr, Khutehna Mr, Dharsawan Mr, Kemy Dy, Rajwapur Mr, Bichudi Mr, Dadauli Mr, Gangwal Mr, Sohariyawa Mr & Parsiya Dy offtaking from Gonda branch | 10.60 | बिल ऑफ क्वान्टिटी के अनुसार | 0.21 | 45 दिवस | 225+41+500 =766 | "सी" या उच्च श्रेणी |
| 07 | Repairing and painting of Dameged Railing/ Parapet and wing wall of VRB/DRB from km. 1.000 to Km. 11.300 of Gilaula Escape Channel | 31.93 | बिल ऑफ क्वान्टिटी के अनुसार | 0.64 | 45 दिवस | 300+54+2000 =2354 | "बी" या उच्च श्रेणी |
| 08 | Repairing and painting of Dameged Railing/ Parapet and wing wall of H/R at km. 0.000 of Gilaula Escape Channel | 17.32 | बिल ऑफ क्वान्टिटी के अनुसार | 0.35 | 45 दिवस | 300+54+500 =854 | "सी" या उच्च श्रेणी |
| 09 | Protection work of Bridge with brick lining at km. 0.320, 1.025, 1.450, 1.620, 3.200, 4.180, 4.810, 5.600 & 5.700 & fixing of Boundary Pillers and Kilometer Stones from KM 0.00 to KM 6.186 of Kochwa Mr. | 22.62 | बिल ऑफ क्वान्टिटी के अनुसार | 0.45 | 45 दिवस | 300+54+2000 =2354 | "बी" या उच्च श्रेणी |

इस निविदा से सम्बन्धित विस्तृत शर्ते तथा विवरण उत्तर प्रदेश की वेबसाइट http://upgov. nic.in सूचना विभाग की वेबसाइट http://information.up.nic.in सिंचाई विभाग की वेबसाइट http://idup.gov.in तथा http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। वेबसाइट से ड्राइंग उपलब्ध न होने अथवा निविदा प्रपत्र में संलग्न न होने अथवा किसी भिन्नता की स्थिति में सम्बन्धित ड्राइंग / प्रपत्र खण्डीय कार्यालय में उपलब्ध होंगे तथा कार्यालय में उपलब्ध डाक्यूमेन्ट ही अन्तिम एवं मान्य होंगे।

UP - 216360 दिनांक 21.06.2024
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

अधिशासी अभियन्ता
सरयू नहर खण्ड-पंचम्, बहराइच



## अमृत विचार क्लासीफाइड

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

### सूचना

सूचित हो कि मेरे पुत्र रविन्द्र कुमार का चाल चलन ठीक नहीं है जिससे आहत होकर मैं अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। इनके किसी भी कृत्य व लेनदेन की मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं है। **-महेश सिंह पुत्र उजागर सिंह वीरपुर, सौरिख, कन्नौज**

### सूचना

सूचित हो कि मैं **रीना सिंह पत्नी स्व0 संदीप सिंह, निवासिनी-692ख/91, नेपालगंज, तेलीबाग, लखनऊ** मेरा नाम विवाह से पूर्व हाईस्कूल प्रमाण पत्र में कु0 रीना कुमारी था लेकिन विवाह के पश्चात मेरा नाम रीना सिंह हो गया है। मेरे पति का स्वर्गवास दिनांक 10.01.2023 को हो गया। यह कि कु0 रीना कुमारी व रीना सिंह यह दोनों ही नाम मेरे है। इस नाम की कोई अन्य महिला नहीं है।

### सूचना

सूचित हो कि मेरे पालिसी संख्या 214355856 में मेरा नाम केन्द्र प्रसाद वर्मा व आधार तथा पासबुक में **सतगुरु प्रसाद पुत्र नान्हे वर्मा निवासी गुरवा, भरथा कलां पोस्ट शंकरपुर, थाना सिरसिया जनपद श्रावस्ती** है। उपरोक्त दोनों नाम मेरे ही है किसी को आपत्ति हो तो भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा नानपारा में 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति दर्ज कर सकते हैं।

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित करना है कि मैं शिवकुमार पुत्र रघुबर दयाल निवासी मोहल्ला माकूम कुआँ अशराफ टोला कस्बा व तहसील सण्डीला जिला हरदोई का हूँ। मेरा सगा पुत्र अनूप व पुत्रवधु नीलम को उनके गलत चाल चलन के कारण उनसे संबंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल -अचल संपत्ति से बेदखल कर रहा हूं. भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी गलत कृत्य व लेन देन के वह स्वयं जिम्मेदार होगे उनसे व उसके परिवार का उन दोनों से कोई वास्ता सरोकार नहीं होगा। **-शिवकुमार पुत्र रघुबर दयाल, निवासी- मोहल्ला माकूम कुआँ अशराफ टोला थाना व तहसील संडीला (हरदोई)**

### सूचना

सूचित हो कि मैं **श्रीमती कमलेश पत्नी स्व0 मुन्ना कश्यप, निवासिनी-फैजुल्लागंज, निकट-सीताराम मन्दिर, थाना-मड़ियावाँ, लखनऊ, मो0- 7007357077** मैने अपनी पालित पुत्री याशिका के द्वारा परिवार के साथ दुव्यहार एवं गलत आचरण करने के कारण मैं अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रही हूँ। याशिका के द्वारा किये गये किसी भी कृत्य के लिए मैं अथवा मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा।

### सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि **मधुकर सिन्हा पुत्र श्री कृष्ण मोहन सिन्हा, निवासी-एस-358, शक्ति नगर, इन्दिरा नगर, लखनऊ, उ0प्र0** का भवन संख्या-17/89एवं 17/144, सेक्टर-17, इन्दिरा नगर, लखनऊ का मूल्य विक्रय विलेख वास्तव में कहीं खो गया है। यदि कोई अन्य व्यक्ति उक्त मूल विक्रय विलेख का दुरूपयोग करता है, तो वह अवैध माना जायेगा।

### सूचना

सूचित हो कि मेरा हाईस्कूल का अंकपत्र जिसका अनुक्रमांक नं.-5188932 वर्ष 2013 है और इंटरमीडिएट का अंकपत्र जिसका अनुक्रमांक नं. 2377370 वर्ष 2016 है और बी.एस.सी. का अंकपत्र जिसका अनुक्रमांक नं.18308158975 वर्ष 2020 है। वास्तव में कहीं खो गई है। जिसका प्रयोग अवैध माना जायेगा। **-अजीत यादव पुत्र विजयलाल यादव निवासी चौकी टेहवा, पोस्ट तरवा जिला आजमगढ़। पिन कोड -276123, मो0- 9161896046**

## एक नजर

### जेपी सिंह को मिला प्रभार

बाराबंकी, अमृत विचार : पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के निर्देश पर जितेंद्र प्रताप सिंह को असन्द्रा थाना प्रभारी निरीक्षक पद पर तैनाती दी गई है। वह इससे पहले अतिरिक्त निरीक्षक मोहम्मदपुर खाला के पद पर तैनात थे।

### खेत में निकला अजगर

रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार : रामसनेहीघाट वन क्षेत्र के गांव साधुवापुर में एक ग्रामीण के खेत में अजगर मिलने से हड़कंप मच गया। किसान ने तुरंत वन विभाग को इसकी सूचना दी। वन विभाग सदर इंचार्ज ऋषभ शर्मा ,वन कर्मी अमित व श्रीधर ने मशक्कत के बाद अजगर को पकड़ा और उसे जंगल में छोड़ दिया।

### 63 के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई

बाराबंकी, अमृत विचार : एसपी दिनेश कुमार सिंह के निर्देश पर जिला के अलग-अलग थाना क्षेत्र में पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत शनिवार को 63 लोगों के खिलाफ शांतिभंग की धाराओं में कार्यवाही की गई। 11 वांछित एवं एक वारंटी को गिरफ्तार किया गया।

### दो शातिर गिरफ्तार

बाराबंकी, अमृत विचार : देवा पुलिस ने शनिवार को सीतापुर निवासी अजय कुमार व थाना क्षेत्र मोहम्मदपुर खाला निवासी राजेश कुमार को जमुहासी मोड किसान पथ से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए बदमाशों के पास से पुलिस ने तमंचा व कारतूस बरामद किया।

### तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार

बाराबंकी, अमृत विचार : शहर कोतवाली पुलिस द्वारा अपराध व अपराधियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत शनिवार को जनपद लखनऊ के सहादतगंज निवासी अब्दुल सद्दाम को तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में केस दर्ज कर लिया है।

### चाकू के साथ दबोचे गये

बाराबंकी, अमृत विचार : टिकैतनगर पुलिस ने शनिवार को ग्राम खमौली निवासी नायाब लोनिया को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने तलाशी के दौरान उसके पास से चाकू बरामद किया।

### 55 लाख की स्मैक बरामद

बाराबंकी, अमृत विचार : मादक पदार्थों के खिलाफ पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत शनिवार को देवा पुलिस ने सीतापुर के रंजीतपुर मजरे पाल्हापुर के निवासी बेचन चौहान व सीतापुर के ही चांदपुर मुजरे फरीदपुर निवासी आशीष कुमार को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों के पास से पुलिस ने 550 ग्राम स्मैक बरामद की। स्मैक की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 55 लाख रुपए बताई जा रही है।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 1507 जोड़ों की होगी शादी

**मिला लक्ष्य**

- 50 फीसदी बजट के रूप में 3 करोड़ 83 लाख से अधिक की धनराशि विभाग को मिली

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी]

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत इस बार समाज कल्याण विभाग को 1507 जोड़ों का लक्ष्य मिला है। जुलाई सहालग को लेकर विभाग ने आवेदन लेना शुरू कर दिया है। इसी सहालग में करीब पांच सौ जोड़ों का विवाह कराने की तैयारी चल रही है। लक्ष्य के साथ ही विभाग को 50 फीसदी बजट के रूप में 3 करोड़ 83 लाख से अधिक की धनराशि मिल गई है। इस बजट से करीब साढ़े सात सौ जोड़ों का विवाह कराया जा सकेगा। बारिश को देखते हुए वित्तीय वर्ष का पहला आयोजन शहर के जीआईसी ऑडीटोरियम में कराया जाएगा। मुख्यमंत्री सामुहिक विवाह योजना के तहत समाज कल्याण विभाग को इस वित्तीय वर्ष में 1507 बेटियों के हाथ पीले कराते हुए उन्हें योजना का लाभ दिया जाना है। उधर योजना को लेकर विभाग में आवेदन आना शुरू हो चुके हैं। अभी तक करीब 362 आवदेन विभाग को मिले हैं। अब इनकी जांच की तैयारी चल रही है। विभाग जल्द ही जिलाधिकारी से अनुमोदन लेकर 9 से 16 जुलाई के बीच तिथि निर्धारित कर शुभ मुहूर्त देख बेटियों के हाथ पीले कराने की तैयारी में लगा है। बारिश के देखते हुए सरकारी शादी शहर के जीआईसी आडीटोरियम में कराया जाएगा ताकि संभावित बारिश के चलते कोई व्यवधान उत्पन्न न हो सके।


सामूहिक विवाह की फाइल फोटो।

### प्रति जोड़े पर खर्च होंगे 51 हजार रुपये

योजना के तहत प्रति जोड़े पर 51 हजार रुपये की धनराशि खर्च करने की व्यवस्था है। इसमें वधू के नाम 35 हजार रुपये की चेक, छह हजार रुपये पंडाल और खाना तथा दस हजार रुपये जेवरात और गृहस्थी की सामग्री पर खर्च की जाती है। समाज कल्याण विभाग टेंडर की प्रक्रिया कर सामग्री के साथ शादी में होने वाले अन्य कार्य कराती है। इस पर 1507 बेटियों की शादी के मिले लक्ष्य के अनुसार विभाग को 76 करोड़ 85 लाख सात हजार रुपये का बजट मिलेगा। इसमें से 752 जोड़ों के हिसाब से विभाग को 3 करोड़ 83 लाख 52 हजार रुपये का बजट मिल चुका है। शेष बजट बाद में मिलने की बात कही गई है।

> मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना को लेकर इस बार 1507 जोड़ों का लक्ष्य मिला है। जुलाई में एक आयोजन कर शादियां कराई जाएंगी। इस पर काम चल रहा है। आवेदन आ रहे हैं। बजट भी मिल चुका है। जल्द ही तिथि निर्धारित कर विवाह संपन्न कराया जाएगा।
> –एसपी सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी

## पसमांदा समाज को मोदी से उम्मीद

**बाराबंकी: अमृत विचार :** आल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन ने केन्द्र सरकार से मांग की है कि पसमांदा समाज को भी सरकार में भूमिका दी जाए। इस समाज को पीएम मोदी से बहुत उम्मीदें हैं। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने अपने बयान में कहा है कि दशकों कांग्रेस सत्ता में रही पर सिवाय दुख देने के और कुछ नही किया। उन्होंने कहा कि पसमांदा मुसलमान को पीएम मोदी की अगुवाई वाली केन्द्र सरकार से बड़ी उम्मीदें हैं और यह मानना है कि यही सरकार इस समाज का भला कर सकती है। सरकार को चाहिए कि वह अन्य दलों से स्वयं को अलग साबित करे।

# प्रशासन की सख्ती के बाद लोगों ने खुद तोड़ने शुरू किये अपने आशियाने

## जमुरिया नाले की सफाई जारी, प्रभावित परिवार कांशीराम आवास में हुए शिफ्ट

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** शनिवार को जमुरिया नाले की सफाई का काम दिनभर तेज गति से चला। वहीं नाले की जद में आये मकानों को उनके मालिकों द्वारा स्वयं तोड़ा जाने लगा। दरअसल अधिकारियों द्वारा अवैध कब्जा न हटाने पर जेसीबी से उसे हटवाने की चेतावनी दी गई थी। वहीं जमुरिया नाले की परिधि में आये मकानों के परिवार भी कांशीराम आवास में रहने पहुंच गये। शनिवार को सुबह 11 बजे एडीएम डॉ. अरुण कुमार सिंह, एसडीएम विजय कुमार त्रिवेदी और सीओ जगतराम कनौजिया बड़ी संख्या में आरआरएफ के जवानों के साथ जमुरिया किनारे हो रहे कार्यों का निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने घर तोड़ रहे लोगों को पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया।

शनिवार को घोसियाना से लेकर पीरबटावन तक के लोग अवैध चिह्नित अपने घरों के हिस्सों को तोड़ते रहे। करीब एक दर्जन घरों के अवैध हिस्से गिर भी चुके हैं। एडीएम डॉ. अरुण कुमार सिंह ने बताया कि लोग खुद से मकानों को तोड़ रहे हैं। साथ ही कांशीराम आवासों में भी परिवार शिफ्ट हो गये हैं। सभी लोगों का पूरा सहयोग मिल रहा है, इसलिये फिलहाल कार्य में किसी तरह की कोई समस्या नहीं आ रही है।


नापजोख करते लेखपाल। अमृत विचार


नाले की चौड़ाई नापते कर्मचारी।


घर टूटने का इंतजार करता परिवार।

### यहां खाली कराये आवास

- अभय नगर कांशीराम कॉलोनी- 21 आवास
- आवास विकास ओबरी कांशीराम कॉलोनी- 11 आवास
- कटरा बारादरी कांशीराम कॉलोनी- 7 आवास
- हजाराबाग कांशीराम कॉलोनी- 5 आवास

### अनियोजित विकास ने बिगाड़ी सूरत

शहर का अनियोजित विकास होता गया और जमुरिया में ड्रेनेज पानी का दबाव कई गुना ज्यादा बढ़ गया। रोजाना टनों कूड़ा भी इसमें फेंका जाता है। लोगों ने नाले के अंदर तक अवैध प्लाटिंग कर मकान, दुकान व स्कूलों के भवन खड़े कर दिए। जिसने जमुरिया की सूरत बिगड़ गयी। देवा रोड के भेड़हा नाले के पास से निकला जमुरिया नाला शहर के अंदर से होते हुए रेठ नदी में गिरता है। 10 किमी लंबे इस नाले में छोटे बड़े मिलाकर करीब 200 नाले गिरते हैं। केवल शहर ही नहीं, जहांगीराबाद व देवा इलाके का अतिरिक्त पानी भी जमुरिया से होकर रेठ नदी फिर गोमती में समाहित होता है। हालात यह बन गये कि जमुरिया नाला अपने स्वयं के वजूद के लिए संघर्ष करने लगा।

### 20 मीटर में नाले की खोदाई

जमुरिया नाले की सफाई और उसके दोनों ओर से अतिक्रमण हटाने का काम 25 मीटर की परिधि में किया जा रहा है। जिसमें 20 मीटर में नाले की खोदाई के अलावा दोनों तरफ ढाई-ढाई मीटर की जगह में मलबा रखवाया जा रहा है। इस कार्य में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों के खिलाफ डीएम पहले से ही सख्त कार्रवाई के निर्देश जारी कर चुके हैं।

> 2023 में अर्बन फ्लडिंग की बड़ी घटना हुई थी, क्योंकि जमुरिया नाले से पानी निकलने का रास्ता काफी संकरा हो गया था। 25 मीटर की चौड़ाई में जमुरिया नाले की सफाई का काम तेजी से हो रहा है। 25 मीटर में 42 घर पूरी तरह से टूटेंगे और करीब 112 घरों के आंशिक हिस्सों को तोड़ा जाना है। लोग खुद से अपने घरों को तोड़ रहे हैं। बारिश से पहले यह काम पूरा करा लिया जाएगा। –सत्येंद्र कुमार, डीएम

# अधिवक्ता हित सर्वोपरि : अखिलेश

फतेहपुर, बाराबंकी

**अमृत विचार :** अधिवक्ता हित के लिए हम कभी पीछे नहीं हटेंगे। जब तक अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू नहीं हो जाता तब तक हम संघर्ष करते रहेंगे।

ये विचार बार काउंसिल के पूर्व अध्यक्ष वर्तमान प्रत्याशी अखिलेश अवस्थी ने स्थानीय बार सभागार में आयोजित बैठक को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि अधिवक्ताओं के हित के लिए अधिवक्ता कल्याण अधिनियम की आज प्रदेश में आवश्यकता है। उन्होंने आगे कहा कि हमारा प्रयास होगा कि भविष्य में अधिवक्ताओं को इलाज के लिए समुचित बीमा व्यवस्था मुहैया करायी जाए। उन्होंने इस बात का भी आश्वासन दिया कि जल्द से जल्द सरकार अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू करेगी। अधिवक्ताओं के हित के लिए किसी से भी किसी भी प्रकार का कोई समझौता नहीं किया जाएगा। पूर्व अध्यक्ष ने स्थानीय बार सभागार के लिए कई पुस्तकें भी भेंट स्वरूप प्रदान कीं। इस मौके पर बार संघ अध्यक्ष प्रदीप निगम, महामंत्री संजय सिंह नंबरदार, हरिनाम सिंह वर्मा, बृजेश मिश्रा, इन्द्रेश शुक्ला, ओम प्रकाश यादव, मनोज यादव, सुनील सिंह सहित कई अधिवक्ता मौजूद थे।

अखिलेश अवस्थी ने कुछ समय पहले हापुड़ में अधिवक्ताओं और पुलिस के बीच हुई हिंसा में अधिवक्ताओं के हित में प्रदेश के महाधिवक्ता पद से इस्तीफा दिया था।


बार काउंसिल के पूर्व अध्यक्ष का सम्मान करते अधिवक्ता। अमृत विचार

## इंटरफेस मीटिंग का हुआ आयोजन

**सतरिख, बाराबंकी अमृत विचार :** हरख ब्लॉक के अख्तियारपुर में डायोसेशन सोशल वर्क सोसायटी द्वारा कार्यरत सक्षम परियोजना के अंतर्गत इंटरफेस मीटिंग का आयोजन किया गया। महिलाओं व किसनों से पूर्व समाज कल्याण अधिकारी जान मोहम्मद ने सरकारी एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। सोसायटी के अधिकारी विनोद कुमार सिंह ने कृषि संबंधित मुद्दों पर किसानों से बात की। सोसायटी के निदेशक फादर रोनाल्ड डिसूजा ने लोगों को हक के बारे में जागरूक किया। इसके बाद कोऑर्डिनेटर आशीष कुमार द्वारा कार्यक्रम का समापन किया गया। इस मौके पर रोहित कुमार, अवसान प्रसाद आदि थे।

## सार-संक्षेप

### कार्य परिषद के अध्यक्ष बने डॉ.कौशलेंद्र


प्राचार्य डॉक्टर कौशलेंद्र का सम्मान करते प्रवक्ता। अमृत विचार

**रामनगर, बाराबंकी : अमृत विचार :** डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ. प्रतिभा गोयल द्वारा रामनगर पीजी कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर कौशलेंद्र विक्रम मिश्रा को कार्य परिषद का सदस्य नामित किया गया। डॉ. मिश्र के मनोनयन पर पीजी कॉलेज के प्राध्यापक मुख्य नियंता डॉ. रामकुमार सिंह, बीएड विभाग प्रो. डॉ. एचके मिश्र, हिंदी विभाग के असिस्टेंट प्रो. डॉ. विश्वेश कुमार मिश्रा, परीक्षा प्रभारी डॉ. मनोज कुमार सिंह, डॉ. सुनीत जायसवाल, डॉ. पंकज जायसवाल, डॉ. केपी सिंह, ओम कुमार वर्मा, शारीरिक शिक्षा के प्राध्यापक अरविंद यादव, अमरजीत सिंह, डॉ. सरोज, डॉ. शैलजा दीक्षित, डॉ. संजय तिवारी, आलोक राय, गरिमा श्रीवास्तव, रानी सैनी, देवेंद्र साहू सहित महाविद्यालय के सभी कर्मचारियों ने शुभकामनाएं दी। मुख्य नियंता डॉ. राम कुमार सिंह के अनुसार इसी दायित्व के साथ-साथ डॉक्टर राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय द्वारा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर कौशलेंद्र विक्रम मिश्र को अर्थशास्त्र विषय में शोध कार्य हेतु गाइड भी नियुक्त किया गया है।

### देवा सीएचसी में अब मिलेगी डिजिटल एक्स-रे की सुविधा


एक्स-रे मशीन का लोकार्पण करतीं जिला पंचायत अध्यक्ष व सीएमओ।

**देवा, बाराबंकी : अमृत विचार :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवा में अब मरीजों को डिजिटल एक्स-रे की सुविधा मिलेगी। शनिवार को जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत और मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. अवधेश कुमार यादव ने एक्सरे मशीन का लोकार्पण किया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवा में एक्स-रे सुविधा न होने के कारण इलाज कराने के लिए आने वाले मरीजों को इधर उधर भटकना पड़ता था। शनिवार को जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत और मुख्य चिकित्सा अधिकारी अवधेश कुमार ने संयुक्त रूप से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवा में डिजिटल एक्स-रे मशीन का लोकार्पण किया। चिकिसा अधीक्षक डॉ.राधेश्याम गोंड ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डिजिटल एक्सरे की सुविधा होने से मरीजों को काफी राहत मिलेगी। इस मौके पर स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी महेंद्र प्रताप यादव , फार्मासिस्ट रामकृपाल ,वार्ड बॉय अजय कुमार,मनोज कुमार सहित कई लोग मौजूद रहे।

### राज्यमंत्री ने किया रक्तदान शिविर का उद्घाटन


शिविर में रक्तदान करता युवक और मौजूद राज्यमंत्री। अमृत विचार

**बाराबंकी : अमृत विचार :** हर माह की भांति इस माह भी बालाजी ग्रुप का स्कूल के द्वारा रक्तदान दिवस का आयोजन शनिवार को जिला रक्तकोष में हुआ। रक्तदान शिविर का उद्घाटन उत्तर प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री सतीश शर्मा जी ने किया। रक्तदान शिविर में क्रमश: अंकुर माथुर ने अपना व्यक्तिगत 48वां रक्तदान किया। आशीष चौरसिया, गौरव तिवारी, जय गुप्ता, सौरभ गुप्ता, सानू, बलजीत और निलय ने रक्तदान कर महारानी बनने का गौरव प्राप्त किया। बालाजी संस्थान पिछले 5 वर्षों से लगातार रक्तदान शिविर का आयोजन जिला रक्त कोष में करता चली आ रहा है। बताते चलें कि बालाजी ग्रुप आफ़ स्कूल ने जिले के लगभग 14 थैलेसीमिया बच्चों को गोद ले रखा है। थैलेसीमिया बीमारी से बच्चों के शरीर के अंदर खून नहीं बनता है। बालाजी ग्रुप ऑफ स्कूल हर माह बच्चों को रक्त की व्यवस्था कराती है।

# पुल पर ट्रक खराब होने से लगा जाम

रामनगर, बाराबंकी

**अमृत विचार :** सरयू नदी के पुल पर गैस सिलेंडर लदा ट्रक अचानक खराब हो गया। इसके कारण पुल के दोनों ओर कई किमी लंबा जाम लग गया। आवागमन ठप हो जाने के चलते डीफार्मा की परीक्षा देने जा रहे तमाम परीक्षार्थी और आम यात्री घंटों जाम में फंसे रहे। मौके पर पहुंची पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद ट्रक को किनारे कराकर यातायात शुरू कराया।

शनिवार की सुबह लखनऊ-बहराइच हाईवे से गैस सिलेंडर लादकर एक ट्रक गोण्डा जा रहा था। सरयू नदी के पुल पर अचानक तकनीकी खराबी के चलते ट्रक बंद हो गया। जिससे आवागमन ठप हो गया और पुल के दोनों तरफ कई किलोमीटर तक वाहनों की लंबी लाइनें लग गईं। सूचना पाते ही रामनगर और जरवल थाने की पुलिस ने मौके पर पहुंचकर खराब ट्रक किनारे करवाया और घंटों मेहनत कर यातायात बहाल कराया। सुबह 9 से यातायात कछुए की तरह रेंगता रहा। जिसके बाद करीब 1 बजे पूरी तरह जाम से छुटकारा मिल पाया। परीक्षार्थियों और यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा।


सरयू नदी के पुल पर लगा लंबा जाम। अमृत विचार

## आज से तीन दिन तक दिन में 9 से 8 बजे तक ठप रहेगी बिजली

**देवा, बाराबंकी, अमृत विचार :** आरडीएसएस योजना के तहत नई लाइन बिछाने के चलते विद्युत उपकेंद्र देवा के अंतर्गत विशुनपुर फीडर से संबद्ध गांवों की विद्युत आपूर्ति रविवार से तीन दिनों के लिए सुबह 9 से शाम 8 बजे तक बंद रहेगी। लाइनमैन राकेश कुमार ने बताया कि इन दिनों आरडीएसएस योजना के तहत नई लाइन बिछाने का कार्य चल रहा है। इसके चलते 23 जून से 25 जून तक उपकेंद देवा के विशुनपुर फीडर के तहत आने वाले पवैयाबाद, विशुनपुर, रजौली, सफीपुर, सिसवारा आदि गांवों की विद्युत आपूर्ति सुबह 9 से शाम 8 बजे तक बंद रहेगी।

# पुलिस कर्मियों को पढ़ाया जा रहा नया कानून

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार:** एक जुलाई से भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) लागू हो जाएगी। इसे लेकर पुलिस विभाग अपने मातहतों को धाराओं का नया पाठ पढ़ा रहा है। पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। नए कानून के तहत सात साल से ज्यादा सजा वाले मामलों में फॉरेंसिक रिपोर्ट अनिवार्य होगी। इसके साथ ही अभी तक आरोपियों के हाथों में हथकड़ी लगाने का प्रावधान नहीं था। अब सात साल से ज्यादा सजा के मामले में पुलिस हथकड़ी का इस्तेमाल कर सकेगी।

### अधिवक्ताओं को भी पढ़ना होगा कानूनी पाठ

जिले में करीब 21 सौ से अधिक अधिवक्ता हैं। एक जुलाई से नया कानून लागू होने पर अधिवक्ताओं को भी तमाम कठिनाइयों को सामना करना पड़ेगा। अधिवक्ताओं के सामने दिक्कत यह है कि पुराने मुकदमों की सुनवाई पुरानी धाराओं के तहत होगी। सजा का भी प्रावधान पहले वाला होगा।

> पुलिस अधिकरियों, इंस्पेक्टरों और सब-इंस्पेक्टरों की ट्रेनिंग हो चुकी है। ट्रेनिंग ऑनलाइन भी करवाई गई हैं। पीटीसी सुल्तानपुर में भी पुलिसकर्मियों को ट्रेनिंग के लिए भेजा जा रहा है।
> –चिरंजीव नाथ सिन्हा, एएसपी

**व्यवस्था** पहले चरण में सम्मान निधि पाने वाले किसानों का शामिल होगा डाटा, चूके तो अगली बार नहीं मिलेगी सम्मान निधि, 31 जुलाई तक का समय

# डिजिटल बेस होगी किसान रजिस्ट्री, मिलेगा योजनाओं का लाभ

रीतेश श्रीवास्तव, बाराबंकी

**अमृत विचार :** पीएम किसान सम्मान निधि की किस्त नई व्यवस्था के तहत किसानों को उपलब्ध कराई जाएगी। सरकार ने दिसंबर की किस्त के लिए फार्मर रजिस्ट्री अनिवार्य कर दी है। 30 सितंबर तक हर हाल में किसानों को फार्मर रजिस्ट्री में अनिवार्य रूप से सम्मिलित होना होगा। यही नहीं फार्मर रजिस्ट्री एप पर किसान के साथ उसके खेत की संबंधी जानकारी दर्ज होगी।

नई व्यवस्था में सबसे पहले उन किसानों का डाटा इस फार्मर रजिस्ट्री एप पर जोड़ा जाएगा जिन्हें किसान सम्मान निधि का लाभ मिल रहा है। इसके बाद अन्य किसानों को इसमें शामिल किया जाएगा। यह एक बुनियादी रजिस्ट्री होगी, जिसमें किसानों का पूरा विवरण दर्ज होगा।

किसान रजिस्ट्री किसानों का डिजिटल डाटा बेस होगा। इसमें किसान की यूनिक आईडी बनाई जाएगी। इसके लिए खसरा खतौनी में दर्ज अभिलेख का उपयोग किया जाएगा। एक बार डाटा तैयार होने के बाद भविष्य में किसी भी सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए अलग से सत्यापन नहीं करवाना होगा। किसानों को इसके माध्यम से योजनाओं का लाभ तो मिलेगा। वहीं, कृषि वैज्ञानिकों से खेती से संबंधित सलाह भी ले सकेंगे। खेत की मिट्टी और जलवायु के हिसाब से कौन सी फसल बोनी चाहिए, किस किस्म का बीज खरीदना चाहिए, बेहतर पैदावार के लिए कितना खाद, पानी और दवा की जरूरत है, इसकी भी जानकारी आसानी से की जा सकेगी। फार्मर रजिस्ट्री के माध्यम से विभिन्न फसलों के संभावित उत्पादन एवं वास्तविक उत्पादन के आंकड़े भी आसानी से जुटाए जा सकेंगे। इसके अलावा कृषि उत्पादों का विपणन भी सुविधाजनक होगा। साथ ही किसानों के लिए कृषि ऋण, वित्त सहित अन्य सेवा को सुगमता से उपलब्ध कराना संभव होगा। पहला चरण एक जुलाई से 31 जुलाई तक चलेगा। वहीं किसान अपने आप भी मोबाइल एप के जरिए अथवा जन सुविधा केंद्रों पर जाकर फार्मर रजिस्ट्री तैयार कर सकेंगे।

### 4.10 लाख किसानों को मिली सम्मान निधि

इस बार जिले के 4 लाख 10 हजार किसानों को छह-छह हजार रुपये के हिसाब से उनके खातों में केंद्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 18वीं किस्त भेजी गई है। जबकि इसके पहले चार लाख 69 हजार किसानों को लाभ मिला था लेकिन इस बीच करीब 60 हजार किसानों द्वारा अपने खाते का केवाईसी न कराए जाने से इस बार उन्हें सम्मान निधि से वंचित होना पड़ा। अब इसके बाद फार्मर रजिस्ट्री एप पर भी सम्मान निधि पा रहे किसानों को अपना डाटा अपलोड कराना होगा। अन्यथा दिसंबर में मिलने वाली किस्त से वंचित होना पड़ेगा। बताते हैं कि अगर एक किसान की भूमि चार स्थानों पर हैं तो इस एप पर उसकी चारों जगह की भूमि को एक स्थान पर दर्ज किया जाएगा और डाटा तैयार किया जाएगा।

> पहले चरण में 31 जुलाई तक सम्मान निधि पाने वाले किसानों को अपना ब्योरा फार्मर रजिस्ट्री एप पर दर्ज कराना होगा। दूसरे चरण में अन्य किसानों को इसमें शामिल किया जाएगा। फार्मर रजिस्ट्री एप पर अगर किसाना का डाटा नहीं होगा तो सम्मान निधि की अगली किस्त नहीं मिलेगी साथ ही अन्य कृषि व बीमा आदि से संबंधी लाभ भी नहीं मिल सकेगा।
> –श्रवण कुमार, उपनिदेशक, कृषि विभाग

# जिलेभर में कई स्थानों पर हुआ भंडारे का आयोजन

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी


भंडारे में प्रसाद बांटते राज्यमंत्री सतीश शर्मा। अमृत विचार


वैश्य कसौंधन समाज के भंडारे में प्रसाद लेते श्रद्धालु।


श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित करते डीएम व एसपी। अमृत विचार

**अमृत विचार :** शनिवार को जिले के कई क्षेत्रों में लोगों ने भंडारे का आयोजन किया। हनुमानजी का पूजन कर लोगों ने भंडारे की शुरुआत की। शहर के डीएम आवास से चंद कदम पहले इलेक्ट्रॉनिक मीडिया जर्नलिस्ट एसोसिएशन द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया। दोपहर एक बजे से शुरू हुए इस भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे में खाद्य एवं रसद राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा, डीएम सत्येंद्र कुमार और एसपी दिनेश कुमार सिंह व जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने हिस्सा लिया। वर्मा कोठी के सामने अखिल भारतीय वैश्य कसौंधन महासभा के तत्वावधान में जिलाध्यक्ष दिनेश वैश्य द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे की शुरुआत नगर पालिका परिषद अध्यक्ष शीला सिंह ने की। इस मौके पर चेयरमैन प्रतिनिधि सुरेंद्र वर्मा, पूर्व सांसद डॉ. पीएल पुनिया, रामनगर विधायक फरीद महफूज किदवई सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

शहर के आवास विकास कॉलोनी में भी समाजसेवी संगठनों ने भंडारे का आयोजन किया। हैदरगढ़ में श्रीराम फाइनेंस कंपनी ने भंडारे का आयोजन किया। भंडारे से पहले सुंदरकांड का पाठ आयोजित किया गया। उसके बाद आचार्य धर्मेंद्र मिश्रा किंकर ने भजन मंडली के साथ भजनों के माध्यम से लोगों को भक्ति भाव से भर दिया। वहीं कांग्रेस के युवा नेता आशीष साहू द्वारा शर्बत व शोभाराम कनौजिया द्वारा पूरी सब्जी प्रसाद के रूप में वितरित की गयी। रामनगर के ग्राम पंचायत लोहटी जई के रेलीबाजार में पंडित शिवपाल मिश्र द्वारा सुंदर काण्ड पाठ के समापन पर ग्रामवासियों के सहयोग से भंडारे का आयोजन किया गया। हजारों लोगों ने श्रद्धा भाव के साथ प्रसाद ग्रहण किया। इसी तरह ज्येष्ठ मास के अंतिम शनिवार के अवसर पर सूबेदार पुरवा के रामपुर तिराहे पर गांव के लोगों ने भंडारे का आयोजन किया। इसमें सतीश, प्रवेश, सनी, सुनील, अनूप, नामदार सिंह सहित अन्य लोगों का सहयोग रहा। इस भंडारे में क्षेत्र के लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। शहर ही नहीं ग्रामीण क्षेत्रों में भी तमाम जगहों पर स्थानीय ग्राम प्रधानों जिला पंचायत सदस्यों व स्वयंसेवी संगठनों द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया।

## सार-संक्षेप

### दो बाइकों की टक्कर में बालिका की मौत

**सूरतगंज, बाराबंकी : अमृत विचार :** दो बाइकों की टक्कर में एक बच्ची की मौके पर मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शनिवार की शाम शव घर पहुंचते ही चीख पुकार मच गई। मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के सूरतगंज कस्बा निवासी एनुद्दीन आफरीन कुछ दिनों से मामा के घर गई थी। शुक्रवार की देर शाम सीतापुर जिले के रामपुर मथुरा थाना क्षेत्र के करीमपुरवा निवासी मामा मो. तैफ भांजी अफरीन को सूरतगंज छोड़ने आ रहे थे। तभी मोहम्मदपुर खाला थाना के तुरकौली गांव के निकट दूसरी बाइक से टक्कर हो गई और बाइक पर बैठी आफरीन दूर जा गिरी। गंभीर चोट होने के चलते मौके पर अफरीन ने दम तोड़ दिया था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजा। शनिवार की शाम पोस्टमार्टम होकर जब शव घर पहुंचा तो परिजनों का रो रोकर बुरा हाल था। देर शाम शव को सुपुर्द खाक किया गया।

### गुरु हरगोबिन्द महाराज का मनाया गया प्रकाश पर्व


कीर्तन के दौरान मौजूद श्रद्धालु। अमृत विचार

**बाराबंकी : अमृत विचार :** लाजपत नगर स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में सिखों के छठवें गुरु श्री गुरु हरगोबिन्द साहिब जी महाराज का प्रकाश पर्व धूम-धाम से मनाया गया। बच्चों ने गुरुद्वारे में कीर्तन जस-गायन किया। इसके बाद हजूरी रागी जत्था ज्ञानी तीरथ सिंह व उनके साथियों ने कीर्तन किया। शनिवार की सुबह से ही प्रकाश पर्व के मौके पर विशेष दीवान सजाया गया। जहां राज्यमंत्री सतीश चन्द्र शर्मा, एमएलसी अंगद सिंह, राजरानी रावत समेत अन्य जनप्रतिनिधियों ने गुरुद्वारा परिसर में पहुंचकर माथा टेका। अरदास के बाद मिस्सी रोटी व लस्सी का लंगर का वितरण किया गया। इसमें सभी धर्मा के लोगों ने एक साथ पंक्ति में बैठकर बिना किसी भेद-भाव के लंगर को ग्रहण किया। इस मौके पर सरदार भूपेंद्र सिंह, सरदार चरनजीत सिंह, सरदार राजदीप सिंह, सरदार हरपाल सिंह, सरदार रविंदर सिंह, सरदार परमजीत सिंह, सरदार मनमीत सिंह, सरदार रनबीर सिंह, सरदार प्रेमपाल सिंह, कवलजीत कौर, सुमित्रा कौर और रंजीत कौर मौजूद रहे।

### भाजपा सरकार में युवाओं का भविष्य खतरे में : सिकंदर


ज्ञापन देते युवक कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सिकंदर अब्बास रिजवी।

**बाराबंकी : अमृत विचार :** भाजपा सरकार में नौजवानों का भविष्य खतरे में है। कांग्रेस भाजपा को देश के नौजवानों के भविष्य से खिलवाड़ करने की इजाजत नहीं दे सकती। नीट पेपर लीक प्रकरण में कांग्रेस अभ्यर्थियों को न्याय दिलाने का काम करेगी। ऐसे गम्भीर प्रकरण पर प्रधानमंत्री का मौन चिंता का विषय है। शिक्षा मंत्री पूरे मामले में भ्रम फैला रहे हैं। ये बातें युवक कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सिकंदर अब्बास रिजवी ने शनिवार को कांग्रेसजनों के साथ जिलाधिकारी के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन डीएम के प्रतिनिधि अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को प्रेषित करने से पहले जिलाधिकारी के कार्यालय के सामने प्रदर्शन करने के बाद कहीं। उन्होंने कहा कि शिक्षा मंत्री इस मामले में नैतिक जिम्मेदारी मानते हुए इस्तीफा दें और प्रधानमंत्री परीक्षा सम्पन्न कराकर पेपर लीक प्रकरण के दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करें।

### डीएम व एसपी ने किया हेतमापुर का निरीक्षण


बाढ़ से निपटने के हो रहे कार्यों का जायजा लेते डीएम व एसपी।

**सूरतगंज, बाराबंकी : अमृत विचार :** डीएम और एसपी ने हेतमापुर का निरीक्षण किया। उन्होंने बाढ़ आने से पूर्व हो रही तैयारियों का स्थलीय दौरा किया। उधर बाढ़ पीड़ितों की समस्याएं सुनकर तत्काल निस्तारित किए जाने के निर्देश दिया। जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार और पुलिस अधीक्षक दिनेश सिंह शनिवार को हेतमापुर तटबंध पहुंचे। जहां ग्रामीणों ने उन्हें बताया कि पिछले साल जो पुलिया कट गई थी, उसे बरसात आने से पहले बनवा दिया जाए तो बाढ़ में नाव खेवने वाले कुछ लोगों ने पिछले वर्ष का पैसा दिलाए जाने की मांग की। तो उन्होंने तहसीलदार महिमा मिश्रा को निर्देश दिये कि तत्काल पैसा खाते में पहुंच जाए। वहीं बाढ़ पीड़ित गुलाब, अशोक, शोभित, बिटाना और प्रवेश आदि लोगों ने अपनी-अपनी समस्या डीएम से कहीं। ग्रामीणों ने कहा कि जिन लोगों को जमीन और आवास नहीं मिले हैं। उनको सुविधाएं उपलब्ध करवा दें। तो डीएम ने तहसीलदार से कहा कि जमीन चिन्हित कर, पूरी रिपोर्ट उपलब्ध कराएं। ताकि लोगो को आवास की सुविधाएं दी जा सकें। कुछ ग्रामीणों ने सुझाव दिया कि बंधे पर जो लोग रुकते हैं, वहां बांस बल्ली से तार खीचे जाते हैं। अगर वहां पर खंभे लगवा दिए जाएं। तो बल्लियों पर तार न खींचने पड़े। डीएम ने कहा कि अबकी बार लोहे के खंभे लगवाने की कोशिश की जाएगी। तहसीलदार ने डीएम से कहा कि जो बाढ़ पीड़ित केंद्र बन रहा है। बहुत धीमी गति से बन रहा है। अगर मानसून आने तक एक फ्लोर तैयार हो जाए तो कम से कम उसमें डेढ़ सौ परिवार शरण ले सकेंगे।

## एक नजर

### सड़क दुर्घटना में तीन युवक घायल

**हैदरगढ़, बाराबंकी : अमृत विचार :** कोतवाली हैदरगढ़ के बम्हरौली गांव निवासी अनुज (19) पुत्र विनोद कुमार, अंकुल (18) पुत्र चंद्र कुमार, सुभाष (18) पुत्र सुखराम बाइक से हैदरगढ़ आ रहे थे। सड़क दुर्घटना में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिसकर्मियों ने तीनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद तीनों घायलों को जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया गया।

### चार घंटे तक बाधित रही विद्युत आपूर्ति

**मसौली, बाराबंकी : अमृत विचार :** चन्दौली से उपकेन्द्र मसौली को 33 केवी विद्युत लाइन आई है। शनिवार की सुबह करीब साढ़े पांच बजे डमोल क्रासिंग के निकट 33 केवी विद्युत लाइन में फाल्ट आ गया। विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने पेट्रोलिंग कर फॉल्ट को सही किया। तब जाकर साढ़े नौ बजे विद्युत आपूर्ति चालू हो सकी। इस कारण लगभग चार घण्टे तक बिजली बाधित रही। इस दौरान लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

### तेजवापुर के बाग में मृत मिला राष्ट्रीय पक्षी

**त्रिवेदीगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** लोनीकटरा थाना क्षेत्र के तेजवापुर गांव के बाहर बाग में शनिवार को राष्ट्रीय पक्षी मोर मृत मिला। ग्रामीणों की सूचना पर वन विभाग की टीम मृत मोर को ले गयी। तेजवापुर गांव के बाहर बाग में शनिवार राष्ट्रीय पक्षी मोर मृत अवस्था में पड़ा मिला। जिसकी सूचना ग्रामीणों ने वन विभाग को दी।

### नाले में घुसी अनियंत्रित बाइक, दो घायल

**मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार में बाइक सड़क के किनारे बने नाले में जा घुसी। बाइक पर सवार दोनों लोग घायल हो गए। एंम्बुलेंस से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मसौली थाना क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम मनियां चांदा निवासी विकास (23) पुत्र पंकज, मोहित (24) पुत्र कन्हैया लाल दोनों बाइक से मसौली से घर जा रहे थे। महिला अस्पताल के निकट तेज रफ्तार बाइक असंतुलित होकर सड़क के किनारे नाले में जा घुसी। हादसे में दोनों लोग घायल हो गए। दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। विकास की हालत गंभीर बतायी गयी है।

# आमजन को स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने को सरकार प्रतिबद्ध : शर्मा

## जिला अस्पताल में कई योजनाओं का राज्यमंत्री ने किया लोकार्पण व शिलान्यास

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी


जिला अस्पताल में कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास करते राज्यमंत्री सतीश शर्मा। अमृत विचार

**अमृत विचार :** प्रत्येक व्यक्ति को आसानी से निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराई जा सकें, इसके लिए भाजपा सरकार प्रतिबद्ध है। ये बातें प्रदेश सरकार के खाद्य व रसद राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने जिला पुरुष अस्पताल में कई परियोजनाओं के लोकार्पण व शिलान्यास के अवसर पर लोगों को संबोधित हुए कहीं।

उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाएं सबके लिए बराबर हैं। किसी के साथ कोई भेदभाव नहीं किया जा रहा। सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का सबको समान रूप से लाभ मिल रहा है। शनिवार को राज्यमंत्री ने जिला पुरुष चिकित्सालय के ब्लड कंपोनेंट एवं सेपेरेशन यूनिट के साथ 42 बेड के पीडियाट्रिक, आईसीयू भवन का लोकार्पण कर जिलेवासियों को सौगात दी। शनिवार को ही राज्यमंत्री ने इमरजेंसी वार्ड के 40 बेड से 100 बेड का विस्तारीकरण, फायर फाइटिंग सिस्टम कार्य एवं कैफेटेरिया का लोकार्पण किया। इस मौके पर विधान परिषद सदस्य अंगद सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत मौजूद रहीं। जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने 50 बेड के क्रिटिकल केयर यूनिट का भूमि पूजन किया। इस अवसर पर स्वैच्छिक संस्था बालाजी बचपन के अंकुर माथुर एवं भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में लोगों ने रक्तदान किया। इस मौक पर भाजपा जिला महामंत्री संदीप गुप्ता, सीएमओ डा. अवधेश कुमार यादव, सीएमएस डा. बृजेश कुमार सिंह, वरिष्ठ फिजीशियन डा. राजेश कुशवाहा, वरिष्ठ सर्जन डाक्टर विनोद सहित चिकित्सालय के कर्मचारी व भाजपा नेता मौजूद रहे।

### अब मिल सकेगी पीआरबीसी, प्लेटलेट और प्लाज्मा की सुविधा

अभी तक जिला चिकित्सालय में पीआरबीसी, प्लेटलेट और प्लाज्मा की सुविधा नहीं थी। इसकी वजह से मरीज को मेडिकल कॉलेज, लोहिया अस्पताल या लखनऊ के अन्य किसी बड़े अस्पताल में जाना पड़ता था। जिला चिकित्सालय में ब्लड कंपोनेंट यूनिट लग जाने के कारण यहां के लोगों के साथ-साथ आसपास जिले के मरीजों को भी अब यह सुविधाएं आसानी से मिल सकेंगी।

# क्रिकेट मैच देखने गए किशोर को दबंगों ने पीटा

**बनीकोडर, बाराबंकी: अमृत विचार :** असंद्रा थाना से संबद्ध चौकी दिलावलपुर क्षेत्र अंतर्गत एक गांव में घर के करीब हो रहे क्रिकेट मैच देखने गए किशोर पर कुछ लोगों ने हमला कर दिया। बैट की पिटाई से किशोर को गंभीर चोटें आई हैं।

थाना क्षेत्र के चौकी दिलावलपुर के बेलपुर निवासी रविकांत दुबे ने प्रभारी निरीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसका तेरह वर्षीय पुत्र आयुष गर्मियों की छुट्टी में घर आया था। आयुष घर के करीब हो रहा क्रिकेट मैच देख रहा था। आरोप है कि तभी गांव के ही आलोक व विकास पुत्र श्रीधर आ गये और मारने लगे। तभी आलोक की शह पर विकास के पुत्र वैभव ने लकड़ी के बैट से हमला कर दिया। जिससे कंधे की हड्डी टूट गई व अन्य चोटे भी आई हैं। पीड़ित पिता ने कहा कि पूरे मामले की जानकारी चौकी प्रभारी दिलावलपुर को दी थी। कारवाई न होने पर थाना प्रभारी निरीक्षक को प्रार्थना पत्र दिया है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि चोटिल को मेडिकल के लिए भेजा गया। अन्य विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# चौथे दिन खेले गये छह मैच

कार्यालय संवाददाता बाराबंकी


एक मैच की विजेता टीम की खिलाड़ी। अमृत विचार

**अमृत विचार :** स्थानीय केडी सिंह बाबू स्टेडियम में चल रही राज्य स्तरीय जूनियर बालिका फुटबॉल प्रतियोगिता के चौथे दिन शनिवार को छह मैच खेले गए।

प्रयागराज मंडल व मुरादाबाद मंडल के मध्य मैच खेला गया। प्रयागराज मंडल ने मैच को 7-0 से जीत लिया। दूसरा मैच कानपुर मंडल बनाम झांसी मंडल के बीच खेला गया। यह मैच बराबरी पर रहा। तीसरा मैच अयोध्या मंडल बनाम देवीपाटन के मध्य खेला गया। अयोध्या मंडल ने 3-0 से जीत दर्ज की। चौथा मैच बरेली बनाम अलीगढ़ के मध्य खेला गया। अलीगढ़ मंडल ने 3 - 0 से जीत दर्ज की। पांचवा मुकाबला लखनऊ मंडल बनाम विध्यांचल मंडल के मध्य खेला गया। इस मैच में लखनऊ मंडल ने यह मुकाबला 1 - 0 से जीत लिया। छठा मुकाबला बनारस मंडल बनाम बस्ती मंडल के मध्य खेला गया। इस मैच में बनारस मंडल ने यह मुकाबला 6 - 0 से जीत लिया। बनारस मंडल की खिलाड़ी आंचल पटेल ने एक गोल तथा रिया ने खेल के 19वे, 23वे मिनट ने लगातार 2 गोल कर अपनी टीम को 3 - 0 से जीत दिलायी। इस मौके पर मुख्य रूप से राजेश कुमार सोनकर, कीड़ाधिकारी, सीतापुर, जिला फुटबाल संघ बाराबंकी के महासचिव 'सज्जाद हुसैन बंटी, मंजीत सिंह धामी, अध्यक्ष जिला फुटबाल संघ, बाराबंकी राकेश वर्मा सहित खेल प्रेमी मौजूद रहे।

# दूसरे दिन भी बंद रहा कार्य श्रमिकों का मस्टर रोल जारी

सतरिख, बाराबंकी

**अमृत विचार :** हरख ब्लॉक की ग्राम पंचायत शरीफाबाद में आंगनबाड़ी केंद्र भवन निर्माण का कार्य शनिवार को भी बंद रहा। जबकि मस्टर रोल पर दूसरे दिन भी 30 श्रमिकों का जारी कर दिया गया। हरख ब्लाक के शरीफाबाद ग्राम पंचायत स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय भवन परिसर में आंगनबाड़ी केंद्र प्रथम का निर्माण कार्य क्षेत्र पंचायत से कराया जा रहा है। इसमें ग्राम पंचायत से मनरेगा के श्रमिक लगाए गए हैं। दो दिनों से लगातार मौके पर कार्य बंद है, जबकि 30 श्रमिकों के नाम मस्टर रोल जारी दिखाया जा रहा है। जेपी का आरोप है कि इससे पहले भी कई दिनों तक आंगनबाड़ी केंद्र के निर्माण का कार्य बंद रहा है, लेकिन मस्टर रोल 30 से 45 श्रमिकों के नाम जारी दिखाया गया है। प्रधान दिनेश कुमार ने बताया कि उन्हें इस मामले की जानकारी नहीं है।

> मामला जानकारी में नहीं है। यदि ऐसा हो रहा है तो दोनों ग्राम पंचायतो में जांच कराई जाएगी और मामला सही पाया गया तो भुगतान पर भी रोक लगाई जाएगी। साथ ही दोषियों पर कार्रवाई भी की जाएगी।
>
> -बृजेश कुमार त्रिपाठी, डिप्टी कमिश्नर, मनरेगा

**मनमानी** बाजार से महंगे दाम पर खरीदने को मजबूर हैं किसान, अधिक मुनाफे के लिए कृषकों का बना पसंदीदा

# ताज प्रजाति के धान के बीज की नहीं रुक पा रही कालाबाजारी

आरबी सिंह, हरख, बाराबंकीः


ताज प्रजाति का धान।

**अमृत विचार :** धान की नर्सरी डालने का समय चल रहा है। बीज भंडारों से ताज प्रजाति धान के नाम पर कालाबाजारी हो रही है। कई गुना महंगे दाम पर बीज बेचा जा रहा है। अधिकारी भी इस पर अंकुश लगाने में नाकाम साबित हो रहे हैं।

जिले के दरियाबाद, रामनगर, फतेहपुर, हरख, रामसनेहीघाट और सिरौलीगौसपुर सहित अधिकांश ब्लॉकों में धान का उत्पादन अधिक होता है। किसान अच्छी एवं ज्यादा पैदावार के लिए किस्म 6444, ताज, मंसूरी, सांभा मंसूरी, मोती, गंगा कावेरी, पायनियर व काला नमक आदि प्रजाति के धान की खेती की करते हैं। जिले में किसान अधिक मुनाफे के लिये ताज धान की खेती करते हैं। ऐसे में ताज धान के बीज की मांग बढ़ती जा रही है। फुटकर दुकानदार इसके बीज की आपूर्ति में मनमानी कर रहे हैं। क्षेत्र के हरख कृषि बीज भंडार पर प्रदेश सरकार द्वारा दिया जाने वाला अनुदानित धान बीज गायब है। जिससे यहां से केन्द्र से मायूस होकर किसान लौट रहे हैं। प्रदीप, पारसनाथ, रामसिंह और देशराज आदि किसानों का आरोप है कि कर्मचारियों ने हरख, सतरिख, भानमऊ, जैदपुर, बंग्ला बाजार, कोला गहबड़ी, बरैया, बलछत, तकिया और वैसपुर समेत आदि जगहों पर स्थित निजी दुकानों पर बिक्री हेतु बीज रखा दिया है। आरोप है कि सब्सिडी पर 22 रुपये प्रति किलो दिए जाने वाला धान महंगे दामों पर बेचा जा रहा है। केंद्र पर 6444, पायनियर, आराईज 382, खरपतवार नाशक नॉमिनी गोल्ड और कीटनाशक दवाएं नदारद हैं। किसान कालाबाजारी का आरोप लगा रहे हैं। इस संबंध में कृषि इकाई हरख प्रभारी अजय कुमार ने बताया कि टीएस कृष्ण कुमार पांडेय पर वितरण की जिम्मेदारी है। जबकि कृष्ण कुमार पांडेय प्रभारी अजय कुमार पर जिम्मेदारी की बात कर रहे हैं। बताते चले कि ताज किस्म के धान की पैदावार अच्छी रहती है। यह धान अन्य प्रजातियों से महंगा बिकता है तथा खाने में भी स्वादिष्ट है। जिसके चलते इसकी मांग बढ़ती जा रही है।

## क्या बोले किसान


रामसमुझ

हरख क्षेत्र के बंगला बाजार निवासी किसान रामसमुझ बताते हैं कि ताज धान का बीज 1000 से 1100 रुपये प्रति किलो में बड़ी मुश्किल से मिल रहा है।


रामफेर साहू

हरख क्षेत्र के इब्राहिमाबाद गांव निवासी किसान रामफेर साहू ने बताया कि ताज धान के साथ-साथ अन्य हाइब्रिड धान के भी दाम आसमान छू रहे हैं।


फूलचंद

जैदपुर क्षेत्र के बरेहटा निवासी किसान फूलचंद बताते हैं कि तक बढ़ती मांग को लेकर ताज धान के लिए मारामारी चल रही है। महंगा होने के कारण खरीदना असंभव है।


राम सुमिरन

किसान राम सुमिरन बताते हैं कि ताज धान खरीदने के लिए 1050 रुपए प्रति किलो के हिसाब से पैसा जमा करने के तीसरे दिन बिना बिल के साथ दिया जा रहा है।

> दुकानदार ताज धान ऑनलाइन मंगवा कर दे रहे हैं। हमारी टीम समय-समय पर दुकानों पर छापे मारकर जांच कर रही है। केंद्रों पर 6444, पायनियर आदि धान बीज भेजे गए हैं। केन्द्र से धान बीज की कालाबाजारी की जानकारी नहीं है। पूरे मामले की जांच कराकर सख्त कार्रवाई की जाएगी।
>
> -राजित राम, जिला कृषि अधिकारी

**कार्यालय ग्राम पंचायत-सालपुर विकास खण्ड- हैदरगढ़, जनपद- बाराबंकी**

पत्रांक- मेमो/ग्रा.पं. मनरेगा/राज्य वित्त/15वां वित्त/2024-25 दिनांक 20-06-2024

**अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना**

ग्राम पंचायत सालपुर विकास खण्ड हैदरगढ़ में मनरेगा/राज्य वित्त/चौदहवां वित्त आयोग/पंचम वित्त राज्य आयोग/15वां वित्त आयोग एवं स्वच्छ भारत मिशन, ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंधन फेज-2 (SLWM) योजना व मुख्यमंत्री ग्राम पंचायत प्रोत्साहन राशि के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्य विज्ञान भवन सेंटर, स्मार्ट क्लासेज एवं जल प्रबंधन आदि समस्त योजनाओं के अन्तर्गत स्वीकृत कार्य योजनाओं एवं आंगनवाडी केंद्र, अंतेष्टि स्थल, पंचायत भवन निर्माण, सामुदायिक शौचालय, कायाकल्प, ओपन जिम सामग्री, हयूम पाइप, पुस्तकालय स्थापना, मनरेगा से खेल का मैदान का निर्माण हैंडपम्प मरम्मत, पाइप पेयजल मरम्मत, हैंडपंप रिबोर, आफिस स्थापना, नाली निर्माण, खंडजा निर्माण व मरम्मत, इंटरलॉकिंग कार्य, सिटीजन इंफार्मेशन बोर्ड, सीसी रोड निर्माण/मरम्मत, घूर सफाई, पटरी भराई, स्कूल में जल निकासी, व मिट्टी पटाई कार्य, समुदायिक शौचालय में सफाई हेतु साम्रगी, आफिस स्टेशनरी, इत्यादि शासन द्वारा निर्धारित अन्य कार्यो हेतु निर्माण साम्रगी, जैसे ईट प्रथम श्रेणी, सीधा खंजड़ ईट, ईट गिट्टी, सीमेंट, मौरंग, बालू, पत्थर गिट्टी, बायरिंग साम्रगी, दरवाजा, लोहा, सरिया, अलमारी, इंटरलॉकिंग ईट, ट्रैक्टर ट्राली, स्टेशनरी सामग्री, झूला स्कूल में, टाइल्स, पुट्टी, व्हाइट सीमेंट, चूना, खिड़की, पल्ला, रूम पाइप, लोहे का गेट, कुर्सी मेज, कम्प्यूटर, एसेसरीज, प्रिंटर, फॉगिंग मशीन, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, हैडपम्प की सामग्री, सेनीटाइजर, रिक्शा ट्राली, सोलर पैनल व बैटरी, सी.सी.टी.वी. कैमरा व ऐसेसरीज, पेयजल पाइप सामग्री, इत्यादि की पूर्ति हेतु निविदा वित्तीय वर्ष सत्र 2024-25 के लिए आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 21- 06 - 2024 से 30-06-2024 तक कार्यालय ग्राम पंचायत सालपुर में अपनी निविदा वांछित प्रपत्र के साथ बंद लिफाफे में रखकर जमा कर सकते है। निविदा दिनांक 01/ 07 /2024 को कमेटी द्वारा अपराह्न 1.00 बजे खोली जायेगी। समस्त निविदा को स्वीकृत या अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम प्रधान एवं पंचायत सचिव के पास निहित होगा। ग्राम पंचायत का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।

**नियम/शर्ते-** 1.- आपूर्तिकर्ता का फर्म जीएसटी पंजीकृत होनी चाहिए। जिसके बैंक कि डिटेल के साथ प्रमाणित छायाप्रति संलग्न होनी चाहिए। 2.- जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्यो हेतु आपूर्ति आदेश ग्राम पंचायत द्वारा दिया जाएगा। समय से आपूर्ति ना कर पाने या विलंब करने पर आदेश निरस्त कर अन्य किसी फर्म को आपूर्ति आदेश देने के लिए स्वतंत्र होगी। 3.- स्वीकृत आपूर्तिकर्ता को भुगतान तकनीकी रूप से गुणवत्ता प्रमाणित होने व मापन के उपरांत ही किया जायेगा। 4.- ग्राम पंचायत वार्षिक कार्य योजना में पड़े अलग-अलग कार्यो के अनुसार फर्मो द्वारा अलग अलग कोटेशन देय होगा। 5. आपूर्तिकर्ता फर्म द्वारा इस आशय का शपथ पत्र भी प्रस्तुत करना होगा कि उपयुक्त फर्म किसी प्रकार से प्रधान, सचिव, ब्लॉक प्रमुख, या अन्य उच्च पद पर पदस्थ जनप्रतिनिधि या उनके रिश्तेदारों से सम्बंधित नहीं है। 6.- निविदा/कोटेशन स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित होगा। निविदा/कोटेशन स्वीकृत/अस्वीकृत बिना किसी पूर्व सूचना के निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित होगा। 7.- ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा आपूर्तिकर्ता की मौजूदगी में निविदा खोली जायेगी। 8.- प्रस्तुत दरें पीडब्ल्यूडी द्वारा स्वीकृत दरों से अधिक नहीं होनी चाहिए। 9- आपूर्ति की गई सामग्री का भुगतान आपूर्तिकर्ता के बैंक खाते में पी एफ एम एस के माध्यम से क्रेडिट किया जायेगा। 10-ग्राम पंचायत वार्षिक कार्य योजना में पड़े अलग- अलग कार्यो के अनुसार फर्मो द्वारा दिए गए टेंडर दर मनरेगा/। केन्द्रीय वित्त/राज्य वित्त एक बार खोला जायेगा जो पूरे वर्ष देय होगा।

**अनुराधा सिंह** (ग्राम प्रधान)
ग्राम पंचायत- सालपुर
विकास खण्ड- हैदरगढ़, जनपद- बाराबंकी

**दिनेश प्रसाद** (सचिव)
ग्राम पंचायत- सालपुर
विकास खण्ड- हैदरगढ़, जनपद - बाराबंकी

## एक नजर

### दरियापुर उपकेन्द्र की आज बाधित रहेगी बिजली

संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार : शहर के दरियापुर उपकेन्द्र से पोषित समस्त 11 केवी के पोषकों का पैनल के मरम्मत का कार्य रविवार को किया जाएगा। जिससे दरियापुर उपकेन्द्र से जुड़े समस्त फीडर की बिजली आपूर्ति सुबह बजे से दोपहर साढ़े 11 बजे तक बाधित रहेगी। अधिशासी अभियंता ने बताया कि फाल्ट को कम करने के लिए दरियापुर उपकेन्द्र के फीडर की मरम्मत के कारण शहर के कई मोहल्लों के साथ ग्रामीण क्षेत्र की आपूर्ति बाधित रहेगी।

### कादीपुर में हुई बारिश से मिली थोड़ी राहत

कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार : शनिवार की सुबह क्षेत्र में हुई बारिश से लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिली। बरसात का पानी फसलों के लिए लाभदायक साबित हुआ। शनिवार की सुबह छह बजे क्षेत्र में बरसात शुरू हो गई जो लगभग आधे घंटे तक चली। यद्यपि बरसात बहुत तेज नहीं हुई। इसके बावजूद सुबह लोगों को गर्मी से राहत मिली। साग सब्जी एवं जायद की फसलों के लिए यह बरसात वरदान साबित हुई। आधे घंटे के बाद फिर से आसमान से बादल गायब हो गए और तेज धूप धूप निकल आई। धूप निकलने के बाद ही गर्मी ने भी अपना तेवर दिखाना शुरू कर दिया। दोपहर बाद फिर आसमान में बादलों के लुका छुपी का खेल चल रहा है।

### 18 वाहनों के उतरवाए हूटर

सुलतानपुर, अमृत विचार : मुख्यमंत्री का फरमान जारी होते ही परिवहन विभाग के अफसर अब एक्शन मोड में आ गए हैं। परिवहन विभाग के अफसरों ने 18 वाहनों हूटर उतरवा दिए। वाहनों में हूटर व बहुरंगी बत्ती, काली फिल्म मिलने पर पांच हजार रुपए का चालान काटने की चेतावनी दे दिया है।

# 14.90 लाख से तैयार होंगे 298 विद्यालयों में किचन गार्डन

## क्यारी तैयार करने को प्रति विद्यालय भेजे गए पांच हजार रुपये, 610 विद्यालयों में पहले से ही तैयार हैं किचन गार्डन

मनोज कुमार मिश्र, सुलतानपुर

अमृत विचार: परिषदीय प्राथमिक, उच्च प्राथमिक व कंपोजिट विद्यालयों में अब मौसमी व ताजी साग सब्जियां एमडीएम की थाली में होंगी। 298 विद्यालयों में किचन गार्डन तैयार करने के लिए 14 लाख 90 हजार रुपये शासन से प्राप्त हुए है। पहले से चयनित प्रति विद्यालय पांच हजार रुपये एमडीएम निधि के खाते में भेज दिए गए हैं। इसके पहले 610 विद्यालयों में किचन गार्डन तैयार कराए गए थे।

परिषदीय विद्यालयों के बच्चों को एमडीएम में शुद्ध व ताजी सब्जियां उपलब्ध हो पाएं, साथ ही बच्चों में खेती-किसानी की समझ विकसित हो, इसके लिए, किचन गार्डन विकसित करने का निर्देश दिया गया है। इसके लिए शासन से पांच हजार रुपये प्रति विद्यालय की दर से धनराशि स्वीकृत की गई है। विद्यालयों के मध्याह्न भोजन निधि खातों में धनराशि ट्रांसफर की गई है। इस धनराशि से प्रधानाध्यापकों को खाद, बीज, कृषि उपकरण समेत अन्य सामग्री खरीदने में सहूलियत होगी।

विद्यालय परिसर में हरी सब्जियां जैसे टमाटर, बैंगन, गोभी, धनिया, कद्दू, लौकी, भिंडी, तरोई व नेनुआ आदि उगाई जाएंगी। तैयार होने पर इन सब्जियों का प्रयोग मध्याह्न भोजन में किया जाएगा। जिला समन्वयक मध्याह्न भोजन योजना संदीप यादव ने कहा कि किचन गार्डन के लिए उन्हीं विद्यालयों का चयन किया गया है जहां भौतिक संसाधन उपलब्ध होने के साथ ही किचन गार्डन की सुरक्षा के लिए बाउंड्रीवाल निर्मित है।

> सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि जिन विद्यालयों में धनराशि भेजी गई है, वहां किचन गार्डन विकसित कराने के लिए विद्यालयों का निरीक्षण समय-समय पर करते रहें। साथ ही बर्तन रिप्लेसमेंट भी कराकर सूचना भेजें। निरीक्षण के दौरान पैसों के उपभोग की पत्रावली भी चेक की जाएगी। -दीपिका चतुर्वेदी, बीएसए सुलतानपुर



धनपतगंज विकास खंड के एक परिषदीय विद्यालय में तैयार हो रहा किचन गार्डन।

### 2.90 करोड़ से बदले जाएंगे एमडीएम के बर्तन

सुलतानपुर : जिले में बेसिक शिक्षा परिषद के 2064 विद्यालय संचालित हो रहे हैं। इनमें 1450 प्राथमिक, 343 उच्च प्राथमिक व 271 कंपोजिट विद्यालय शामिल है। इन विद्यालयों में प्रेरणा पोर्टल के अनुसार 1,86,940 छात्र-छात्राएं एमडीएम के तहत पका पकाया पौष्टिक भोजन करते हैं। डीसी एमडीएम संदीप यादव ने बताया कि 1747 विद्यालयों में बर्तन बदलने के लिए शासन से पैसा मिला है, जिसे संबंधित विद्यालयों के एमडीएम खाते में भेज दिया गया है। इन विद्यालयों को दो करोड़ 90 लाख 30 हजार रुपये भेजे गए हैं। छात्र संख्या के हिसाब से अलग-अलग पैसा भेजा गया है। शासनादेश के अनुसार 51 से 150 बच्चे वाले विद्यालयों में 15 हजार, 151 से 250 विद्यार्थियों वाले विद्यालयों को 20 हजार और 251 छात्र-छात्राओं से अधिक वाले विद्यालयों को 25 हजार रुपये प्रति विद्यालय के हिसाब से धनराशि भेजी गई है।

### ब्लाकों के इतने स्कूल चयनित

| ब्लाक | किचन गार्डन | बर्तन |
|---|---|---|
| अखंडनगर | 23 | 128 |
| बल्दीराय | 38 | 139 |
| भदैंया | 28 | 131 |
| धनपतगंज | 08 | 116 |
| दोस्तपुर | 18 | 116 |
| दुबेपुर | 25 | 162 |
| जयसिंहपुर | 37 | 171 |
| कादीपुर | 10 | 101 |
| करौंदीकला | 07 | 86 |
| कुड़वार | 25 | 131 |
| कूरेभार | 28 | 129 |
| लंभुआ | 15 | 136 |
| मोतिगरपुर | 11 | 81 |
| पीपी कमैचा | 25 | 104 |
| नगर क्षेत्र | 00 | 16 |

# सड़क किनारे पड़ा मिला अज्ञात अधेड़ का शव

कादीपुर, सुलतानपुर

अमृत विचारः स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के अमरेथू डढ़िया गांव के पास सड़क के किनारे एक अधेड़ का शव मिला। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए विधिक कार्रवाई शुरू कर दी।

कादीपुर अखंड नगर मार्ग पर अमरेथू डड़िया गांव के पास शनिवार की सुबह एक अधेड़ व्यक्ति का शव सड़क के किनारे पड़ा मिला। मृतक के शरीर पर चोट के निशान पाए गए। मृतक के सिर एवं बाई आंख तथा पीठ पर चोट के निशान पाए गए। मृतक की उम्र लगभग 45 वर्ष आंकी जा रही है। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अब्दुल कलाम ने कोतवाली पुलिस को सूचना दी कि किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया। जिससे अधेड़ की मौके पर मौत हो गई। घटनास्थल पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार सिंह ने शव का पंचनामा करा कर कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा कि अधेड़ की मौत सड़क दुर्घटना से हुई या किसी ने उसे मार कर उसके शव को सड़क के किनारे फेंका था। समाचार भेजे जाने तक तक शव की पहचान नहीं हो पाई है।

# एबीवीपी ने फूंका नेशनल टेस्टिंग एजेंसी का पुतला

जिला संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचारः अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कुशभवनपुर ने एनटीए द्वारा नेट परीक्षा में अनियमितता पर जिला कलेक्ट्रेट पर विरोध प्रदर्शन किया। इस मौके पर अभाविप काशी प्रान्त सह मंत्री शुभेन्द्र ने बताया पिछले कई दिनों से एनटीए द्वारा आयोजित परीक्षाओं में भारी अनियमितताएं देखने को मिल रही हैं। नीट की परीक्षा में अनियमितता के बाद अब यूजीसी नेट की परीक्षा का बीते दिन रद्द होना एनटीए जैसी सरकारी संस्था के ऊपर बड़ा प्रश्न चिन्ह खड़ा करता है। जोकि अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण एवं छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाला विषय है। इस वर्ष विश्वविद्यालयों में पीएचडी हेतु प्रवेश भी यूजीसी- नेट स्कोर के माध्यम से होने थे। परीक्षा रद्द होने से पीएचडी प्रवेश के अभ्यर्थियों के मन में भी गहरी शंकाएं उत्पन्न हो गई हैं।



कलेक्ट्रेट के सामने एनटीए का पुतला जलाते एबीवीपी के कार्यकर्ता। अमृत विचार

अभाविप ने शिक्षा मंत्रालय से मांग करते हुए कहा है कि इस संबंध में संबंधित एजेंसियों को स्थिति शीघ्र स्पष्ट करनी चाहिए, जिससे पीएचडी के अभ्यर्थियों का भी किसी प्रकार से नुकसान न होने पाए तथा परीक्षा पूर्णतया निष्पक्ष एवं पारदर्शी हो यह भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए। अभाविप कुशभवनपुर विभाग संयोजक शिवम ने कहा कि परीक्षाओं में लगातार अनियमितताओं की घटनाएं विचलित करने वाली एवं दुर्भाग्यपूर्ण हैं जो न केवल एनटीए जैसी परीक्षा एजेंसियों की क्रेडिबिलिटी पर प्रश्न चिन्ह खड़ा करती है, बल्कि छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाली हैं। यह स्थिति किसी भी प्रकार से स्वीकार्य नहीं है। कुशभवनपुर जिला संयोजक तेजश्व पाण्डेय ने कहा बीते दिन यूजीसी नेट की परीक्षा का रद्द होना, यूजीसी नेट के अभ्यर्थियों के साथ-साथ पीएचडी प्रवेश की तैयारी करने वाले अभ्यर्थियों का भविष्य भी अधर में डालने वाला है। अभाविप शिक्षा मंत्रालय एवं संबंधित एजेंसियों से इस संबंध में स्थिति को त्वरित रूप से स्पष्ट करने की मांग करती है, ताकि छात्रों के मन में अपने भविष्य को लेकर व्याप्त गहरी शंकाएं दूर हो सकें। विरोध प्रदर्शन के दौरान विभाग प्रमुख डॉ संतोष अंश, परमेंन्द , अभय, सत्यम त्रिपाठी, रुद्र प्रताप, सुमित, हेमंत, विधान, मधुरम, हर्ष, अनुज पाण्डेय, सचिन तिवारी, आदर्श शुक्ला, प्रतिमा, प्रीति, अवनेंद्र, राज , संजय कुमार, इंद्रमणि, शिवम, प्रियांशु सिंह, उत्कर्ष आदि मौजूद रहे।

▶▶ यूजीसी नेट परीक्षा रद होने से पीएचडी प्रवेश अधर में, शिक्षा मंत्रालय स्थिति स्पष्ट करे: एबीवीपी

# पेड़ से टकराई बाइक, दो युवकों की मौत

संवाददाता, सुलतानपुर

**हादसा**

▶▶ एक ही गांव में दो युवकों की मौत पर पसरा सन्नाटा

अमृत विचारः सड़क पार कर रही महिला को बचाने के चक्कर में युवकों की बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। जिसमें दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल युवकों को अस्पताल भेजा गया, जहां मौजूद चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

जिले के जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के बहरी गांव निवासी युवक अमित निषाद (23) पुत्र रामजतन निषाद गांव के युवक कृष्ण निषाद (21) पुत्र स्व. ननकू के साथ शुक्रवार की रात 8.30 बजे होलेपुर गांव निवासी अमित के बुआ के यहां से बाइक से अपने घर वापस लौट रहे थे। जैसे ही बाइक सवार दोनों युवक कृष्णा व अमित हालापुर से बिरसिंहपुर सड़क पर पहाड़पुर गांव के पास पहुंचे। इसी बीच सामने सड़क पार कर रही एक महिला को बचाने के प्रयास में युवकों की बाइक अनियंत्रित होकर सामने पेड़ से जा टकराई। जोरदार टक्कर से बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। चपेट में आकर दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। मौजूद लोगों ने दोनों युवकों को 108 एंबुलेंस की मदद से सौ शैया युक्त बिरसिंहपुर अस्पताल में भर्ती कराया। दोनों की गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सक ने प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें अंबेडकरनगर रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान दोनों युवक कृष्णा व अमित की मौत हो गई। गांव में एक साथ हुई दो युवकों की मौत से सन्नाटा पसरा हुआ है ।

बिरसिंहपुर चौकी प्रभारी रामराज ने बताया कि घटना के सम्बंध में कोई जानकारी नहीं प्राप्त हुई है। सूचना मिलने पर विधिक कार्यवाही की जायेगीं।



अमित व कृष्णा की फाइल फोटो।

## 24 में तीन शिकायतों का मौके पर निस्तारण

कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचारः नायब तहसीलदार कादीपुर की अध्यक्षता में हुए संपूर्ण समाधान थाना दिवस में 24 शिकायती प्रार्थना पत्र आए। मौके पर तीन प्रार्थना पत्रों का विस्तार किया गया। शनिवार को कोतवाली परिसर में आयोजित संपूर्ण समाधान थाना दिवस में दौलतपुर तकिया गांव के अख्तर के जमीन विवाद का निस्तारण करने के लिए राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर भेजकर समस्या का निस्तारण करने का निर्देश दिया गया। शेष 21 शिकायती प्रार्थना पत्रों के निस्तारण के लिए राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर भेजा गया। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार, राजस्व निरीक्षक, हल्का लेखपाल मौजूद रहे।

# क्रिकेट मैच के दौरान बैट लगने से किशोर की मौत

मोतिगरपुर, सुलतानपुर

▶▶ खबर से गांव में दौड़ी शोक की लहर, पुलिस जांच में जुटी

अमृत विचारः क्रिकेट मैच के दौरान लापरवाही पूर्वक बैट घुमाने से एक युवक की जान चली गई। इस दुर्घटना में 16 वर्षीय किशोर एजाज गंभीर रूप से घायल हो गया, जिससे उसकी मौत हो गई।

मोतिगरपुर थाना क्षेत्र के डींगुरपुर बनकेगांव में शुक्रवार शाम को गांव के कई लड़के क्रिकेट खेल रहे थे। इस दौरान एक युवक जब बैटिंग कर रहा था तो वह आउट हो गया। आउट होने पर दर्शकों में बैठे बच्चों ने हूटिंग शुरू कर दी, जिससे झुंझलाकर युवक ने गुस्से में बैट घुमा दिया। दुर्भाग्यवश बैट पीछे खड़े किशोर एजाज के सिर पर लग गया, जिससे गंभीर हालत में तुरंत सीएचसी मोतिगरपुर ले जाया गया। जहां पहुंचते ही वह बेहोश हो गया। डॉक्टर ने उसे गंभीर हालत में राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। वहां पहुंचने पर डॉक्टरों ने एजाज को ब्रॉड डेड घोषित कर दिया। एजाज की मौत के बाद उसके परिजनों में कोहराम मच गया। इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना ने गांव में शोक की लहर दौड़ा दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## सार-संक्षेप



राहगीरों को शर्बत पिलाती युवाओं की टीम। अमृत विचार

### ज्येष्ठ माह के अंतिम दिन राहगीरों को पिलाया शर्बत

विंदेश्वरीगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार : जहां पूरे ज्येष्ठ महीने में जगह जगह विविध प्रकार भंडारे व शरबत वितरण कार्यक्रम आयोजित किए गए। वहीं माह के अंतिम दिन पूर्णिमा के शुभ अवसर पर शनिवार को बल्दीराय तहसील क्षेत्र के सरैया माफी में शरबत वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राम अंचल तिवारी ने हनुमान जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर धूप, दीप पूजन के साथ किया। क्षेत्र के दर्जनों युवाओं ने कड़कती धूप में राहगीरों को शरबत पिलाया। इस मौके पर धर्मेंद्र मिश्रा, मनोज मिश्रा, पल्लन, रुद्रमणि तिवारी, राजू तिवारी, धीरेंद्र मिश्रा, सत्यम शास्त्री, फूलचंद तिवारी आदि मौजूद रहे।

### ट्रेन से कटने से युवक की मौत

लंभुआ, सुलतानपुर, अमृत विचार : लखनऊ से वाराणसी जा रही सटल एक्सप्रेस से कट जाने से 35 वर्षीय युवक की मौत हो गई। पुलिस ने प्रारंभिक जांच शुरू करते हुए उसके शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शुक्रवार की शाम लंभुआ रेलवे स्टेशन के निकट वाराणसी जाने वाली शटल एक्सप्रेस से लंभुआ कस्बे में अपने ननिहाल में रह रहे विजय बरनवाल उम्र 32 वर्ष की कट जाने से मौत हो गई। वह यहां पर रहते हुए मिठाई का डिब्बा बनाने का काम करता था और सप्लाई करता था। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने जांच शुरू करते हुए उसके शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक युवक का घर सूरापुर कोतवाली कादीपुर है वह बचपन से ही लंभुआ में अपनी ननिहाल में रह रहा था। मौत की सूचना मिलते ही घर वाले भी लंभुआ आ गए और परिवार में कोहराम मच गया।

### संदिग्ध परिस्थिति में लटकता मिला युवती का शव

संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार : शनिवार को बंधुआ कला थाना क्षेत्र के अलीगंज चौकी के अंतर्गत ऊंचगाव तेलियानी निवासी रेखा कोरी( 26 )पत्नी अरविंद कोरी का शव घर के अंदर कुंडी में साड़ी के सहारे लटकता हुआ मिला है। सुबह जब घर वालो ने देखा तो परिवार ने कोहराम मच गया। मृतका की 10 वर्ष पहले शादी हुई थी, जिसके तीन नाबालिग बच्चे हैं। घटना की सूचना मृतका के पति ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंचे चौकी इंचार्ज शिव जन्म यादव ने शव का पंचनामा करके पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के पति के अनुसार उसका मानसिक रोग का इलाज चल रहा था। घटना का कारण स्पष्ट नहीं है। प्रभारी निरीक्षक अनिरुद्ध सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने पर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

### विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एक से 31 जुलाई तक

संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार : मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में संचारी रोग के उन्मूलन हेतु विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एक से 31 जुलाई तक चलने वाले प्रथम जनपद स्तरीय अन्तर्विभागीय बैठक का आयोजन किया गया। विशेष संचारी रोग अभियान सभी मुख्य विभागों जैसे चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, नगर विकास विभाग, पंचायती राज विभाग/ग्राम विकास विभाग, पशुपालन विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग (आईसीडीएस), शिक्षा विभाग, चिकित्सा शिक्षा विभाग, कृषि एवं सिंचाई विभाग, सूचना विभाग द्वारा परस्पर जनपद व ब्लाक स्तर पर माइक्रो प्लान बनाकर संचालित किया जा रहा है। प्रगति की समीक्षा की अन्तर्विभागीय बैठक मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। आयोजित बैठक में समस्त विभागों का लक्ष्य के सापेक्ष गतिविधि विवरण तथा एक्शन टेकन रिपोर्ट पर विस्तृत रूप से चर्चा की गयी। बैठक में सीएमओ डॉ.ओपी चौधरी, डीडीओ अजय कुमार पांडेय, जिला मलेरिया अधिकारी बंसीलाल यादव आदि मौजूद रहे।

### आम तोड़ रहा युवक पेड़ से गिरकर घायल, मौत

सुलतानपुर, अमृत विचार : आम तोड़ने पेड़ पर चढ़ा युवक अनियंत्रित होकर नीचे गिर गया। गम्भीर हालत में उसे इमरजेंसी लाया गया जहा चिकित्सक ने मृत घोषित करते हुए शव का मर्चरी में रखवा दिया। शनिवार को नगर कोतवाली क्षेत्र के गोड़वा गांव में आम तोड़ने पेड़ पर चढ़े शिव बहादुर (42) पुत्र राम सजीवन गांव में ही आम तोड़ने पेड़ पर चढ़ा था। तभी आम तोड़ते समय संतुलन खोते हुए जमीन पर गिर गया।पेड़ से गिरने के कारण युवक को काफी चोटे आई। गंभीर हालत में परिजन घायल युवक को लेकर जिला अस्पताल के इमरजेंसी पहुंचे। जहा चिकित्सक ने युवक को मृत घोषित करते हुए शव को मर्चरी में रखवा दिया। प्रभारी निरीक्षक श्री राम पांडेय ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है, लेकिन अभी अस्पताल या परिजनों की तरफ से कोई सूचना नहीं मिली है। सूचना मिलने पर शव का पोस्टमार्टम कराया जायेगा।

# बाग की भूमि बता ग्रामीणों ने रोका नाली-सड़क का निर्माण

लंभुआ, सुलतानपुर

अमृत विचारः नगर पंचायत द्वारा शिव नगर वार्ड में हो रहे निर्माण कार्य को ग्रामीणों ने रोक दिया। ग्रामीणों ने बताया कि यह बाग की भूमि है, इसलिए निर्माण कार्य नहीं हो सकता। वहीं दूसरी तरफ काफी संख्या में दलित पक्ष के लोग बस्ती में जाने का एकमात्र रास्ता बता कर सड़क एवं निर्माण के पक्ष में कोतवाली पहुंच गए और प्रदर्शन किए।

लंभुआ नगर पंचायत क्षेत्र के शिव नगर वार्ड में सड़क व नाली के निर्माण के विषय में ठेकेदार ने बताया कि रामरतन के घर से भुल्लर के घर तक नाली व सड़क का निर्माण होना है, करीब ढाई सौ मीटर नाली का निर्माण हो चुका है लेकिन कुछ लोग अपनी बाग की भूमि बता कर निर्माण को रोक रहे हैं और यहां पर सड़क पहले से ही मौजूद है। वहीं शिव नगर निवासी आनंद कुमार मिश्रा ने बताया कि एसडीएम के यहां से बाग की कच्ची पैमाइश की गई है, पक्की पैमाइश होने तक बाग के सीमांकन को लेकर ठेकेदार को निर्माण करने से रोका गया है। दोनों पक्ष कोतवाली पहुंच गए। कोतवाली इंचार्ज अनिल सक्सेना ने बताया कि निर्माण कार्य को रोका गया है नाप होने के बाद ही निर्माण होगा।

## बहुरावां में दो दिन से खराब है ट्रांसफार्मर

बल्दीराय, सुलतानपुर, अमृत विचारः बल्दीराय तहसील क्षेत्र के बहुरावां गांव के पूरे भाले सुल्तान गांव में दो दिन से विद्युत ट्रांसफार्मर खराब पड़ा है। ट्रांसफार्मर जल जाने से दर्जनों घर अंधेरे में है। ग्रामीणों की शिकायत के बाद भी विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने अभी तक ट्रांसफार्मर नहीं बदलवा पाया। दर्जनों घरों में अंधेरा छाया हुआ है। ग्रामीण दीनानाथ मिश्रा कहते हैं कि विभाग के जेई को सूचित कर दिया गया है। परंतु अभी तक कोई भी कर्मी ट्रांसफार्मर को देखने तक नहीं आया। संजय सिंह बताते हैं कि भीषण गर्मी में रात गुजारना मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों ने विभागीय अधिकारियों से ट्रांसफार्मर बदलवाएं जाने की मांग की है।

# अनिल बनेंगे निराला नगर के सभासद

कादीपुर, सुलतानपुर

● अंतिम दिन तक केवल भाजपा के अनिल ने ही किया है नामांकन

अमृत विचारः नगर पंचायत के वार्ड नंबर 4 निराला नगर के रिक्त पड़े सभासद पद के लिए अनिल सोनकर ने भाजपा प्रत्याशी के रूप में नामांकन पत्र दाखिल किया। अंतिम दिन तक केवल एक नामांकन दाखिल होने से अनिल का निर्विरोध सभासद बनना तय माना जा रहा है।

शनिवार को अनिल सोनकर ने सभासद पद के लिए रिटर्निंग ऑफिसर अमित कुमार सिंह के समक्ष अपना नामांकन पत्र दाखिल किया । बताते चलें कि इस वार्ड से चुने गए सभासद संतराम का चुनाव परिणाम आने के पूर्व ही हृदय गति रुक जाने से मौत हो गई थी। जिससे यह पद रिक्त हो गया था। मृतक संतराम के पुत्र अनिल सोनकर को भाजपा ने इस चुनाव में सभासद पद के लिए अपना प्रत्याशी बनाया है। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष आनंद जायसवाल, भाजपा जिला उपाध्यक्ष आनंद प्रकाश द्विवेदी, भाजपा जिला महामंत्री घनश्याम चौहान, मंडल अध्यक्ष भूपेंद्र पाठक, मंडल महामंत्री हरीश सिंह, सभासद बृजेश बहादुर सिंह, उत्कर्ष मोदनवाल सहित भाजपा के अनेक कार्यकर्ता व समर्थक मौजूद रहे।



नामांकन पत्र दाखिल करते अनिल सोनकर। अमृत विचार

**व्यवस्था** टैबलेट रिचार्ज के लिए मिलेंगे 200 रुपये प्रति महीना, विरोध के बाद भी 15 जुलाई से डिजिटल रजिस्टर होगा अनिवार्य

# डिजिटल हाजिरी से अब नहीं चलेगी मास्टर जी की चालाकी

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचारः परिषदीय विद्यालयों के संसाधन मजबूत करने के साथ हाइटेक किया जा रहा है। इसी कड़ी में अब बच्चों की हाजिरी डिजिटल रजिस्टर में दर्ज होगी तो वहीं, शिक्षकों की उपस्थिति फेस रिकाग्निशन सिस्टम के जरिए दर्ज होगा, जो सुबह स्कूल में प्रवेश करते और प्रस्थान के समय दर्ज करना अनिवार्य होगा। प्रेरणा पोर्टल पर डिजिटल रजिस्टर्स माड्यूल तैयार हो चुका है। शिक्षकों के विरोध के बाद भी 15 जुलाई से हर हाल में डिजिटल रजिस्टर से ही कार्य कराने का दावा किया जा रहा है। डिजिटल रजिस्टर में 12 तरीके के कार्य शामिल होंगे। स्कूलों को पहले ही टैबलेट दिए गए हैं और सिम व इंटरनेट के लिए प्रति स्कूल 200 रुपये की धनराशि दी जा रही है। विद्यालयों में एक टैबलेट के लिए साल भर के कुल 2,400 रुपये और छात्र संख्या ज्यादा होने की दशा में दो टैबलेट होने पर 4,800 रुपये धनराशि देने का प्रावधान है।




> सभी स्कूलों को टैबलेट मुहैया कराए गए हैं। सिम खरीदने की प्रक्रिया चालू है। सभी खंड शिक्षा अधिकारियों और प्रधानाध्यापकों को जरूरी दिशा निर्देश जारी किया गया है। -दीपिका चतुर्वेदी, बीएसए सुलतानपुर

### स्कूलों को मिले टैबलेट, सिम खरीदने की प्रक्रिया शुरू

जिले में बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा 2064 विद्यालय संचालित हैं। जिसमें 1450 प्राथमिक, 343 उच्च प्राथमिक और 271 कंपोजिट विद्यालय हैं। इसके अलावा 12 कस्तूरबा आवासीय बालिका विद्यालय भी डिजिटाइजेशन में शामिल हैं। इन स्कूलों के प्रधानाध्यापकों को टैबलेट दिए जा चुके हैं। हालांकि, शिक्षकों के विरोध के चलते अभी तक सभी टैबलेट स्कूलों की अलमारियों में बंद हैं। बीएसए की तरफ से सभी बीईओ और प्रधानाध्यापकों को सिम खरीदने की प्रक्रिया भी शुरू करने का निर्देश दिया गया है।

### 12 रजिस्टरों का होगा डिजिटलाइजेशन

जिले के सभी 2064 परिषदीय विद्यालयों में 12 रजिस्टरों का डिजिटलाइजेशन किया जाना है। वर्तमान में विद्यालयों में प्रयुक्त की जा रही भौतिक पंजिकाओं के अनुरूप ही रजिस्टरों का डिजिटल प्रारूप तैयार किया गया है। 12 रजिस्टरों के डिजिटल प्रारूप का जनपद के परिषदीय प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, कम्पोजिट एवं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में प्रयोग सुनिश्चित किया जाना है, जिसमें उपस्थिति पंजिका, प्रवेश पंजिका, कक्षावार छात्र उपस्थिति पंजिका, एमडीएम पंजिका, समेकित निशुल्क सामग्री वितरण पंजिका, स्टाफ पंजिका, आय-व्यय एवं इश्यू पंजिका, बैठक पंजिका, निरीक्षण पंजिका, पत्र व्यवहार पंजिका, बाल गणना पंजिका, पुस्तकालय एवं खेलकूद पंजिका शामिल हैं।

# योग आत्मबोध का दर्शन


हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

> मन महत्वपूर्ण है। यजुर्वेद के शिव संकल्प सूत्रों में मन को शिवत्व से भरने की स्तुति है। इसमें 6 मंत्र हैं। कहते हैं, "हमारा मन नदी पर्वत आकाश तक जाता है। हम उसे वापिस बुलाते हैं।" सभी 6 मंत्रों के अंत में 'तन्मे मन: शिव संकल्पम अस्तु' जुड़ा हुआ है। चित्तवृत्तियों की समाप्ति से एकाग्रता आती है।

योग आश्चर्यजनक है। इसके परिणाम गणित के सूत्रों जैसे सत्य सिद्ध हैं। यह भारत का प्राचीन विज्ञान है। षड्दर्शन में योग भी है। इसकी स्वीकृति अंतर्राष्ट्रीय है। दो दिन पहले 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस था। योग दिवस में लाखों लोगों ने हिस्सा लिया है। भारत के सभी क्षेत्रों राज्यों में योग दिवस के आयोजन हुए हैं। अस्तित्व महाऊर्जा से भरा पूरा है। योग अस्तित्व से शक्ति अर्जित करने का विज्ञान है। इसका उल्लेख ऋग्वेद में है। उपनिषदों में है। गीता में विस्तृत हैं। बुद्ध पंथ में तमाम यौगिक क्रियाओं का उल्लेख है। मार्शल ने हड़प्पा सभ्यता पर 'मोहनजोदड़ो एंड दि इंडस सिविलाइजेशन' पुस्तक लिखी थी। इस ग्रंथ में शिव को आर्य देवताओं से भिन्न देवता बताया है। इस किताब में योग के बारे में लिखा है, "शैव मत के समान योग का उद्भव भी आर्यों से पहले की आबादी में हुआ था। काव्यों के युग के पहले उसकी कोई महत्वपूर्ण भूमिका आर्यों के धर्म में नहीं थी।" मार्शल का विवेचन सही नहीं है। वे सिंधु सभ्यता को वैदिक सभ्यता से प्राचीन मानते थे। उनकी मानें तो योग सिंधु सभ्यता के समय विकसित हुआ। वैदिक पूर्वजों ने इसे बहुत बाद में जाना। यह तथ्य संगत नहीं है। वैदिक पूर्वज ऋग्वेद के रचनाकाल से ही योग से परिचित थे।

मनुष्य चित्त चंचल है। चंचलता दुख, सुख, विषाद व अवसाद लाती है। योग चित्त चंचलता की समाप्ति का विज्ञान है। योग के द्वारा बुद्धि का जागरण वैदिक काल में भी था। यह जागरण सामान्य नहीं है। ऋग्वेद (5.44.14) में कहते हैं, "जो जागे हुए हैं। ऋचाएं उनकी कामना करती हैं।" मन की चंचलता मनुष्य का स्वभाव है। स्थिरप्रज्ञता योग की उपलब्धि है। ऋग्वेद में इन्द्र से कहते हैं, "आपका मन हमारी ओर हो। (8.45.6) वैदिक देव इन्द्र योग के विज्ञ थे। इन्द्र की प्रशंसा में कहते हैं, "आपने जन्म लेते ही अपना मन स्थिर किया।" सृजन का आनंद भी योग से मिलता है। ऋग्वेद (9.68.5) में कहते हैं, "आनंद प्रशिक्षित मन से आता है। मार्शल की आधी बात ठीक है कि हड़प्पावासी योग से परिचित थे।" मार्शल की यह बात गलत है कि ऋग्वैदिककाल में योग साधना नहीं थी। मार्शल की यह बात भी गलत थी कि आर्य जन योग से अपरिचित थे। ऋग्वेद में हिरण्यगर्भ का उल्लेख है। वे योग के प्रथम प्रवक्ता माने जाते हैं। योग को व्यवस्थित रूप में विज्ञान बनाने का काम ईसा की दूसरी सदी पूर्व पतंजलि ने किया था। उन्होंने ही 'योगसूत्र' नामक महान ग्रंथ लिखा है।

भारतीय दर्शन में दुख का मूल कारण अविद्या है। पतंजलि ने चित्तवृत्तियों को सुख दुख का कारण माना है। सिग्मंड फ्रायड प्रसिद्ध मनसविद् थे। उन्होंने मन का विश्लेषण किया है। उन्होंने तीन तरह के मन बताए हैं। पहला क्षिप्त मन। दूसरा विक्षिप्त मन और तीसरा मूढ़ मन। लेकिन पतंजलि ने मूढ़, क्षिप्त, विक्षिप्त, एकाग्र और निरुद्ध सहित चित्त की पांच अवस्थाएं बताईं। इन चित्त वृत्तियों की समाप्ति को योग का लक्ष्य बताया-योगश्च चित्त वृत्ति निरोधः (योगसूत्र 2) बताया। मनुष्य का चित्त द्रव्य या पदार्थ नहीं है। पदार्थ होता तो विज्ञान की पकड़ में आता। चित्त मनुष्य शरीर का अति सूक्ष्मतम अदृश्य भाग है। मन और शरीर मिले हुए हैं। मन खराब हो तो शरीर कष्ट पाता है। शरीर में चोट हो तो मन दुखी होता है। अपमान का अनुभव मन पर होता है। ताप शरीर पर होता है। एकाग्र मन आनंद का स्रोत है।

मन महत्वपूर्ण है। यजुर्वेद के शिव संकल्प सूत्रों में मन को शिवत्व से भरने की स्तुति है। इसमें 6 मंत्र हैं। कहते हैं, "हमारा मन नदी पर्वत आकाश तक जाता है। हम उसे वापिस बुलाते हैं।" सभी 6 मंत्रों के अंत में 'तन्मे मनः शिव संकल्पम अस्तु' जुड़ा हुआ है। चित्तवृत्तियों की समाप्ति से एकाग्रता आती है। एकाग्रता की प्राप्ति योगाभ्यास से होती है। मन के साथ शरीर भी स्वयं में स्थिर होता है। स्वयं में स्थिर होना स्वस्थ होना है। पतंजलि के सूत्र संक्षिप्त हैं। कहीं कहीं एक ही शब्द का वाक्य है। वे आसन, प्राणायाम और ध्यान के माध्यम से आत्मबोध कराते हैं। आसन और प्राणायाम सरल शब्द हैं। ध्यान और समाधि कठिन है। ध्यान एकाग्रता है। पतंजलि के अनुसार ध्यान का केन्द्र केवल उपकरण है। उपकरण कार्यसिद्धि में सहायक हैं। योगसूत्र में प्रीतिकर विषय पर ध्यान के विकल्प हैं। योगसूत्र (समाधिपाद 39) में कहते हैं, "यथाभिमत्ध्याना द्वा-जिसकी जैसी इच्छा हो उस केन्द्र पर ध्यान करे। फिर कहते हैं अथवा ईश्वर पर प्राण-ध्यान लगाएं-ईश्वर प्रणिधाना द्वा (वही 23) पतंजलि के सूत्रों में ईश्वर पर ध्यान एक विकल्प है। पतंजलि का ईश्वर सामान्य ईश्वर नहीं है। वे ईश्वर की परिभाषा भी बताते हैं, "क्लेश, कर्म, कर्मफल और वासना से असम्बद्ध चेतना विशेष ईश्वर है (वही 24)। आगे कहते हैं, "समय के पार होने के कारण वह गुरुओं का गुरु है।" योग सिद्धि में समय नहीं होता। समय शून्यता के बोध में दुख या सुख नहीं होता। इस परिभाषा के अनुसार कोई भी योग के माध्यम से ईश्वर जैसा हो सकता है।

योग आनंद का सागर है। योग सिद्ध स्वस्थ व्यक्ति हिंसक नहीं हो सकता। उसके चित्त से सृजन फूटते हैं। योग सिद्धि के लगातार अभ्यास जरूरी है। उपलब्धि प्राप्ति के प्रति अनासक्ति से योग के लाभ मिलते हैं। पतंजलि ने स्वयं कहा है कि "जिनके प्रयास मृदु या मध्यम होते हैं। उन्हें योग के लाभ उसी मात्रा व समय में मिलते हैं। जिनके प्रयास तीव्र होते हैं उन्हें योग का फल तत्काल मिलता है।" पतंजलि ने योग सिद्ध बुद्धि के लिए ऋतम्भरा शब्द का प्रयोग किया है-ऋतम्भरा तत्र प्रज्ञा। ऋतं शब्द पहली बार ऋग्वेद में आया है। इसका अर्थ अस्तित्व का संविधान है। ऋतम्भरा साधारण बुद्धि नहीं है। एक बुद्धि मनुष्य की होती है। एक बुद्धि समूचे ब्रह्माण्ड की होती है। ऋतम्भरा पूरे ब्रह्माण्ड की बुद्धि है। फिर समाधि की चर्चा है। और अंततः कैवल्य की। योग दर्शन सत्य के द्वार खोलता है। योग से तमाम बीमारियों के उपचार भी होते हैं। लेकिन ऐसे उपचार योग के प्राथमिक चरण में ही पूरे हो जाते हैं। असली बात है कैवल्य या निर्बीज समाधि। तब योगी संसार में रहते, चलते, उठते, बैठते सभी अवस्थाओं में निस्पृह और निष्काम रहता है। योग विज्ञान भारतीय दर्शन का प्रतिष्ठित अंग है।

भारतीय राष्ट्र जीवन में योग यत्र तत्र सर्वत्र है। बिना प्रयास किसी का मिलना जुड़ना संयोग है। अलग हो जाना वियोग है। सहायक बना लेने का ज्ञान उपयोग हैं। आरोपित करना अभियोग है। वस्तुओं का उत्पादन करना उद्योग है। शक्ति का गलत प्रयोग दुरूपयोग है। शक्ति का प्रतिस्पर्धी प्रयोग प्रतियोग है। प्रतियोगिता शब्द इसी से बना है। ज्ञान को साधना का उपकरण बनाना ज्ञान योग है। भक्ति मार्ग भक्ति योग है। कर्म प्रधानता कर्म योग है। संसार को माया और ब्रह्म को वास्तविक जानना सन्यास योग है। ज्योतिष में गृह स्थितियों की अनुकूलता संयोग है। गणित में अंकों का जोड़ भी योग है। योग जोड़ने का विज्ञान है। आत्मबोध का दर्शन है। यह अंधविश्वास नहीं है।

# विज्ञान और दार्शनिक पक्ष


कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

दारा शिकोह ने शाहजहां के दरबारी संस्कृत कवि पंडितराज जगन्नाथ के मार्गदर्शन में और बनारस के कई अन्य पंडितों की सहायता से 50 उपनिषदों का फारसी में 'सिर्र-ए-अकबर' (सबसे बड़ा रहस्य) के नाम से स्वयं अनुवाद किया था।

एक फ्रांसीसी विद्वान एक्वेटिक डु पेरां द्वारा फारसी से लैटिन में किए गए इसके अनुवाद से यूरोप उपनिषदों के ज्ञान से परिचित हुआ और शापेनहावर जैसे जर्मन दार्शनिक इस ज्ञान की अप्रतिम सूक्ष्मता और निरपेक्ष सत्य के प्रति इसके उत्कट आग्रह से प्रभावित हुए। संस्कृत से सीधे यूरोपीय भाषाओं में अनुवाद बहुत बाद में हुआ।

आर्थर शापेनहावर ने अपनी विश्व प्रसिद्ध पुस्तक 'द वर्ल्ड एज विल एंड रेप्रज़ेंटैशन' (जर्मन से अंग्रेजी में अनूदित नाम) में स्वीकार किया है कि भारत के ऋषियों ने शायद सत्य को पहचान लिया था। दारा शिकोह की दुर्लभ फारसी पुस्तक सिर्र-ए-अकबर इलाहाबाद विवि के इतिहास विभाग के प्रोफेसर ताराचंद (1888-1973) द्वारा अंग्रेजी में लिखित 49 पृष्ठों की भूमिका के साथ प्रकाशित हुई थी जिसे प्रोफेसर ताराचंद ने अपनी ईरान यात्रा के दौरान ईरान के तत्कालीन शाह-मोहम्मद रजा शाह पहलवी को भेंट किया था।

शापेनहावर के माध्यम से ही भौतिकी में नोबल पुरस्कार से सम्मानित आइरिश ऑस्ट्रियाई भौतिकशास्त्री एरविन श्रोडिन्गर (अर्विन श्रोडिन्गर, 1887-1961) उपनिषदों और भारतीय वेदांत दर्शन से परिचित हुए थे।

अद्वैत वेदांत के अनुसार परम या विश्व चेतना ही सृष्टि का आदि कारण है और कार्य कारण संबंध से समस्त सृष्टि में व्याप्त है। नानारूप वस्तुजगत उसी विश्व चेतना का अध्यास है। वही विश्व चेतना हर मनुष्य की चेतना में प्रतिबिंबित है। अर्विन श्रोडिन्गर क्वांटम भौतिकी के पाश्चात्य वैज्ञानिकों के उस समूह का प्रतिनिधित्व करते हैं जिसने क्वांटम भौतिकी की बोधगम्यता के लिए मानव चेतना की समांतर वास्तविकता को अकाट्य पाया और भारतीय उपनिषदों के ज्ञान का उल्लेख करते हुए उसमें निहित चेतना और पदार्थ के अद्वैत के प्रति आदर व्यक्त किया।

श्रोन्दिगर ने 1922 में लिखे अपने एक शोधपत्र में वर्णक्रमीय रेखाओं के संदर्भ में सापेक्षी डॉप्लर प्रभाव (जब इलेक्ट्रॉन-तरंग का निरीक्षक उसके स्रोत की ओर बढ़ता है तो उसी के सापेक्ष तरंग की आवृत्ति भी बढ़ती जाती है) पर एक समीकरण विकसित किया। अपनी प्रसिद्ध पुस्तक 'जीवन क्या है?' में श्रोन्दिगर ने आनुवंशिकी और जैवीय परिघटना को भौतिकशास्त्र की दृष्टि से परखा और विज्ञान के दार्शनिक पक्ष पर विचार करते हुए, पौर्वात्य दार्शनिक एवं नैतिक अवधारणाओं को स्वीकार्य पाया।

श्रोडिन्गर ने मस्तिष्क और पदार्थ विषय पर दिए गए अपने एक व्याख्यान में कहा, "स्थान और समय के आरपार फैला संसार हमारी ही अनुकृति है (यथा पिंडे तथा ब्रह्माण्डे?) यदि संसार वस्तुतः हमारे निरीक्षण कर्म पर आधारित है तो अरबों संसार होने चाहिए हम सब का एक-एक संसार, लेकिन ऐसा कैसे हुआ कि हमारा और आपका संसार वही है, एक ही है, वह क्या है जो इन सभी संसारों को एक-दूसरे के समतुल्य बनाता है?" इसी के साथ श्रोडिन्गर ने औपनिषद महावाक्य 'तत्वमसि' के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की। श्रोडिन्गर का निष्कर्ष था-"चेतना की व्याख्या भौतिक शब्दावली में नहीं हो सकती, क्योंकि चेतना निरपेक्ष रूप से मूलभूत सत्ता है। किसी भी इतर संदर्भ से इसकी व्याख्या नहीं हो सकती।"

पता नहीं, भारत को विश्वगुरु सिद्ध करने को बेताब हमारे वर्तमान पुरोधाओं को आर्थर शापेनहावर के माध्यम से अर्विन श्रोडिन्गर को प्राप्त उपनिषद ज्ञान और क्वांटम भौतिकी की अद्यतन खोजों में उसकी प्रासंगिकता का कुछ इल्म है या नहीं!

# नालंदा विश्वविद्यालय के पुनरुत्थान के मायने


प्रो. महेश चंद गुप्ता
दिल्ली

> दुनिया के पहले आवासीय विश्वविद्यालय के रूप में नालंदा विश्वविद्यालय का वैभव ही ऐसा था जिसने चीन, कोरिया, जापान, तिब्बत, मंगोलिया, श्रीलंका और दक्षिण पूर्व एशिया सहित दुनियाभर के विद्वानों को आकर्षित किया। नालंदा में चिकित्सा, आयुर्वेद, बौद्ध धर्म, गणित, व्याकरण, खगोल विज्ञान और भारतीय दर्शन जैसे विषय पढ़ाए जाते थे। भारतीय गणित के प्रणेता और शून्य के आविष्कारक आर्यभट्ट छठी शताब्दी ईसवी के दौरान नालंदा के प्रतिष्ठित शिक्षकों में से एक रहे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार के राजगीर में नालंदा विश्वविद्यालय के नए परिसर का उद्घाटन किया है। इसी के साथ सदियों के बाद नालंदा विश्वविद्यालय पूरे विश्व में ज्ञान के प्रसार के लिए उठ खड़ा हुआ है। 455 एकड़ में 1749 करोड़ की लागत से बना नालंदा का नया परिसर केवल कंकरीट की एक इमारत भर नहीं है, बल्कि इस इमारत के निर्माण से हमारे देश का गौरवशाली इतिहास पुनजीर्वित हुआ है। यह भारत को विश्व गुरु बनाने के लक्ष्य की ओर बढ़ा एक महत्वपूर्ण कदम है जिसके जरिए समूची दुनिया में ज्ञान की अलख जगाने के साथ-साथ एक नया इतिहास रचा जाना तय हो गया है।

सदियों पहले समूचे विश्व के लिए ज्ञान का सागर बने जिस नालंदा को आक्रांताओं ने जलाकर खाक और तहस-नहस कर दिया था, उसका पुनरुत्थान एक बहुत बड़ा और युगांतकारी कदम है। नालंदा में प्राचीन विश्वविद्यालय के खंडहरों के पास नई इमारत की तामीर हमें गौरवान्वित कर रही है। वैसे तो इमारतें रोज बनती हैं, मगर नालंदा में यह नव निर्माण अनूठा है, देश के लिए गर्व का विषय है। नालंदा में मोदी ने कहा भी है कि ''मैं नालंदा को भारत की विकास यात्रा के लिए एक शुभ संकेत के रूप में देखता हूं। नालंदा केवल नाम नहीं है। नालंदा एक पहचान है, एक सम्मान है। नालंदा एक मूल्य है, नालंदा मंत्र है, गौरव है, गाथा है। नालंदा है उद्घोष इस सत्य का कि आग की लपटों में पुस्तकें भले जल जाएं, लेकिन आग की लपटें ज्ञान को नहीं मिटा सकतीं। नालंदा के ध्वंस ने भारत को अंधकार से भर दिया था। अब इसकी पुनर्स्थापना भारत के स्वर्णिम युग की शुरुआत करने जा रही है।'' नालंदा में लगाई गई आग किसी इमारत, पुस्तकालय को नष्ट करने का नहीं, बल्कि भारत के गौरव को आहत करने का प्रयास था, क्योंकि प्राचीन मगध साम्राज्य (आधुनिक बिहार) में 5 वीं शताब्दी ई. में स्थापित नालंदा विश्वविद्यालय का नाम समूची दुनिया में था। इसमें दुनिया भर के दस हजार विद्यार्थी पढ़ते थे।

दुनिया के पहले आवासीय विश्वविद्यालय के रूप में नालंदा विश्वविद्यालय का वैभव ही ऐसा था जिसने चीन, कोरिया, जापान, तिब्बत, मंगोलिया, श्रीलंका और दक्षिण पूर्व एशिया सहित दुनियाभर के विद्वानों को आकर्षित किया। नालंदा में चिकित्सा, आयुर्वेद, बौद्ध धर्म, गणित, व्याकरण, खगोल विज्ञान और भारतीय दर्शन जैसे विषय पढ़ाए जाते थे। भारतीय गणित के प्रणेता और शून्य के आविष्कारक आर्यभट्ट छठी शताब्दी ईसवी के दौरान नालंदा के प्रतिष्ठित शिक्षकों में से एक रहे। इतिहासकारों के अनुसार सदियों पहले नालंदा में दाखिला आसान नहीं था। यहां प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थियों को कठिन साक्षात्कार प्रक्रिया से गुजरना पड़ता था। यह सब इतना वैभवशाली था, जो आसुरी शक्तियों और विनाशकारी सोच वालों से देखा नहीं जा रहा था। आसुरी शक्तियों ने समय-समय पर हमारे वैभव को मिटा कर हमें निराश, हताश और आहत करने के लिए प्रयास किए। अतीत में समय चक्र कुछ ऐसे चला जिससे आसुरी शक्तियां हावी हो गईं। विदेशी आक्रांताओं की वजह से एक लंबे कालखंड तक देश में प्रतिकूल हालात बने रहे। आक्रांताओं ने हमारे नालंदा जैसे विशाल भवन नष्ट कर दिए।

हमारे अस्तित्व के खात्मे की कोशिशें की गईं, मगर वह ज्ञान को भला किस प्रकार मिटा पाते। उस ज्ञान को कैसे मिटाते, जो हमारे सहज स्वभाव में है। वक्ती तौर पर भवनों को ढहा देने वाले आक्रांता खुश होकर चले गए, लेकिन जिस प्रकार काले बादलों का अंधेरा छंटने पर सूर्य की सप्त रश्मियां वातावरण को फिर से जगमग कर देती हैं, उसी प्रकार राष्ट्रीय महत्व के संस्थान और उत्कृष्टता के रूप में नामित नालंदा विश्वविद्यालय से पुनः शिक्षा का उजियारा फूटना शुरू हो गया है। मैं चार दशक से ज्यादा समय दिल्ली यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर रहा हूं। एक शिक्षक के रूप में लंबे अनुभव की बदौलत मेरी यह मान्यता है कि शिक्षा और विकास एक-दूसरे के पूरक हैं। शिक्षा की सीढ़ी पर चढ़कर ही विकास की प्रत्येक मंजिल पर पहुंचा जा सकता है।

यदि हम आजादी के सौ साल पूरे होने के अवसर पर वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित देश के रूप में देखना चाहते हैं तो यह शिक्षा की बदौलत ही संभव है, लेकिन यह इतना सरल और सहज नहीं है। इसके लिए देश के विश्वविद्यालयों के लिए जमकर काम करना होगा। सरकारी विश्वविद्यालयों को ऊर्जावान बनाना होगा। सभी राज्यों को अपने-अपने विश्वविद्यालयों का ढांचा मजबूत करने के लिए होड़ लगानी पड़ेगी। अभी देश में प्राथमिक शिक्षा से लेकर स्नातकोत्तर तक शिक्षा और सरकारी विश्वविद्यालयों की जो हालत है, वह बेहद चिंताजनक हैं। आजादी के बाद सत्तर सालों में शिक्षा को नजरअंदाज ही किया गया है। बजट में शिक्षा के लिए पर्याप्त प्रावधान नहीं किए गए। इसी कारण हमारे सरकारी विश्वविद्यालय और अन्य उच्चतर संस्थान पिछड़ गए। हमारे देश में निजी विश्वविद्यालय निरंतर विस्तार कर रहे हैं, पैसा कमा रहे हैं, लेकिन इसके विपरीत यूजीसी की फंडिंग वाले विश्वविद्यालय पिछड़ रहे हैं।

हमारे ज्यादातर विश्वविद्यालयों का बुनियादी ढांचा मजबूत नहीं है। उनमें विश्व स्तरीय स्मार्ट क्लास रूम का अभाव है। अच्छे ऑडिटोरियम, लाइब्रेरी, एकेडमिक ब्लॉक्स और बेहतरीन लैब की कमी खलती है, जो भारत प्राचीन काल में समूचे विश्व में शिक्षा का प्रमुख केन्द्र था, जिस भारत में उच्च शिक्षा के दुनिया के पहले विश्वविद्यालयों में शामिल सर्वाधिक महत्वपूर्ण और विख्यात नालंदा विश्वविद्यालय की स्थापना हुई, उस भारत में विश्वविद्यालयों की मौजूदा स्थिति विचारणीय है। इस वजह से देश में उच्च शिक्षा गुणवत्ता के लिहाज से पिछड़ रही है। धनवान लोगों के बच्चे तो उच्च शिक्षा के लिए विदेश चले जाते हैं और वहीं करियर बनाकर बस भी जाते हैं। आम लोगों के बच्चे निजी विश्वविद्यालयों में शोषण झेल रहे हैं। यूजीसी फंडिंग वाले विश्वविद्यालयों की स्थिति सुधारी जाए तो हालात बदले जा सकते हैं। ऐसा तभी संभव है, जब हम हमारे विश्वविद्यालयों को विश्व रैंकिंग में लाएंगे। उन्हें बड़ा ब्रांड बनाने की दिशा में काम करेंगे।

## जनता को भी मिले बैंकों के लाभ का फायदा


संजीव मेहरोत्रा
बरेली

विगत कुछ वर्षों से सार्वजनिक बैंको ने काफी अच्छा लाभ कमाया है। वर्ष 2023-2024 के लाभ की बात की जाए तो सभी 12 राष्ट्रीकृत बैंकों ने 141203 करोड़ का शुद्ध मुनाफा कमाया है, जबकि विगत 2022-2023 में यह लाभ 104649 करोड़ था। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि सरकार क्यों इनमें से कुछ बैंकों को निजी क्षेत्र में देने की सोच रही है? 1969 में बैंकों के राष्ट्रीयकरण की शुरुआत हुई थी, लेकिन विगत वर्षों में कुछ बैंको के विलय हो जाने से मात्र 12 ही राष्ट्रीयकृत बैंक बचे हैं, जिन्हें आज भी नवरत्न कहना असंगत न होगा।

सरकार को अपनी सोच बदलकर न केवल इनका वर्तमान स्वरूप बनाए रखने की जरूरत है, बल्कि वर्तमान निजी बैंकों को भी राष्ट्रीयकृत घोषित करने की जरूरत है। आखिर जनता की जमा राशियों को सुरक्षित हाथों में रखने की भी जरूरत है।

सरकार को चाहिए कि वो इस बात को समझे कि जनता की निधि जनता के हितों और सामाजिक लाभ के लिए ही हो, न कि प्राइवेट लूट के लिए, आने वाले बैंक राष्ट्रीयकरण दिवस पर यह मांग बैंक कर्मचारियों की ओर से उठने जा भी रही है। जब सभी राष्ट्रीयकृत बैंकों ने आशा से अधिक लाभ कमा कर दिया है तो जनता पर लगाए गए अधिभारों जैसे एसएमएस चार्जेज, एटीएम से नकद निकासी चार्जेज, पासबुक, चेकबुक चार्जेज, नकदी जमा चार्जेज, को समाप्त करने, जमाराशियों पर ब्याज दरें बढ़ाने और प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र में ब्याज कम कर जनता को राहत दिए जाने का समय आ गया है। क्या हमारी यह सरकार इस पर विचार करेगी?

## सनातन सहिष्णुता


डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

ओटीटी नेटफ्लिक्स पर आई महाराज फिल्म देखी। एक सत्य ऐतिहासिक पृष्ठभूमि के बावजूद यह प्रभावित नहीं करती। यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि जितनी स्वतंत्रता फिल्मकार हिन्दू धर्म की विकृतियों को उघाड़ने में लेते हैं, दूसरे धर्मों की नुक्ताचीनी में उनकी घिघ्घी क्यों बंधी रहती है?

क्या यह हिन्दू धर्म की सनातन सहिष्णुता का नाजायज फायदा उठाना नहीं है? इस लिहाज से महाराज ओटीटी फिल्म को यदि वल्लभाचार्य संप्रदाय के अनुयायियों द्वारा अदालत में दी गई चुनौती कि उनकी भावनाओं को फिल्म द्वारा आहत किया गया है, उचित है अथवा अनुचित अदालत को फैसला करना है। महाराज से जुड़े अदालती मामले की विस्तृत जानकारी गूगल पर उपलब्ध है।

फिल्म 1862 की एक सच्ची घटना से संबंधित है जिसमें एक वैष्णवपंथी दुराचारी मठाधीश हवेली में चरणसेवा के नाम पर नारियों का दैहिक मानसिक शोषण करता रहता है और धर्म तथा परंपरा के नाम उसको उचित ठहराता है। नायक जब धर्म के नाम पर दुराचार का विरोध करता है और अपने पक्ष में जन जागरण करता है तो महाराज द्वारा अदालत में उसके विरुद्ध मानहानि का मुकदमा दायर किया जाता है। अंग्रेजी कोर्ट का फैसला महाराज के विरुद्ध आता है। फिल्म में महाराज के अभिनय के अलावा सभी दूसरे पात्र बहुत फीके हैं। संवाद प्रभावशाली हैं, पर उनकी अदायगी बेदम है। न भी देखेंगे तो चलेगा।

इसके साथ ही अन्नू कपूर की "हम दो हमारे बारह" भी अदालती प्रक्रिया से गुजरकर तनिक कतर ब्योत के साथ रिलीज हो गई है जिस पर मुस्लिम समुदाय का एक बड़ा वर्ग आहत है। फिल्म अभी मैंने देखी नहीं इसलिए उस पर टिप्पणी करना मुनासिब नहीं है।

# उत्तराखंड में हादसों की सड़कें


दीपक नौगांई
शिक्षक, नैनीताल

> देवभूमि में बढ़ती सड़क दुर्घटनाएं चिंता का सबब हैं। सड़क दुर्घटनाएं रोकने के लिए सबसे पहले सभी सड़कों की हालातों को ठीक किया जाए। जिम्मेदार विभागों और अधिकारियों की जवाबदेही तय होनी चाहिए तथा लापरवाही पर सख्त सजा का प्रावधान हो। रात में वाहन चलाने पर तत्काल रोक लगा दी जानी चाहिए। हर सड़क पर परिवहन विभाग के अधिकारियों के नाम और उनके फोन नंबर के डिस्प्ले होने चाहिए। हर माह सड़कों की मॉनिटरिंग हो तथा सड़क गड्ढा मुक्त हो।

पिछले कुछ महीनों से पहाड़ी राज्य उत्तराखंड में सड़क दुर्घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं और खूनी सड़कें लगातार लोगों की जिदंगियां ले रही हैं। गत 15 जून को रुद्रप्रयाग जिले में बदरीनाथ हाईवे पर दिल्ली से आए एक टेंपो ट्रैवलर के अलकनंदा नदी में गिर जाने से पंद्रह लोगों की मौत हो गई। दुर्घटना का कारण टेंपो ट्रैवलर के ड्राइवर को नींद आना बताया जा रहा है। झपकी आने के कारण ड्राइवर स्टेरिंग से नियंत्रण खो बैठा और टेंपो ट्रैवलर सीधे नदी में जा गिरा। लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाएं सड़क सुरक्षा पर कई प्रश्नचिन्ह खड़े कर रही है।

इस दुर्घटना के कुछ दिन बाद पौड़ी गढ़वाल जनपद में भी दो सड़क दुर्घटनाएं हुईं। खिरसू के पास एक स्विफ्ट कार अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी। हादसे में चार लोगों की मौके पर ही मृत्यु हो गई। वही सतपुली में एक टाटा सुमो के खाई में गिरने से 10 लोग बुरी तरह घायल हो गए। इसके अतिरिक्त आए दिन पहाड़ में सड़क दुर्घटनाएं देखने को मिल रही हैं।

इस समय उत्तराखंड में पर्यटन सीजन चल रहा है। सड़कों पर गाड़ियों की भरमार है। पर्यटन स्थलों और चार धामों जाती सड़कों पर लंबा जाम लग रहा है। ज्यादातर सड़क हादसे चालकों की लापरवाही से होते हैं। मैदानी सड़कों पर चलने वाले ड्राइवरों को पहाड़ की घुमावदार सड़कों पर वाहन चलाने का अनुभव नहीं होता। उन्हें सड़कों की स्थिति का पता नहीं होता कि कहां सड़कें संकरी हैं, कहां घुमावदार मोड़ है और कहां सीधी चढ़ाई या तीव्र ढलान। जरा सी लापरवाही हुई नहीं कि वाहन दुर्घटना का सबक बन जाता है।

नशे में गाड़ी चलाना भी सड़क दुर्घटना का एक प्रमुख कारण है। रात के समय अधिकांश ड्राइवर नशे में गाड़ी चलाते हुए पकड़े गए हैं। नशा और ऊपर से तेज गाड़ी चलाने के कारण भी दुर्घटनाएं होती हैं। पहले पहाड़ में रात के समय गाड़ी चलाना मना था, लेकिन अब नियमों में थोड़ी डील मिलने से ड्राइवर रात को भी धड़ल्ले से गाड़ी चला रहे हैं। नतीजन कई बार चालकों को झपकी आने से भी दुर्घटनाएं हो जाती हैं। रुद्रप्रयाग जनपद में हुई घटना के बाद प्रशासन ने रुद्रप्रयाग जिले में रात में वाहन चलाने पर रोक लगा दी है।

दूसरे कारणों में सड़कों की स्थिति और बनावट है। पहाड़ी इलाकों में खासकर संपर्क मार्गों की स्थिति ज्यादा अच्छी नहीं हैं। लगातार होते भूस्खलनों के कारण भी सड़कों की स्थिति खराब है। कई जगहों पर सड़कें बहुत संकरी और टूटी हैं तो कहीं सड़कों में गड्ढे हैं। कहीं सड़क किनारे सुरक्षा के लिए लगाए गए पैराफिट ही नहीं हैं। इसके अतिरिक्त कई सड़कों में वर्षों से डामरीकरण नहीं हुआ है। दुर्घटना के लिए चाहे वाहन चालक की लापरवाही हो या सड़क की बदतर स्थिति, दोनों ही सूरत में जिम्मेदारी सरकारी विभागों की ही होती है, क्योंकि सड़क बनाना, वाहन की फिटनेस, सड़क नियमों का पालन कराना, वाहन चालकों को लाइसेंस देना, इन सब में सरकारी विभागों की ही भागीदारी और जिम्मेदारी है।

देवभूमि में बढ़ती सड़क दुर्घटनाएं चिंता का सबब हैं। सड़क दुर्घटनाएं रोकने के लिए सबसे पहले सभी सड़कों को ठीक किया जाए। जिम्मेदार विभागों और अधिकारियों की जवाबदेही तय होनी चाहिए तथा लापरवाही पर सख्त सजा का प्रावधान हो। रात में वाहन चलाने पर तत्काल रोक लगा दी जानी चाहिए। हर सड़क पर परिवहन विभाग के अधिकारियों के नाम और उनके फोन नंबर के डिस्प्ले होने चाहिए। हर माह सड़कों की मॉनिटरिंग हो तथा सड़क गड्ढा मुक्त हो। वाहन चालकों को जागरूक और प्रशिक्षित किए जाने की भी आवश्यकता है।

# परीक्षा में धांधली रोकने को कड़ाई जरूरी


सलिल पांडेय
मिर्जापुर

> ऐसे में उन अभ्यर्थियों की हालत बड़ी खराब हो जाती हैं जिनके माता-पिता किसी प्रकार जमीन-जायदाद बेचकर या गिरवीं रखकर अपने बच्चों की कोचिंग फीस आदि की व्यवस्था करते हैं।

केंद्र तथा राज्य सरकारों की प्रतियोगी परीक्षाओं के लीक होने से चतुर्दिक अफरातफरी की स्थिति हो जाती है। इस वक्त तो केंद्र की नीट एवं यूजीसी नेट का मामला सामने है, लेकिन इसके पहले यूपी में कई प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक हुए तथा पैसे के बल पर बेचे गए। इसका जबर्दस्त विरोध भी हुआ। हिंसक झड़पें हुईं। इसके अलावा विपरीत आर्थिक परिस्थितियों में अनेक अभ्यर्थियों ने आत्महत्याएं भी कर ली। यह अत्यंत दुर्भाग्यजनक है। उन अभ्यर्थियों की हालत बड़ी खराब हो जाती हैं जिनके माता-पिता किसी प्रकार जमीन जायदाद बेचकर या गिरवीं रखकर अपने बच्चों की कोचिंग फीस आदि की व्यवस्था करते हैं। जिन अभिभावकों के पास पर्याप्त धन है तो उनके ऊपर इस तरह का आर्थिक बोझ भले न पड़ता हो, लेकिन बच्चों पर विपरीत मानसिक दवाब पड़ता है। इसी में पैसे से सब कुछ हासिल करने वाले बच्चे और उनके अभिभावक लाखों रुपए तक खर्च कर एडवांस में पेपर प्राप्त कर लेते हैं। उनकी सेहत पर लीक से कोई असर नहीं पड़ता। अभी लोकसभा चुनाव के पूर्व यूपी में पुलिस परीक्षा का पेपर भी लीक हुआ। लीक पेपरों की प्रारंभिक जांच में इस तरह की बातें सामने आ रही हैं कि लीक करने वाले सामान्य स्तर के नहीं होते। मध्य प्रदेश के व्यापम मामले की याद ताजा होती रहती है।

पेपर सुचारु और पवित्र हो, इस दायित्व में फिलहाल सरकारी मशीनरी फेल दिखती है। स्मरणीय है कि लोकसभा तथा विधानसभा चुनावों में भी बड़ी अव्यवस्था होती थी, लेकिन जब से अर्धसैनिक बलों की देखरेख में चुनाव की जिम्मेदारी आई तब से चुनावों में हिंसा, मारकाट एवं हानि बहुत कम हुई है। ऐसी स्थिति में यदि सरकारी तंत्र परीक्षा संपन्न कराने में असफल हो रहा है तो हर तरह की प्रतियोगी परीक्षा में भी अर्धसैनिक बलों का इस्तेमाल किया जाए। पेपर बनाने, परीक्षा कराने से लेकर रिजल्ट आउट होने तक सारा इंतजाम अर्धसैनिक बलों की निगरानी में किया जाए। केवल कुछ सख्त कानून से काम नहीं चलेगा, इसके लिए कड़ाई बरतने की भी जरूरत है।

## एक नजर

### करंट से वृद्ध की मौत

**मुसाफिरखाना, अमेठी।** कोतवाली क्षेत्र के पूरे मंगल सिंह मजरे हरदोइया निवासी दयाराम उम्र लगभग 78 वर्ष पुत्र घिरई गांव के निकट पेड़ के नीचे आम बिनने गए थे कि अचानक पैर फिसल जाने के कारण बगल के खेत में झटका मशीन के तार के ऊपर गिर पड़े जिससे उसकी मौत हो गई मृतक की पत्नी कोयला देवी की तहरीर पर कोतवाली पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव का पंचनामा कराकर विधिक कर वही करते हुए औपचारिकता पूर्ण की।

### पॉक्सो एक्ट में वांछित को किया गिरफ्तार

**गौरीगंज अमेठी ।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में शनिवार को उनि गौतम प्रसाद थाना गौरीगंज मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन व तलाश वांछित अभियुक्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 150/24 धारा 363,366 भादवि व 16/17 पॉक्सो एक्ट थाना गौरीगंज जनपद अमेठी में वांछित अभियुक्त दिनेश पुत्र रामकेवल निवासी लोधन की सरैया मजरे सरांय हृदयशाह थाना गौरीगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 24 वर्ष को नेता रोड दयालापुर तिराहा के पास से समय करीब 7 :40 बजे प्रात : गिरफ्तार किया गया । थाना गौरीगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही कर जेल भेज दिया है ।

### संदिग्ध परिस्थितियों में मोर की मौत

**अमेठी।** टिकरिया गांव के पास मालती नदी में एक मोर संदिग्ध अवस्था में मृत पाया गया बनकर्मियों ने उसका पोस्टमार्टम करा कर शव को दफना दिया। शनिवार को दोपहर बाद मालती नदी में एक- मोर मृत मिला ग्रामीणों ने मामले की जानकारी पीआर वी तथा वन विभाग को दिया वन कर्मियों की टीम वनदरोगा सुरेन्द्र प्रताप के नेतृत्व में मौके पर पहुंची और उसका पोस्टमार्टम कराया वन क्षेत्राधिकार ने बताया मोर के शव का पोस्टमार्टम कराया गया है शायद गर्मी के चलते उसकी मौत हो गई है उसके बाद उसे दफना दिया गया।

### पॉक्सो एक्ट के दो वांछित किए गए गिरफ्तार

**शुकुल बाजार , अमेठी।** जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के घर पकड़ हेतु अभियान थाना अध्यक्ष बाजार शुकुल मय हमारा द्वारा देखभाल क्षेत्र चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति वस्तु वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर साईगंज चौराहे के पास से करीब 11 :00 बजे 51/24 में वंचित अभियुक्त 1 श्री राम पुत्र सहबू निवासी ग्राम हुसैनपुर थाना बाजार जनपद अमेठी उम्र करीब 51 वर्ष व अभियुक्त 2 कंचन लता पत्नी धर्मेंद्र कुमार निवासी ग्राम रेहुरा थाना सुबेहा जनपद बाराबंकी को गिरफ्तार किया थाना बाजार शुक्ल पुलिस द्वारा विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# डीएम-एसपी ने सुनीं जनसमस्याएं

## प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण करने के दिए निर्देश

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** शासन के निर्देश पर जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से आज माह के चतुर्थ शनिवार को जनपद के सभी थानों में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें जिलाधिकारी निशा अनंत व पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने मुसाफिरखाना थाने में आयोजित थाना समाधान दिवस में पहुंचकर जन समस्याओं को सुना एवं उनके गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने मौके पर मौजूद सभी लेखपालों से उनके क्षेत्रों की समस्याओं के बारे में जानकारी ली तथा कहा कि जो भी शिकायतें हैं उनका जल्द से जल्द निस्तारण सुनिश्चित कराया जाए।

उन्होंने सभी लेखपालों तथा कानूनगो को निर्देशित किया कि उनके क्षेत्रों में जो भी समस्याएं हैं चाहे भूमि विवाद से संबंधित हो तथा नाली, चकमार्ग पर कब्जे, सरकारी भूमि पर कब्जे, तालाबों पर कब्जे, अवैध अतिक्रमण इत्यादि से संबंधित शिकायतें हो उनको तत्काल संज्ञान में लेकर निस्तारण कराया जाए तथा जहां पर पुलिस बल की आवश्यकता हो वहां पर संबंधित थाने से संपर्क कर पुलिस टीम के साथ मौके पर जाकर शिकायत का निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी लेखपाल तथा कानूनगो के क्षेत्र में कोई भी शिकायत लंबित पाई गई तो संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी। आज थाना दिवस के दौरान प्राप्त शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी मुसाफिरखाना प्रीति तिवारी, थानाध्यक्ष मुसाफिरखाना, लेखपाल व कानूनगो सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।



थाना समाधान दिवस पर लोगों की शिकायत सुनते डीएम और एसपी।

## अधिकारी जन समस्याओं का तत्काल करें समाधान

**मुसाफिरखाना ,अमेठी।** शासन के निर्देश पर जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से शनिवार को माह के चतुर्थ शनिवार को जनपद के सभी थानों में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें जिलाधिकारी निशा अनंत व पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने मुसाफिरखाना थाने में आयोजित थाना समाधान दिवस में पहुंचकर जन समस्याओं को सुना एवं उनके गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। थाना दिवस में 13 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें मौके पर एक शिकायत का भी निस्तारण संभव नहीं हो सका । जिलाधिकारी ने पांच टीमें गठित कर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने मौके पर मौजूद सभी लेखपालों से उनके क्षेत्रों की समस्याओं के बारे में जानकारी ली तथा कहा कि जो भी शिकायतें हैं उनका जल्द से जल्द निस्तारण सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने सभी लेखपालों तथा कानूनगो को निर्देशित किया कि उनके क्षेत्रों में जो भी समस्याएं हैं चाहे भूमि विवाद से संबंधित हो तथा नाली, चकमार्ग पर कब्जे, सरकारी भूमि पर कब्जे, तालाबों पर कब्जे, अवैध अतिक्रमण इत्यादि से संबंधित शिकायतें हो उनको तत्काल संज्ञान में लेकर निस्तारण कराया जाए तथा जहां पर पुलिस बल की आवश्यकता हो वहां पर संबंधित थाने से संपर्क कर पुलिस टीम के साथ मौके पर जाकर शिकायत का निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी लेखपाल तथा कानूनगो के क्षेत्र में कोई भी शिकायत लंबित पाई गई तो संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी। आज थाना दिवस के दौरान प्राप्त शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी मुसाफिरखाना प्रीति तिवारी, थानाध्यक्ष मुसाफिरखाना विवेक कुमार सिंह, लेखपाल व कानूनगो सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

## शुकुल बाजार में आई नौ शिकायत, दो का निस्तारण

**शुकुल बाजार, अमेठी ।** शासन के निर्देश पर जन समस्या के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से आज माह के चतुर्थ शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें नायब तहसीलदार प्रशांत सिंह थाना दिवस में पहुंचकर जन समस्याओं को सुना एवं उनके गुणवत्ता निस्तारण हेतु मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया थाना दिवस पर नौ शिकायते आई जिसमें दो का निस्तारण हो सका एक शिकायत राजस्व विभाग से वहीं एक शिकायत पुलिस विभाग से निस्तारण हुआ थाना अध्यक्ष तनुज पाल समस्त कानून गो व लेखपाल सहित अन्य मौजूद रहे।

# इन्हौना थाने के दो दरोगा व एक सिपाही को अमेठी एसपी ने किया सस्पेंड

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार ।** मत्स्य पालक किसान से पट्टे के तालाब में खुदाई करते समय जेसीबी को थाने में बंद करना व अभद्रता करते हुए किसान के जेब से 4 हजार रुपए छीनना दो दरोगा व एक सिपाही को महंगा पड़ा है। प्रथम दृष्टया जांच में दोषी पाए जाने पर अमेठी एसपी द्वारा बड़ी कार्यवाही करते हुए आरोपी दोनों दरोगा व एक सिपाही को सस्पेंड कर जांच मुसाफिरखाना क्षेत्राधिकारी को सौंपा गया है। पीड़ित किसान ने पुलिसकर्मियों पर जेसीबी को छोड़ने के लिए 20 हजार रुपए की मांग की और पैसे न देने पर मुकदमा दर्ज कर जेल भेजने की धमकी देने का भी आरोप लगाया था।

पूरा मामला इन्हौना थाना क्षेत्र के शेखनगांव गांव का है। जहां के रहने वाले महरूफ अहमद को मत्स्य पालन के लिए तालाब का पट्टा मिला था। तालाब के बंधे को मजबूत करने के लिए महरूफ द्वारा जेसीबी से काम करवाया जा रहा था। तभी इन्हौना थाने में तैनात उप निरीक्षक अमरचंद्र शुक्ला, उप निरीक्षक वीरेंद्र राय और सिपाही जनार्दन सिंह मौके पर पहुंचे और अभद्रता करते हुए माहरूफ की जेब से चार हजार रुपए छीनकर जेसीबी को थाने ले जाकर बंद कर दिया और गाड़ी छोड़ने के एवज में 20 हजार रुपए मांगने लगे।

### पुलिसकर्मियों पर पिटाई का भी लगाया आरोप

वही पीड़ित किसान महरूफ ने बताया कि उन्हें मछली पालन के लिए तालाब का पट्टा मिला था जिस पर वह जेसीबी से तालाब के चारो तरफ बंधे को बनवा रहे था। तभी राय दरोगा, शुक्ला दरोगा और जनार्दन सिपाही मौके पर पहुंचे और 20 हजार रुपए मांगने लगे। जब मैंने मना किया तो उन लोगों ने गाली देते हुए मारा पीटा और जेब में रखे चार हजार रुपए छीन लिए । और जेसीबी को थाने ले जाकर बंद कर दिया।

## टेंपो की टक्कर से बालिका घायल

**अमेठी,अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के महादेवन थौरा गांव में सामान लेने जा रही एक बालिका को टेंपो टक्कर मार दिया जिससे वह घायल हो गई उसका इलाज सीएचसी में हुआ। शनिवार को ग्राम महादेवन थौरा गांव में नौ वर्षीय शीतल सामान लाने जा रही थी तभी एक टैम्पो उसे टक्कर मार कर घायल कर दिया परिजन उसे इलाज कराने सीएचसी अमेठी ले गए जहां उसका इलाज हुआ।

## सार-संक्षेप

### पूर्णिमा पर भक्तों में बांटा गया प्रसाद



प्रसाद ग्रहण करते लोग। अमृत विचार

**भेटुआ , अमेठी,अमृत विचार ।** ज्येष्ठ माह की पूर्णिमा सबसे पवित्र और शुद्ध मानी जाती है। शास्त्री सत्यम पाण्डेय ने बताया कि इस पूर्णिमा मे स्नान दान व प्रसाद वितरण से विशेष फल मिलता है। शनिवार को टिकरी चौराहे पर अग्रहरि समज की महाराजा अग्रसेन समिति द्वारा चने के छोले का प्रसाद वितरण किया । हजारों की संख्या मे आने जाने वाले रहगीरो ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर विंध्या प्रसाद अग्रहरि,अर्पित अग्रहरि सोनू अग्रहरि, बनवारी लाल,सजनलाल ,रमेश कुमार, किशन कुमार जगन्नाथ अग्रहरि,शुभम कुमार,रघुनन्दन,दिनेश कुमार,आदर्श अग्रहरि,महेन्द्र कुमार अग्रहरि,चन्दन कुमार,अरुण कुमार आदि शामिल रहे।

### नहर में पानी आने से किसानों के चेहरे खिले



नहर में बहता पानी । अमृत विचार

**तिलोई ,अमेठी,अमृत विचार ।** तहसील क्षेत्र से निकली बड़ी नहार तालाबो वा पोखरा मे पानी ना होने ना होने के चलते पशु पंछि बूंद बूंद पानी के लिए भटक रहे थे इस समस्या को लेकर पूरे जिले का जनमानस परेशान था कि शुक्रवार की रात ने पानी आ गया सुबह होते ही किसानो ने देखा तो वह खुशी से झूम उठे नहर मे पानी आ जाने से अब तालाबो मे और पुखरो मे पानी भर जायेगा ज़िस्से पशु पंछियों को पानी के लिए भटकाना नहीं पड़ेगा किसान श्याम लाल का का कहना है पानी आ जाने से अब धान की रोपाई अराम से हो जाएगी ।

### राष्ट्रीय पुरस्कार को दिव्यांगजन 15 तक करें आवेदन

**अमेठी,अमृत विचार।** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी नरेन्द्र कुमार पाण्डेय ने बताया कि दिव्यांगजनों एवं दिव्यांगता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों एवं जनपद में कार्यरत स्वैच्छिक संगठनों सेवायोजकों को प्रत्येक वर्ष 03 दिसम्बर को अन्तर्राष्ट्रीय दिवस ''विश्व दिव्यांग दिवस'' के अवसर पर राज्य सरकार एवं भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा 14 क्षेत्रों में पुरस्कार प्रदान किये जायेंगे। उन्होंने बताया कि उक्त क्षेत्रों के तहत स्वत : रोजगाररत दक्ष दिव्यांग व्यक्ति ,कर्मचारी, उत्कृष्ट दिव्यांग कर्मचारी, उत्कृष्ट सेवायोजक एवं प्लेसमेंट अधिकारी, व्यक्ति विशेष, उत्कृष्ट संस्था, उत्कृष्ट रोल मॉडल, दिव्यांगों के लिए बाधारहित वातावरण के निर्माण, दिव्यांगजन के पुर्नवासन के क्षेत्र में कार्य के लिए उत्कृष्ट जनपद, उत्कृष्ट लोकल लेवल कमेटी, उत्कृष्ट चैनेलाइजिंग एजेंसी, असाधारण सृजनात्मक कार्यो, उत्कृष्ट ब्रेलप्रेस, उत्कृष्ट एससेबल वेबसाइट तथा दिव्यांगजनों हेतु कार्यरत स्वैच्छिक संस्था के लिए पुरस्कार प्रदान किये जायेंगे। इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि दिव्यांगता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य हेतु राज्य स्तरीय पुरस्कार एवं राष्ट्रीय पुरस्कार इस वर्ष 03 दिसम्बर 2024 को अन्तर्राष्ट्रीय दिवस ''विश्व दिव्यांग दिवस'' के अवसर पर दिये जाने हेतु निर्धारित प्रारूप अथवा भारत सरकार की वेबसाइट www .socialjustie. nic .in पर 15 जुलाई 2024 तक तीन प्रतियों में आवेदन कर सकते है तथा विस्तृत जानकारी के लिए जनपद के जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, कक्ष संख्या-20 भूतल विकास भवन गौरीगंज के कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में सम्पर्क कर प्राप्त किया जा सकता है।

### पोलियो करेक्टिव सर्जरी को दिव्यांगजन कराएं पंजीकरण

**अमेठी,अमृत विचार ।** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी नरेन्द्र कुमार पाण्डेय ने बताया कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग उ0प्र0 लखनऊ द्वारा 0 से 5 वर्ष तक के बच्चे जिनको कान से सुनाई नहीं देता है उन बच्चों में ऑपरेशन के माध्यम से उच्च तकनीकी की सुनने की मशीन जिसकी कीमत 600000 है, को नि :शुल्क लगवाने तथा 0 से 18 वर्ष तक के पोलियो ग्रसित बच्चे ,युवक जिनके घुटनों का ऑपरेशन कर पैर सीधा किया जाना हो, को पोलियो करेक्टिव सर्जरी शल्य चिकित्सा योजना के अंतर्गत नि :शुल्क चिकित्सा कराए जाने हेतु इच्छुक दिव्यांगजन अपना रजिस्ट्रेशन यथाशीघ्र जनपद के कार्यालय जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, विकास भवन कमरा नं0-20 गौरीगंज में करा सकते हैं।

# क्षेत्र पंचायत की बैठक में ढाई करोड़ रुपये की योजनाओं पर लगी मुहर

शुकुल बाजार

**अमेठी।** स्थानीय विकास खंड के सभागार में शनिवार को ब्लॉक प्रमुख रहमतुल्ला निशा की अध्यक्षता क्षेत्र पंचायत की बैठक संपन्न हुई जिसमें बतौर मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य शैलेंद्र प्रताप सिंह व विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय विधायक सुरेश पासी मौजूद रहे।

बैठक शुरू होते ही खंड विकास अधिकारी अंजली सरोज ने बैठक का एजेंडा प्रस्तुत करते हुए, संचालित विकास योजनाओं को के बारे में सदस्यों को जानकारी दी। इसके पश्चात शुरू हुई क्षेत्र पंचायत की बैठक में जल संरक्षण व निकासी, परिषदीय विद्यालयों के सौंदर्यीकरण व भटमऊ के स्वास्थ उपकेंद्र के मरमतीकरण एवं सौंद्रीकरण के रूप में विकसित करने समेत कई प्रस्तावों का अनुमोदन किया गया।बैठक में भीषण गर्मी में जीव-जन्तुओं को पीने को पानी की व्यवस्था करने पर जोर दिया।पंचायत प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि एमएलसी शैलेंद्र प्रतापसिंह सभी ग्राम पंचायतों में जल संरक्षण व जल निकासी के लिए विशेष प्रबंध पूरी पारदर्शिता के साथ कराया जाएगा।

क्षेत्र पंचायत सदस्य भूपेंद्र विक्रम सिंह ने कई विभागों के अफसरों के अनुपस्थित रहने का मुद्दा उठाते हुए कार्रवाई की क्षेत्रीय विधायक सुरेश पासी से मांग की जिस पर विधायक सुरेश पासी ने जिम्मेदार अधिकारियों की बैठक में न आने पर नाराजगी व्यक्त की। सदस्यों ने अधिकारियों की अनुपस्थिति पर निंदा प्रस्ताव पारित किया। मैं मुख्यमंत्री से मिलकर आया हू। उन्होंने क्षेत्र के सर्वांगीण विकास को आश्वस्त किया है। क्षेत्र का कोई भी गांव विकास से अछूता नहीं रहेगा।

कार्यक्रम का संचालन एडीओ आईएसबी मनोज मिश्रा ने किया। एडीओ पंचायत अशोक ने जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार जताया। इस बैठक में 54 ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधान व 79 क्षेत्र पंचायत सदस्य, जिला पंचायत सदस्य मतीन, एडीओ पंचायत अशोक कुमार तथा शिक्षा विभाग, पशुपालन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, आंगनबाड़ी सहित समस्त विभागों के कर्मचारी मौजूद रहे।

# मसलक के अंदर मसलक क्या करेगा मुशावरत

जमीर सिद्दीकी, कानपुर

**अमृत विचार।** आल इंडिया मुस्लिम मजलिस मशावरत के 60 साल बाद एक बार फिर से सक्रिय होने की खबर अमृत विचार ने शनिवार के अंक में प्रमुखता से प्रकाशित की थी। इसे लेकर आल इंडिया सुन्नी उलमा काउंसिल ने मुशावरत की कवायद पर कई सवाल खड़े किए हैं। काउंसिल के महामंत्री हाजी मोहम्मद सलीस ने बयान जारी किया है कि वर्तमान में मुसलमानों का न तो कोई रहनुमा है और न ही कोई सियासी कायद मुसलमानों का एक भी संगठन ऐसा नहीं है जो उनकी आवाज उठा सके। इसकी वजह यह है कि मुसलमानों में मसलक के अंदर मसलक बने हुए हैं, हर मसलक के कई-कई शहरकाजी हैं।

आल इंडिया मुस्लिम मजलिस मशावरत को राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की तर्ज पर मजबूत बनाकर सक्रिय करने के संबंध में आल इंडिया सुन्नी उलमा काउंसिल के महामंत्री का कहना है कि मुसलमान मसलक में बंटे हुए हैं। शिया, सुन्नी, देवबंदी, अहले हदीस समेत कई फिरकों में मुसलमान बंटा है। पहले मुशावरत को इन सभी को एकजुट करने का काम करना होगा। मुस्लिम संगठनों से मुशावरत के लोग पहले संपर्क स्थापित करें। उन्हें हर मीटिंग में आने की दावत दें। सभी मसलक के लोगों को एक करें फिर मुसलमानों के बीच जाएं। मुशावरत को अपना संगठन राज्य, जिला और वार्ड स्तर पर मजबूत करना होगा। यूं ही संगठन बनाने से कुछ नहीं होने वाला है, क्योंकि संगठन तो रोज बनते हैं लेकिन मुसलमानों के दुख-दर्द में कोई मदद नहीं करता।

### पर्सनल लॉ बोर्ड अध्यक्ष मौलाना सैफ उल्लाह रहमानी भी सदस्य

आल इंडिया मुस्लिम मजलिस मशावरत के प्रमुख जिम्मेदार मोहम्मद सुलेमान का कहना है कि आल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के मौजूदा अध्यक्ष मौलाना सैफ उल्लाह रहमानी भी मुशावरत के सदस्य हैं। उनके अलावा कमाल फारुकी एवं सैयद कासिम रसूल इलियास ( आल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के कार्यकारिणी सदस्य) भी मुशावरत के सदस्य हैं। सुलेमान के मुताबकि सभी मुस्लिम संगठनों से संपर्क किया गया है, मुशावरत में देश भर के मुस्लिम बुद्धिजीवियों को लेने का काम शुरू किया गया है। कमाल फारुकी, मंजूर अहमद (आईपीएस), हाफिज आरए चौधरी, अहमद रशीद शेरवानी, अताउर्रहमान कासिमी, मुजतबा फारुक (औरंगाबाद), बशीर अहमद खान, सैयद तहसीन अहमद, अब्दुल अजीज (कोलकाता), उजमा नाहिद (मुंबई) के अलावा अनवारुल इस्लाम प्रमुख रूप से शामिल किए गए हैं। उन्होंने बताया देश के लगभग सभी मुस्लिम संगठनों से संपर्क साधा गया है, जो शेष रह गए हैं, उनसे भी संपर्क किया जा रहा है, सभी के सहयोग से मुशावरत को मजबूत किया जाएगा।

# एसपी ने परखा 112 पीआरवी का रिस्पांस टाइम

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** शनिवार की सुबह चार बजे एसपी ने पीआरवी की बेहतर रिस्पांस टाइम चेक करने के लिए आकस्मिक रूप से जिला मुख्यालय बुलाया। इस दौरान एसपी के निर्देश पर जिले की सभी पीआरवी दो पहिया चार पहिया वाहन अपने समय से मौके पर पहुँच गए, जिसके बाद एसपी ने पीआरवी पर तैनात सभी पुलिसकर्मियों को काम के प्रति संवेदनशील रहने का निर्देश दिया।

शनिवार तड़के सुबह 4 बजे पीआरवी की रिस्पांस टाइम चेक करने के लिए एसपी अनूप सिंह ने जिले की तीन सर्किलों अमेठी मुसाफिरखाना और गौरीगंज के सभी पीआरवी को एक तय समय के भीतर बताए गए स्थान पर पहुँचने का निर्देश दिया। एसपी के निर्देश पर पीआरवी की 17 चार पहिया और 14 दो पहिया वाहन निर्धारित समय से मौके पर पहुंची, जबकि एक गाड़ी मौके पर नहीं पहुंच पाई। बाद में पता चला कि किसी इवेंट में होने के कारण पीआरवी संख्या 4997 मौके पर नहीं पहुंच पाई। एसपी ने पीआरवी पर तैनात सभी पुलिस कर्मियों को इवेंट को कम से कम समय में पूरा करने, इवेंट के दौरान सायरन और हूटर का प्रयोग करने, पीड़ित को अल्प समय में सहायता पहुँचाने के साथ साथ उनके साथ सद्भावपूर्ण व्यवहार करने और अच्छी वर्दी पहनने के साथ ही काम के प्रति शालीन रहने का निर्देश दिया, जिससे कि आम जनमानस में पुलिस की अच्छी छवि बनी रहे। इस दौरान सीओ मयंक द्विवेदी, प्रभारी 112 समेत अन्य कर्मचारी और अधिकारी मौजूद रहे।

**अमृत स्टेशन योजना** | जेसीबी से नींव खोदने के दौरान निकाली गई मिट्टी के लगे ढेर से परेशान हो रहे यात्री

# उन्नाव स्टेशन के विकास का काम शुरू, बढ़ेंगी सुविधाएं

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** रेल अफसरों ने आखिरकार अमृत स्टेशन का निर्माण शुरू करवा दिया है। शुरू में खाली परिसर में निर्माण कराने के लिए नींव खुदाई शुरू हुई है। जेसीबी से की जा रही खुदाई से निकली मिट्टी का मौके पर ही अंबार लगा है। इससे तेज हवा चलने पर मिट्टी रेल यात्रियों की मुसीबतें बढ़ा रही है।

उल्लेखनीय है कि बीते वर्ष रेल मंत्रालय ने सांसद साक्षी महाराज से स्वीकृत अमृत स्टेशन का शिलान्यास कराया था। निर्माण कार्य न शुरू होने से 100 साल से अधिक पुराने भवन में जहां रेल कर्मियों को काम करने में कठिनाई होती है। वहीं दिव्यांग व बुजुर्ग यात्रियों को भी एक से दूसरे प्लेटफार्म तक आवागमन में मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। इसीलिए शिलान्यास के महीनों बाद भी निर्माण न शुरू होने से लोगों में नाराजगी है। अमृत विचार ने अमृत स्टेशन का निर्माण न शुरू होने को लेकर जनभावनाओं को उजागर किया था। स्टेशन परिसर में कुछ पुराने आवासों को ढहाने के बाद रेल अफसरों ने पहले खाली पड़ी जमीन पर निर्माण शुरू किया है। नए भवन निर्माण के लिए नींव की खुदाई शुरू हो गई है। जेसीबी से नींव खुदवाने का कार्य शुरू हो चुका है।

खुदाई से निकल रही मिट्टी मौके पर ही ढेर किए जाने से तेज हवा के साथ आसपास इलाके में फैल रही है। इससे रेल यात्रियों सहित क्षेत्रीय निवासियों को मुश्किलें हो रही हैं। खानपान दुकानदारों ने बताया कि ग्राहक मिट्टी को लेकर आपत्ति जताते रहते हैं। अभियंताओं का कहना है कि योजना के तहत नए भवन का निर्माण कराने के बाद आवश्यकतानुसार पुराने भवन का जीर्णोद्धार कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि युद्ध स्तर पर निर्माण कराते हुए, जल्दी से जल्दी अमृत स्टेशन तैयार कर दिया जाएगा।



रेलवे स्टेशन परिसर में भवन निर्माण के लिए की जा रही खुदाई। अमृत विचार

## अब सरपट पहुंच सकेंगे हाईवे व रेलवे स्टेशन

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** अर्से बाद नगर पालिका परिषद ने जहां लखनऊ-कानपुर रोड को स्टेशन से जोड़ने वाली सड़क का निर्माण शुरू करा दिया है। वहीं वर्षों से गड्ढों में तब्दील भूरीदेवी से लखनऊ-कानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग को जोड़ने वाली सड़क भी बनने लगी है। इन मार्गों का निर्माण शुरू होने से हजारों लोगों का आवागमन सुविधाजनक हो जाएगा।

उल्लेखनीय है कि सदर विधायक पंकज गुप्ता ने पालिकाध्यक्ष रहते हुए आईबीपी चौराहा से राष्ट्रीय राजमार्ग तक सड़क निर्माण कराया था। जल निकासी दुरुस्त न होने से हाट मिक्स प्लांट से बनी सड़क कुछ वर्षों बाद ही क्षतिग्रस्त हो गई थी, लेकिन पूर्व अध्यक्षों ने सड़क निर्माण की जहमत नहीं उठाई। इससे कई वर्षों से भूरीदेवी से हाईवे तक कई जगह वर्ष पर्यंत जलभराव बना रहता था। वहीं गड्ढों में तब्दील मार्ग से गुजरते हुए वाहन चालकों सहित सवारियों को काफी असुविधा होती थी। यह मार्ग न सिर्फ शहर के कुछ मोहल्लों को जोड़ता है, बल्कि बड़ौरा, बक्खाखेड़ा, पड़री व जमुका आदि गांवों के लोगों को भी शहर से जोड़ते हैं। पालिका ने जलभराव को देखते हुए इस बार डामरीकृत के बजाए इंटरलाक रोड बनवाना शुरू किया है। इसी तरह काफी व्यस्त रहने वाला पुराने लखनऊ-कानपुर रोड को स्टेशन से जोड़ने वाली सड़क का निर्माण भी पालिका ने शुरू करा दिया है। इससे रेल यात्रियों को बस स्टेशन सहित विभिन्न मोहल्लों तक आसान सफर की सुविधा प्राप्त हो जाएगी।



भूरीदेवी से राष्ट्रीय राजमार्ग को जोड़ने वाली सड़क पर होता निर्माण।

# जहरीले कीड़े के काटने से गई किसान की जान

संवाददाता औरास उन्नाव

**अमृत विचार।** खेत की रखवाली कर रहे किसान को जहरीले कीड़े ने काट लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे सीएचसी औरास ले गए। जहां चिकित्सक ने उसे गंभीर देख रेफर कर दिया। किसान की रास्ते में मौत हो गई।



कल्लू।

औरास थाना क्षेत्र के गांव दुर्गा गढ़ी के मजरा हिम्मत खेड़ा निवासी कल्लू (68) पुत्र पोहकर गांव किनारे खेत में मड़ैया डालकर रखवाली कर रहा था। शुक्रवार शाम सात बजे मड़ैया में रखी चारपाई बाहर डालने के लिये वह मड़ैया में गया। तभी वहां बैठे किसी जहरीले कीड़े ने उसे काट लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ने लगी। उसकी हालत देख परिजन उसे एम्बुलेंस से सीएचसी औरास ले गये। जहां चिकित्सकों ने उसे गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां से देरात परिजन उसे एम्बुलेंस से जिला अस्पताल ले जा रहे थे कि तभी रास्ते में उसकी मौत हो गई।

शनिवार सुबह बेटे ज्ञान की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव मोर्चरी भेज दिया।

# मुंबई में सरोवर में डूबने से प्रतापगढ़ के एकलव्य समेत चार की मौत

## ● ट्रैकिंग कर लौटते समय नहाने के दौरान हुआ हादसा

संवाददाता, रानीगंज प्रतापगढ़



अमृत विचार : ट्रैकिंग कर वापस लौटते समय सरोवर में नहाने के दौरान प्रतापगढ़ के एकलव्य समेत चार एनसीसी कैडेट्स की डूबने से मुंबई में मौत हो गई। मौत की खबर पर युवक के पैतृक घर आमापुर बेर्रा में मातम छा गया।

रानीगंज थाना क्षेत्र के आमापुरबेर्रा निवासी 20 वर्षीय एकलव्य सिंह पुत्र उमेश सिंह अपने माता पिता के साथ मुम्बई के नाला सुपारा में रहते थे। वह स्नातक कला संकाय में पढ़ाई के साथ एनसीसी कैडेट भी थे। दो बड़ी बहनों में एकलव्य दूसरे नंबर पर था और अपनी माता-पिता का इकलौता पुत्र था। शुक्रवार को मुंबई में एनसीसी कैंप द्वारा कालेज के एनसीसी से जुड़े छात्र छात्राओं को ट्रैकिंग के लिए मुम्बई में करजत ले जाया गया था। ट्रैकिंग करने के कारण कैडेट्स धूल मिट्टी से गंदे हो गए थे। इस कारण से रायगढ़ के खालापुर में मोरबे बांध के सरोवर में स्नान करने लगे। अचानक एकलव्य गहरे पानी में डूबने लगा। मदद के लिए वह जोर - जोर से चीखने लगा। उसे बचाने के लिए 18 वर्षीय रानाथ बांदा,20 वर्षीय इशांत यादव और 24 वर्षीय आकाश माने पानी में कूद पड़े। जानकारी होने पर एनसीसी के अधिकारी पहुंचे।सभी को डूबता देख अधिकारियों ने पानी में छलांग लगा दी। पानी से निकालकर एकलव्य और उसके तीन साथियों को स्थानीय अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने चारों को मृत घोषित कर दिया। एकलव्य की मौत से आमापुर बेर्रा गांव में शोक है।

# मुख्य हत्यारोपी की निशानदेही पर कपड़ा और चाबी बरामद

कुंडा प्रतापगढ़

**अमृत विचार :** ग्राम प्रधान हत्याकांड के मुख्य आरोपी इश्तियाक को पुलिस ने 24 घंटे के लिए रिमांड पर लिया। उसकी निशानदेही पर विवेचक सीओ ने खून से लथपथ कपड़ा और कार की चाबी बरामद किया। इसके बाद उसे जेल भेज दिया गया।

महेशगंज क्षेत्र के डिहवा जलालपुर ग्राम प्रधान करूणेश भारती उर्फ मम्मन की कुंडा के जमेठी लाला का पुरवा गांव के पास ताजपुर बाबूगंज मार्ग पर उन्हीं के कार में छह जून की शाम गला रेतकर हत्या कर दी गई थी। जिसके बाद मृतक ग्राम प्रधान के भाई सुशील की तहरीर पर पुलिस ने इश्तियाक को नामजद करते हुए एक महिला व पुरुष समेत तीन लोगों को नामजद करते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। जिसमें से पुलिस ने सरिता पत्नी संतोष सरोज, कुलदीप केशरवानी पुत्र स्व. स्वामीनाथ निवासी डिहवा जलालपुर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। मुख्य आरोपी इश्तियाक की तलाश पुलिस जुटी थी। उसने पांच दिन पूर्व न्यायालय में सरेंडर कर दिया था। सीओ कुंडा अजीत सिंह ने बताया कि रिमांड पर लिए गए आरोपी की निशानदेही पर खून से सने कपडे व कार की चाबी बरामद की गई है। इसके बाद आरोपी को शनिवार को जेल भेज दिया गया।

## बेल्हा का है एकेटीयू के 120 करोड़ की ठगी में शामिल जालसाज

**प्रतापगढ़ :** डा. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विवि (एकेटीयू) के बैंक खाते से 120 करोड़ अहमदाबाद के श्री श्रद्धा एजूकेशनल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट के खाते में धोखाधड़ी कर ट्रांसफर करा लिए गए। पुलिस ने ठगी करने वाले सात जालसाजों को गिरफ्तार कर 119 करोड़ रुपये भी वापस करा लिए। क्राइम ब्रांच की टीम ने लखनऊ के गिरीश चंद्रा,अमरौली सूरत के रहने वाले देवेंद्र जोशी, अहमदाबाद के उदय पटेल,उन्नाव के राजेश बाबू, महानगर लखनऊ के शैलेश कुमार, मुसाफिर खाना अमेठी के दस्तगीर आलम,गांधीनगर बस्ती के कृष्णकांत को गिरफ्तार किया कर लिया।

## सार-संक्षेप

### छेड़छाड़ पर सभासद समेत दो भाइयों पर मुकदमा

**प्रतापगढ़, अमृत विचार :** दुकान पर सामान लेने गई किशोरी को अगवा करने का प्रयास और छेड़छाड़ पर सभासद समेत दो भाइयों खिलाफ केस दर्ज किया गया है। कोतवाली देहात के कटरा मेदनीगंज नगर पंचायत कस्बे की महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि शुक्रवार रात करीब 8 .30 बजे उसकी 16 वर्षीय बेटी दुकान पर सामान लाने गई थी। इस दौरान मोहल्ले के ही इमरान पुत्र बरकत राइन व सभासद इब्ने राइन सुत बरकत राइन अपाचे बाइक से आये और उसकी बेटी को मोटर साइकिल पर बैठाने का प्रयास करने लगे। विरोध करने पर इमरान व इब्ने ने बेटी के साथ छेड़छाड़ की। पुलिस ने आरोपी सभासद और उसके भाई के खिलाफ अगवा करने का प्रयास,छेड़छाड़ समेत धाराओं में केस दर्ज किया। एसओ विनीत उपाध्याय ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### सेल्समैन से छिनैती में कार्रवाई न होने पर बंद किया पेट्रोल पंप

**गौरा प्रतापगढ़, अमृत विचार :** पेट्रोल पम्प कर्मी से मारपीट के मामले में कार्यवाही न किए जाने से नाराज साथ के पेट्रोल पंप कर्मियों ने विरोध जताते हुए एक घंटे तक पेट्रोल पंप बंद कर विरोध जताया और कार्रवाई की मांग की। रामापुर गांव का दीपांशु यादव रामापुर स्थित पेट्रोल पंप पर सेल्समेन का काम करता है। आरोप है कि शुक्रवार की देर शाम उससे तीन लोगों ने मारपीट कर नगदी भी छीन लिए थे। शनिवार को दोपहर में दीपांशु फतनपुर थाने में तहरीर देने गया तो कार्रवाई की बजाय पुलिस ने उसे ही बैठा लिया। इसकी जानकारी होने पर पेट्रोल पंप के अन्य कर्मियों ने पेट्रोल पंप बंद कर विरोध जताया। थानाध्यक्ष फतनपुर अभिषेक सिरोही ने बताया कि मारपीट हुई है। पूछताछ के लिए बैठाया गया है, दूसरे पक्ष को बुलाया गया है।

### एसओ कोहंड़ौर पर गिरी गाज, राधेश्याम को थाने की कमान

**प्रतापगढ़, अमृत विचार :** कार्य में लापरवाही पर एसपी सतपाल अंतिल ने कोहंड़ौर एसओ व चौकी इंचार्ज मदाफरपुर को लाइन हाजिर कर दिया है। कुछ दरोगा को बेहतर कार्य पर थाने की कमान दी है। शनिवार देर शाम एसपी द्वारा जारी सूची में एसओ कोहंड़ौर प्रीति कटियार को लाइन हाजिर कर दिया। मारपीट के एक मामले में उन्होंने केस लिखने में देर की। इससे विभाग की काफी किरकिरी हुई। मदाफरपुर चौकी प्रभारी एहसानुलहक खां को भी लाइन हाजिर कर दिया है। प्रभारी निरीक्षक लालगंज अवन कुमार दीक्षित को प्रभारी निरीक्षक थाना कन्धई बनाया गया है। प्रभारी निरीक्षक कंधई प्रदीप कुमार को थाना बाघराय की जिम्मेदारी दी गई है। निरीक्षक नीरज कुमार यादव क्राइम ब्रांच से थाना लालगंज का प्रभारी निरीक्षक,उप निरीक्षक राधेश्याम को थानाध्यक्ष दिलीपपुर से थानाध्यक्ष कोहंडौर,उप निरीक्षक निकेत भारद्वाज को थानाध्यक्ष बाघराय से थाना कोहंडौर, कोहड़ौर थाने में तैनात उप निरीक्षक विवेक कुमार मिश्र को दिलीपपुर थाने की कमान दी गई है।

### नैनी में युवक ने ट्रेन के सामने आकर दी जान

**नैनी, अमृत विचार :** औद्योगिक क्षेत्र थानांतर्गत मसिका रेलवे ट्रैक के आकर एक युवक ने जान दे दी। मृतक की शिनाख्त रोहित सिंह पटेल (25) पुत्र घनश्याम सिंह निवासी टंगहा का पूरा, तिलखवार, करछना के रूप में हुई। शिनाख्त होने के बाद परिजनों को घटना की सूचना दी है। घटना के पीछे पारिवारिक कलह बताया जा रहा है। मृतक के दो बच्चे एक लड़का और एक लड़की हैं। वह गैस पाइप लाईन कंपनी में मजदूरी का काम करता था।

### उप मुख्यमंत्री ने किया डॉ.तुषार की पुस्तक का विमोचन



पुस्तक का विमोचन करते उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य। अमृत विचार

**झूंसी, अमृत विचार :** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शुक्रवार को सर्किट हाउस में बहादुरपुर विकास खंड के कोटवा गांव निवासी डॉ . तुषार रंजन की पुस्तक श्रीमद् भगवत गीता में निहित निर्देशन एवं प्रमर्श का विमोचन किया। कार्यक्रम में फूलपुर लोकसभा से नवनिर्वाचित सांसद प्रवीण पटेल, भाजपा गंगापार अध्यक्ष कविता पटेल, महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्र, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अवधेश गुप्ता, विधायक गुरु प्रसाद मौर्य, एमएलसी निर्मला पासवान, योगेश मिश्र, समीर रंजन आदि मौजूद रहे।

### तीन चौकी प्रभारी लाइन हाजिर, कई हुए इधर से उधर

**जौनपुर, अमृत विचार।** एसपी डॉ अजय पाल शर्मा ने लापरवाह पर तीन चौकी प्रभारियों को लाइन हाजिर कर दिया है तथा कइयों का कार्य क्षेत्र बदल दिया। एसपी के इस कार्रवाई के जद में जफराबाद चौकी प्रभारी अरविंद यादव , गौराबाद शाहपुर चौकी प्रभारी राजेश राम व खुटहन दरोगा के सर्वजीत यादव आए है। सिविल लाइन चौकी प्रभारी रही मिथिलेश कुमारी को मडियाहूं थाना , चुनाव सेल से राजेश्वर पाडेय को खुटहन , लाईनबाजार से राजेन्द्र नाथ को प्रभारी चौकी धनियामऊ, पुलिस लाइन से ईश्वर चन्द्र त्रिपाठी को जफराबाद पुलिस चौकी का प्रभारी ,सरायमोहद्दीनपुर चौकी प्रभारी रामसुन्दर मौर्य को खुटहन थाना, सुरेश सिह,उपनिरीक्षक जिला जेल चौकी प्रभारी को सिविल लाईन चौकी का दायित्व सौंपा है।

### भैया जी को आश्रम परिसर में दी गई समाधि



**नैनी, अमृत विचार :** नैनी के मड़ौका उपरहार स्थित प्रेरणा परमार्थ आश्रम के संस्थापक सुधीर भैयाजी का बुधवार रात मुंबई में इलाज के दौरान निधन हो गया था। शनिवार सुबह आश्रम परिसर में उन्हें समाधि दी गई। सुधीर भैया के निधन जानकारी मिलने पर उनके अनुयायियों में शोक की लहर दौड़ गई। उनके पार्थिव शरीर एम्बुलेंस से सड़क मार्ग द्वारा चाका नैनी के समीप स्थित मड़ौका उपहार स्थित आश्रम में शुक्रवार शाम लाया गया। जहां पर उनके अंतिम दर्शन के लिए हजारों की संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी थी। समाधि के बाद बनोरा, छत्तीसगढ़ आश्रम प्रभारी प्रियदर्शी बाबा ने समाधि स्थल के बगल नीम का पौधा लगाया। इसके बाद शोकसभा का आयोजन किया गया।

### आउटसोर्स कर्मचारियों ने किया कार्य बहिष्कार

**प्रयागराज, अमृत विचार :** स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल के आउटसोर्स पर तैनात वार्डब्वाय और वार्ड आया ने मार्च माह से मानदेय नहीं मिलने के कारण शनिवार को कार्य बहिष्कार कर दिया। लगातार एजेंसी के मालिक, अस्पताल के अधीक्षक व मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज की प्राचार्य से मुलाकात करते रहे, लेकिन उन्हें मानदेय नहीं मिला। इस अस्पताल में 192 लोग आउटसोर्स के तहत रखे गए हैं। आउटसोर्स के कर्मचारियों ने कहा कि शीघ्र ही मानदेय नहीं मिलता है तो हम लोग लखनऊ जाकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलेंगे। कर्मचारियों ने आत्मदाह की चेतावनी भी दी है।

### कुएं की सफाई करते समय युवक गिरा, घायल

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के सोनगढा गांव में शनिवार की सुबह कुएं की सफाई करने लिए युवक नीचे उतरा, लेकिन कुएं में गैस होने के कारण रस्सी के सहारे बाहर निकलते समय अचानक फिसल कर गिर गया और महेंद्र कोल(23) गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंचे परिजनों ने उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये जहां पर चिकित्सक विवेक खरे ने प्राथमिक उपचार करने के बाद हालत गंभीर देखकर मंडलीय चिकित्सालय रेफर कर दिया है।

### कछार में कटान से बचाने के लिए नदी पर बनेगा बांध

**झूंसी, प्रयागराज।** अमृत विचार : पिछले कई दशकों से गंगा नदी के कटान का दंश झेल रहे झूंसी और हनुमानगंज के कछारी इलाके के किसानों को प्रदेश के उप मुख्य मंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को बांध बनाने के लिए स्थलीय निरीक्षण कर डीपीआर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है। इससे गंगा के कटान की मार झेल रहे किसानों में अपनी फसल और खेत बचाने की एक बार फिर आस जगी है। जिला मंत्री भाजपा युवा मोर्चा धनंजय मिश्र ने पिछले 8 जून 2023 को उप मुख्यमंत्री को प्रार्थना पत्र देकर क्षेत्र के किसानों की उपजाऊ जमीन को गंगा की कटान से रक्षा एवं सिंचित करने के लिए बांध बनाने का अनुरोध किया था। अब एक बार फिर उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देश पर हो रही कार्रवाई से किसानों में एक बार फिर बांध बनने की आस जगी है।



# तबादले: प्रयागराज के नए पुलिस आयुक्त बने तरुण गाबा, राजेश द्विवेदी बने कुंभ मेला एसपी

संवाददाता, प्रयागराज



अमृत विचार। अमृत विचारःयूपी में शनिवार को कई आईपीएस अफसरों के तबादले हुए हैं। अधिकारियों के तबादले का फैसला योगी सरकार ने देर रात लिया। लखनऊ व प्रयागराज के पुलिस कमिश्नर बदले गए हैं। आईपीएस तरुण गावा को पुलिस कमिश्नर प्रयागराज नियुक्त किया गया है। आईपीएस राजेश द्विवेदी को एसपी कुंभ प्रयागराज के पद पर नियुक्ति दी गई है। वहीं आईपीएस रमित शर्मा को अपर पुलिस महानिदेशक बरेली जोन बनाया गया है। आईपीएस अधिकारी तरुण गाबा 2001 बैच के आईपीएस अधिकारी है। वह इसके पहले लखनऊ में थे। आईपीएस तरुण गाबा मूल रूप से चंडीगढ के रहने वाले हैं। तरुण गाबा अगस्त, 2020 में केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से लौटने के बाद आईजी विजिलेंस बनाये गये थे। इसके बाद योगी सरकार ने उन्हें गृह सचिव नियुक्त किया। उनकी नियुक्ति सीबीआई में भी रही हैं।

## 64 इनामी बदमाश पुलिस के लिए चुनौती

**प्रयागराज।** जिले में 64 फरार इनामी पुलिस के लिए चुनौती बन गए हैं। अतीक की पत्नी शाइस्ता परवीन और बहन आशा नूरी समेत उमेश पाल हत्याकांड के इनामी बदमाश अभी तक फरार हैं। कमिश्नरेट प्रयागराज में 44, गंगानगर में 11, और यमुनानगर में 9 इनामी फरार हैं। इतना ही नहीं इन बदमाशों की सूची में 6 इनामी महिलाएं भी शामिल हैं। सबसे ज्यादा उमेश पाल हत्याकांड के इनामी फरार हैं। जिसमें गुड्डू मुस्लिम अरमान और साबिर पर पांच- पांच लाख रुपए का इनाम है वहीं शाइस्ता परवीन पर 50 हजार आयशा नूरी व अशरफ की पत्नी जैनब पर 25-25 हजार का इनाम है। वही जार्ज टाउन थाने से शिखा पर 25 हजार का इनाम है।

# परिवार के लिए स्वयं रहना होगा सजग

बारा/नैनी, प्रयागराज।



ग्राम दुबहा में स्वच्छता को लेकर जागरूकता संगोष्ठी में मौजूद लोग।

अमृत विचारः ग्राम दुबहा में महिलाओं और किशोरियों के स्वास्थ्य, पोषण और माहवारी स्वच्छता को लेकर एक जागरूकता संगोष्ठी और स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कंटेनर कारपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (कॉनकॉर) दिल्ली के सहयोग से संजीवनी प्रयागराज के द्वारा किया गया है। जिसमें मुख्य अतिथि डॉ श्वेता पांडेय रही। डॉ श्वेता पांडेय ने कहा सैनेटरी पैड के निःशुल्क वितरण कॉनकॉर एवं संजीवनी सम्माननीय है। महिलाओं और किशोरियों के स्वास्थ्य और स्वच्छता के लिए जागरूकता कार्य एक पुण्य का काम हैं। किशोरियों के जागरूक होने से दो कुल का परिवार विकास के पथ पर बढ़ता हैं। सैनेटरी पैड का माहवारी के दौरान अवश्य करें। महिलाओं को जीवन बेहतर और खुशहाल परिवार के लिए स्वयं सजग रहना होगा। उनकी पहल से परिवार में खुशहाली आएगी। डॉ विनोद कुमार सिंह ने संगोष्ठी में कहा कि महिलाएं जितना ही सजग रहेगी बीमारी उतना ही दूर रहेगा।जो स्वास्थ्य के प्रति लापरवाह रहेगी वह बीमारियों से जरूर जूझ रही होंगी। उन्हें खान पान और हाथ साफ रखने का मंत्र बताया।उन्होंने कहा सैनेटरी पैड महिलाओं/किशोरियों के जीवन हित में वरदान हैं। सचिव संजीवनी उदित नारायण शुक्ला ने कहा कि घर की महिला मुखिया जागरूक रहेगी तो उनकी बेटियां और बहू स्वस्थ रहेगी।

# समाधान दिवस में सुनी गईं समस्याएं

मिर्जापुर



थाना समाधान दिवस में आए लोगों की समस्याएं सुनते मंडलायुक्त, उप पुलिस महानिरीक्षक व पुलिस अधीक्षक। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शासन के निर्देशानुसार (प्रत्येक माह के द्वितीय व चतुर्थ शनिवार) जनता की समस्याओं को सुनकर उनके त्वरित निस्तारण हेतु जनपद के समस्त थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। मण्डलायुक्त डॉ0 मुथुकुमार स्वामी बी0 व उप पुलिस महानिरीक्षक आर0पी0सिंह द्वारा उपजिलाधिकारी सदर के साथ थाना को0 शहर पर आये हुये फरियादियों की जन समस्याओ सुना तथा सम्बन्धित अधिकारियों को गुणपत्तापूर्ण निस्तारण का निर्देश दिया। उन्होने कहा कि पैमाइश के मामले में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर मौके पर भेजते हुये दोनो पक्षो को बुलाकर उनकी समस्या का समाधान कराया जाए।

पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक आपरेशन के साथ थाना चुनार पर उपस्थित रह कर आमजन की शिकायतें सुनकर निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया।

इस दौरान सैकड़ो प्रार्थना पत्र आये जिसमे अधिकांश तथा शेष मामलों के निस्तारण हेतु राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम को रवाना किया गया।

# थाना समाधान दिवस पर 15 मामलों में दो का निस्तारण

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना परिसर में शनिवार को आयोजित थाना समाधान दिवस एसडीएम लालगंज गुलाब चंद्र की देखरेख में संपन्न हुआ।थाना समाधान दिवस पर कुल पंद्रह मामले भूमि विवाद से संबंधित आई जिसमें मौके पर दो प्रार्थना पत्र का निस्तारण कर दिया गया।शेष प्रार्थना पत्र के निस्तारण के लिए एसडीएम ने राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर रवाना किया है। एसडीएम लालगंज गुलाब चंद्र ने थाना समाधान दिवस को संबोधित करते हुए कहा कि थाना समाधान दिवस पर आने वाले मामलों को गंभीरता से लेते हुए उसका निस्तारण करें जिसमें फरियादियों को अनावश्यक रूप से थाना तहसील का चक्कर ना लगाना पड़े थाना समाधान दिवस पर आने वाले मामलों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। भटवारी गांव में बनने वाले कूड़ा संग्रहण केंद्र के निर्माण कार्य में बाधा उत्पन्न करने वाले लोगों के विरुद्ध भूमि चिंहित कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है कहा कि मामले में सीडीओ ने तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।माडल गांव में चयनित भटवारी गांव में कूड़ा संग्रहण केंद्र नहीं बनने से कार्य प्रभावित हो रहा है एसडीएम ने चकबंदी लेखपाल व राजस्व निरीक्षक को तत्काल भूमि चिंहित करने का निर्देश दिया है।

## बिजली के तार को लेकर मारपीट, 4 पर मुकदमा

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बसुहरा गांव में बिजली का तार लगाने को लेकर मारपीट हो गई।इस मामले में पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले कि जांच पड़ताल करने में जुट गई है।बसुहरा गांव निवासी राजन की पत्नी सरिता ने तहरीर देकर आरोप लगाया है कि शुक्रवार की सुबह बिजली का तार खराब होने कि बात को लेकर विपक्षी अखिलेश बिंद, रन्नो, आशीष व सावित्री ने मारपीट कर की बीच बचाव करने आई मेरी मां बहन को मारपीट कर घायल कर दिया जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर घायलों को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया भेज दिया जंहा पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डाक्टर अवधेश कुमार ने घायलों का उपचार किया है।

# आकाशीय बिजली की चपेट में आने से दो अचेत

हलिया (मिर्जापुर)

**अमृत विचार।** लालगंज थाना क्षेत्र के बरौंधा चौकी अंतर्गत निबावल गांव में शनिवार की शाम आकाशीय बिजली गिरने से युवक व बालिका अचेत हो गई मौके पर पंहुचे परिजनों ने उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये जहां पर चिकित्सक विवेक खरे ने उपचार के लिए भर्ती किया है। लालगंज थाना क्षेत्र के बरौंधा चौकी अंतर्गत निबावल गांव निवासी रामसकल का 19 वर्षीय पुत्र लालचंद व हीरामणि की 8 वर्षीय पुत्री ज्योतिराज आंधी आने पर बगीचे में आम बीनने के लिए गये थे कि अचानक गरज चमक के साथ बारिश शुरू हो गई कि दोनों लोग आम के पेड़ के नीचे खड़े हो गए आकाशीय बिजली गिरने से उसकी चपेट में आकर दोनों लोग अचेत हो गए मौके पर पहुंचे परिजनों ने आनन फानन में उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये जहां पर चिकित्सक विवेक खरे ने अचेतावस्था में दोनों लोगों का उपचार शुरू कर दिया है।इस संबंध में चिकित्सक विवेक खरे ने बताया कि आकाशीय बिजली की चपेट में आने से युवक व बालिका अचेत हो कर उपचार के लिए आये थे उपचार किया जा रहा है।

## स्कूटी चालक के खिलाफ दर्ज कराया मुकदमा

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बिमौरी गांव निवासी राजकुमारी पत्नी रामनाथ ने शुक्रवार की देर शाम थाने में तहरीर देकर अज्ञात स्कूटी चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है। तहरीर में बताया है कि बीते 19 अप्रैल को शाम पांच बजे मेरा लड़का रायबहादुर अपने घर से दुकान जा रहा था कि पीछे से तेजगति लापरवाही पूर्वक स्कूटी चालक द्वारा तेजगति लापरवाही पूर्वक चलाते हुए हमारे लड़के को टक्कर मार दिया जिससे उसकी काफी चोटें आई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है।

# गोताखोर व नाविकों का कराया पंजीकरण

संवाददाता, मिर्जापुर



पंजीकरण कराते गोताखोर व नाविक। अमृत विचार

**अमृत विचार।** विन्ध्याचल के दीवान घाट पर जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन के निर्देश पर नवरात्र मेला व अन्य पर्वों पर विंध्य विकास परिषद के साथ सहयोग प्रदान करने वाले गोताखोरों, नाविकों व अन्य समूहों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने के दृष्टिगत जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन के निर्देश पर दीवान घाट पर पंजीकरण शिविर लगाया गया। शिविर में गोताखोरों, नाविकों व अन्य लोगो के द्वारा पंजीकरण कराया गया। शिविर की अध्यक्षता नगर मजिस्ट्रेट लाल बहादुर द्वारा किया गया शिविरि में कुल गोताखोर और नाविकों व अन्य कुल 91 लोगों ने पंजीकरण कराया गया।

बताया गया कि इस रजिस्ट्रेशन के माध्यम से गोताखोरा और नाविकों तथा विंध्य विकास परिषद के सहयोग करने वाले समूह के लोगों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने के दृष्टिगत लोगों को शिविर के माध्यम से ही आनलाइन फार्म भी भरा गया। शिविर में बताया कि 22 जून से 29 जून 2024 तक जगह जगह शिविर लगाकर नाविकों, गोताखोरों तथा नवरात्र मेला तथा अन्य पर्वों पर सहयोग करने वाले लोगों का रजिस्ट्रेशन किया जाएगा। जिसमें सभी पात्रों को लाभ दिया जाएगा। इस अवसर पर उपायुक्त उद्योग प्रबंधक जिला उद्योग केंद्र, नगर पालिका चुनार तथा नगर पालिका परिषद नगर और मत्स्य विभाग के अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

जीर्णोद्धार — 33 करोड़ रुपये की लागत से तैयार हो रहा पार्क, विदेशी पर्यटकों को लुभाएगा यह धाम

# महाकुंभ 2025 से पहले श्रृंग्वेरपुर की बदलेगी सूरत

संवाददाता, प्रयागराज



**अमृत विचारः** सूबे के मुख्यमंत्री ने योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में पर्यटन स्थलों का जीर्णोद्धार कराने की जो पहल शुरु की है, उस पहल में संगम नगरी प्राथमिकता में है। संगमनगरी के पर्यटन को नए आयाम पर पहुंचाने के लिए महाकुंभ-2025 को पर्व के रूप में देखा जा रहा है। पर्यटन विभाग का यह मानना है कि पर्यटन स्थलों का विकास होने से विदेशी पर्यटकों का आकर्षण ज्यादा बढ़ेगा। जिसको लेकर श्रृंग्वेरपुर धाम में रामायण सर्किट पड़ाव बनाने की तैयारी की जा रही है। कहा जा रहा है कि अयोध्या की तरह श्रृंग्वेरपुर धाम भी अन्य बड़े पर्यटकों की तरह ही होगा। इस पड़ाव के निर्माण के तेज यहां लोग लोग दर्शन के लिए आएंगे।

संगम नगरी से लगभग 40 किमी. दूर श्रृंग्वेरपुर धाम को अब प्रदेश सरकार ने अयोध्या की तरह चमकाने का संकल्प लिया है। जो अब पूरा होता दिखाई से रहे है। इस धाम को बेहद भव्यता और अलौकिक रूप दिया जा रहा है। इस धाम में निषाद राज पार्क को बड़ी भव्यता के साथ संवारा जा रहा है। इस धाम का संबंध भगवान श्री राम के जीवन से जुड़ा रहा है। यह स्थान उनके वनवास काल से जुड़ा है। इस निषाद राज पार्क को दो चरणों में विकसित किया जा रहा है। जिसमे पहले चरण में 19 करोड़ और दूसरे में 14 करोड़ की लागत से यह पार्क बनाया जा रहा है। यहां प्रभु श्रीराम और निषादराज की एक 51 फिट ऊंची गले मिलते हुए प्रतिमा को लगाया गया है जो बेहद खास और सुंदरता का प्रतीक बना हुआ है। यह प्रतिमा महाकुंभ मे आने वालो लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगा। इस पार्क इसलिए 33 करोड़ रुपये खर्च किये जाएंगे।

### निषाद राज पार्क में बनेगा ओपन थिएटर

श्रृंग्वेरपुर धाम में बन रहे इस पार्क में एक ओपन थिएटर और ध्यान केंद्र बनाया जा रहा है। जो बेहद खास होगा। पार्क के शुरुआत में एक भव्य द्वार का निर्माण किया जा रहा है। यहां कई तरह की सुविधायें भी उपलब्ध कराई जाएगी। यहां एक गैलरी भी बनाई जाएगी। जिसमे सर्किट से जुड़ी कलाकृतियां आने वाले पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करेंगी। अधिकारियों के मुताबिक अगस्त माह तक यह कार्य पूरा हो जायेगा।

## हलिया थाना के प्रभारी निरीक्षक बने वीरेंद्र सिंह

**हलिया (मिर्जापुर)।** कानून व्यवस्था चुस्त दुरुस्त बनाए रखने के दृष्टिगत जनहित में पुलिस अधीक्षक अभिनंदन ने फेरबदल करते हुए थाना चुनार में तैनात प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह को हलिया थाना की जिम्मेदारी सौंपी है। हलिया थानाध्यक्ष रहे विष्णु प्रभा सिंह का जनपद में नियुक्ति के निर्धारित समयावधि पूरा होने के दृष्टिगत अपराध शाखा विवेचना सेल में भेजा है। थानाध्यक्ष विष्णु प्रभा का कार्यकाल हलिया थाने में करीब सोलह महीने का लंबा कार्यकाल रहा । हलिया थाना के नवागत प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह ने बताया कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखना पहली प्राथमिकता है कानून से खिलवाड़ करने वाले लोगों को बक्शा नहीं जाएगा।

**आज का मौसम**

बादल छाए रहने एवं कहीं-कहीं हल्की वर्षा होने की संभावना है।

37.0° अधिकतम तापमान | 27.0° न्यूनतम तापमान

# प्राण-प्रतिष्ठा में विमानों का रेला, अब मात्र 14 विमान

## साढ़े 11 घंटे के लिए खुलता है एयरपोर्ट, शेड्यूल में अंतिम फ्लाइट शाम 5:45 पर

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** अयोध्या के महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर अब पहले जैसी चहल-पहल नहीं दिखाई पड़ती है। रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के दौरान विमानों का रेला लगा रहता था अब वहां पर शेड्यूल के मुताबिक करीब 14 फ्लाइट उड़ान भर रही हैं। हालांकि कुछ फ्लाइट साप्ताहिक भी है। फ्लाइट यात्रियों को लेकर तो आ रही हैं, लेकिन इधर से जाने वाले यात्रियों की संख्या में कमी देखी जा रही है। इसी कारण स्पाइस जेट ने अपने विमानों की संख्या कम कर दी है। मौजूदा हालत में सिर्फ चार शहरों के लिए ही कंपनी की फ्लाइट उड़ान भर रही है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 30 दिसंबर को अयोध्या एयरपोर्ट का लोकार्पण किया था। 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दौरान के दौरान देश-विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु अयोध्या पहुंचे थे। इनमें उद्योग, फिल्म व राजनीति जगत की तमाम नामी-गिरामी हस्तियां भी अयोध्या पहुंची थीं। इसके बाद एयरलाइंस कंपनियों ने भी मौके को भुनाने के लिए तमाम फ्लाइट्स अयोध्या से संचालित की थी। सबसे अधिक फ्लाइट चलाने का एलान स्पाइस जेट ने किया था। 31 जनवरी को कंपनी ने एक फरवरी से दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, अहमदाबाद, जयपुर, बेंगलुरु, पटना और दरभंगा के लिए अपनी उड़ान सेवाएं शुरू करने की घोषणा की थी। प्राण प्रतिष्ठा को अब पांच माह बीत गए हैं। अब स्पाइस जेट ने अपनी फ्लाइट की संख्या को घटा दिया है। अब सिर्फ दिल्ली, मुंबई, चेन्नई व अहमदाबाद के लिए ही फ्लाइट उड़ान भर रही हैं। बताया जाता है कि बाकी जगहों पर यात्रियों के न मिलने के कारण फ्लाइट घटा दी गईं।



अयोध्या एयरपोर्ट पर मौजूद लोग। अमृत विचार

**पांच एयरलाइन कंपनियों के विमान भर रहे उड़ान**

अयोध्या एयरपोर्ट से पांच एयरलाइन कंपनियों के विमान उड़ान भर रहे हैं। जिसमें स्पाइस जेट के चार, इंडिगों के तीन (बेंगलुरु, मुंबई, दिल्ली), अकासा के तीन (बेंगलुरु, मुंबई, दिल्ली), एयर इंडिया एक्सप्रेस की तीन (दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, बेंगलुरु) व अलायंस एयर की फ्लाइट देहरादून के लिए उड़ान भर रही है।



**आज 10 उड़ानें हैं प्रस्तावित**

| समय | विमान कंपनी | कहां तक |
|---|---|---|
| 09:05 | एयर इंडिया एक्सप्रेस | कोलकाता |
| 10:00 | अकासा एयर | बेंगलुरु |
| 11:55 | एयर इंडिया एक्सप्रेस | दिल्ली |
| 12:50 | अकासा एयर | दिल्ली |
| 01:35 | स्पाइस जेट | अहमदाबाद |
| 03:00 | एयर इंडिया एक्सप्रेस | बेंगलुरु |
| 03:25 | इंडिगो | दिल्ली |
| 03:40 | अकासा एयर | मुंबई |
| 05:15 | इंडिगो | मुंबई |
| 05:45 | स्पाइस जेट | चेन्नई |

नोट : यह आंकड़े फ्लाइट रडार से लिए गए हैं।

**तो इसलिए घट रही है यहां से जाने वालों की संख्या**

एक विमान कंपनी के प्रतिनिधि ने बताया कि अयोध्या में पर्यटकों को सबसे अधिक होटल इंडस्ट्री झटका दे रही है। यहां आम होटल में भी एक कमरा चार से पांच हजार रुपये में मिल रहा है। ऐसे में पर्यटक व यात्रियों ने एक समाधान निकाल लिया है। वो यहां आ जरूर रहे हैं, लेकिन वापसी एयरपोर्ट से नहीं करते हैं। कमरा महंगा होने के कारण यात्री अयोध्या में दर्शन-पूजन करने के बाद कैब या फिर अन्य संसाधनों से सीधे वाराणसी या लखनऊ निकल जा रहे हैं। वहां उनका घूमना भी हो जाता है और फ्लाइट्स भी वहीं पकड़ लेते हैं। यही कारण है कि यहां से जाने वाले लोगों की संख्या घटी है।

> अयोध्या एयरपोर्ट से अभी भी 14 से 15 विमान उड़ान भरते हैं। स्पाइस जेट ने कुछ विमानों की संख्या घटाई है। बाकी एयरलाइन कंपनियों के विमान लगातार उड़ान भर रहे हैं। यात्रियों की संख्या में कोई कमी नहीं है। आने वाले दिनों में फ्लाइट्स और बढ़ेंगी। -**विनोद गर्ग, डायरेक्टर, अयोध्या एयरपोर्ट**

## एक नकलची पकड़ा 108,569 परीक्षार्थी हुए परीक्षा में शामिल

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की एनईपी स्नातक सेमेस्टर की चल रही परीक्षा के साथ शनिवार को परास्नातक सम सेमेस्टर की परीक्षा शुरू हुई। सचलदल की तलाशी अभियान में प्रथम पाली में एक परीक्षार्थी अनुचित साधन का प्रयोग करते हुए धरा गया। उस पर नियमानुसार कार्यवाही की गई। पहले दिन 108,569 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 2026 अनुपस्थित रहे। परीक्षा नियंत्रक उमानाथ के हवाले से मीडिया प्रभारी डॉ. विजयेन्दु चतुर्वेदी ने बताया कि प्रथम पाली में 74843, द्वितीय पाली में 2098 व तृतीय पाली में 33654 परीक्षार्थियों में से क्रमशः 1503, 203, 320 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

### एक नजर

### बस की चपेट में आने से वृद्धा की मौत

**बड़ागांव, अयोध्या। अमृत विचार :** रौनाही थाना सत्ती चौरा चौकी क्षेत्र अंतर्गत महोली ग्राम सभा मजरे सैदपुर निवासी 70 वर्षीय छविराजी शर्मा पत्नी सीताराम शर्मा की एक निजी बस की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गयी। चौकी प्रभारी एस एन सिंह ने बताया कि वृद्धा बरसेडी के सामने सड़क पार कर रही थी। इसी बीच अयोध्या से लखनऊ की ओर जा रही निजी बस की चपेट आ गयी। जिसकी मौके पर मौत हो गई। उन्होंने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजकर वाहन के चालक को हिरासत मे ले लिया गया है।

### सड़क दुर्घटना में घायल बालक ने तोड़ा दम

**मवई, अयोध्या। अमृत विचार :** एक सप्ताह पूर्व सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल ओमकार (12) पुत्र दिनेश की शनिवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। उसका हिन्द अस्पताल बाराबंकी में इलाज चल रहा था। पटरंगा थानाध्यक्ष ओमप्रकाश ने बताया अज्ञात चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया गया है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से अधेड़ की मौत

**मवई, अयोध्या। अमृत विचार :** पटरंगा थाना क्षेत्र अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच-27 पर शनिवार सुबह टहलने निकले काजीपुरवा गांव निवासी दिनेश यादव (55) को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी।




गंभीर रूप से घायल दिनेश की मौके पर मौत हो गई। मौत की सूचना गांव पहुंचते ही परिजन सहित ग्रामीणों की भारी भीड़ घटनास्थल पर पहुंच गई। हाईवे चौकी प्रभारी धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि शव पोस्मार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर उसका पता लगाया जा रहा है।

# यूनानी चिकित्सक ने किया प्रसूता का ऑपरेशन, नवजात की मौत

कुमारगंज, अयोध्या

▸▸ कुमारगंज के एक निजी अस्पताल अली क्लीनिक का मामला

▸▸ परिजनों का हंगामा, पुलिस ने चिकित्सक को थाने ले जाकर की पूछताछ

**अमृत विचार :** मिल्कीपुर तहसील के कुमारगंज कस्बे में संचालित एक निजी अस्पताल की शनिवार को बड़ी करतूत सामने आई है। यहां अस्पताल के संचालक बीयूएमएस (यूनानी) चिकित्सक ने एक प्रसव पीड़िता की सर्जरी कर दी। इस दौरान बरती गई लापरवाही से प्रसूता के नवजात की मौत हो गई। परिजनों ने हंगामा किया तो मौके पर पहुंची पुलिस चिकित्सक को थाने ले आई। खबर लिखे जाने तक रिपोर्ट नहीं लिखी गई है।

जानकारी के अनुसार सुधा दुबे पत्नी सोनू दुबे निवासी तिंदौली को प्रसव पीड़ा होने के उपरांत परिजनों ने कुमारगंज बाजार स्थित अली हॉस्पिटल में पहुंचाया था। परिवारीजनों ने बताया कि संचालक बीयूएमएस चिकित्सक डॉ. भारत कुमार ने कहा कि सुधा का ऑपरेशन करना पड़ेगा। ऑपरेशन के लिए पहले 13 हजार रुपये नकद भुगतान करा लिया और ऑपरेशन होने के बाद 40 हजार रुपये की और मांग की, लेकिन जब बच्चे की हालत बिगड़ने लगी तब अस्पताल संचालक ने कहा इसे जिला अस्पताल ले जाइए। इतने में नवजात की मृत्यु हो गई। परिजनों ने हंगामा शुरू कर दिया। सूचना मिलने पर थाना कुमारगंज की पुलिस ने अस्पताल संचालक को पूछताछ के लिए थाने पर ले आई। घटना के बाद पीड़ित महिला के पति ने सीएमओ को फोन पर शिकायत दी है।




अली हॉस्पिटल के बाहर मौजूद परिजन एवं नवजात की मौत के बाद सदमे में पीड़िता (इनसेट में)।

> परिजनों की शिकायत पर संचालक को पूछताछ के लिए थाने लाया गया था। शिकायत अभी तक नहीं मिली है। -**रतन कुमार शर्मा, थानाध्यक्ष, कुमारगंज**

> अली हॉस्पिटल कुमारगंज में हुए घटनाक्रम की जानकारी मिली है। बीयूएमएस (यूनानी) चिकित्सक को ऑपरेशन का अधिकार नहीं है। जांच में जैसे भी तथ्य सामने आएंगे कार्रवाई की जाएगी। अस्पताल की भी जांच होगी। – **डॉ. संजय जैन, सीएमओ**

## धौंस जमा उगाही कर रहा था फर्जी दरोगा, गिरफ्तार

**रुदौली, अयोध्या।** कोतवाली पुलिस ने शनिवार को एक फर्जी उपनिरीक्षक को गिरफ्तार किया है। क्षेत्राधिकारी आशीष निगम ने बताया कि कई दिनों से शिकायत मिल रही थी कि एक उपनिरीक्षक की ओर से पीड़ितों को धमका कर वसूली की जा रही है। चौकी प्रभारी किला उपनिरीक्षक मुनिमन रंजन दुबे को जांच के लिए कहा गया था। फर्जी दरोगा इसी कोतवाली के मोहल्ला मखदूमजादा निवासी नदीम के रूप में पहचान हुई। कोतवाली पुलिस ने रसूलाबाद के निकट से नदीम को बावर्दी गिरफ्तार किया है। उसके पास से उपनिरीक्षक की वर्दी, चार स्टार, लाल जूता, उत्तर प्रदेश पुलिस का कूटरचित परिचय पत्र, नेम प्लेट, लाल रंग की बेल्ट और पी कैप बरामद की है। आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी और कूटरचना की धारा में नामजद रिपोर्ट दर्ज करवाई गई है और चालान किया जा रहा है।



आरोपी उपनिरीक्षक।

## राममंदिर में श्रद्धालुओं की सुविधाएं बढ़ाने की तैयारी

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** राममंदिर निर्माण समिति की दो दिवसीय बैठक में 23 और 24 जून को चल रहे निर्माण कार्य की समीक्षा होगी। उसके पूर्व शनिवार को मंदिर निर्माण समिति के चेयरमैन नृपेंद्र मिश्र, प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा ने श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा, नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा, सीडीओ ऋषिराज, एलएंडटी और अन्य सुरक्षा अधिकारियों के साथ राम मंदिर और परिसर का स्थलीय निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था व श्रद्धालुओं की सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। प्रशासनिक भवन में लगभग एक घंटे से अधिक समय तक मंदिर परिसर की सुरक्षा और निर्माण कार्य को लेकर मंथन किया गया। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र शनिवार को अयोध्या पहुंचे थे। यहां सबसे पहले हनुमानगढ़ी पर दर्शन पूजन किया। इसके बाद अधिकारियों के साथ श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के मुख्य प्रवेश द्वार, बिड़ला धर्मशाला के सामने यात्री सुविधा केंद्र का निरीक्षण किया। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा ने बताया कि मंदिर परिसर में चल रहे निर्माण कार्य और श्रद्धालुओं की सुविधाओं की जानकारी ली है। इस दौरान उन्होंने मंदिर में रामलला का दर्शन पूजन भी किया।

▸▸ **मंदिर निर्माण समिति के चेयरमैन नृपेंद्र मिश्रा और मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने की बैठक**

## आचार्य लक्ष्मीकांत दीक्षित के निधन पर रामनगरी के संतों में शोक

अयोध्या कार्यालय

▸▸ **रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का निकाला था मुहूर्त**

**अमृत विचार :** राममंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कराने वाले मुख्य विद्वान ज्योतिष आचार्य पंडित लक्ष्मीकांत दीक्षित (86) के निधन पर शनिवार को अयोध्या के संतों में शोक की लहर दौड़ गई। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की है।

रामलला के मुख्य अर्चक सत्येंद्र दास ने कहा कि देश में सबसे योग्य विद्वान लक्ष्मीकांत दीक्षित के स्वर्गवास की खबर सुनकर मन बहुत दुखी है। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की बात आई थी तो मुहूर्त निकालने के लिए बहुत लोगों से संपर्क किया गया था, लेकिन कोई भी समय नहीं निकल सका था। एकमात्र लक्ष्मीकांत दीक्षित ने ज्योतिष शास्त्र के अनुसार तिथि निकालकर समय दिया और उसी समय पर प्राण प्रतिष्ठा हुई। विश्व हिंदू परिषद के प्रांतीय मीडिया प्रभारी शरद शर्मा ने पंडित लक्ष्मीकांत दीक्षित के निधन को राष्ट्रीय क्षति बताया है। कहा कि 86 वर्ष की आयु में उन्होंने अपने प्राण त्यागे हैं। यह एक दुखद विषय है। हम सभी उनके प्रति नतमस्तक हैं। उन्होंने 22 जनवरी के कार्यक्रम को निर्विघ्न रूप से संपन्न कराया, जिसमें प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और अनेक प्रांतों से आए लोग उपस्थित रहे। राम जन्मभूमि परिसर में लगातार 40 दिनों तक पूजा चली, जिसमें प्रमुख प्राण प्रतिष्ठा का पूजन एक सप्ताह का था। उन्होंने अपने शिष्यों के द्वारा धार्मिक अनुष्ठान को संपन्न कराया। उसके लिए हम सब उनके ऋणि रहेंगे। लक्ष्मीकांत दीक्षित का शनिवार की सुबह वाराणसी स्थित उनके आवास पर स्वर्गवास हो गया। वह काफी समय से अस्वस्थ चल रहे थे।

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास ने भी निधन को दुखद बताते गहरी संवेदना व्यक्त की है। श्रीराम लला के प्राण प्रतिष्ठा पूजन के दौरान उनसे भेंट हुई थी, वह योग्य कर्मकांडी ही नहीं ज्योतिष और वेद के जानकार थे। उनके पूर्वज महाराज छत्रपति शिवाजी महाराज के भी यज्ञाचार्य रहे।



आचार्य लक्ष्मीकांत दीक्षित (फाइल फोटो)

## राजूदास ने सीएम को बताए अयोध्या में हार के कारण

अयोध्या कार्यालय

▸▸ **दो मंत्रियों के सामने हुई तीखी बहस का मामला मुख्यमंत्री के दरबार तक पहुंच गया**

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी नितीश कुमार और हनुमानगढ़ी के पुजारी राजू दास के बीच गुरुवार की रात दो मंत्रियों के सामने हुई तीखी बहस का मामला मुख्यमंत्री दरबार तक पहुंच गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शनिवार को लखनऊ में मुलाकात कर लौटे पुजारी राजू दास ने बताया कि उन्होंने करीब एक घंटे तक मुख्यमंत्री से वार्ता कर अपनी बात रखी।

इस दौरान अयोध्या में भाजपा के हार के कारणों को भी उनके सामने रखा। योगी आदित्यनाथ ने उनकी बातों को गंभीरता से सुना और गुनहगारों पर कार्रवाई का आश्वासन दिया है। राजूदास ने कहा कि उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि अयोध्या में जगह-जगह तोड़फोड़ हुई। डंडा मारकर काम कराया गया। भाजपा कार्यकर्ताओं की एक भी बात नहीं सुनी गई। माना कि अफसरों को अधिकार था, लेकिन इस तरह की कार्रवाई सही नहीं थी। यही कारण रहा लोग इस बार घरों से वोट डालने के लिए नहीं निकले। जिलाधिकारी मुझे आपराधिक रिकॉर्ड वाला मानते हैं। क्या पुतला फूंकना भी आपराधिक दायरे में आता है? इन सब मुद्दों पर सार्थक वार्ता हुई है। उन्होंने कार्रवाई का भी आश्वासन दिया है। अयोध्या के विकास को लेकर भी बातचीत हुई है।



राजू दास

### वर्ग पहेली-109

**बाएं से दाएं**

1.1. परदेश, दूसरा देश, पराया देश 2. स्वदेश से भिन्न कोई दूसरा देश।

4. दादूदयाल नामक संत द्वारा चलाए हुए पंथ या संप्रदाय का अनुयायी।

5.1. सफ़ेद गाय 2. सफ़ेद गोल मिर्च।

8.1. अन्न के ढेर के चारों ओर गोबर आदि से घेरा बनाना 2. निशान लगाना।

9. स्त्रियों के लिए उनके माता-पिता के घर के सदस्य; मायके के लोग।

**ऊपर से नीचे**

2.1. जिसके लिए कोई बंधन न हो, बंधन-रहित 2. स्वतंत्र।

3.1. ज़िंदादिल होना, ख़ुशमिज़ाजी, सहृदयता 2. उत्साह, प्रसन्नता 3. रसिकता 4. हंसोढ़पन 5. विनोदप्रियता।

6.1. कारण, सबब, हेतु 2. माध्यम, ज़रिया।

7.1. किसी वस्तु का टूटकर या कट-छंटकर अलग हुआ कोई हिस्सा।



### वर्ग पहेली -108 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 ख़ि | ज़ाँ | ■ | ■ | ■ | 2 फ़ |
| ■ | ज़ा | ■ | 3 गं | ■ | ■ | ह |
| ■ | 4 ब | हु | गा | मी | ■ | श |
| ■ | ■ | ■ | ला | ■ | 5 अं | ■ |
| 6 दु | रा | 7 ल | भ | ■ | श | ■ |
| चं | ■ | म | ■ | ■ | भा | ■ |
| द | ■ | धी | ■ | 8 जो | गी | ड़ा |

### सुडोकू-22

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | 9 | 3 |
| | | 4 | | | 6 | | | |
| | 5 | | | 2 | | 8 | | |
| | | | 7 | | | 4 | | |
| 3 | | | | | | | 1 | 6 |
| | | 8 | | | 1 | | | |
| | 9 | 1 | | | | | | |
| | 2 | | 8 | | | 5 | | |
| 6 | | | 4 | | | 7 | | |

### सुडोकू - 21 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 2 | 7 | 4 | 5 | 8 | 3 | 9 | 1 |
| 9 | 1 | 3 | 2 | 6 | 7 | 4 | 8 | 5 |
| 5 | 8 | 4 | 9 | 3 | 1 | 2 | 6 | 7 |
| 8 | 6 | 1 | 5 | 2 | 9 | 7 | 4 | 3 |
| 7 | 3 | 5 | 1 | 8 | 4 | 6 | 2 | 9 |
| 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 3 | 5 | 1 | 8 |
| 4 | 5 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 | 6 |
| 1 | 7 | 6 | 8 | 4 | 5 | 9 | 3 | 2 |
| 3 | 9 | 2 | 7 | 1 | 6 | 8 | 5 | 4 |

### आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 23 जून रविवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-द्वितीया 24 जून 03.25 तक तत्पश्चात तृतीया।

**मेष** – आज आप सामयिक विषयों पर चर्चाओं में शामिल रहेंगे तथा लोगों के सामने आप एक परिपक्व व्यक्ति के रूप में सामने आएंगे। रुके हुए कार्यों को आसानी से पूरा कर सकते हैं। वैवाहिक जीवन सुखमय रहेगा।

**वृष** – आज अपनी भावनाओं को व्यक्त करने के लिए दिन अच्छा नहीं है। पुराना अनुभव आपके लिए हितकारी होगा। अनावश्यक धन खर्च होने से आप थोड़े नाराज हो सकते हैं। वैवाहिक जीवन में तालमेल की कमी रहेगी।

**मिथुन** – आज व्यापार में भी अपेक्षित प्रगति देखने को मिलेगी। मन में कई दिनों से जो शंका थी, उसका समाधान हो सकता है। जीवनसाथी का भरपूर सहयोग प्राप्त होगा। आपका स्वास्थ्य काफी अच्छा रहेगा। समय का सदुपयोग करेंगे।

**कर्क** – आज सेहत को लेकर लापरवाही न करें। अपने कार्यक्षेत्र की समस्याओं को लेकर कुछ तनाव में रहेंगे। आपको सिर्फ अपनी मेहनत पर ध्यान देना चाहिए। परिवार में आपका प्रभाव मजबूत होगा। आपको घुटनों में पीड़ा हो सकती है।

**सिंह** – आज प्रेम विवाह के विषय में परिवार से सहमति ले सकते हैं। घर का माहौल शांत रहेगा। उच्च शिक्षा में उल्लेखनीय सफलता मिल सकती है। नए संबंध बनने के योग बन रहे हैं। पुराने मित्रों से कई दिनों बाद मिलने का अवसर मिलेगा।

**कन्या** – आज घर-बाहर तनाव होने की आशंका है। दिनचर्या को अनुशासित रखने का प्रयास करें। व्यापार में सफलता मिलेगी। चलते हुए कार्यों में बाधाएं आ सकती हैं। प्रियजनों का व्यवहार आपको व्यथित कर सकता है।

**तुला** – आज वरिष्ठ अधिकारी आपकी प्रशंसा करेंगे। आपके नए मित्र बन सकते हैं। मन काफी शांत रहेगा और आपकी ऊर्जा बढ़ेगी। आप नया काम शुरू कर सकते हैं। कार्यक्षेत्र का वातावरण काफी अच्छा रहेगा। विरोधी अपने षड्यंत्र में विफल होंगे।

**वृश्चिक** – आज विद्यार्थियों को पढ़ाई में मेहनत करने की आवश्यकता है। लोगों से बहुत अपेक्षाएं न रखें। आपकी कार्यशैली में सुधार देखने को मिलेगा। महत्वपूर्ण निर्णयों के लिए दिन उत्तम नहीं है। सहकर्मियों पर विश्वास कम होगा।

**धनु** – आज व्यापार में बड़ा निवेश कर सकते हैं। आपको मेहनत का अच्छा परिणाम मिलेगा। किसी नई पॉलिसी में निवेश करने की योजना पर काम कर सकते हैं। नया कार्य शुरू करने के लिए दिन बेहतरीन रहने वाला है। आपकी सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**मकर** – आज दिनभर कोई न कोई परेशानी भरा माहौल रहेगा। शाम के समय किसी प्रियजन से चर्चा कर मन शांत होगा। अधीनस्थ लोगों पर ज्यादा निर्भरता न रखें। दांपत्य जीवन में तनाव हो सकता है। सेहत काफी नरम रहने वाली है।

**कुंभ** – आज दूसरों की भावनाओं का सम्मान करेंगे। प्रेमी जन को मनाने के लिए कोई उपहार देने का विचार कर सकते हैं। आपका आत्मबल और ऊर्जा स्तर बढ़ेगा। प्रियजनों के साथ सम्बन्ध प्रगाढ़ होंगे। नए व्यावसायिक अनुबंध हो सकते हैं।

**मीन** – आज भूमि-भवन से जुड़े मामले अटक सकते हैं। करियर को लेकर कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेना पड़ सकता है। घर के माहौल को शांत रखने की कोशिश करें। कार्यों में ज्यादा व्यस्तता रहेगी। जीवनसाथी आपसे अतिरिक्त देखभाल की अपेक्षा रखेगा।

### आज का पंचांग

| | |
|---|---|
| 4 | बु. |
| 2 | गु. |
| 5 | 1 मं. |
| शु. सू. 3 | के. |
| 6 | 12 रा. |
| 9 | चं. |
| 7 | 11 श. |
| 8 | 10 |

**दिशाशूल**-पश्चिम। **ऋतु**-वर्षा।

चन्द्रबल- मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुंभ, मीन।

ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।

नक्षत्र-पूर्वाषाढ़ा 17.03 तक तत्पश्चात उत्तराषाढ़ा।

### आज की फिल्में

**B4U Movies**
- हैसियत – दोपहर : 12.00
- दरार – रात : 07.16

**&pictures**
- सिम्बा – सुबह : 11.00
- शादी में जरूर आना – रात : 08.00

**Sony Pix**
- 65 – सुबह : 11.15
- स्पाइडर मैन – रात : 09.00

**Zee Cinema**
- रमैया वस्तावैया – दोपहर : 12.00
- भोला – रात : 08.30

**Colors Cineplex**
- कर्ज – सुबह : 11.10
- गंगूबाई काठियावाड़ी – रात : 07.55

**आज की सुपरहिट फिल्म**




कलर्स सिनेप्लेक्स पर रात : 07.55 बजे

### जोक्स ऑफ द डे

15 साल का चिंटू अपने पापा के साथ एक होटल में गया।

पापा (वेटर से) – एक बियर और एक आइसक्रीम लाओ।

चिंटू- आइसक्रीम क्यों पापा, आप भी बियर लीजिए न

उसके बाद होटल से घर तक चिंटू की सुताई चालू रही।

ये देखकर होटल का वेटर जोर जोर से हंसने लगा।

पत्नी (पति से)- पूरा दिन क्रिकेट, क्रिकेट..

मैं घर छोड़ कर जा रही हूं।

पति- (कमेंटरी के अंदाज़ में)

पहली बार कदमों का बेहतरीन इस्तेमाल।

# नीट मामले में लीपापोती कर रही राजगः खरगे

## पेपर लीक विवाद : कांग्रेस अध्यक्ष बोले- किसी स्तर पर जिम्मेदारी से बच नहीं सकती है राजग सरकार

नई दिल्ली, एजेंसी



● खरगे ने कहा- शिक्षा मंत्री मामले में कर रहे हैं गलत बयानबाजी

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शनिवार को कहा कि नकल विरोधी कानून को अधिसूचित करके भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबधंन (राजग) सरकार का मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट धांधली मामले में लीपापोती का प्रयास है लेकिन उसे समझ लेना चाहिए इस मामले की जिम्मेदारी से वह किसी स्तर पर बच नहीं सकती है।

खरगे ने कहा कि सरकार के शिक्षा मंत्री इस मामले में गलत बयानबाजी कर रहे हैं। नया कानून अधिसूचित हो गया है जबकि कानून कल ही अधिश्चित हुआ है और इसे फरवरी में है ही राष्ट्रपति की मंजूरी मिल गई थी। उन्होंने कहा कि घोटाले मे भाजपा जितनी भी कोशिश कर ले-धांधली, भ्रष्टाचार और शिक्षा माफ़िया को बढ़ावा देने की अपनी ज़िम्मेदारी से नहीं बच सकती। तीन तथ्य और तीन सवाल हैं जिनका जवाब मोदी सरकार को देना ही पड़ेगा। तथ्य - पेपर लीक के विरुद्ध क़ानून अधिसूचित नहीं हुआ था, जब शिक्षा मंत्री से इसके बारे में पूछा तो उन्होंने कहा कि क़ानून अधिसूचित हो गया। 13 फ़रवरी 2024 में इस क़ानून को राष्ट्रपति का एसेंट मिल गया था पर क़ानून बीती रात को ही अधिसूचित हुआ है। सवाल है मोदी सरकार के शिक्षा मंत्री ने झूठ क्यों बोला कि क़ानून अधिसूचित हो गया है और विधि एवं न्याय मंत्रालय को उसके नियम बनाने ही रह गए हैं। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि दूसरा तथ्य - शिक्षा मंत्री पहले तो पेपर लीक को नकारते रहे फ़िर जब गुजरात, बिहार, हरियाणा में गिरफ्तारियां हुईं तब कह रहें हैं कि चूंकि कुछ जगहों पर स्थानीय तौर पर पेपर लीक हुए हैं इसलिए दोबारा परीक्षा नहीं करा पाएंगे। जबकि तथ्य है कि 2015 में प्री मेडिकल टेस्ट में महज 44 छात्रों की संलिप्तता थी तब भी सुप्रीम कोर्ट के कहने पर छह लाख अभ्यर्थियों के लिए परीक्षा दोबारा कराई गई। सवाल है नीट पर भी माननीय सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि अगर 0.001 भी घपला हुआ है तो वो कार्रवाई होनी चाहिए पर मोदी सरकार परीक्षा दोबारा क्यों नहीं करवा रही, जबकि शिक्षा मंत्री ने गड़बड़ी की बात मान ली है। तीसरा तथ्य है नौ दिनों में एनटीए ने तीन बड़ी परीक्षाएं रद्द या स्थगित की हैं। क़ानून पास करवाने के बाद भी भाजपा शासित उत्तर प्रदेश में उप्र पुलिस तथा पदोन्नति बोर्ड जिसके तार गुजरात की एक कंपनी से जुड़े पाएं गए हैं।

### परीक्षा कानून डैमेज कंट्रोल की कोशिश



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने शनिवार को आरोप लगाया कि नीट-स्नातक, यूजीसी-नेट परीक्षाओं को लेकर विवाद के बीच, केंद्र सरकार द्वारा लोक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम, 2024 अधिसूचित किया जाना डैमेज कंट्रोल (स्थिति को संभालने) की कोशिश है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह भी कहा कि इस कानून की जरूरत थी, लेकिन यह पेपर लीक के बाद की स्थिति से निपटता है जबकि यह सुनिश्चित करने के लिए कानून और प्रक्रियाओं की आवश्यकता है कि पेपर लीक ही न हो। नीट, यूजीसी-नेट परीक्षाओं को लेकर विवाद के बीच, केंद्र सरकार ने शुक्रवार को लोक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम, 2024 अधिसूचित किया, जिसका उद्देश्य प्रतियोगी परीक्षाओं में कदाचार और अनियमितताओं पर अंकुश लगाना है।

### छात्र संगठनों का केंद्रीय मंत्री के आवास पर प्रदर्शन

**हैदराबाद।** कांग्रेस की छात्र शाखा एनएसयूआई और वाम समर्थित छात्र संगठनों ने केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी के आवास पर शनिवार को विरोध प्रदर्शन किया और मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट फिर से आयोजित करने की मांग की। छात्र संगठनों के कार्यकर्ताओं ने रेड्डी के खिलाफ नारेबाजी की लेकिन पुलिस ने उन्हें वहां से हटा दिया।

## करंट की चपेट में आने से एक मादा पैंथर, दो शावकों की मौत

**अलवर।** राजस्थान में अलवर जिले के नाका डेहरा शाहपुर के वन क्षेत्र अमृतवास में बिजली का तार टूट कर गिरने के बाद करंट लगने से एक मादा पैंथर और उसके दो शावकों की मौत हो गई। मंडल वन अधिकारी राजेंद्र हुड्डा ने बताया कि 21 जून को रात 10 बजे पर अलवर वन मण्डल में रेंज के नाका डहरा शाहपुर के वन क्षेत्र अमृतवास में एक बघेरा और दो शावकों के शव मिलने की सूचना मिली। शव दो-तीन दिन पुराने हैं। उन्होंने बताया कि बिजली के तार टूटने से बघेरा एवं उसके दो शावको की मौत होने की सूचना बिजली विभाग के कर्मचारियों द्वारा दी गयी। इसके बाद संबंधित कर्मचारियों ने मौके पर जाकर देखा तो घटनास्थल पर जहां बघेरों के शव पड़े हुये थे, वहाँ बिजली के तार टूटे हुये थे। मृत बघेरों के शवों पर बिजली का करंट लगने से उनके शरीर पर जलने के निशान भी स्पष्ट नजर आ रहे थे।

## गुरुग्राम में फायर एग्जीक्यूटर फैक्ट्री में विस्फोट, 8 की मौत

गुरुग्राम, एजेंसी



● विस्फोट से आसपास के काफी संख्या में मकान और उद्योगों को हुआ भारी नुकसान

हरियाणा में गुरुग्राम स्थित दौलताबाद औद्योगिक क्षेत्र में फायर एग्जीक्यूटर बनाने वाली कंपनी में विस्फोट होने से आठ लोगों की मौत होने का सूचना है। विस्फोट से आसपास के क्षेत्र में काफी संख्या में मकान और उद्योगों को नुकसान हुआ है।

सहायक दमकल अधिकारी सैनी ने बताया कि शनिवार को तड़के 2:45 बजे सिपाही संजय ने भीम नगर दमकल विभाग को फोन कर बताया कि दौलताबाद औद्योगिक क्षेत्र में विस्फोट हुआ है और भयंकर आग लग गई है। सूचना मिलते ही भीमनगर और गुरुग्राम के सेक्टर 29 से दमकल विभाग के कार्यालय से एक दर्जन गाड़ियां मौके पर पहुंची और कड़ी मसकत के बाद आग को काबू में किया। घटनास्थल से पांच लोगों को जख्मी हालत में निकाल कर अस्पताल पहुंचाया गया, जबकि दो व्यक्ति मृत मिले और एक लापता है, जिसकी तलाश की जा रही है। उन्होंने बताया कि विस्फोट इतना जबरदस्त था कि आसपास के कई मकानों और उद्योगों में भारी नुकसान हुआ है। पुलिस ने बताया कि फैक्ट्री मालिक तथा प्रबंधकों खिलाफ मामला दर्ज कर दिया गया है और जांच की जा रही है। अभी तक प्रशासन की ओर से इस घटना में आठ लोगों की मौत होने की पुष्टि नहीं हुयी है।

### एक नजर

#### असम में 5 करोड़ मूल्य की हेरोइन के साथ एक गिरफ्तार

गुवाहाटी। असम के कछार जिले में पांच करोड़ रुपये मूल्य की हेरोइन के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शनिवार को यह जानकारी दी। सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में शर्मा ने कहा कि गुप्त सूचना के आधार पर कछार पुलिस ने चलचपरा में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 37 पर एक विशेष अभियान चलाया और एक वाहन को रोका। उन्होंने बताया कि तलाशी लेने पर वाहन से 5 करोड़ रुपये मूल्य की 974 ग्राम हेरोइन बरामद की गई, जिसे पड़ोसी राज्य से लाया जाया जा रहा था। इस सिलसिले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है।

#### तमिलनाडु में शराब से मरने वालों की संख्या हुई 53

**कल्लाकुरिचि।** तमिलनाडु के कल्लाकुरिचि जिले में अवैध देशी शराब पीने से जान गंवाने वाले लोगों की संख्या शनिवार को बढ़कर 53 हो गई। प्रशासन ने बताया कि अवैध देशी शराब पीने से बीमार हुए 140 लोगों की हालत अभी स्थिर है। कल्लाकुरिचि के जिलाधिकारी एम.एस प्रशांत ने बताया कि जिले में मंगलवार रात अवैध देशी शराब पीने से 193 लोग बीमार पड़ गए और उन्हें विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया, हालांकि उनमें से 140 लोगों की हालत अभी स्थिर है। उन्होंने कहा कि शराब पीने से 53 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि इस घटना के सिलसिले में सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

## झारखंड में ईडी का छापा, 1 करोड़ नकद, 100 कारतूस बरामद

रांची, एजेंसी

जमीन हड़पने का मामला



● पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ मामले की जांच के तहत एजेंसी ने की कार्रवाई

● आईएएस एवं रांची के पूर्व उपायुक्त सहित 25 से अधिक लोगों हुए हैं गिरफ्तार

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और अन्य के खिलाफ कथित तौर पर जमीन हड़पने से जुड़े धन शोधन की जांच के सिलसिले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रांची में छापेमारी कर एक करोड़ रुपये नकद और 100 कारतूस जब्त किए।

अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि कांके रोड स्थित परिसर में छापेमारी कर ये जब्ती हुईं। परिसर का मालिक कमलेश सिंह है। छापेमारी की यह कार्रवाई पूर्व मुख्यमंत्री एवं झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेता हेमंत सोरेन के खिलाफ कथित तौर पर जमीन हड़पने के मामले में की जा रही है, लेकिन यह एक अलग भूखंड से जुड़ा मामला है। उन्होंने बताया कि एजेंसी ने कारसूत बरामद किए जाने के संबंध में शस्त्र अधिनियम के तहत पुलिस में मुकदमा भी दर्ज कराया है। मामले की जांच के तहत ईडी सोरेन, भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारी एवं रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन, भानु प्रताप प्रसाद और अन्य सहित 25 से अधिक लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है।

एजेंसी, सोरेन की ओर से रांची के बार्गेन इलाके में कथित तौर पर अवैध तरीके से हासिल किए गए कई भूखंड सहित 266 करोड़ रुपये कीमत के भूखंड जब्त कर चुकी है और एजेंसी अब तक चार आरोपपत्र दाखिल कर चुकी है। भूमि हड़पने के आरोपों को खारिज करते हुए सोरेन का कहना है कि भाजपा नीत केंद्र सरकार ने राजनीतिक प्रतिशोध में उनके खिलाफ यह मामला दर्ज कराया है। झारखंड के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के कुछ ही मिनटों बाद ईडी ने 31 जनवरी को उन्हें रांची स्थित राजभवन से गिरफ्तार कर लिया था।

## पानी के लिए आतिशी का अनशन जारी

**नई दिल्ली।** जल संकट को लेकर दिल्ली की जल मंत्री आतिशी का अनिश्चितकालीन अनशन दूसरे दिन शनिवार को भी जारी है। दक्षिणी दिल्ली के भोगल में अपने जल सत्याग्रह स्थल से वीडियो संदेश में आतिशी ने कहा कि जब तक हरियाणा दिल्ली वासियों के लिए और पानी नहीं छोड़ता, तब तक वह कुछ नहीं खाएंगी। उन्होंने कहा कि शहर में 28 लाख लोग पानी की किल्लत से जूझ रहे हैं। मंत्री का अनशन शुक्रवार को शुरू हुआ और उन्होंने आरोप लगाया कि हरियाणा यमुना नदी में दिल्ली के हिस्से का पानी नहीं छोड़ रहा है। शुक्रवार को हरियाणा ने 11 करोड़ गैलन प्रतिदिन (एमजीडी) कम पानी छोड़ा। उन्होंने कहा कि एक एमजीडी पानी से 28,000 लोगों को जलापूर्ति होती है। 100 एमजीडी पानी की कमी का मतलब है कि दिल्ली में 28 लाख लोगों को पानी नहीं मिल रहा है। जल मंत्री ने कहा कि पड़ोसी राज्यों से नदियों और नहरों के जरिए उसे 1,005 एमजीडी पानी मिलता है जिसमें से हरियाणा 613 एमजीडी पानी मुहैया कराता है।

## 4 जुलाई तक न्यायिक हिरासत में रहेंगे अभिनेता दर्शन

बेंगलुरु, एजेंसी

रेणुकास्वामी हत्या मामला



कर्नाटक में बेंगलुरु की अदालत ने कन्नड़ अभिनेता दर्शन थूगुदीप को रेणुकास्वामी हत्या मामले में शनिवार को 4 जुलाई तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। दर्शन के कथित साथियों विनय, प्रदोष और धनराज को भी न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

अभिनेता 11 जून से हिरासत में है। दर्शन की मित्र पवित्रा गौड़ा सहित 13 अन्य आरोपियों को दो दिन पहले 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था। रेणुकास्वामी की हत्या में अब तक 17 लोगों को आरोपी बनाया गया है। पुलिस के अनुसार अभिनेता के प्रशंसक रेणुकास्वामी ने गौड़ा को अश्लील संदेश भेजे थे। रेणुकास्वामी ने कथित तौर पर अभिनेत्री गौड़ा के सोशल मीडिया अकाउंट पर टिप्पणी कर उन पर अभिनेता व उनकी पत्नी के बीच दरार पैदा करने का आरोप लगाया था।

## आंध्र के पूर्व सीएम जगनमोहन रेड्डी के पार्टी कार्यालय पर चला बुलडोजर

अमरावती, एजेंसी

● वाईएसआरसीपी ने कहा-प्रतिशोध की राजनीति कर रहे चंद्रबाबू नायडू

आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी की पार्टी वाईएसआरसीपी के निर्माणाधीन केंद्रीय कार्यालय को राज्य सरकार ने बुलडोजर से गिरवा दिया है। शनिवार सुबह साढ़े पांच बजे यह कार्रवाई आंध्र प्रदेश राजधानी क्षेत्र विकास प्राधिकरण (सीआरडीए) ने की। गुंटूर के तडेपल्ली में यह कार्यालय करीब दो एकड़ जमीन में बनाया जा रहा था। कार्रवाई के लिए तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के नेता की शिकायत को आधार बनाया गया। तेदेपा नेता ने सीआरडीए और मंगलगिरी ताडेपल्ली नगर निगम (एमटीएमसी) के आयुक्तों के समक्ष शिकायत दर्ज कराई थी कि वाईएसआर कांग्रेस का कार्यालय सिंचाई विभाग की दो एकड़ जमीन पर अवैध रूप से बनाया जा रहा है।

सत्तारूढ़ तेदेपा ने आरोप लगाया कि पूर्व मुख्यमंत्री वाईएस जगनमोहन रेड्डी ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए ताडेपल्ली में सर्वेक्षण संख्या 202/ए1 के तहत कार्यालय के निर्माण के लिए भूमि का यह टुकड़ा आवंटित किया था। जगनमोहन रेड्डी ने इस दो एकड़ जमीन पर पार्टी का कार्यालय बनाकर पड़ोस की 15 एकड़ जमीन पर कब्जा करने की कोशिश की थी। अब यह स्पष्ट हो गया है कि सिंचाई विभाग ने इस दो एकड़ जमीन को वाईएसआरसीपी को सौंपने की मंजूरी नहीं दी थी।

इससे पहले दिन में, वाईएसआरसीपी के अध्यक्ष वाईएस जगनमोहन रेड्डी ने कहा कि चंद्रबाबू नायडू के नेतृत्व वाली राज्य सरकार ने गुंटूर जिले के ताडेपल्ली में विपक्षी दल के निर्माणाधीन केंद्रीय कार्यालय को ध्वस्त कर दिया। रेड्डी ने दावा किया कि उच्च न्यायालय के आदेशों की अवहेलना करते हुए पार्टी के कार्यालय को ध्वस्त किया गया। रेड्डी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि चंद्रबाबू प्रतिशोध की राजनीति कर रहे हैं। एक तानाशाह की तरह उन्होंने वाईएसआर कांग्रेस के निर्माणाधीन केंद्रीय कार्यालय को बुलडोजर से ध्वस्त करा दिया।

## बीटीसी की रेसिंग और सट्टेबाजी गतिविधियों पर हाईकोर्ट की रोक

बेंगलुरु, एजेंसी



कर्नाटक उच्च न्यायालय ने एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में बेंगलुरु टर्फ क्लब (बीटीसी) को ऑन-कोर्स और ऑफ-कोर्स घुड़दौड़ तथा सट्टेबाजी गतिविधियों को जारी रखने की अनुमति देने वाले एकल न्यायाधीश के आदेश पर रोक लगा दी है। मुख्य न्यायाधीश एनवी अंजारिया और न्यायमूर्ति केवी अरविंद की खंडपीठ ने पहले के फैसले के खिलाफ राज्य सरकार की याचिका के बाद शनिवार को स्थगन आदेश जारी किया।

कोर्ट ने घुड़दौड़ और सट्टेबाजी के लिए लाइसेंस देने के खिलाफ राज्य सरकार के मजबूत प्रथम दृष्टया मामले को नोट किया, जिसमें राज्य के गृह विभाग तथा वित्त विभाग की ओर से छह जून को अपने संबंधित इनकारों में उठाई गई चिंताओं पर जोर दिया गया। खंडपीठ ने आदेश में कहा कि एकल न्यायाधीश के आदेश को निलंबित कर उस पर रोक लगा दी गई है। दूसरी ओर बीटीसी, कर्नाटक रेस हॉर्स ओनर्स एसोसिएशन, कर्नाटक ट्रेनर्स एसोसिएशन, पंटर्स और जॉकी एसोसिएशन ऑफ इंडिया सहित याचिकाकर्ताओं ने तर्क दिया कि घुड़दौड़ एक सदी से भी अधिक समय से वैध गतिविधि रही है तथा लोगों को आजीविका पाने का समर्थन करती है और पर्याप्त कर राजस्व भी देती है।

# कारोबार/कृषि

### मैंथा बाजार भाव

**रामपुर :** शिवालिक-925 फ्लैग-1035 डीएमओ-825 बोल्ड-1100
**चन्दौसी :** शिवालिक- 900 फ्लैग-1045 बोल्ड- 1190 डीएमओ- 800

### लखनऊ मंडी

| | |
|---|---|
| गेहूँ (आरआर 21) | 2360-2800 |
| गेहूँ (के 65) | 3500-3800 |
| बाजरा | 2200-2300 |
| मक्का | 2700-2800 |
| जौ | 2900-3000 |
| चावल सेल्हा | 2800-3100 |
| चावल बासमती | 7000-8000 |
| चावल मोटा | 2800-3000 |
| चावल मन्सूरी | 3200-3500 |
| चावल शक्कर चीनी | 4800-5200 |
| चावल गोल्डन सेल्हा | 5600-8600 |
| चावल राजरानी | 7000-7500 |
| चना देशी | 6800-7000 |
| चना फार्मी | 7200-7500 |
| चना काबली | 14500-17000 |
| मटर हरा | 6000-6200 |
| मटर सफेद | 6100-6500 |
| दाल चना | 8000-8400 |
| दाल मटर | 6400-6500 |
| उड़द हरा | 12000-12500 |
| उड़द काला | 9000-9500 |
| दाल उड़द हरी | 15500-16000 |
| दाल उड़द काली | 10500-11000 |
| दाल उड़द धोवा | 12000-12500 |
| मूँग खड़ा | 10000-10500 |
| मूँग दाल | 10500-11000 |
| मूँग धोवा | 12000-13000 |
| मसूर | 8800-9000 |
| मलका | 9000-9500 |
| दाल अरहर फूल | 16000-17000 |
| दाल स्पेशल | 13000-14000 |
| राज्मा सफेद | 13000-14000 |
| राज्मा काला | 11500-12500 |
| मूँगफली का दाना | 11000-12000 |
| अलसी | 5310-5510 |
| लाही | 4800-5200 |
| काली सरसों | 4900-5300 |

## केंद्र ने राज्यों का समर्थन करते हुए समय पर कर हस्तांतरण, जीएसटी का मुआवजा दिया: वित मंत्री

### राज्यों के वित्त मंत्रियों के साथ बजट से पहले बैठक में सीतारमण ने केंद्रीय योजना का लाभ लेने को कहा

नई दिल्ली, एजेंसी



केंद्र ने राज्यों को प्रोत्साहित करने के लिए समय पर कर हस्तांतरण और जीएसटी मुआवजा बकाया चुकाया। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को यह बात कही। राज्यों के वित्त मंत्रियों के साथ बजट पूर्व बैठक में सीतारमण ने उनसे उस योजना का लाभ उठाने के लिए भी कहा, जिसके तहत केंद्र राज्यों को तयशुदा सुधार करने के लिए 50 साल का ब्याज मुक्त ऋृण देता है।

आधिकारिक बयान में कहा गया कि केंद्रीय वित्त मंत्री ने वृद्धि को प्रोत्साहन देने के लिए समय पर कर हस्तांतरण, वित्त आयोग अनुदान और जीएसटी मुआवजे के बकाया के जरिए राज्यों को केंद्र सरकार के समर्थन को रेखांकित किया। सीतारमण ने पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता योजना का उल्लेख किया। ज्यादातर राज्यों ने केंद्र की पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता योजना की सराहना की और आगे सुधार के लिए सुझाव दिए। प्रतिभागियों ने केंद्रीय वित्त मंत्री को 2024-25 के आम बजट के लिए कई सुझाव भी दिए। राजस्थान की वित्त मंत्री और उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने बताया कि उन्होंने पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ईआरसीपी), जल जीवन मिशन (जेजेएम), कुछ राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं और रेलवे लाइनों के लिए आवंटन में बढ़ोतरी की मांग की। कर्नाटक के वित्त मंत्री कृष्ण बायरे गौड़ा ने ऊपरी भद्रा जल परियोजना के लिए पहले से घोषित सहायता में से 5,300 करोड़ जारी करने और इसे राष्ट्रीय परियोजना घोषित करने की मांग की।

### उद्यमियों को कर-राहत, जीएसटी दरें कम होने की उम्मीद

**पुणे।** उद्योग एवं सेवा क्षेत्र से जुड़े उद्यमियों ने 2024-25 के पूर्ण बजट में कर से राहत और जीएसटी की दरों में कमी किए जाने की उम्मीद जताई है। यहां मारवाड़ी चैंबर ऑफ कॉमर्स, इंडस्ट्रीज एंड एजुकेशन (एएमसीसीआईई) के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश अग्रवाल ने शनिवार को कहा कि आगामी बजट के मद्देनजर उद्योगपतियों ने सरकार के सामने अपनी मांगें रखनी शुरू कर दी हैं। वित्त मंत्री की अध्यक्षता में जीएसटी को सरल बनाने और कई क्षेत्रों में दरें कम करने पर चर्चा संभव है। उन्होंने कहा कि महंगाई को देखते हुए आगामी पूर्ण बजट में आयकर के सबसे निचले स्तर में आने वाले लोगों को राहत देने पर विचार करने की जरूरत है। साथ ही कर प्रणाली सरलीकरण की प्रक्रिया जारी रहनी चाहिए। नयी सरकार का पहला आम बजट जुलाई में पेश किया जा सकता है। हमारी 43बी(एच) अधिनियम की समीक्षा कराने की मांग हैं, जो सूक्ष्म, मध्यम और लघु उद्यमों के पंजीकृत व्यापारियों पर लगाया गया है।

## अरामको चेयरमैन की नियुक्ति के विरोध में रिलायंस के 16% शेयरधारक

नई दिल्ली, एजेंसी



● अल रुमय्यान के पक्ष में 83.97 और खिलाफ 16.02% मत पड़े

रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरधारकों ने सऊदी अरामको के चेयरमैन यासिर ओथमान एच अल-रुमय्यान की कंपनी के निदेशक मंडल में स्वतंत्र निदेशक के रूप में पांच साल के लिए पुनर्नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। हालांकि, 16 प्रतिशत से अधिक शेयरधारकों ने प्रस्ताव के खिलाफ मतदान किया।

रिलायंस ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि शेयरधारकों ने डाक मतपत्र से अल रुमय्यान की पुनर्नियुक्ति के साथ ही हैग्रीव खेतान को निदेशक मंडल में स्वतंत्र निदेशक के रूप में नियुक्त करने को मंजूरी दी। लंबे समय से कंपनी के कार्यकारी पीएमएस प्रसाद को अगले पांच साल के लिए निदेशक के रूप में फिर से नियुक्त करने को भी शेयरधारकों की मंजूरी मिल गई। सूचना में कहा गया कि अल रुमय्यान की पुनर्नियुक्ति के प्रस्ताव के पक्ष में 83.97 प्रतिशत और खिलाफ 16.02 प्रतिशत मत पड़े। अल-रुमय्यन दुनिया के सबसे बड़े सॉवरेन वेल्थ फंड में से एक सऊदी अरब के सार्वजनिक निवेश कोष के प्रमुख भी हैं। अल-रुमय्यन को पहली बार 2021 में तीन साल के कार्यकाल के लिए रिलायंस के निदेशक मंडल में नियुक्त किया गया था। उनका पहला कार्यकाल 18 जुलाई, 2024 को समाप्त हो रहा है। ...और अब उन्हें 18 जुलाई 2029 तक फिर से नियुक्त किया गया है। खेतान एंड कंपनी में साझेदार खेतान को एक अप्रैल 2024 से पांच साल के लिए स्वतंत्र निदेशक नियुक्त किया गया था। लेकिन उनकी नियुक्ति के प्रस्ताव के खिलाफ भी लगभग 13 प्रतिशत शेयरधारकों ने मतदान किया। उनकी नियुक्ति के पक्ष में 87.15% शेयरधारकों ने मतदान किया।

### सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉंदी 999 (प्रति किलो) | 90850 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 95000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 100000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 73600 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 54800-55000 |

**लखनऊ**

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडर्ड | 72,450 |
| सोना रवा | 72,300 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 42,500 |
| चांदी तैयार | 90,100 |
| चांदी (999) | 90,000 |
| चांदी सिक्के (100 नग) | 80,000 |

**बरेली**

| | |
|---|---|
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 72400 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 71400 |
| सिल्वर (पक्की) | 888 (अनुमानित) |

**मुरादाबाद**

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 72,600 |
| चांदी आभूषण | 89,800 |

## मांग कमजोर होने से ज्यादातर तेल-तिलहनों में आई गिरावट

**नई दिल्ली।** शनिवार को मांग कमजोर होने से तेल-तिलहनों की कीमतों में गिरावट आई है। सस्ते आयातित तेल के आगे देशी तेल-तिलहन पिराई मिलों का हाल खराब हो गया है। थोक भाव टूट गए हैं लेकिन खुदरा बाजार में उपभोक्ता को ज्यादा फायदा नहीं मिलता है। हर साल समर्थन मूल्य बढ़ाने से तेल के दाम में कोई वृद्धि नहीं होती है जबकि तिलहनों के दाम बढ़ जाते हैं, जिससे किसानों को लागत नहीं मिलती है। सस्ते आयातित तेल के आगे देशी मिलों में बिक्री नहीं हो रही है। विशेषज्ञों का कहना है कि तिलहनों की खरीफ की बिजाई चल रही है।

## दूरसंचार अधिनियम 2023 से शुरू होगा कनेक्टिविटी का नया युग

**नई दिल्ली।** सरकार ने ब्रिटिश काल के भारतीय टेलीग्राफ अधिनियम, 1885 और भारतीय वायरलेस टेलीग्राफ अधिनियम, 1933 जैसे कानूनों के स्थान पर दूरसंचार अधिनियम 2023 की धाराएं एक, दो, 10 से 30, 42 से 44, 46, 47, 50 से 58, 61 और 62 को अधिसूचित कर दिया है। इस संबंध में कल गजट अधिसूचना जारी किया गया। जिन धाराओं को अधिसूचित किया गया है उससे कनेक्टिविटी को लेकर नये युग का सूत्रपात होगा। इसका उद्देश्य दूरसंचार सेवाओं और नेटवर्क के विकास, विस्तार और संचालन से संबंधित कानून को संशोधित और समेकित करना के साथ स्पेक्ट्रम का आवंटन और उससे जुड़े मामलों में तेजी लाना है। दूरसंचार क्षेत्र और प्रौद्योगिकियों में तकनीकी प्रगति से ब्रिटिश काल के पुराने कानूनों के स्थान पर लाया गया है।



## एलएनजी प्लांट के लिए ओएनजीसी और इंडियन ऑयल में साझेदारी

नई दिल्ली, एजेंसी

● दीनदयाल उर्जा भवन में हस्ताक्षर समारोह हुआ आयोजित

तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम लिमिटेड (ओएनजीसी) और इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) ने विंध्य बेसिन क्षेत्र में मध्य प्रदेश के हट्टा गैस फील्ड के नज़दीक छोटे पैमाने का लिक्विफाईड नैचुरल गैस (एलएनजी) प्लांट स्थापित करने के लिए समझौता किया है।

ओएनजीसी शनिवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार हट्टा एलएनजी प्लांट की स्थापना विंध्य बेसिन को श्रेणी दो से श्रेणी एक के बेसिन का दर्जा दिलाएगी। राजधानी में दीनदयाल उर्जा भवन में आयोजित हस्ताक्षर समारोह में आईओसीएल के निदेशक (प्लानिंग एण्ड बिज़नेस डेवलपमेन्ट), सुजय चौधरी और ओएनजसी की निदेशक (अन्वेषण) सुषमा रावत मौजूद थीं। प्रस्तावित संयंत्र में पारम्परिक जीवाश्म ईंधन के स्वच्छ विकल्प- एलएनजी के उत्पादन के लिए आधुनिक तकनीकों का उपयोग किया जाएगा। यह प्लांट कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने और भारत के जलवायु परिवर्तन उन्मूलन लक्ष्यों को हासिल करने में योगदान देगा।

## जर्मनी की शिपिंग कंपनी के लिए चार मालवाहक जहाज बनाएगी जीआरएसई

**कोलकाता।** सार्वजनिक क्षेत्र के रक्षा उद्यम गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई) लिमिटेड ने शनिवार को जर्मनी की शिपिंग कंपनी के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए।



एक अधिकारी ने बताया कि यह समझौता 4 बहुउद्देश्यीय मालवाहक जहाजों के निर्माण और आपूर्ति के लिए है। जीआरएसई ने एनएसई और बीएसई को बताया कि यह ठेका 5.4 करोड़ अमेरिकी डॉलर का है और इसे 33 महीनों में पूरा करना है। जीआरएसई के अधिकारी ने कहा कि जीआरएसई ने जहाजों के निर्माण और आपूर्ति के लिए जर्मनी की शिपिंग कंपनी कार्स्टन रेहडर शिफ्समैकलर अंड रीडरेई जीएमबीएच एंड कंपनी के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। समझौते में निकट भविष्य में चार और जहाज बनाने का विकल्प भी है।



# भारत की जीत में हार्दिक और कुलदीप चमके


कुलदीप यादव

## बांग्लादेश को 50 रन से हराया, कोहली-पंत और दुबे भी गरजे

**नॉर्थ साउंड (एंटीगा), एजेंसी**

हार्दिक पंड्या के तेजतर्रार अर्धशतक के बाद कुलदीप यादव के फिरकी के जादू से भारत ने आईसीसी टी20 विश्व कप के सुपर आठ चरण के ग्रुप एक मैच में शनिवार को यहां बांग्लादेश को 50 रन से हराकर लगातार दूसरी जीत के साथ सेमीफाइनल के लिए अपना दावा बेहद मजबूत किया। इस जीत से भारत के ग्रुप एक में दो मैच में दो जीत से चार अंक हो गए हैं और टीम शीर्ष पर है। ऑस्ट्रेलिया एक मैच में दो अंक के साथ दूसरे स्थान पर है। लगातार दूसरी हार झेलने वाले बांग्लादेश और अफगानिस्तान का अभी खाता भी नहीं खुला है।

भारत के 197 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए बांग्लादेश की टीम कुलदीप (19 रन पर तीन विकेट), जसप्रीत बुमराह (13 रन पर दो विकेट) और अर्शदीप (30 रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने आठ विकेट पर 146 रन ही बना सकी। बांग्लादेश की ओर से कप्तान नजमुल हुसैन शंटो ने सर्वाधिक 40 रन बनाए जबकि सलामी बल्लेबाज तंजीद हसन ने 29 और रिशाद हुसैन ने 24 रन की पारी खेली। इससे पहले पंड्या (नाबाद 50 रन, 27 गेंद, चार चौके, तीन छक्के) के तेजतर्रार अर्धशतक के अलावा विराट कोहली (37), ऋषभ पंत (36) और शिवम दुबे (34) की उपयोगी पारियों से भारत ने पांच विकेट पर 196 रन बनाए।

बांग्लादेश की तरफ से तंजीम हसन साकिब ने 32 जबकि रिशाद हुसैन ने 43 रन देकर दो-दो विकेट चटकाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरे बांग्लादेश ने सतर्क शुरुआत करते हुए पावर प्ले में लिटन दास (13) का विकेट गंवाकर 42 रन बनाए। तंजीद ने अर्शदीप पर चौके से खाता खोला और फिर इस तेज गेंदबाज के अगले ओवर में भी दो चौके मारे।

लिटन ने पंड्या का स्वागत छक्के के साथ किया लेकिन अगली गेंद पर इस शॉट को दोहराने की कोशिश में डीप स्क्वायर लेग पर सूर्यकुमार यादव को कैच दे बैठे। तंजीद अगले ओवर में भाग्यशाली रहे जब बुमराह की गेंद पर विकेटकीपर पंत ने उनका कैच टपका दिया। कप्तान शंटो ने पंड्या पर दो छक्कों के साथ नौवें ओवर में टीम का स्कोर 50 रन के पार पहुंचाया। कुलदीप ने तंजीद को पगबाधा करके कप्तान के साथ उनकी 31 रन की साझेदारी का अंत किया। उन्होंने 31 गेंद का सामना करते हुए चार चौके मारे। कुलदीप ने अपने अगले ओवर में तौहीद हृदय (04) को भी पगबाधा किया। शंटो ने जडेजा पर अपना तीसरा छक्का मारा। शाकिब अल हसन (11) ने कुलदीप पर छक्का जड़ा लेकिन अगली गेंद पर एक्स्ट्रा कवर पर रोहित को कैच दे बैठे जिससे बांग्लादेश का स्कोर चार विकेट पर 98 रन हो गया।


हार्दिक पंड्या

## खेल डायरी

### गंगजी ने सेलांगोर मास्टर्स गोल्फ खिताब जीता

**सेलांगोर (मलेशिया)।** भारतीय गोल्फर राहिल गंगजी शनिवार को यहां अंतिम दिन तीन ओवर 73 के कार्ड में छह बोगी के बावजूद डेयेन लॉसन (69) को एक शॉट से पछाड़कर पीकेएनएस सेलांगोर मास्टर्स खिताब जीता। इस 45 साल के अनुभवी गोल्फर ने पांच शॉट की बढ़त से शुरुआत की और आठ अंडर पर रहे। यह गंगजी की एडीटी में दूसरी जीत है। उन्होंने 2018 में भारत में लुई फिलिप कप में खिताब जीता था। गंगजी एशियाई टूर पर दो जीत दर्ज कर चुके हैं, जिसमें पहली 2004 में बीजिंग में फॉक्सवैगन मास्टर्स में और फिर जापान में पैनासोनिक ओपन में मिली थी।

### अदिति ने महिला पीजीए गोल्फ में हासिल किया कट

**समामीश (सिएटल)।** भारतीय गोल्फर अदिति अशोक दूसरे दौर में लचर प्रदर्शन के बावजूद यहां केपीएमजी महिला पीजीए चैंपियनशिप में कट हासिल करने में सफल रहीं। महिला गोल्फ में 30वें मेजर टूर्नामेंट में खेल रही अदिति ने दूसरे दौर मे पांच बोगी से 77 का स्कोर बनाया। दो दौर के बाद उनका कुल स्कोर पांच ओवर 149 है। अदिति संयुक्त रूप से 64वें स्थान पर चल रही हैं। वह अगस्त में पेरिस में अपने तीसरे ओलंपिक में हिस्सा लेंगी। सारा श्मेलजेल (67) और एमी यंग (68) दोनों छह अंडर 138 के स्कोर से संयुक्त रूप से शीर्ष पर चल रही हैं।

### तलवारबाज ने टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीता

**जम्मू।** भारतीय टीम में शामिल जम्मू-कश्मीर के तलवारबाज अजय कुमार ने रूस के कज़ान में चल रहे ब्रिक्स खेलों में टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। सूत्रों के अनुसार जम्मू-कश्मीर के शीर्ष तलवारबाज अजय ने ब्रिक्स खेलों में एपी टीम इवेंट में कांस्य पदक जीतकर देश का गौरव बढ़ाया है। अजय ने सीनियर और जूनियर नेशनल फेंसिंग चैंपियनशिप के पिछले दोनों संस्करणों में भी पदक जीते हैं। इसके अलावा, उन्होंने एशियाई चैम्पियनशिप, सीनियर और जूनियर विश्व कप जैसे कई अंतरराष्ट्रीय आयोजनों में भी देश का प्रतिनिधित्व किया।

### नागल ने पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया

**चेन्नई।** भारतीय टेनिस स्टार सुमित नागल ने शनिवार को पुष्टि की कि उन्होंने आगामी पेरिस ओलंपिक की पुरुष एकल स्पर्धा के लिए आधिकारिक तौर पर क्वालीफाई कर लिया है। नागल के लिए यह दूसरा ओलंपिक होगा। उन्होंने इससे पहले 2020 तोक्यो खेलों के लिए भी क्वालीफाई किया। वह तोक्यो में दूसरे दौर में पहुंचे थे। नागल ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि यह बताते हुए बेहद खुशी हो रही है कि मैंने आधिकारिक तौर पर 2024 पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर लिया है। यह मेरे लिए एक यादगार क्षण है क्योंकि ओलंपिक मेरे दिल में एक विशेष स्थान रखता है।

# पंत की वापसी काबिले तारीफ

**ग्रॉस आइलेट, एजेंसी**

**इयान स्मिथ बोले**

- **गिलक्रिस्ट के स्तर तक पहुंचने के लिए ऋषभ को तय करना होगा लंबा रास्ता**

न्यूजीलैंड के पूर्व क्रिकेटर इयान स्मिथ का मानना है कि ऋषभ पंत की एडम गिलक्रिस्ट के साथ तुलना करना अभी जल्दबाजी होगी लेकिन उन्होंने कहा कि अगर भारत का विकेटकीपर बल्लेबाज अपनी वर्तमान फॉर्म को जारी रखता है तो वह ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज खिलाड़ी के करीब पहुंच सकता है।

स्मिथ स्वयं भी विकेटकीपर बल्लेबाज रहे हैं और पंत ने कार दुर्घटना से उबरने के बाद जिस तरह से वापसी की है उससे काफी प्रभावित हैं। पंत ने इंडियन प्रीमियर लीग में अच्छा प्रदर्शन किया और टी20 विश्व कप में भी वह विकेट के आगे और विकेट के पीछे अपनी भूमिकाओं को अच्छी तरह से निभा रहे हैं। पंत को वर्तमान समय में विश्व क्रिकेट के सबसे प्रतिभाशाली क्रिकेटरों में गिना जाता है।





उन्होंने ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका में टेस्ट शतक लगाए हैं लेकिन गिलक्रिस्ट की बराबरी पर पहुंचने के लिए उन्हें अभी लंबा रास्ता तय करना होगा जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 15000 से अधिक रन बनाने के साथ 800 से अधिक कैच लिए हैं। टी20 विश्व कप में कमेंटेटर की भूमिका निभा रहे स्मिथ ने कहा कि ऋषभ पंत ने दुर्घटना के बाद दमदार वापसी की है और वह बेहतरीन फॉर्म में दिख रहा है।

## क्विंटन की पारी ने पैदा किया अंतर : बटलर

**ग्रॉस आइलेट, एजेंसी।** इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने स्वीकार किया कि टी-20 विश्व कप के सुपर आठ मैच में उनके बल्लेबाज दक्षिण अफ्रीका के क्विंटन डिकॉक की तरह आक्रामकता नहीं दिखा पाए जिनकी पारी ने दोनों टीमों के बीच अंतर पैदा किया।

डिकॉक ने 38 गेंद पर 65 रन बनाए जिससे दक्षिण अफ्रीका छह विकेट पर 163 रन बनाने में सफल रहा। इसके जवाब में इंग्लैंड की टीम छह विकेट पर 156 रन ही बना पाई। बटलर ने मैच के बाद कहा कि जिस तरह से डिकॉक ने बल्लेबाजी की उससे वास्तव में हम पर दबाव आ गया था। उसने कुछ शानदार शॉट खेले और हम उसकी बराबरी नहीं कर पाए। मेरा मानना है कि उसकी पारी ने मैच में अंतर पैदा किया।

# शाई होप ने जिंदा रखी विंडीज की उम्मीद



**ब्रिजटाउन, एजेंसी**

**टी-20 विश्व कप**

- **अमेरिका को नौ विकेट से दी करारी शिकस्त**
- **अभी भी सेमीफाइनल में पहुंच सकता है वेस्टइंडीज**

रोस्टन चेज और आंद्रे रसेल की शानदार गेंदबाजी के बाद सलामी बल्लेबाज शाई होप की धमाकेदार पारी की मदद से वेस्टइंडीज अपने सह मेजबान अमेरिका को 55 गेंद शेष रहते हुए 9 विकेट से हराकर टी-20 विश्व कप में अपनी उम्मीदों को पंख लगाए। पहले मैच में इंग्लैंड से हारने वाले वेस्टइंडीज के लिए इस मैच में सब कुछ सकारात्मक रहा।

उसने पहले टॉस जीता और फिर अमेरिका की पूरी टीम को 19.5 ओवर में 128 रन पर आउट कर दिया। वेस्टइंडीज ने इसके बाद होप की 39 गेंद पर खेली गई नाबाद 82 रन की परी की मदद से केवल 10.5 ओवर में एक विकेट पर 130 रन बनाकर अपने नेट रन रेट में बहुत सुधार किया। होप ने अपनी पारी में चार चौके और आठ छक्के लगाए।

विंडीज को अब सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए अफ्रीका को हराना होगा। इंग्लैंड अगर अपने अगले मैच में अमेरिका को हरा देता है तब भी विंडीज आगे बढ़ सकता है क्योंकि अभी उसका नेट रन रेट अफ्रीका और इंग्लैंड से बेहतर है। जॉनसन 15 रन पे आउट हो गए, लेकिन होप और निकोलस पूरन ने 23 गेंद पर 63 रन जोड़कर टीम को बड़ी जीत दिलाई।

# अफगान के सामने ऑस्ट्रेलिया की कड़ी चुनौती

**किंग्सटाउन, एजेंसी**

भारत से हारने के बाद अफगानिस्तान को रविवार को यहां टी-20 विश्व कप सुपर आठ ग्रुप एक के अपने दूसरे मुकाबले में आस्ट्रेलिया की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा। सुपर आठ के अपने पहले मुकाबले में भारत से 47 रन से हारने वाली अफगानिस्तान की टीम काफी दबाव में होगी, उस पर जीत ही नहीं बल्कि नेट रन रेट सुधारने का दबाव भी होगा।

अफगानिस्तान -2.350 के नेट रन रेट के साथ तीसरे स्थान पर है और उसके लिए इसे बेहतर करना और साथ ही ग्रुप की अंक तालिका में ऊपर की ओर बढ़ना मुश्किल काम होगा जिसमें बांग्लादेश भी शामिल है। अफगानिस्तान ने ग्रुप चरण में हरफनमौला कौशल का प्रदर्शन किया जिसकी बदौलत वह वेस्टइंडीज के बाद दूसरे स्थान पर रहने में सफल रहा। लेकिन 2021 की विजेता आस्ट्रेलिया को रोकने के लिए उन्हें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा जो लगातार पांच जीत दर्ज कर चुकी है।



**टीमें : आस्ट्रेलिया :** मिचेल मार्श (कप्तान), एश्टन एगर, पैट कमिंस, टिम डेविड, नाथन एलिस, कैमरून ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रेविस हेड, जोश इंग्लिस (विकेटकीपर), ग्लेन मैक्सवेल, मिचेल स्टार्क, मार्कस स्टोइनिस, मैथ्यू वेड (विकेटकीपर), डेविड वार्नर और एडम जम्पा।

**अफगानिस्तान :** राशिद खान (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज, इब्राहिम जदरान, अजमतुल्लाह उमरजई, नजीबुल्लाह जदरान, मोहम्मद इशाक, मोहम्मद नबी, गुलबदीन नायब, करीम जनत, नांग्याल खारोटी, हजरतुल्लाह जजई, नूर अहमद, नवीन उल हक, फजलहक फारूकी, फरीद अहमद मलिक।

**मैच भारतीय समयानुसार सुबह छह बजे शुरू होगा।**

## पर्वतारोही बलजीत एक बार फिर माउंट एवरेस्ट पर पहुंचीं

**शिमला, एजेंसी।** भारत की सबसे बड़ी एकीकृत बिजली कंपनियों में से एक टाटा पावर ने गर्व के साथ की है कि इसकी सस्टेनेबिलिटी चौंपियन और शीर्ष पर्वतारोही बलजीत कौर ने कंपनी केस स्टेनेबल इज अटेनेबल संदेश को दुनिया की सबसे ऊंची चोटी तक पहुंचाते हुए माउंट एवरेस्ट पर सफलता पूर्वक फतह हासिल की।

टाटा पावर के सीईओ एवं एमडी डॉ. प्रवीर सिन्हा ने अप्रैल में इस अभियान की शुरुआत मुंबई में औपचारिक रूप से हरी झंडी दिखाकर की थी। इसके बाद बलजीत ने लद्दाख जंस्कर हिमालय पर्वतमाला में कठिन प्रशिक्षण लिया जहां उन्होंने माउंट यूटी लद्दाख कांगड़ी (6070 मीटर) पर चढ़ाई की।

# तीरंदाजी टीम की स्वर्ण की हैट्रिक

**अंताल्या (तुर्की), एजेंसी**

भारतीय महिला कंपाउंड टीम ने शनिवार को तीरंदाजी विश्व कप चरण 3 में यहां स्वर्ण पदकों की हैट्रिक लगायी। खेलो इंडिया योजना की एथलीट ज्योति सुरेखा वेन्नम, परनीत कौर और अदिति गोपीचंद स्वामी की तिकड़ी ने इस 2024 में लगातार तीसरा विश्व कप जीता। शंघाई में विश्व कप चरण 1 में तिकड़ी ने स्वर्ण पदक जीता था जबकि येचिओन, कोरिया गणराज्य में विश्व कप चरण 2 में स्वर्ण पदक जीता और अंताल्या, तुर्की में विश्व कप स्टेज-3 में स्वर्ण पदक की हैट्रिक पूरी की।

उन्होने कड़े मुकाबले में छठी रैंकिंग वाली एस्टोनिया को 232-229 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। भारतीय कंपाउंड महिला टीम ने तीरंदाजी विश्व कप में स्वर्ण पदक की हैट्रिक बनाई।

उन्होने फाइनल में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए लगातार 13वीं जीत दर्ज की। इस साल की शुरुआत में शंघाई में पहले चरण और येचेओन में दूसरे चरण में शीर्ष स्थान हासिल करने के बाद टीम ने स्वर्ण पदकों की क्लीन स्वीप भी पूरी की। शीर्ष रैंकिंग वाली भारतीय कंपाउंड महिला टीम ने शनिवार को तीरंदाजी विश्व कप चरण-3 में स्वर्ण पदक जीता।



# बड़ी जीत दर्ज करने के इरादे से उतरेगा इंग्लैंड

**ब्रिजटाउन, एजेंसी**

**टी-20 वर्ल्ड कप**

- **अमेरिका से मुकाबला आज लाज बचाने उतरेगी टीम**
- **अमेरिकी टीम को हल्के में नहीं ले रहे इंग्लैंड के खिलाड़ी**

गत चैंपियन इंग्लैंड को टी20 विश्व कप में अगर अपनी उम्मीदें जीवंत रखनी हैं तो उसे अमेरिका के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले सुपर आठ के अपने अंतिम मैच में बड़ी जीत दर्ज करनी होगी और ऐसे में उसके 'पावर हिटर' की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है।

इंग्लैंड के बल्लेबाज अफ्रीका के खिलाफ पिछले मैच में 164 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी नहीं कर पाए और इस मैच में हार के कारण उसका नेट रन रेट भी गड़बड़ा गया। विंडीज की अमेरिका के खिलाफ बड़ी जीत से इस ग्रुप में सेमीफाइनल में पहुंचने की दौड़ रोमांचक हो गई है।

ऐसी परिस्थितियों में इंग्लैंड को अपने नेट रन रेट में सुधार करने के लिए अमेरिका पर बड़ी जीत दर्ज करनी होगी। वहीं, इंग्लैंड के कप्तान ने कहा कि अमेरिका की टीम को हल्के में लेना हमारे लिए गलत होगा।

**यूरो कप** ग्रुप डी में दोनों टीम चार अंकों के साथ शीर्ष पर

# नीदरलैंड-फ्रांस ने गोलरहित ड्रॉ पर बांटे अंक

**लीपज़िग, एजेंसी**

यूरो 2024 के ग्रुप डी के एक करीबी मुकाबले में नीदरलैंड और फ्रांस ने शनिवार को यहां गोल रहित ड्रॉ खेला और अंक बांट लिये। ग्रुप डी में दोनों टीमें अब चार अंकों के साथ शीर्ष पर हैं और शीर्ष पर बने रहने की यह जंग ग्रुप के अंतिम मैच तक जारी रहेगी।

दोनों टीमों ने मैच के दौरान लचीली और रक्षात्मक शैली अपनायी। नीदरलैंड के कप्तान वर्जिल वान डिज्क ने प्रभावित किया और फ्रांस के शक्तिशाली आक्रमण को बेअसर कर दिया।



### चेक गणराज्य और जॉर्जिया ने खेला ड्रॉ

**हैम्बर्ग।** जॉर्जिया ने शनिवार को यहां यूरो 2024 फुटबॉल टूर्नामेंट में ग्रुप एफ मैच में चेक गणराज्य को 1-1 से बराबरी पर रोककर किसी बड़े टूर्नामेंट में पहली बार अंक हासिल किया। मैच में वीडियो रिव्यु पर चेक गणराज्य के एडम हलोजेक के गेल को हैंडबॉल के कारण नकार दिया गया। यूरो 2024 में पदार्पण कर रही एकमात्र टीम जॉर्जिया ने इसके बाद जॉर्जेस मिकाउतादृजे के गोल से बढ़त बनाई। जॉर्जेस ने पेनल्टी पर गोल किया जो चेक गणराज्य के डिफेंडर रोबिन हरानेक के हैंडबॉल के कारण मिली थी।

# भारतीय महिला टीम की निगाहें क्लीन स्वीप पर

**बेंगलुरु, एजेंसी**

**तीन मैचों की श्रृंखला**

- **भारतीय टीम ने 2-0 से हासिल कर रखी है अजेय बढ़त**
- **फॉर्म में चल रहीं स्मृति मंधाना पर रहेगी अफ्रीकी टीम की नजर**

पहले दो मैच में हर तरह की चुनौती का डटकर सामना करने वाली भारतीय महिला टीम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले तीसरे और अंतिम एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच को जीतकर श्रृंखला में क्लीनस्वीप करने के इरादे से मैदान पर उतरेगी।

भारत ने श्रृंखला का पहला मैच आसानी से जीता लेकिन दूसरे मैच में उसे कड़ा संघर्ष करना पड़ा। पहले मैच में भारतीय टीम ने पांच विकेट पर 99 रन के स्कोर से उबरकर 260 रन से अधिक का स्कोर बनाया था। भारतीय गेंदबाजों ने इसके बाद इस स्कोर का अच्छी तरह से बचाव किया। पिछले मैच में हालांकि लॉरा वोल्वार्ड्ट और मारिजान कैप ने शतक बनाकर भारतीय गेंदबाजों की नहीं चलने दी और अंतिम गेंद तक मैच को रोमांचक बनाए रखा। भारत के लिए सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने अब तक बेहतरीन प्रदर्शन किया है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

# स्विटजरलैंड की अदालत के सजा सुनाने पर हिंदुजा परिवार स्तब्ध, अपील दायर की

लंदन, एजेंसी

- हिंदुजा परिवार के चार सदस्य घरेलू सहायकों का शोषण करने के दोषी पाए गए

ब्रिटेन के सबसे धनी परिवार हिंदुजा ने कहा है कि वह अपने कुछ सदस्यों को स्विटजरलैंड की अदालत द्वारा जेल की सजा सुनाये जाने के फैसले से स्तब्ध है और उन्होंने इसके खिलाफ ऊपरी अदालत में अपील दायर कर इस निर्णय को चुनौती दी है। स्विस अदालत ने हिंदुजा परिवार के चार सदस्यों को जिनेवा स्थित अपने विला में घरेलू सहायकों का शोषण करने का दोषी पाया था।

शुक्रवार को परिवार की ओर से जारी एक बयान में स्विट्जरलैंड के वकीलों ने अपने मुवक्किलों का बचाव करते हुए कहा कि प्रकाश और कमल हिंदुजा (दोनों की आयु 70 वर्ष) तथा उनके बेटे अजय और उनकी पत्नी नम्रता को मानव तस्करी के सभी आरोपों से बरी कर दिया गया है। उन्होंने जिनेवा स्थित अदालत के आदेश के बाद परिवार के किसी भी सदस्य को हिरासत में लिए जाने के मीडिया रिपोर्ट को भी खारिज कर दिया। वकील येल हयात, रॉबर्ट असैल और रोमन जॉर्डन द्वारा हस्ताक्षरित बयान में कहा गया है, हमारे मुवक्किलों को मानव तस्करी के सभी आरोपों से बरी कर दिया गया है। प्रथम दृष्टया, इस अदालत में लिये गये बाकी निर्णय से हम स्तब्ध व निराश हैं और हमने निश्चित रूप से उपरी अदालत में अपील दायर की है, जिससे फैसले का यह हिस्सा प्रभावी नहीं होगा। स्विट्जरलैंड की एक आपराधिक अदालत ने शुक्रवार को हिंदुजा परिवार के चार सदस्यों को घरेलू सहायकों का शोषण करने के मामले में चार से साढ़े चार साल तक की जेल की सजा सुनाई। अदालत ने साथ ही, मानव तस्करी के आरोपों को खारिज कर दिया।

भारतीय मूल के उद्योगपति प्रकाश हिंदुजा और उनकी पत्नी, बेटे व पुत्रवधू पर अपने नौकरों की तस्करी का आरोप लगाया गया था, जो जिनेवा में उनके आलीशान विला में काम करते थे। चारों आरोपी जिनेवा की अदालत में मौजूद नहीं थे, हालांकि परिवार का व्यवसाय प्रबंधक और पांचवां आरोपी नजीब जियाजी अदालत में मौजूद था।

## रूसी राजनयिकों के कर छूट का विशेषाधिकार छीना

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने रूसी राजनयिकों से उनके कर छूट विशेषाधिकार छीन लिए हैं। अमेरिका में रूस के राजदूत अनातोली एंटोनोव ने संवाददाताओं को यह जानकारी दी है। यह कर छूट विशेषाधिकार कार्ड विदेशी राजनयिकों को अमेरिका में दुकानों, रेस्तरां और अन्य इस तरह के प्रतिष्ठानों में किसी भी वस्तु को खरीदने के बाद उसका भुगतान करते समय उन्हें बिक्री कर भुगतान नहीं करने की अनुमति देता हैं। एंटोनोव ने कहा, आज अमेरिका ने रूसी राजनयिकों, द्विपक्षीय संस्थानों के राजनयिकों पर चौंकाने वाला हमला किया। उन्होंने हमारे कर छूट विशेषाधिकार कार्ड छीन लिये।

# यात्रा से पहले पुख्ता की गई सुरक्षा व्यवस्था

श्रीनगर, एजेंसी



एक सप्ताह में शुरू होने जा रही अमरनाथ यात्रा को लेकर जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शनिवार को कहा कि तीर्थयात्रा को सफल बनाने के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने के साथ ही सुविधाओं में भी सुधार किया गया है। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि जम्मू के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक आनंद जैन ने जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की और तीर्थयात्रा को बाधित करने के आतंकवादियों के किसी भी प्रयास को विफल करने के लिए उच्च स्तर की सतर्कता की जरूरत पर जोर दिया।



उपराज्यपाल मनोज सिन्हा शनिवार को श्रीनगर के राजभवन से ही अमरनाथ यात्रा की प्रथम पूजा में डिजिटल माध्यम से शामिल हुए। उन्होंने कहा, देशभर के तीर्थयात्रियों के लिए दर्शन 29 जून से शुरू होंगे। श्राइन बोर्ड (श्री अमरनाथ) और जम्मू कश्मीर प्रशासन ने तीर्थयात्रियों के लिए विशेष व्यवस्था की है। पिछले दो वर्षों में यात्रियों के लिए सुविधाओं में काफी सुधार हुआ है। सिन्हा ने कहा कि इस वर्ष सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) ने पवित्र गुफा मंदिर तक जाने वाली सड़कों को बेहतर बनाया है और कुछ हिस्सों को चौड़ा किया है। पूजा के बाद राजभवन में पत्रकारों से वार्ता करते हुए उन्होंने कहा, मेरा मानना है इस बार तीर्थयात्रियों की यात्रा ज्यादा सुगम होगी। उपराज्यपाल ने कहा कि सभी धर्म के लोगों ने हमेशा यात्रा का समर्थन किया है।

### अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता: डुल्लू

**जम्मू, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के मुख्य सचिव अटल डुल्लू ने शनिवार को कहा कि अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने यहां भगवती नगर आधार शिविर में व्यवस्थाओं की समीक्षा के लिए एक बैठक की अध्यक्षता की। जम्मू क्षेत्र के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी) आनंद जैन के साथ डुल्लू ने वार्षिक तीर्थयात्रा से पहले व्यवस्थाओं का निरीक्षण करने के लिए भारी सुरक्षा वाले आधार शिविर का दौरा किया। अमरनाथ के लिए 52 दिवसीय तीर्थयात्रा 29 जून को अनंतनाग में पारंपरिक 48 किलोमीटर लंबे नुनवान-पहलगाम मार्ग और गांदरबल में 14 किलोमीटर के छोटे लेकिन खड़ी चढ़ाई वाले बालटाल मार्ग से शुरू होगी। मुख्य सचिव ने आधार शिविर में संवाददाताओं से कहा, तीर्थयात्रियों के पहले जत्थे को 28 जून को यहां (भगवती नगर) से रवाना किया जाएगा और अगले दिन (कश्मीर में) यात्रा शुरू होगी। हम व्यवस्था का निरीक्षण करने आए हैं और संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की है।

## एक नजर

### इटली में शरणार्थी जहाज़ दुर्घटनाग्रस्त 34 की मौत

**रोम।** इटली के दक्षिणी तट के पास आयोनियन सागर में 14 प्रवासियों के शव बरामद किए जाने के साथ ही मृतकों की संख्या बढ़कर 34 हो गई है। इस सप्ताह के शुरुआत में शरणार्थी को ले जा रही नाव दुर्घटनाग्रस्त हो गयी थी। इतालवी समाचार मीडिया ने शनिवार को तटीय रक्षक सेवाओं का हवाले से यह जानकारी दी। इससे पहले इतालवी मीडिया आउटलेट्स ने बताया था कि दुर्घटना में कम से कम 20 लोगों की मौत की पुष्टि की गई थी, जिनमें से आठ नाबालिग थे।

### ईशनिंदा में हत्या के मामले में दो केस दर्ज

**मद्यन (पाकिस्तान)।** पाकिस्तान में स्वात पुलिस ने मद्यन में एक व्यक्ति की पीट-पीट कर हत्या के मामले में दो प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज की हैं। पिछली रात एक व्यक्ति की पीट-पीट कर हत्या करने के मामले में शुक्रवार को प्राथमिकियां दर्ज की गईं। अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। पवित्र कुरान के कथित अपमान के आरोप में हिरासत में लिये गये एक व्यक्ति की मद्यन पुलिस स्टेशन के अंदर भीड़ ने गुरुवार शाम बेरहमी से पीट-पीट कर हत्या कर दी थी। इसके बाद भीड़ ने संदिग्ध के शव, पुलिस स्टेशन और एक पुलिस वाहन में आग लगा दी।

### चीन ने नया खगोलीय उपग्रह प्रक्षेपित किया

**ज़िचांग।** चीन ने शनिवार को ब्रह्मांड के सबसे दूर तक आतिशबाजी की तरह टिमटिमाती गामा-किरणों को पकड़ने के लिए एक खगोलीय उपग्रह प्रक्षेपित किया। यह उपग्रह चीन और फ्रांस के वैज्ञानिकों के बीच 20 वर्षों की कड़ी मेहनत का परिणाम है। चीन के राष्ट्रीय अंतरिक्ष प्रशासन के अनुसार यह उपग्रह अंतरिक्ष-आधारित मल्टी-बैंड वैरिएबल ऑब्जेक्ट मॉनिटर को दक्षिण पश्चिम सिचुआन प्रांत में ज़िचांग सैटेलाइट लॉन्च सेंटर से लॉन्ग मार्च-2 सी रॉकेट द्वारा प्रक्षेपित किया था।

### रूस के साथ लड़ाई में 370 सैनिक खोए

**मॉस्को।** रूस के जैपाद (पश्चिम) ग्रुप ऑफ फोर्सेज ने यूक्रेन के साथ चल रहे संघर्ष में पिछले 24 घंटों में दो हमलों को विफल कर दिया और गोला-बारूद के भंडार को नष्ट कर दिया है जबकि यूक्रेन के कम से कम 370 सैनिक मारे गये। रूसी रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा, यूक्रेनी सशस्त्र बलों ने 370 सैनिकों, दो वाहनों, एक 122 मिमी डी-30 होवित्जर को खो दिया है।

# भविष्य की योजना पर जताई सहमति

## भारत-बांग्लादेश में संबंधों को बढ़ावा देने के लिए 10 समझौतों पर हस्ताक्षर किए

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत और बांग्लादेश ने शनिवार को नये क्षेत्रों में आपसी सहयोग बढ़ाने के लिए भविष्य की योजना पर सहमति जताई और समुद्री क्षेत्र समेत कई अहम क्षेत्रों में संबंधों को बढ़ावा देने के लिए 10 समझौतों पर हस्ताक्षर किए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी बांग्लादेशी समकक्ष शेख हसीना के बीच व्यापक वार्ता के दौरान समझौतों को अंतिम रूप दिया गया। दोनों पक्षों द्वारा हस्ताक्षरित प्रमुख समझौतों में डिजिटल क्षेत्र में संबंध प्रगाढ़ करने और हरित साझेदारी पर भी एक समझौता शामिल है। दोनों पक्षों ने रेलवे संपर्क पर भी एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। अन्य समझौते समुद्र विज्ञान, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा, आपदा प्रबंधन और मत्स्य पालन के क्षेत्रों में किए गए।

प्रधानमंत्री मोदी ने एक बयान में कहा, आज हमने नये क्षेत्रों में सहयोग के वास्ते भविष्य के लिए एक दृष्टिकोण तैयार किया है। हरित साझेदारी, डिजिटल भागीदारी, समुद्री अर्थव्यवस्था और अंतरिक्ष जैसे क्षेत्रों में सहयोग पर बनी सहमति से दोनों देशों के युवाओं को लाभ मिलेगा। अपनी टिप्पणी में हसीना ने भारत को बांग्लादेश का प्रमुख पड़ोसी और एक विश्वसनीय मित्र बताया। उन्होंने कहा, भारत हमारा प्रमुख पड़ोसी, विश्वसनीय मित्र और क्षेत्रीय साझेदार है। बांग्लादेश, भारत के साथ अपने संबंधों को बहुत महत्व देता है। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री ने कहा, मैं 1971 में बांग्लादेश की स्वतंत्रता में भारत सरकार और भारत के लोगों के योगदान को कृतज्ञता के साथ याद करती हूं। हसीना ने 1971 के युद्ध में अपने प्राणों की आहुति देने वाले भारत के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि भी दी। उन्होंने कहा, आज हमारी बहुत ही सार्थक बैठकें हुईं, जिसमें हमने सुरक्षा, व्यापार, संपर्क, साझा नदियों के पानी के बंटवारे, बिजली और ऊर्जा तथा क्षेत्रीय व बहुपक्षीय सहयोग के क्षेत्रों में सहयोग पर चर्चा की।


बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना का स्वागत करते प्रधानमंत्री मोदी।

### सहयोग दोनों देशों के संबंधों की दिशा तय करेगा: मुर्मु

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शनिवार को कहा कि भारत और बांग्लादेश विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग मजबूत करने के लिए तेजी से आगे बढ़ रहे हैं और उन्हें विश्वास है कि इससे भारत-बांग्लादेश संबंधों की भविष्य की दिशा होगी। भारत की दो दिन की यात्रा पर आयीं बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने शनिवार शाम राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की।

### भारतीय कंपनियों को निवेश के लिए आमंत्रण

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने भारतीय कंपनियों को देश के विशेष आर्थिक क्षेत्रों (एसईजेड) में निवेश करने के लिए आमंत्रित किया है। उन्होंने द्विपक्षीय आर्थिक सहयोग की अपार संभावनाओं पर प्रकाश डाला है। हसीना ने शुक्रवार को भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत और बांग्लादेश, दोनों को कारोबार क्षेत्र में मिलकर काम करना चाहिए। हसीना ने कहा, भारत बहुत बड़ा बाजार है, इसलिए दोनों देश मिलकर काम कर सकते हैं।

### धनखड़ से मुलाकात की

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने शनिवार को उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से मुलाकात की और विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। श्रीमती हसीना और धनखड़ की यह बैठक उप राष्ट्रपति एन्क्लेव पर हुई। दोनों नेताओं ने दोनों देशों के ऐतिहासिक और गहरे संबंधों का उल्लेख किया और विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। बैठक में आर्थिक एवं विकास भागीदारी, क्षेत्रीय संपर्क, स्वच्छ ऊर्जा, डिजिटल प्रसार और अंतरिक्ष समेत कई मुद्दों पर विचारों का आदान प्रदान किया गया।

## अमेरिका में गोलीबारी में तीन की मौत

**सैन फ्रांसिस्को।** अमेरिका के अर्कांसस के फोर्डिस प्रांत में एक किराने की दुकान के बाहर गोलीबारी में तीन लोगों की मौत हो गई और 10 अन्य घायल हो गए। राज्य पुलिस ने शुक्रवार को अपराह्न में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि घायलों में दो कानून प्रवर्तन अधिकारी भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि घायलों में से कुछ लोगों को हल्की चोटें आयी हैं, जबकि कुछ लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। पुलिस ने कहा कि पुलिस द्वारा गोली मारे जाने के बाद शूटर गंभीर रूप से घायल हो गया और उसे हिरासत में ले लिया गया है।

# ओलंपिक में हमले की योजना बनाने का आरोप

पेरिस, एजेंसी

- इले-डी-फ्रांस क्षेत्र में रहने वाले किशोर को हिरासत में लिया

फ्रांस में एक किशोर पर आगामी ग्रीष्मकालीन ओलंपिक के दौरान हमलों की साजिश रचने का आरोप लगाया गया और उसे हिरासत में ले लिया गया। फ्रांसीसी प्रसारक बीएफएमटीवी ने शनिवार को एक न्यायिक स्रोत का हवाला देते हुए यह जानकारी दी। इले-डी-फ्रांस क्षेत्र में रहने वाले 19 वर्षीय किशोर पर आपराधिक आतंकवादी साजिश के साथ-साथ आतंकवादी उद्देश्यों के लिए हथियार खरीदने और रखने का आरोप लगाया गया है।

समाचार प्रसारक ने कहा कि कानून प्रवर्तन को किशोर और 13 जून को हिरासत में लिए गए नाबालिग के बीच संबंधों पर संदेह है। समाचार आउटलेट की रिपोर्ट के अनुसार दोनों किशोरों पर विशेष रूप से यहूदियों के खिलाफ हिंसक कार्रवाई की योजना बनाने के लिए सोशल मीडिया पर संपर्क बनाने का संदेह है। पेरिस 2024 ग्रीष्मकालीन ओलंपिक 26 जुलाई से 11 अगस्त तक आयोजित किया जाएगा।

# भारतीय चालक दल के आठ सदस्य रवाना

वाशिंगटन, एजेंसी

- 26 मार्च को बाल्टीमोर में पुल से टकराकर मालवाहक पोत हुआ था दुर्घटनाग्रस्त

अमेरिका के मैरीलैंड प्रांत में 26 मार्च को बाल्टीमोर में पुल से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हुए मालवाहक पोत डाली के भारतीय चालक दल के आठ सदस्य तीन महीने बाद शुक्रवार को स्वदेश रवाना हुए। बाल्टीमोर मैरीटाइम एक्सचेंज के अनुसार 21 सदस्यीय चालक दल में से चार अब भी मालवाहक पोत एमवी डाली पर ही हैं जो कि शुक्रवार शाम वर्जीनिया के नॉरफॉक के लिए रवाना होगा।

चालक दल को शेष सदस्यों को बाल्टीमोर के एक सरकारी आवास में ले जाया गया है और जांच पूरी होने तक वे सभी वहीं रहेंगे। पोत सवार चालक दल के 20 सदस्य भारतीय नागरिक थे। इस दुर्घटना में छह श्रमिकों की मौत हो गई थी। इस मालवाहक पोत की मरम्मत नॉरफॉक में की जाएगी। न्यायाधीश की मंजूरी के बाद एक रसोइए, एक फिटर और नाविक सहित भारतीय चालक दल के आठ सदस्यों को स्वदेश रवाना कर दिया गया है। इनमें से कोई भी अधिकारी स्तर का नहीं है। अन्य 13 लोग जांच पूरी होने तक अमेरिका में ही रहेंगे।

बाल्टीमोर इंटरनेशनल सीफेयरर्स सेंटर के निदेशक जोशुआ मेसिक ने सीएनएन को बताया, वे (चालक दल) इस बात को लेकर काफी चिंतित हैं और तनाव में हैं कि आगे क्या होगा।

# अमेरिकी विमानवाहक पोत दक्षिण कोरिया पहुंचा

सियोल, एजेंसी

- परमाणु ऊर्जा से संचालित अमेरिकी विमानवाहक पोत त्रिपक्षीय अभ्यास में होगा शामिल

परमाणु ऊर्जा से संचालित अमेरिकी विमानवाहक पोत त्रिपक्षीय अभ्यास के लिए शनिवार को दक्षिण कोरिया पहुंचा। रूस और उत्तर कोरिया की गुटबंदी के बाद उत्तर कोरिया के बढ़ते खतरों से निपटने के लिए दोनों देशों के सैन्य प्रशिक्षण को आगे बढ़ाने के तहत यूएसएस थियोडोर रूजवेल्ट स्ट्राइक ग्रुप दक्षिण कोरिया के बुसान शहर पहुंचा।

इससे एक दिन पहले दक्षिण कोरिया ने रूस के राजदूत को तलब किया था और इस हफ्ते के शुरू में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन तथा उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन के बीच एक समझौते के लिए बनी सहमति को लेकर विरोध दर्ज कराया था। यह समझौते में किसी एक देश पर युद्ध की स्थिति में पारस्परिक रक्षा सहायता का संकल्प जताया गया है। दक्षिण कोरिया का कहना है कि यह समझौता उसकी सुरक्षा के लिए खतरा है और उसने चेतावनी दी है कि वह रूसी आक्रमण से निपटने के लिए यूक्रेन को हथियार भेजने पर विचार कर सकता है।

जून की शुरुआत में सिंगापुर में अमेरिका, दक्षिण कोरिया और जापान के रक्षा प्रमुखों की बैठक हुई थी जिसके बाद इन देशों ने फ्रीडम एज की घोषणा की।

# पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में 22 संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार किया गया

लाहौर, एजेंसी

पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में पुलिस ने आईएसआईएस, टीटीपी और अन्य प्रतिबंधित संगठनों के 22 संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार कर एक बड़ी आतंकी साजिश को विफल करने का शनिवार को दावा किया। आतंकवाद-निरोधक विभाग के प्रवक्ता के अनुसार, इस सप्ताह पुलिस ने खुफिया सूचनाओं के आधार पर पंजाब के विभिन्न जिलों में अभियान चलाया तथा आईएसआईएस, तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी), बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) और लश्कर-ए-झांगवी (एलईजे) के 22 संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार किया।

उन्होंने बताया कि इन कथित आतंकवादियों को लाहौर, एटक, शेखपुरा, मुजफ्फरगढ़, ननकाना साहिब, बहावलपुर, डी जी खान, फैसलाबाद, मुल्तान, बहावलनगर और रावलपिंडी जैसे क्षेत्रों से गिरफ्तार किया गया। प्रवक्ता के अनुसार, संदिग्धों के पास से कथित रूप से 1645 ग्राम विस्फोटक, तीन हथगोले, एक आईईडी बम, 12 डिटोनेटर, एक पिस्तौल और प्रतिबंधित साहित्य सामग्री बरामद की गयी।

उन्होंने कहा, गिरफ्तार किये गये आतंकवादियों ने पंजाब में गड़बड़ी फैलाने की साजिश रची थी और वे महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों एवं हस्तियों को निशाना बनाना चाहते थे। उन्होंने बताया कि पुलिस ने आतंकवादियों के खिलाफ 19 मामले दर्ज किये हैं और उन्हें पूछताछ के लिए अज्ञात स्थान पर ले जाया गया है।

### पाकिस्तान में आतंकवादी हमला, पांच सैनिकों की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी प्रांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में आतंकवादियों के हमले में पांच सैनिकों की मौत हो गयी। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने बताया कि शुक्रवार को कुर्रम जिले में सुरक्षा बलों के वाहन पर विस्फोट किया गया। हमले में मारे गए सैनिकों की उम्र 24 से 33 वर्ष के बीच थी। फिलहाल किसी आतंकवादी समूह ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है।

# कनिष्क कांड की जांच अब भी जारी : कनाडा पुलिस

ओटावा, एजेंसी

- पुलिस ने इसे आतंकवाद के मामले की सबसे लंबी और सबसे जटिल जांच में से एक बताया

कनाडा की पुलिस ने कहा है कि एअर इंडिया की उड़ान संख्या-182 को बम से उड़ाने की जांच अब भी जारी है। पुलिस ने इसे आतंकवाद के मामले की सबसे लंबी और सबसे जटिल जांच में से एक बताया है। पुलिस ने यह टिप्पणी विमान को बम से उड़ाने के 39 साल पूरे होने से तीन दिन पहले की है।

मॉन्ट्रियल-नयी दिल्ली एयर इंडिया 'कनिष्क' उड़ान संख्या-182 में 23 जून 1985 को लंदन के हीथ्रो हवाई अड्डे पर उतरने से 45 मिनट पहले विस्फोट हो गया, जिससे विमान में सवार सभी 329 लोग मारे गए थे। इनमें ज्यादातर भारतीय मूल के कनाडाई थे। यह बम सिख आतंकवादियों ने ऑपरेशन ब्लू स्टार के जवाब में रखा था। यह अभियान अमृतसर में स्वर्ण मंदिर को आतंकवादियों से मुक्त कराने के लिए 1984 में चलाया गया था। रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस (आरसीएमपी) के सहायक आयुक्त डेविड टेबौल ने एक बयान में कहा कि बम विस्फोट की यह वारदात देश के इतिहास में कनाडाइयों की जान लेने वाली और उन्हें प्रभावित करने वाली आतंकवाद संबंधी सबसे भयावह घटना है। उन्होंने पीड़ित परिवारों के प्रति सहानुभूति व्यक्त की।

## बॉलीवुड हलचल

### प्रभास की फिल्म कल्कि का नया ट्रेलर रिलीज

**मुंबई, एजेंसी।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार प्रभास की आने वाली फिल्म कल्कि 2898 एडी का नया ट्रेलर रिलीज हो गया है। नाग अश्विन द्वारा निर्देशित सायंस फिक्शन महाकाव्य फिल्म कल्कि 2898 एडी में अमिताभ बच्चन, कमल हासन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पटानी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। कल्कि 2898 एडी का नया ट्रेलर रिलीज हो गया है ।ट्रेलर में फिल्म के कलाकारों को उनके शानदार अवतारों में दिखाया गया है। अमिताभ बच्चन अश्वत्थामा के रूप में साहसी स्टंट करते हैं, उलगनायगन कमल हासन यास्किन के रूप में एक अपरिचित लेकिन घातक अवतार में दिखाई देते हैं, और प्रभास उनके साथ भैरव के रूप में स्क्रीन पर कमान संभालते हैं। दीपिका पादुकोण ने सुमति का किरदार निभाया है, जो गर्भवती होने के दौरान अपनी भूमिका में तीव्र चुनौतियों का सामना करती है, और दिशा पटानी रॉक्सी के रूप में एक शक्तिशाली उपस्थिति देती हैं। बुज्जी के अवतार को भी दिखाया गया है। ट्रेलर में कल्कि 2898 एडी की तीन अलग दुनियाओं का परिचय दिया गया है।

### स्काईफोर्स में पायलट की भूमिका में नजर आयेंगे अक्षय कुमार



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार अपनी आने वाली फिल्म स्काई फोर्स में पायलट की भूमिका में नजर आयेंगे। अक्षय कुमार फिल्मकार दिनेश विजन के बैनर की फिल्म स्काई फोर्स में काम कर रहे हैं। इस फिल्म की कहानी भारत-पाकिस्तान के बीच 1965 में हुई जंग के बैकग्राउंड पर आधारित है ।इस फिल्म में अक्षय कुमार के साथ निमरत कौर,वीर पहाड़िया और सारा अली खान हैं। अक्षय कुमार इस फिल्म में एयरफोर्स पायलट के किरदार में नजर आयेंगे। इस फिल्म के लिये आर्ट डायरेक्शन और सिनेमैटोग्राफी पर खासा ध्यान दिया गया है ।इस फिल्म के डीओपी सामंथा कृष्णन रविचंद्रन हैं। स्काई फोर्स का निर्देशन और लेखन संदीप केवलानी और अभिषेक कपूर ने किया है। फिल्म का निर्माण दिनेश विजान, अमर कौशिक और ज्योति देशपांडे ने किया है।

### कुलदीप-पूजा स्टारर प्रोडक्शन न. 1 की शूटिंग शुरू

**मुंबई, एजेंसी।** रिलफील एंटरटेनर फिल्म्स के बैनर तले बन रही कुलदीप कुमार और पूजा गांगुली स्टारर फ़िल्म प्रोडक्शन न.1 की शूटिंग शुरू हो गयी है। फ़िल्म प्रोडक्शन न. 1 के निर्माता ललित कुमार शर्मा है, जबकि सह निर्माता राजेश पटेल है। निर्देशक सुमित सागर है। यह एक पारिवारिक फ़िल्म है। फ़िल्म को लेकर निर्माता-निर्देशक ने बताया कि फ़िल्म पूरी तरह सामाजिक अनूठी कहानी पर केंद्रित है, जिसमे दर्शकों को पूरी तरह नायपन दिखेगा। फ़िल्म समाज का आइना होता है और यह फ़िल्म पूरी तरह से अपने टाइटल के अनुसार फिलमाया जा रहा है। अभिनेता कुलदीप ने कहा, मैं इस फ़िल्म के हिस्सा बनाकर बहुत ख़ुश हूं और उम्मीद करता हूं की यह फ़िल्म दर्शकों के दिलो पर राज करेंगी।

## खगोल विज्ञान

सुपर मैसिव ब्लैक होल जे1120 0641 नामक आकाशगंगा के केंद्र में है मौजूद

# ब्रह्मांड की उत्पत्ति व विकास में महत्वपूर्ण ब्लैक होल की खोज

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** वैज्ञानिकों ने एक ऐसे ब्लैक होल की खोज की है, जिसका उदय ब्रह्मांड की उत्पत्ति के बाद हुआ था। यह सुपर मैसिव ब्लैक होल एक परिपक्व क्वासर है, जो जे1120 0641 नामक आकाशगंगा में मौजूद है। ब्रह्मांड की उत्पत्ति व विकास को लेकर यह खोज महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

खोजकर्ता वैज्ञानिकों के अनुसार यह सुपर मैसिव ब्लैक होल है, जो आकाशगंगा के केंद्र में मौजूद है। यह गैस और धूल की एक चमकदार घेरे में घिरा हुआ है। नासा की अंतरिक्ष दूरबीन जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप अब इस ब्लैक होल की आगे का अध्ययन करेगी। इसी टेलीस्कोप से जे1120 0641 आकाशगंगा को देखा गया। तब इस ब्लैक होल की मौजूदगी की जानकारी मिल पाई। इस आकाशगंगा से प्रकाश को पृथ्वी तक पहुंचने में लगभग उतना ही समय लगता है, जितना कि ब्रह्मांड को आज तक विकसित होने में लगा है। इस ब्लैक होल का वजन एक अरब सौर द्रव्यमान से अधिक हो सकता है। यह खोज नेचर एस्ट्रोनॉमी पत्रिका में प्रकाशित हुई है। इस खोज को लेकर वैज्ञानिकों का कहना है कि यह हैरान कर देने वाली खोज है। इस ब्लैक होल के नजदीक सामग्री के अवलोकन से विशेष रूप से कुछ और पता चलने वाला था, लेकिन उन्हें कुछ खास नहीं मिला। मगर यह परिणाम और भी अधिक असाधारण है। इसका मतलब यह हो सकता है कि खगोल भौतिकीविद् आकाशगंगाओं के विकास के बारे में जितना सोचते थे, वह वास्तव में पर्याप्त नहीं हैं। जिस कारण यह खोज अधिक महत्वपूर्ण हो चली है। संभवतः यह खोज भौतिकी के क्षेत्र में नई दिशा देगी।


ब्रह्मांड की उत्पत्ति के समय जन्मा ब्लैक होल।

### आकाशगंगाओं की व्याख्या बड़ी चुनौती

प्रारंभिक विशाल ब्लैक होल व आकाशगंगा विकास की व्याख्या वर्तमान मॉडल के लिए एक बड़ी चुनौती है। क्या ऐसा हो सकता है कि प्रारंभिक ब्लैक होल वर्तमान की तुलना में गैस एकत्र करने में अधिक कुशल थे। आकाशगंगाओं में धूल की उपस्थिति व क्वासर का द्रव्यमान हमारे अनुमानों को प्रभावित कर सकता है। बहरहाल वर्तमान में कुछ नहीं कहा जा सकता। इसका सही पता भविष्य बताएगा।